www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, मंगलवार, 1 अप्रैल 2025 | वर्ष – 66 | अंक –343 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन देवी चंद्रघंटा को दूध से बनी चीजों का भोग बहुत प्रिय है
■ पत्रकारिता में पहुंच बनाती 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता'
■ तकनीक के तनाव : मोबाइल पर जुआ? पृष्ठ 6
■ बांग्लादेश में सड़कों पर संघर्ष, बीएनपी के दो गुट भिड़े
■ एस जयशंकर ने दाऊदी बोहरा समुदाय के सदस्यों से की मुलाकात पृष्ठ 7
अगर मैं रोहित और कोहली के विकेट ले पाऊं तो मुझे खुशी होगी: चक्रवर्ती पृष्ठ 8

# वक्फ बिल पारित कराने की तैयारी में सरकार

## संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा-इसकी तैयारी कर रहे, वक्फ संशोधन बिल संसद में कल हो सकता है पेश

**नई दिल्ली**, 31 मार्च (एजेंसियां)। केंद्र सरकार संसद में वक्फ संशोधन विधेयक लाने की तैयारी में है। वक्फ संशोधन बिल को 2 अप्रैल को संसद में पेश किया जा सकता है। सरकार पहले लोकसभा में बिल पेश करेगी। सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हम संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। बिल पर संसद के बाहर खूब विचार-विमर्श हुए हैं। हमें सदन में बहस और चर्चा में भी जरूर भाग लेना चाहिए। रिजिजू ने कहा कि बिल पर बनी जेपीसी ने लोकतांत्रिक भारत के इतिहास में अब तक की सबसे ज्यादा परामर्श प्रक्रिया का रिकॉर्ड बनाया है। सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध है कि लोगों को गुमराह न करें।

**मुसलमानों को गुमराह किया जा रहा**

उन्होंने कहा कि भोले-भाले मुसलमानों को यह कहकर गुमराह किया जा रहा है कि सरकार



**बिल पर संसद के बाहर खूब विचार-विमर्श हुए हैं। हमें सदन में बहस और चर्चा में भी जरूर भाग लेना चाहिए: किरेन रिजिजू, संसदीय कार्य मंत्री**

मुसलमानों की संपत्ति और अधिकार छीनने जा रही है। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक बातचीत में इसी सत्र में वक्फ बिल संसद में पेश करने की बात कही थी। शाह ने कहा था कि इस बिल से किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है।

**गरीब मुसलमानों व महिलाओं के हित में**

उन्होंने साफ किया कि आलोचना करना सबका अधिकार है, लेकिन उसका कुछ आधार भी होना चाहिए। बकौल रिजिजू, धार्मिक प्रतिबद्धताओं और मान्यताओं से परे जाकर कई संगठन विधेयक का समर्थन कर रहे हैं। विधेयक गरीब मुसलमानों, बच्चों और महिलाओं के हित में है। इससे वक्फ बोर्ड के तहत संपत्तियों के प्रबंधन में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

**विरोध में काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी**

ईद के दिन देश में कई जगह नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम समाज के लोग वक्फ बिल के विरोध में काली पट्टिया बांधकर पहुंचे। रमजान का आखिरी जुमा के दिन 28 मार्च को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देशभर के मुसलमानों से काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ने जाने को कहा था।

### वक्फ संशोधन विधेयक संविधान पर हमला : जयराम



वक्फ संशोधन विधेयक पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक संविधान पर सीधा हमला है और इसकी बुनियाद के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हर विपक्षी दल इसका विरोध कर रहा है, लेकिन सवाल यह है कि धर्मनिरपेक्ष पार्टियों जेडी (यू) और टीडीपी का क्या कहना है? उन्होंने कहा कि यह पहली बार था कि समिति में खंड-दर-खंड चर्चा की गई। अगर वे इसे लागू करते हैं, तो हम लोकतांत्रिक तरीके से इसका विरोध करेंगे।

# 45 लाख की इनामी महिला नक्सली कमांडर ढेर

## छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में घोषित था अलग-अलग इनाम




■ दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमावर्ती क्षेत्र में मुठभेड़
■ एलएलबी महिला नक्सली का पूरा परिवार था बड़ा कैडर
■ भाई गुड़सा उसेंडी ने किया था सरेंडर और मुठभेड़ में मारा गया था पति

**दंतेवाड़ा**, 31 मार्च (देशबन्धु)। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दंतेवाड़ा प्रवास के ठीक चार दिन पहले फोर्स का नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ा अभियान फिर चलाया गया। आज दंतेवाड़ा और बीजापुर के सीमावर्ती इलाके में 45 लाख की ईनामी महिला नक्सली को मुठभेड़ में मार गिराया गया। इस पर छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से 25 और तेंलगाना में 25 लाख का ईनाम घोषित था।

मारी गई महिला नक्सली गुम्माडिवेली रेणुका उर्फ भानु उर्फ चैते उर्फ सरस्वती उर्फ दमयन्ती नक्सल संगठन की प्रेस टीम इंचार्ज थी। पुलिस की इस सफलता को डीआईजी कमलोचन कश्यप ने पत्रकारों के साथ साझा किया। पत्रवार्ता में एसपी गौरव राय भी मौजूद थे। श्री कश्यप ने बताया कि नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर रविवार को दंतेवाड़ा डीआरजी और बस्तर फाईटर्स की टीम दंतेवाड़ा-बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्रांतर्गत थाना गीदम के ग्राम नेलगोड़ा, इकेली, बेलनार की ओर सर्चिंग में निकली थी। आज सुबह इस फोर्स की इसी इलाके में नक्सलियों के साथ सुबह 9 बजे मुठभेड़ शुरू हुई, जो 2 घंटे तक जारी रही। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### अबूझमाड़ के जंगल में मुठभेड़ हथियार छोड़ भागे नक्सली

**नारायणपुर।** नक्सल विरोधी सर्च अभियान में 25 मार्च को नारायणपुर डीआरजी, बस्तर फॉईटर एवं एसटीएफ की संयुक्त पार्टी शीर्ष माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर अबूझमाड़ क्षेत्र घमंडीपारा, पदमकोट, नेलांगूर में रवाना हुई थी। अभियान के दौरान 27 मार्च के लगभग प्रात: 7 से 9:30 बजे के बीच घमंडीपारा के जंगल, पहाड़ में पुलिस पार्टी एवं माओवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। सुरक्षा बलों को ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



## सार संक्षेप

### रेखा सरकार आज विधानसभा में रखेगी एक और रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट मंगलवार को विधानसभा के पटल पर रखेगी। विधानसभा की कार्यसूची में बताया गया है कि मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री रेखा गुप्ता 31 मार्च 2021 में समाप्त हुए साल के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार से संबंधित भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के दिल्ली में वाहन वायु प्रदूषण रोकथाम और शमन पर निष्पादन लेखा परीक्षा प्रतिवेदन की प्रतियां सदन पटल पर पेश करेंगी।

### तटरक्षक बल ने जब्त किए 80 लाख के समुद्री खीरे

**चेन्नई।** भारतीय तटरक्षक बल ने सोमवार को रामेश्वरम के पास दक्षिण उचिपुली से 80 लाख रुपए मूल्य के समुद्री खीरे (समुद्र में पाया जाने वाला खीरे की आकृति का जीव) की एक अवैध खेप जब्त की। रामेश्वरम के पास दक्षिण उचिपुली समुद्र तट से अवैध तस्करी की संभावित ट्रांसशिपमेंट के बारे में एक खुफिया इनपुट पर कार्रवाई करते हुए, मंडपम में तटरक्षक बल की नजदीकी इकाई ने तुरंत एक तस्करी विरोधी अभियान शुरू किया।

### तारीफ करते-करते पुतिन पर भड़के डोनाल्ड ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से खासे नाराज नजर आए। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें ऐसा लगा कि मॉस्को यूक्रेन में युद्ध खत्म करने की उनकी कोशिशों में मुश्किलें खड़ी कर रहा है, तो वे रूसी तेल के खरीदारों पर 25 फीसदी से 50 फीसदी तक का सेकेंडरी टैरिफ लगा देंगे। ट्रंप ने बताया कि वह पिछले सप्ताह पुतिन की ओर से यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के नेतृत्व की विश्वसनीयता की आलोचना किए जाने से बहुत नाराज हैं।

### भारत और अमेरिकी सशस्त्र बलों के बीच अभ्यास आज से

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के सशस्त्र बलों के बीच द्विपक्षीय मानवीय सहायता और आपदा राहत अभ्यास टाइगर ट्रायम्फ का चौथा संस्करण कल से पूर्वी समुद्र तट पर आयोजित किया जा रहा है। तेरह दिन के इस अभ्यास का उद्देश्य मानवीय सहायता संचालन के लिए अंतर-संचालन क्षमता विकसित करना और एक संयुक्त समन्वय केंद्र (सीसीसी) स्थापित करने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं को तैयार करना है जो अभ्यास और संकट के दौरान भारतीय और अमेरिकी संयुक्त कार्य बलों के बीच तेजी से और सुचारू समन्वय को संभव बनाएगा।

# इंदौर, भोपाल, प्रयागराज के लिए मिलीं नई उड़ानें



**रायपुर**, 31 मार्च (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से इंदौर, भोपाल और प्रयागराज के लिए नई उड़ानें शुरू हो गई है। ये सभी उड़ानें इंडिगो ने शुरू की है। रविवार को इंदौर रायपुर के लिए शुरू हुई नई फ्लाइट से 60 यात्री रायपुर पहुंचे और 62 यात्री इंदौर के लिए रवाना हुए। यह फ्लाइट रोजाना संचालित की जाएगी। इस नई फ्लाइट के साथ प्रदेश के यात्रियों को इंदौर के लिए अब रोजाना दो उड़ानें उपलब्ध होंगी। भोपाल के लिए शुरू हुई नई उड़ान से 52 यात्री यहां आए तथा 55 यात्रियों ने भोपाल के लिए उड़ान भरी। यह फ्लाइट सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार शुक्रवार और रविवार को संचालित की जाएगी। इसी तरह प्रयागराज के लिए शुरू हुई नई फ्लाइट से 45 यात्री यहां पहुंचे हैं तथा 42 यात्री प्रयागराज के लिए रवाना हुए। यह फ्लाइट सप्ताह में दो दिन शनिवार और रविवार को संचालित की जाएगी।

### विशाखापट्टनम के लिए फ्लाइट आज से हुई शुरू

प्रदेश के हवाई यात्रियों को सोमवार 31 मार्च से स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से विशाखापट्टनम के लिए नई फ्लाइट मिलेगी। इंडिगो ने रायपुर-विशाखापट्टनम सेक्टर में यह फ्लाइट सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार को संचालित करने का शेड्यूल जारी किया है। कंपनी इस सेक्टर में 78 सीटर एटीआर विमान की सेवाएं उपलब्ध कराएगी। शेड्यूल इंडिगो 6 ई 7295 रायपुर से 8.50 बजे, विशाखापट्टनम 10.20 बजे, 6 ई 7296 विशाखापट्टनम से 11 बजे, रायपुर 12.30 बजे।

# प्रदेश में आज से शराब सस्ती

## 4 फीसदी तक दाम में कमी



**रायपुर**, 31 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में कल 1 अप्रैल से शराब की नई रेट लिस्ट लागू हो जाएगी। राज्य सरकार ने नई आबकारी नीति में विदेशी शराब को सस्ता कर दिया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नई दरों की घोषणा की गई है। ये दर 1 अप्रैल से सभी मदिरा दुकानों में लागू हो जाएगी।

नई लिस्ट के मुताबिक शराब की कीमतों में 4 प्रतिशत तक की कमी की गई है। जो बोतल पहले 800 रूपये में मिलती थी, वो अब 760 रूपये तक मिलेगी। वहीं, पौवा की कीमतों में भी 10 से 20 रूपये तक की कमी की गई है। प्रदेश में पहले जो पव्वा 200-220 रूपये में मिलता था वो अब 210, 180 या 190 रूपये तक मिलेगा। नई सूची में गोवा पीने वालों को भी थोड़ी राहत मिली है। गोवा पव्वा में भी 10 रूपये तक की कमी की गई है। लिस्ट के मुताबिक शराब की बोतलों में 40 रुपये से लेकर 250 रुपये तक कमी की गई है। हालांकि देशी शराब में किसी तरह की कोई कमी नहीं की गई है।

# पंजाब में किसानों ने किया बड़ा प्रदर्शन

■ मंत्रियों और विधायकों के घरों का घेराव किया
■ पंजाब सरकार ने बॉर्डर पर किसानों पर जुल्म किया

**अमृतसर**, 31 मार्च (एजेंसियां)। पंजाब में किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के नेतृत्व में किसानों ने राज्य के 17 जिलों में 35 स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया। पंजाब सरकार के मंत्रियों और विधायकों के घरों के बाहर यह घेराव दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक चला। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने जानकारी दी कि यह प्रदर्शन चार घंटे तक जारी रहा। किसानों ने अमृतसर के जगदेव कलां गांव में कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल के घर के बाहर धरना दिया। इस मौके पर किसान नेताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगें दोहराईं। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हम विभिन्न जगहों पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने खनौरी और शंभू बॉर्डर पर किसानों पर जुल्म किया। हमारे किसान नेताओं को पीटा गया और इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस वजह से हम विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने पंजाब सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा।

सीएम भगवंत मान पर निशाना साधते हुए पंधेर ने कहा कि पहले आप कहते थे कि मोदी सरकार ने रास्ते बंद कर रखे हैं, लेकिन अब वह कह रहे हैं कि रास्ते बंद होने से पंजाब में व्यवसाय को नुकसान हो रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से सवाल किया कि बॉर्डर खुल जाने से कितना फायदा हुआ? इसका जवाब दें।

उन्होंने आरोप लगाया कि 20 मार्च को शंभू मोर्चे पर किसान नेता बलवंत सिंह बेहरामके पर लाठीचार्ज करने वाले एसएचओ हरप्रीत सिंह को अब तक बर्खास्त नहीं किया गया है। किसान संगठनों ने इस अधिकारी को तत्काल नौकरी से हटाने की मांग की।

# भीषण गर्मी ने बदला स्कूलों का समय



**डीपीआई ने सभी जेडी और डीईओ को जारी किया आदेश**

**रायपुर**, 31 मार्च (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने बढ़ती गर्मी के मद्देनजर स्कूलों के समय में बदलाव का आदेश जारी किया है। मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक आने वाले समय में गर्मी का प्रकोप और बढ़ेगा, जिससे बच्चों को परेशानी बढ़ेगी, जिसको देखते हुए स्कूल टाइम में परिवर्तन का आदेश दिया है. डीपीआई की तरफ से सभी संयुक्त संचालक और डीईओ को इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश के मुताबिक 2 अप्रैल से एक पाली में संचालित होने वाले स्कूलों में कक्षाएं सुबह 7 बजे से 11 बजे तक कक्षाएं लगेगी। वहीं जहां दो पालियों में स्कूल का संचालन होता है, वहां प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शालाएं सुबह 7 बजे से 11 बजे तक लगेगी, जबकि हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल 11 बजे से 3 बजे तक संचालित होगी। 2 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्कूल का इसी समय में संचालन होगा। कार्यालय का समय यथावत रहेगा।

# औरंगजेब पर बेकार हो रहा हल्ला : भैयाजी जोशी



**मुंबई**, 31 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के औरंगजेब की कब्र को लेकर छिड़े विवाद को आरएसएस के वरिष्ठ नेता भैयाजी जोशी ने अनावश्यक बताया है। उन्होंने कहा कि जो भी अनुयायी है वह महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में स्थित कब्र का दौरा करेगा। इससे पहले मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने औरंगजेब की कब्र को लेकर सांप्रदायिक तनाव भड़काने के प्रयासों की निंदा की। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने कहा कि इतिहास को जाति और धर्म के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए।

**भारत की उदारता और समावेशिता का प्रतीक**

राज ठाकरे के बयान और औरंगजेब की कब्र को लेकर भैयाजी जोशी ने कहा कि औरंगजेब की कब्र का विषय अनावश्यक रूप से उठाया गया है। उनकी मृत्यु भारत में हुई थी, इसलिए उनकी कब्र यहीं बनाई गई है। हमारे पास छत्रपति शिवाजी महाराज का आदर्श (रोल मॉडल) है, उन्होंने अफजल खान की कब्र बनवाई थी। यह भारत की उदारता और समावेशिता का प्रतीक है। कब्र बनी रहेगी, जो भी जाना चाहेगा, जाएगा। राज ठाकरे ने यह भी कहा कि मुगल शासक शिवाजी नामक एक विचार को मारना चाहता था, लेकिन असफल रहा और महाराष्ट्र में उसकी मृत्यु हो गई। मनसे प्रमुख ने कहा कि बीजापुर के सेनापति अफजल खान को प्रतापगढ़ किले के पास दफनाया गया था और छत्रपति शिवाजी महाराज की अनुमति के बिना ऐसा नहीं किया जा सकता था।

### अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में आग, सूचना से यात्रियों में मचा हड़कंप

इटारसी, 31 मार्च (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में इटारसी के पास चलती ट्रेन की बोगी में आग लग गई। ये घटना सोमवार दोपहर करीब 4 बजे इटारसी और बानापुरा के बीच में खुटवासा रेलवे स्टेशन के पास की बताई जा रही है। घटना अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में हुई है। अहमदाबाद से चलकर बरौनी जाने वाली ये ट्रेन दोपहर करीब 2 बजे खंडवा से इटारसी की ओर रवाना हुई थी। धरमकुंडी स्टेशन निकलने के बाद खंबा नंबर 724/12 के पास ट्रेन गार्ड ने धुआं निकलते देखा। जिसके बाद ट्रेन को अचानक रोका गया। ट्रेन के रुकने और आग की सूचना से यात्रियों में हड़कंप मच गया। आग लगने के बाद ट्रेन करीब सवा घंटे तक खड़ी रखी। बाद में आग वाले कोच को अलग कर ट्रेन को रवाना कर दिया गया।

## मौसम विभाग ने अलर्ट किया

# अप्रैल-जून में सामान्य से अधिक गर्मी पड़ेगी

**नई दिल्ली**, 31 मार्च (एजेंसियां)। भारत में अप्रैल से जून तक तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है और मध्य- पूर्वी भारत और उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में अधिक दिन लू चल सकती है। यह बात भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कही। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पश्चिमी और पूर्वी भारत के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर देश के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। इन दोनों क्षेत्रों में तापमान के सामान्य रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अधिकांश क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। महापात्रा ने कहा, ''अप्रैल से जून तक उत्तर और पूर्वी भारत के अधिकांश हिस्सों, मध्य भारत और उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में सामान्य से दो से चार दिन अधिक लू चलने की संभावना है।'' आमतौर पर भारत में अप्रैल से जून तक चार से सात दिन तक लू चलती है। आईएमडी के एक अधिकारी ने पहले कहा था कि उत्तर-पश्चिम भारत में गर्मियों के दौरान लू के दिनों की संख्या दोगुनी हो सकती है। इस क्षेत्र में गर्मियों के मौसम के दौरान आमतौर पर पांच से छह दिन लू चलती है।

**इन राज्यों में ज्यादा सताएगी लू**

जिन राज्यों में सामान्य से अधिक दिन लू चलने की संभावना है उनमें राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश तथा कर्नाटक और तमिलनाडु के उत्तरी हिस्से शामिल हैं।

## विडंबना — अधिकारियों की कमी से कार्य हो रहा है प्रभावित

# प्रशासनिक पदों के लिए 1366 आईएएस अधिकारियों की कमी

**नई दिल्ली, 31 मार्च (एजेंसियां)। संसद की एक समिति ने कहा है कि देश में इस समय भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पदों की जरूरत के हिसाब से 1316 आईएएस अधिकारियों की कमी है जिससे विभिन्न स्तरों पर प्रशासनिक कार्य और शासन प्रभावित हो रहा है।**

*राज्य सभा सदस्य बृज लाल की अध्यक्षता वाली लोक शिकायत, विधि और न्याय विभाग से संबंधी संसदीय समिति ने मंत्रालय की 2025-26 की अनुदान मांगों पर राज्य सभा में पिछले दिनों प्रस्तुत अपने प्रतिवेदन में कहा है, 'इन रिक्त पदों को भरने की तत्काल आवश्यकता को देखते हुए भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने और लोक प्रशासन की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है। समित ने इस संदर्भ में सरकार से आईएएस अधिकारियों की भर्ती के विषय में चन्द्रमौली समिति की रिपोर्ट का अध्ययन कराने तथा उसे जल्द से जल्द लागू कराने की सिफारिश की है। समिति ने आईएएस कोटे में रिक्तियों का समय से निर्धरण सुनिश्चित करने के लिए कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को राज्यो के लिए एक आनलाइन ट्रैकिंग और प्रस्तुतीकरण पोर्टल शुरू करने का सुझाव दिया है। इससे राज्य सरकारे अपने प्रस्तावों को आन लाइन प्रस्तुत करने के साथ-साथ उस पर प्रगति की मॉनिटरिंग कर सकेंगी और अनुस्मारक प्रस्तुत कर सकेंगी। समिति का यह भी कहना है कि विभाग को विलंबित प्रस्तुतियों के लिए दंड प्रणाली भी रखनी चाहिए। उदाहरण के लिए समिति का कहना है कि जो राज्य लगातार समय सीमा को पूरा न करें उन राज्यों से प्रोन्नति कोटा के लिए विचार न किया जाए। समिति ने यह भी कहा है कि आरक्षित श्रेणी की रिक्तियों के लिए आंकड़ों का संग्रह और भर्ती प्रक्रियाओ के समय पर और प्रभावी कार्यान्वियन की निगरानी करने के लिए विभाग को एक केंद्रीय निगरानी एवं समन्वय समिति स्थापित करनी चाहिए। समिति ने यह भी कहा है कि सभी आईएसएस अधिकारियों की ओर से उनकी अचल संपत्तियों के विवरण (आईपीआर) का दखिला समय पर सुनिश्चित कराने के लिए एक केंन्द्रीय निगरानी एवं अनुपालन तंत्र स्थापित किया जाए। अनुस्मारक दिए जाने के बावजूद सम्पत्ति का ब्योरा प्रस्तुत न करने वाले वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की स्वचालित व्यवस्था हो। समिति ने पाया है कि इन सेवाओं के कई अधिकारी ऐसे हैं जो आर्थिक और संवेदनशील सूची में वर्गीकृत विभागों और मंत्रालयों में अनुकूल स्थानों पर आठ-आठ, नौ-नौ वर्ष से अधिक समय से जमे पड़े हैं।*

# देश

उवाच

भाजपा सांसद ने ममता पर निशाना साधा, कहा इससे ज्यादा विकृत मानसिकता और विकृत सोच कोई दूसरी नहीं हो सकती। ममता बनर्जी स्वयं ही हिंदू हैं, लेकिन वह हिंदू धर्म को गंदा कह रही हैं। मुझे लगता है कि उनका मानसिक संतुलन बिगड़ गया है और उन्हें किसी मनोचिकित्सक की जरूरत है: **प्रवीण खंडेलवाल, भाजपा सांसद**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 13.8 |
| मुंबई | 35.2 | 24.0 |
| कोलकाता | 35.2 | 27.1 |
| चेन्नई | 34.5 | 26.6 |

### सोनिया गांधी ने शिक्षा व्यवस्था को लेकर मोदी सरकार पर बोला हमला

# 'सांप्रदायिक, बलपूर्वक सरकार का एजेंडा', शैक्षिक ढांचे को कमजोर कर रहा

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष और सांसद सोनिया गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर आरोप लगाया है कि वह देश के शैक्षिक ढांचे को कमजोर कर रही है। उनके मुताबिक सरकार 'नुकसानदेह नतीजों की ओर ले जाने वाले एजेंडे' पर चल रही है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा द्वारा साझा किए गए एक अखबार के लेख में उन्होंने कहा है कि आज भारतीय शिक्षा को '3सी' का सामना करना पड़ रहा है – केंद्रीकरण, कमर्शियलाइजेशन और कम्युनिलिज्म।

सोनिया गांधी ने कहा कि सरकार समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाले अनुदान को रोककर राज्य सरकारों को मॉडल स्कूलों की पीएम-श्री योजना को लागू करने के लिए मजबूर कर रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की आलोचना करते हुए, वह लेख में कहती हैं, 'हाई-प्रोफाइल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की शुरुआत ने एक ऐसी सरकार की वास्तविकता को छिपा दिया है जो भारत के बच्चों और युवाओं की शिक्षा के प्रति बेहद उदासीन है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की आलोचना करते हुए,



उन्होंने लेख में कहा, 'हाई-प्रोफाइल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की शुरुआत ने एक ऐसी सरकार की वास्तविकता को छिपा दिया है, जो भारत के बच्चों और युवाओं की शिक्षा के प्रति बेहद उदासीन है। पिछले एक दशक में केंद्र सरकार के ट्रैक रिकॉर्ड ने स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया है कि शिक्षा में, यह केवल तीन मुख्य एजेंडा के सफल कार्यान्वयन से चिंतित है- केंद्र सरकार के साथ सत्ता का केंद्रीकरण, निजी क्षेत्र में शिक्षा में निवेश का व्यावसायीकरण और आउटसोर्सिंग, पाठ्यपुस्तकों, पाठ्यक्रम और संस्थानों का सांप्रदायिकरण।' उनका कहना है कि केंद्रीकरण के सबसे हानिकारक परिणाम शिक्षा के क्षेत्र में हुए हैं। केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड, जिसमें केंद्र और राज्य दोनों सरकारों के शिक्षा

**'2014 से, हमने देश भर में 89,441 सरकारी स्कूलों को बंद और समेकित होते देखा है और 42,944 अतिरिक्त निजी स्कूलों की स्थापना की गई है। देश के गरीबों को सरकारी शिक्षा से बाहर कर दिया गया है: सोनिया गांधी, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष**

मंत्री शामिल हैं, सितंबर 2019 से नहीं बुलाई गई है। उन्होंने सरकार पर राज्यों से परामर्श न करने और उनके विचारों पर विचार न करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा, 'एनईपी 2020 के माध्यम से शिक्षा में प्रतिमान बदलाव को अपनाने और लागू करने के दौरान भी, केंद्र सरकार ने इन नीतियों के कार्यान्वयन पर एक बार भी राज्य सरकारों से परामर्श करना उचित नहीं समझा। उन्होंने कहा कि संवाद की कमी के साथ-साथ 'धमकाने की प्रवृत्ति' भी बढ़ी है और उन्होंने इसके लिए पीएम-श्री (या पीएम स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया) योजना का उदाहरण दिया। सोनिया गांधी ने केंद्र पर शिक्षा प्रणाली के व्यावसायीकरण का भी आरोप लगाया है, उन्होंने कहा कि यह 'पूरी तरह से एनईपी के अनुपालन में खुलेआम हो रहा है।'

उन्होंने कहा, '2014 से, हमने देश भर में 89,441 सरकारी स्कूलों को बंद और समेकित होते देखा है और 42,944 अतिरिक्त निजी स्कूलों की स्थापना की गई है। देश के गरीबों को सरकारी शिक्षा से बाहर कर दिया गया है और उन्हें बेहद महंगी तथा कम विनियमित निजी स्कूल व्यवस्था के हाथों में धकेल दिया गया है।'

उन्होंने यह भी कहा कि उच्च शिक्षा में केंद्र ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ब्लॉक अनुदान की पूर्ववर्ती प्रणाली के स्थान पर उच्च शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी (हेफा) की शुरुआत की है।

उन्होंने लिखा, 'विश्वविद्यालयों को हेफा से बाजार ब्याज दरों पर ऋण लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसे उन्हें अपने स्वयं के राजस्व से चुकाना होगा।

### देश की अर्थव्यवस्था को मोदी ने कर दिया बर्बाद : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि देश की अर्थव्यवस्था बहुत खराब हो गई है और लोग सोना गिरवी रखकर कर्ज ले रहे हैं तथा उसे लौटा नहीं पा रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अर्थव्यवस्था मजबूत होने के जुमले में मस्त हैं और इस दिशा में कोई उपाय नहीं कर रहे हैं। कांग्रेस ने आधिकारिक सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर कहा, 'श्री मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था का भट्ठा बैठा दिया है। यह बात रिज़र्व बैंक के आंकड़ों से साबित होती है। हालात इतने बुरे हैं कि लोगों के पास कमाई का जरिया नहीं है और उन्हें घर चलाने के लिए गहने तक गिरवी रखने पड़ रहे हैं।' पार्टी ने कहा, 'रिज़र्व बैंक के मुताबिक-देश में सोना गिरवी रखकर कर्ज लेने वाले तेजी से बढ़े हैं। गोल्ड लोन में 87 प्रतिशत का उछाल आया है। ये बताता है कि देश की जनता आर्थिक तंगी से गुजर रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक देश के 100 करोड़ लोगों के पास जरूरी खर्च के लिए भी पैसे नहीं हैं। ऐसे में मजबूर होकर उन्हें घर के गहने गिरवी रखने पड़ रहे हैं और उससे घर चलाना पड़ रहा है।' कांग्रेस का यह भी कहना है कि लोग कर्ज लेने के बाद उसे चुका भी नहीं पा रहे हैं और सोना गिरवी रखकर ऋण न चुका पाने वालों की संख्या 30 फीसदी तक बढ़ गई है।

## बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल : भाकपा

- केंद्रीय मंत्री कहते हैं बिहार में 157 मेडिकल कॉलेज है। इससे बड़ा झूठ और क्या हो सकता है
- राज्य में सरकारी और निजी मिलाकर एक दर्जन मेडिकल कॉलेज



**अस्पतालों में मरीजों की भर्ती नहीं ली जा रही है। राजधानी पटना में चार-चार मेडिकल कॉलेज हैं इसके बावजूद मरीजों को बेड नहीं मिल रहे: रामनरेश पांडेय**

**पटना,** 31 मार्च (एजेंसियां) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पांडेय ने आरोप लगाया कि बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है। श्री पांडेय ने कहा कि अस्पतालों में मरीजों की भर्ती नहीं ली जा रही है। राजधानी पटना में चार-चार मेडिकल कॉलेज हैं इसके बावजूद मरीजों को बेड नहीं मिल रहे हैं। रात में पटना एम्स, आईजीआईएमएस, पीएमसीएच और एनएमसीएच के आपातकालीन वार्ड में मरीजों की भर्ती की बिहार सरकार के आला अधिकारी ने रोक लगा दी है। इस कारण लोगों को मजबूर होकर निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है। वहां इलाज के नाम पर मरीजों से लूट की जाती है। इसके बावजूद केंद्र और राज्य सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का संसद में दिया गया बयान पूरी तरह भ्रामक है। राज्य में सरकारी और निजी मिलाकर एक दर्जन मेडिकल कॉलेज हैं, लेकिन केंद्रीय मंत्री कहते हैं बिहार में 157 मेडिकल कॉलेज है। इससे बड़ा झूठ और क्या हो सकता है।

भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि बिहार के उप स्वास्थ्य केंद्र, अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति बदहाल है। अनुमण्डल और सदर अस्पताल की स्थिति भी बद से बदतर हो गई है। अस्पतालों में न ही डॉक्टर और न ही स्वास्थ्य कर्मी मिलते हैं। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को दवा भी नहीं मिलती है। अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र 24 घंटे खुले रहने चाहिए, लेकिन वहां पर ताला लटका रहता है। अस्पतालों में डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों की घोर कमी है। पिछले तीन साल से नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है, लेकिन अभी तक नियुक्ति नहीं हुई है।

## सार संक्षेप

### राहुल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं को लेकर लिखा अन्नपूर्णा देवी को पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी को पत्र लिख कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान करने का उनसे आग्रह किया है। श्रीमती अन्नपूर्णा देवी को लिखे पत्र में श्री गांधी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं पर उनका ध्यान आकर्षित करते हुए कहा 'आंगनवाड़ी बहनों का भुखमरी, कुपोषण और कोविड के खिलाफ लड़ाई में अहम योगदान है इसलिए, सरकार से तीन कदम उठाने का अनुरोध किया है।' उन्होंने कहा 'आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय के केंद्रीय योगदान में बढ़त हो और सेवानिवृत्त श्रमिकों और सहायकों को ग्रेच्युटी मिले तथा उनकी कार्य स्थितियों और सामाजिक सुरक्षा में सुधार हो।'

### ईद पर गांधी मैदान पहुंचे नीतीश, लोगों से मिले

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ईद-उल-फितर के अवसर पर सभी प्रदेश एवं देशवासियों को मुबारकबाद दी और कहा कि सबलोग इस त्योहार को आपसी प्रेम और भाईचारा के साथ मनाएं। श्री कुमार सोमवार को ईद-उल-फितर के अवसर पर गांधी मैदान पहुंचकर इमाम इदैन हजरत मौलाना महसूद अहमद कादरी नदवी से मुलाकात कर उनसे मोसाफा किया और ईद की मुबारकबाद पेश की। इमाम नदवी ने मुख्यमंत्री को भी ईद की मुबारकबाद दी तथा बिहार की सुख, समृद्धि, प्रगति, उन्नति एवं विकास की कामना की। इससे पहले इदैन कमेटी के सदर महमूद आलम ने मुख्यमंत्री श्री कुमार को गुलदस्ता भेंटकर एवं साफा पेश कर उनकी इज्जत अफजाई की।

### सीबीआई ने धनबाद ईसीएल की खुदिया कोलियरी में मारी रेड

**धनबाद।** सीबीआई ने सोमवार को धनबाद जिले में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के मुगमा एरिया में पीएफ क्लर्क अरविंद कुमार राय और एक अन्य कर्मी शीतल बाउरी को 15 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। ईसीएल के दो-तीन अन्य कर्मचारियों से सीबीआई पीएफ एवं ग्रेच्युटी के भुगतान के नाम पर होने वाली कमीशनखोरी के संबंध में पूछताछ कर रही है। बताया गया कि मुगमा एरिया की खुदिया कोलियरी के इलेक्ट्रिक विभाग में कार्यरत उमेश प्रसाद सिंह 31 मार्च, 2025 को रिटायर होने वाले थे। इस उपलक्ष्य में कार्यालय में फेयरवेल भी होना था। उन्होंने रिटायरमेंट पर पीएफ और ग्रेच्युटी की रकम लेने के लिए आवेदन जमा किया था। कोलियरी के कार्मिक विभाग में पीएफ से जुड़े मामले डील करने वाले अरविंद कुमार राय ने उनकी फाइल आगे बढ़ाने के एवज में 15 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी।

## 'सता रहा तेजस्वी यादव का भय'

### अमित शाह के बिहार दौरे पर मृत्युंजय तिवारी का तंज

**पटना,** 31 मार्च (एजेंसियां)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बिहार दौरे के दौरान राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रमुख लालू यादव और उनके परिवार पर जमकर निशाना साधा था। आरजेडी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने अमित शाह पर पलटवार किया।

मृत्युंजय तिवारी ने कहा, 'केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार के दो दिवसीय दौरे पर आए थे। गोपालगंज में 20 मिनट के अपने भाषण में 18 बार वो लालू प्रसाद यादव का नाम ले रहे थे।

जिस प्रकार से तेजस्वी यादव का भय है, डर है, वह दिख रहा था। वह एनडीए के नेताओं के साथ मुख्यमंत्री आवास में बैठक करने गए और 15 से 20 मिनट में ही निकल लिए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सेहत जवाब दे रहा है। अब एनडीए पूरी तरह से



टेंशन में और कन्फ्यूजन में है। शाह तय समय से पहले निकल लिए। भला 15 से 20 मिनट में 243 सीटों पर मंथन कैसे हो सकता है।' उन्होंने आगे कहा, 'अमित शाह को एहसास और आभास है कि बिहार की जनता को अब बीमार राज्य नहीं, बल्कि रोजगार की भरमार वाला राज्य चाहिए। तेजस्वी जब उप मुख्यमंत्री थे, उन्होंने ऐसा करके दिखाया था। अब भ्रष्टाचार और अपराधियों के बहार वाला बिहार नहीं, बल्कि तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बढ़ता और विकसित बिहार बनेगा।

**'केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार के दो दिवसीय दौरे पर आए थे। गोपालगंज में 20 मिनट के अपने भाषण में 18 बार वो लालू प्रसाद यादव का नाम ले रहे थे। जिस प्रकार से तेजस्वी यादव का भय है, डर है, वह दिख रहा था: मृत्युंजय तिवारी**

**महागठबंधन में मुख्यमंत्री पद का चेहरा तेजस्वी : राजद**

न्राजद ने दोहराया कि इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की ओर से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव मुख्यमंत्री पद का चेहरा होंगे।

### जनता विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव का स्थान तय करेगी : ललन सिंह

**पटना।** केंद्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र के बाद तेजस्वी यादव ही हैं। पटना में सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान जदयू नेता ललन सिंह ने कहा कि वे सत्यवादी हरिश्चंद्र हैं। वे अपनी पीठ खुद थपथपाते रहे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जो भी कहा, वह सच कहा है। वैसे, उन्हें (तेजस्वी यादव) चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। वह अपना काम करें। बिहार की जनता अगले चुनाव में तय कर देगी कि उनका स्थान कहां है।

## ड्रग कारोबार के खिलाफ सरकार का अभियान निरंतर जारी: शाह

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली -राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक बड़े नार्को -नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और दिल्ली पुलिस की सराहना करते हुए कहा है कि ड्रग कारोबार के खिलाफ सरकार का अभियान निरंतर जारी है। श्री शाह ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'ड्रग्स के खिलाफ मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत, दिल्ली-एनसीआर में एक बड़े नार्को-नेटवर्क का भंडाफोड़ किया गया। एनसीबी और दिल्ली पुलिस ने गिरोह को दबोचते हुए 27.4 करोड़ रुपये मूल्य के मेथमफेटामाइन, एमडीएमए और कोकीन बरामद किए और पांच लोगों को गिरफ्तार किया। मैं इस बड़ी कामयाबी के लिए एनसीबी और दिल्ली पुलिस की सराहना करता हूँ।' दिल्ली के छतरपुर क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले मेथमफेटामाइन के लेन-



देन की सूचना मिलने पर, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की संयुक्त टीम ने संदिग्धों पर नजर रखी। टीम ने एक संदिग्ध वाहन को रोका, जिसमें 5.103 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाला क्रिस्टल मेथमफेटामाइन बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 10.2 करोड़ रुपये है। वाहन में सवार पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें चार अफ्रीकी नागरिक शामिल हैं, जो नाइजीरिया के एक प्रभावशाली परिवार से संबंधित हैं। मौके पर की गई गहन पूछताछ और तकनीकी जांच से पता चला कि यह प्रतिबंधित सामग्री पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर स्थित एक अफ्रीकी किचन से लाई गई थी। जब इस किचन की तलाशी ली गई, तो

**'ड्रग्स के खिलाफ मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत, दिल्ली-एनसीआर में एक बड़े नार्को-नेटवर्क का भंडाफोड़ किया गया: अमित शाह**

वहां से 1.156 किलोग्राम क्रिस्टल मेथमफेटामाइन, 4.142 किलोग्राम अफगान हेरोइन और 5.776 किलोग्राम एमडीएमए (एक्स्टसी पिल्स) बरामद हुए, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 16.4 करोड़ रुपये है। इसके अतिरिक्त, ग्रेटर नोएडा में एक किराए के अपार्टमेंट की तलाशी के दौरान 389 ग्राम अफगान हेरोइन और 26 ग्राम कोकीन भी बरामद की गई। जांच में पता चला कि यह गिरोह अफ्रीकी युवाओं को नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल होने में मदद करता था और उन्हें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और पंजाब के प्रमुख निजी विश्वविद्यालयों में दाखिला के लिए स्टूडेंट वीजा प्राप्त करने में मदद करता था।

### बैंगलोर-गुवाहाटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस दुर्घटना के बाद ईसीओआर ने सामान्य ट्रेन परिचालन किया बहाल

**भुवनेश्वर,** 31 मार्च (एजेंसियां)। ईस्ट कोस्ट रेलवे (ईसीओआर) ने सोमवार सुबह तक कटक-नेरगुंडी रेल खंड की दोनों पटरियों पर सामान्य ट्रेन परिचालन को सफलतापूर्वक बहाल



कर दिया। कटक-भद्रक रेलवे खंड में केंद्रपाड़ा रोड और नेरगुंडी स्टेशनों के बीच रविवार सुबह 11:54 बजे 12551 बैंगलोर-गुवाहाटी एसी एसएफ एक्सप्रेस की ग्यारह बोगियां पटरी से उतर गयी जिसके बाद ट्रेन सेवाएं बाधित हो गईं। दुर्घटना में एक यात्री की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। ईसीओआर के समर्पित रेलवे कर्मियों ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में प्रभावित पटरियों को बहाल करने के लिए पूरी रात कठिन परिश्रम किया। ईसीओआर के महाप्रबंधक परमेश्वर फुंकवाल ने व्यक्तिगत रूप से बहाली के प्रयासों का समन्वय किया, जिससे साइट पर उनकी निरंतर उपस्थिति के साथ त्वरित एवं कुशल कार्रवाई सुनिश्चित हुई।

आज सुबह 07:15 बजे तक, ट्रैक साफ हो गए और ट्रेन की आवाजाही के लिए तैयार हो गए, और ओवरहेड इक्विपमेंट को सुबह 07:40 बजे तक पूरी तरह से बहाल कर दिया गया। डाउन लाइन पर पहली ट्रेन सुबह 09:30 बजे गुजरी, जबकि अप लाइन पर कुछ ही देर बाद सेवा फिर से शुरू हो गई। ईस्ट कोस्ट रेलवे के सूत्रों के अनुसार, प्रभावित स्थल से गुजरने वाली पहली ट्रेन सुबह 09:30 बजे एक मालगाड़ी थी, जिसके बाद पहली यात्री ट्रेन 22823 भुवनेश्वर-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस थी, जो सुबह 10:25 बजे डाउन लाइन पर घटनास्थल से गुजरी।

### ममता बनर्जी ने ईद की मुबारकबाद देते हुए विरोधियों पर साधा निशाना, बोलीं

## लोग भाजपा और माकपा के उकसावों में न आएं, सांप्रदायिक दंगे भड़का सकते हैं

**कोलकाता,** 31 मार्च (एजेंसियां)। सोमवार को ईद के अवसर पर अपने संदेश में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में सांप्रदायिक तनाव फैलाने के लिए राज्य की दो मुख्य विपक्षी पार्टियों भाजपा और माकपा के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे को समान रूप से जिम्मेदार ठहराया। विपरीत राजनीतिक विचारधारा वाली दो विपक्षी ताकतों पर हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें 'राम-बम (राम और वामपंथी)' बताया। रेड रोड पर ईद की नमाज के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने लोगों से आग्रह किया कि वे ऐसे उकसावों में न आएं जो सांप्रदायिक दंगे भड़का सकते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार लोगों के साथ खड़ी रहेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी राज्य में तनाव पैदा न कर सके। ममता बनर्जी ने कहा, 'आजकल राम-बम यह सवाल उठाता है कि मैं हिंदू हूं या नहीं। मेरा जवाब है कि मैं एक ही समय में हिंदू, मुस्लिम और सिख हूं और आखिरकार मैं एक भारतीय हूं। विपक्षी पार्टियां क्या कर रही हैं? वे सिर्फ लोगों को



**'आजकल राम-बम यह सवाल उठाता है कि मैं हिंदू हूं या नहीं। मेरा जवाब है कि मैं एक ही समय में हिंदू, मुस्लिम और सिख हूं और आखिरकार मैं एक भारतीय हूं। विपक्षी पार्टियां क्या कर रही हैं? वे सिर्फ लोगों को बांट रही हैं: ममता बनर्जी**

बांट रही हैं। मेरा जीवन देश के लिए समर्पित है।' मुख्यमंत्री ने आगामी 6 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर राज्य में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की संभावित कोशिशों के बारे में भी चेतावनी दी। पार्टी के महासचिव और लोकसभा सदस्य अभिषेक बनर्जी भी मंच पर उनके साथ थे। भाजपा का सीधे नाम लिए बिना उन्होंने कहा, कि कुछ निहित स्वार्थी तत्वों की राज्य में सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की खास योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'दंगा जैसी स्थिति पैदा करने के लिए उकसावे में न आएं।

### नीतीश सिर्फ मुखौटा, सरकार कुछ अधिकारी चला रहे : प्रशांत

**किशनगंज,** 31 मार्च (एजेंसियां)। बिहार में सोमवार को ईद धूमधाम से मनाई जा रही है। विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग ईद की नमाज अदा करने पहुंचे। इधर, जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर सोमवार को बिहार के किशनगंज में अंजुमन इस्लामिया ईद मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कदम रसूल स्थित मदरसा अमजदिया ईदगाह में चादरपोशी की और ईद पर समाज में शांति, सद्भाव और एकता तथा लोगों के जीवन में खुशहाली की दुआ मांगी। ईद मिलन कार्यक्रम के बाद प्रशांत किशोर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पिछले कुछ सालों में नीतीश सरकार का इकबाल खत्म हो गया है। नीतीश कुमार शारीरिक रूप से थके हुए और मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। नीतीश कुमार खुद सरकार चलाने की स्थिति में नहीं हैं, बल्कि भाजपा ने उन्हें 13 करोड़ लोगों के ऊपर बैठा रखा है। प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार सिर्फ मुखौटा हैं, जबकि दिल्ली में बैठी सरकार और उनके अधीन कुछ अधिकारी सरकार चला रहे हैं।



- ईद मिलन समारोह में शामिल हुए प्रशांत किशोर

मांग

### 'अंतरराष्ट्रीय ट्रांसजेंडर दिवस' पर रैली निकाली गई

# किन्नरों ने सरकारी नौकरी में आरक्षण की मांग की

**प्रयागराज,** 31 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में किन्नर समाज के लोगों ने 'इंटरनेशन ट्रांसजेंडर डे' के अवसर पर सरकारी नौकरी में आरक्षण की मांग को लेकर सोमवार को रैली निकाली। उत्तर प्रदेश किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य और प्रयागराज किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी उर्फ टीना मां के नेतृत्व में रैली निकाली गई।

कंपनी बाग गेट नंबर एक पर बड़ी संख्या में किन्नर समाज के लोग एकत्रित होकर सुभाष चौराहे तक रैली निकाली उसके बाद वहीं प्रदर्शन किया। महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी उर्फ टीना मां ने कहा कि सोमवार को 'अंतरराष्ट्रीय ट्रांसजेंडर दिवस' पर रैली निकालने के पीछे का मुख्य मकसद था कि लोगों में इस समाज के प्रति भी जागरूकता बढ़ सके। उन्होंने कहा कि समाज में जैसे दूसरे लोगों को



सम्मान से जीने का अधिकार है, उनकों भी सरकार पढ़ाई से लेकर नौकरी तक में आरक्षण दें। जिससे वह भी अन्य लोगों की तरह ही सामान्य जीवन बिता सकें।

**'अंतरराष्ट्रीय ट्रांसजेंडर दिवस' पर रैली निकालने के पीछे का मुख्य मकसद था कि लोगों में इस समाज के प्रति भी जागरूकता बढ़ सके। उन्होंने कहा कि समाज में जैसे दूसरे लोगों को सम्मान से जीने का अधिकार है, उनकों भी सरकार पढ़ाई से लेकर नौकरी तक में आरक्षण दें: कौशल्या नंद गिरी, महामंडलेश्वर**

उन्होंने कहा कि किन्नरों, लैस्बियन और गे समाज के लोगों को भी आरक्षण मिलना चाहिए जिससे वह समाज की मुख्य धारा में जुड़ सके। वह भी इसी समाज को हिस्सा है। वहीं लैस्बियन समाज से जुड़े लोगों का कहना है कि वह भी इसी समाज का हिस्सा है। फिर उनके प्रति लोगों में गलत भावना कैसे हो सकती है। किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य ने कहा कि अभी तक ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण की बात कही जा रही है लेकिन अभी हम लोगों का कितना फीसदी आरक्षण है यह सुनिश्चित नहीं किया गया है। सरकार उसे सुनश्चित करे। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने दुनिया के सामने खुद को एक मजबूत देश के रूप में स्थापित करने में सफल रहा है। भारत किसी दबाव के सामने नहीं झुकता है। भारत बड़ी मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है और बिना किसी डर के अपनी बात दुनिया के सामने रख रहा है। देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ही हाथों में सुरक्षित है। महामंडलेश्वर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किन्नरो को मुख्यधारा में कर उनके उत्थान और विकास के लिए बहुत काम किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि श्री मोदी किन्नरों को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए नौकरी में आरक्षण का लाभ देने पर विचार अवश्य करेंगे।






## 'जाट' में सनी देओल संग नजर आएंगी उर्वशी रौतेला

**मुंबई।** अभिनेत्री उर्वशी रौतेला 12 साल बाद अभिनेता सनी देओल संग काम कर रही हैं। रौतेला जल्द ही 'जाट' के गाने 'टच किया' में नजर आएंगी। अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर अभिनेत्री काफी उत्साहित हैं। उर्वशी ने कहा कि 12 साल बाद सनी देओल सर के साथ काम करना शानदार है और इसके लिए मैं खुद को लकी मानती हूं। वह बेहतरीन एक्शन हीरो हैं और मैं 'जाट' में उनके साथ काम करने के लिए रोमांचित हूं। उर्वशी रौतेला साल 2013 में आई फिल्म 'सिंह साहब द ग्रेट' में सनी देओल के साथ काम कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं 19 साल की थी, तब उन्होंने मुझे 2013 की हिट फिल्म 'सिंह साहब द ग्रेट' में काम दिया था, जो मेरी पहली मुख्य भूमिका वाली फिल्म थी।

# तनाव की दवाओं का लंबा इस्तेमाल बढ़ा सकता है हृदय संबंधी मौत का खतरा

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। एंटीडिप्रेसेंट दवाओं का लंबे समय तक उपयोग करने वाले लोगों को अचानक हृदयगति रुकने का खतरा बढ़ सकता है। एक

- 43 लाख निवासियों पर किए गए अध्ययन में खुलासा
- हृदय की मांसपेशियों के मोटा होने संबंधी समस्याओं का कारण

अध्ययन में पाया गया है कि यह खतरा उम्र और दवा लेने की अवधि पर निर्भर करता है। अचानक हृदयगति रुकने का मतलब है किसी व्यक्ति की अप्रत्याशित मृत्यु, जो हृदय से संबंधित समस्या के कारण होती है। अगर किसी के सामने ऐसा होता है, तो लक्षण दिखने के एक घंटे के अंदर मौत हो सकती है।



डेनमार्क के 43 लाख निवासियों पर किए गए इस अध्ययन से पता चला कि जो लोग 1 से 5 साल तक एंटीडिप्रेसेंट लेते हैं, उनमें अचानक हृदयगति रुकने का खतरा 56 प्रतिशत अधिक होता है। वहीं, जो लोग 6 साल या उससे अधिक समय तक इन दवाओं का उपयोग करते हैं, उनके लिए यह खतरा 2.2 गुना अधिक होता है।

30 से 39 साल की उम्र के लोगों में, जिन्होंने 1 से 5 साल तक एंटीडिप्रेसेंट लिए, उन्हें अचानक हृदयगति रुकने का खतरा बिना दवा लेने वालों की तुलना में करीब तीन गुना अधिक था। 6 साल या उससे अधिक समय तक दवा लेने वालों में यह खतरा पांच गुना तक बढ़ जाता है।

50 से 59 साल की उम्र के लोगों में, जो 1 से 5 साल तक एंटीडिप्रेसेंट लेते हैं, उनका अचानक हृदयगति रुकने का खतरा दोगुना हो जाता है। और जो 6 साल या उससे अधिक समय तक दवा लेते हैं, उनके लिए यह खतरा चार गुना अधिक होता है।

डॉ. जस्मिन मुज्कानोविक, जो कोपेनहेगन, डेनमार्क के रिग्सहॉस्पिटलेट हृदय केंद्र से हैं, ने कहा कि एंटीडिप्रेसेंट लेने की अवधि जितनी लंबी होगी, अचानक हृदयगति रुकने का खतरा उतना ही अधिक होगा, और यह इस बात पर निर्भर करता है कि व्यक्ति ने दवा कितने समय तक ली है।

उन्होंने आगे कहा कि जो लोग 6 साल या उससे अधिक समय तक दवा लेते हैं, उनके लिए खतरा 1 से 5 साल तक दवा लेने वालों की तुलना में और भी अधिक होता है।

शोधकर्ताओं ने बताया कि 39 साल से कम उम्र के लोगों में यह समस्या अक्सर हृदय की मांसपेशियों के मोटा होने संबंधी समस्याओं के कारण होती है। बुजुर्गों में, दिल को रक्त पहुंचाने वाली नसों का संकुचित होना इसका मुख्य कारण होता है। यह अध्ययन यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी के वैज्ञानिक सम्मेलन ईएचआरए में प्रस्तुत किया गया।

मुज्कानोविक ने बताया कि अचानक हृदय गति रुकने का खतरा एंटीडिप्रेसेंट के संभावित हानिकारक प्रभावों और दवा लेने की अवधि के कारण हो सकता है। इसके अलावा, यह बढ़ोत्तरी डिप्रेशन से जुड़े व्यवहार या जीवनशैली के कारकों, जैसे स्वास्थ्य सेवा में देरी या खराब हृदय स्वास्थ्य, से भी प्रभावित हो सकती है। इसमें आगे और शोध की आवश्यकता है।

# तरबूज के सेवन से नहीं होगी पानी की कमी और बनी रहेगी ऊर्जा

- उमस भरी गर्मी के कारण थकान, सुस्ती और चिड़चिड़ापन महसूस होना आम बात
- पुदीने की पत्तियां, नींबू का रस और थोड़ा सा काला नमक डालकर ब्लेंड करने से डिहाइड्रेशन में राहत



**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। गर्मी का मौसम आते ही शरीर में पानी की कमी और डिहाइड्रेशन की समस्या बढ़ जाती है। तपती धूप और उमस भरी गर्मी के कारण थकान, सुस्ती और चिड़चिड़ापन महसूस होना आम बात है। ऐसे में शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी हो जाता है। सिर्फ पानी पीना ही काफी नहीं होता, बल्कि हेल्दी जूस भी आपके शरीर को न सिर्फ हाइड्रेट रखते हैं बल्कि जरूरी पोषक तत्व भी प्रदान करते हैं। गर्मियों में कुछ खास जूस आपके शरीर को ठंडक पहुंचाने के साथ-साथ ऊर्जा भी देंगे। आइए जानते हैं ऐसे तीन जूस के बारे में, जो इस चिलचिलाती गर्मी में आपको तरोताजा बनाए रखेंगे। तरबूज में लगभग 92 प्रतिशत पानी होता है, जो इसे गर्मी में सबसे बेहतरीन हाइड्रेटिंग फल बनाता है। इसमें मौजूद इलेक्ट्रोलाइट्स और एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को न सिर्फ डिटॉक्सिफाई करते हैं बल्कि हाइड्रेशन लेवल को भी बनाए रखते हैं। ये शरीर में पानी की कमी को दूर करता है। पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है और एसिडिटी से राहत देता है। स्किन को ग्लोइंग और फ्रेश बनाए रखता है। तरबूज के टुकड़ों को मिक्सर में डालें, थोड़ा सा नींबू का रस और पुदीने की पत्तियां मिलाकर ब्लेंड करें। चाहें तो इसमें काला नमक और थोड़ा सा शहद भी मिला सकते हैं।

गर्मी में नारियल पानी सबसे नेचुरल और हेल्दी ड्रिंक में से एक है। यह इलेक्ट्रोलाइट्स, मिनरल्स और विटामिन्स से भरपूर होता है। जब इसे नींबू के रस के साथ मिलाकर पिया जाता है, तो यह एक बेहतरीन एनर्जी बूस्टर ड्रिंक बन जाता है। यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस बनाए रखता है। ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है। लू और हीटस्ट्रोक से बचाने में मदद करता है। नारियल पानी में नींबू और काला नमक मिलाकर पी सकते हैं।

## अनीता हसनंदानी
### क्यों नहीं घटा पाती हैं वजन, बताई वजह



**मुंबई,** 31 मार्च (एजेंसियां)। 'काव्यांजलि', 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'नागिन 3' जैसे शो में शानदार काम कर लोकप्रिय हुईं अनीता हसनंदानी ने इस बारे में मजेदार खुलासा किया कि वह क्यों 'कुछ किलो' वजन नहीं घटा पाती हैं। अनीता ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अपने बेटे आरव रेड्डी के साथ मस्ती से टहलती नजर आ रही हैं। वीडियो पर एक ओवरले टेक्स्ट लिखा था, 'मैं कुछ किलो वजन घटाना चाहती हूं। लेकिन मैं कभी नहीं घटा पाती हूं। मैं विजेता हूं।' कैप्शन में उन्होंने लिखा कि मैं खाते हुए पोस्ट करती हूं। नताशा ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 1998 में टेलीविजन शो 'इधर उधर' से की थी और अपने फिल्मी करियर की शुरुआत तेलुगू फिल्म 'नुव्वु नेनु' से की थी। 2001 से 2002 तक, उन्होंने कभी सौतन कभी सहेली में तनुश्री की भूमिका निभाई। 2005 में काव्यांजलि के साथ उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया। 2007 में उन्होंने पहली बार 'कयामत' में स्वाति भाटिया की भूमिका निभाई। इसके बाद वह हिंदी फिल्म 'दस कहानियां' और 'जस्ट मैरिड' में दिखाई दीं। 2007 से 2008 तक उन्होंने नमन शॉ के साथ 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में सांची विरानी की भूमिका निभाई।

# कृष्ण कमल देवताओं को भी प्रिय, खूबसूरत फूल सेहत के लिए भी वरदान

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। खिला-खिला बैंगनी रंग का चमकता फूल, जो अपनी भीनी-भीनी खूशबू से न केवल घर के माहौल को सकारात्मक बना देता है, बल्कि इसकी खूबसूरती मन मोह लेती है। जी हां! हम बात कर रहे हैं भगवान श्री कृष्ण को प्रिय कृष्ण कमल के बारे में जो औषधीय गुणों से भरपूर होने की वजह से आयुर्वेद में काफी महत्व रखता है।

कृष्ण कमल को अंग्रेजी में पैशन फ्लावर के नाम से जाना जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 120वें एपिसोड में कृष्ण कमल का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मैं आपको शानदार फूल के बारे में बताना चाहता हूं और इसका नाम है 'कृष्ण कमल'। क्या आप गुजरात के एकता नगर में 'स्टेचू ऑफ यूनिटी' को देखने गए हैं? स्टेचू ऑफ यूनिटी के आसपास आपको ये कृष्ण कमल बड़ी संख्या में दिखेंगे। ये फूल पर्यटकों का मन





मोह लेते हैं। ये कृष्ण कमल एकता नगर के आरोग्य वन, एकता नर्सरी, विश्व वन में आकर्षण का केंद्र बन चुके हैं। यहां योजनाबद्ध तरीके से लाखों की संख्या में कृष्ण कमल के पौधे लगाए गए हैं। आप भी अपने आसपास देखेंगे तो आपको फूलों की दिलचस्प यात्राएं दिखेंगी। ऐसे में अब आप सोच रहे होंगे कि ये कृष्ण कमल क्या है? और इसका क्या महत्व है? तो बता दें कि धर्म के साथ ही आयुर्वेद में भी इसका काफी महत्व है। कृष्ण कमल को बारीकी से समझने में आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉक्टर प्रमोद तिवारी ने मदद की। आयुर्वेद में कृष्ण कमल के महत्व को जानने से पहले बता दें कि धर्म में भी इसका खासा महत्व है। कृष्ण कमल भगवान कृष्ण को अति प्रिय है और इसका उल्लेख महाभारत में भी मिलता है। मान्यता है कि यह फूल श्री कृष्ण के साथ ही ब्रह्मा, विष्णु और महेश को भी अति प्रिय है। ऐसे में मन को तरोताजा कर देने वाले इस फूल को भला आयुर्वेद में कैसे स्थान नहीं मिलता। इसमें कई औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो मानव शरीर के लिए वरदान कहे जा सकते हैं। कृष्ण कमल के औषधीय गुणों से पंजाब स्थित बाबे के आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के बीएएमएस, एमडी डॉक्टर प्रमोद आनंद तिवारी ने अवगत कराया। उन्होंने बताया कि औषधीय गुणों से भरपूर कृष्ण कमल के सेवन से न केवल मन को शांति मिलती है बल्कि इसके सेवन से कई रोग छूमंतर हो जाते हैं।

### कैसे करें कृष्ण कमल का सेवन

डॉक्टर ने बताया कि इसका सेवन भी आसान है। उन्होंने बताया कि आपको इसे चाय की तैयारी करने के लिए एक चम्मच सूखे फूल के पाउडर को एक कप पानी में उबालकर 5-10 मिनट के लिए छोड़ देना है। इसके बाद इसे छानकर गुनगुना सेवन कर लीजिए। इसे दिन में 2 से 3 बार ले सकते हैं। अनिद्रा या तनाव से जूझ रहे लोग बिस्तर पर जाने से पहले इसका सेवन कर सकते हैं। डॉक्टर तिवारी ने बताया कि कृष्ण कमल न केवल अनिद्रा, तनाव में फायदेमंद है बल्कि यह उच्च रक्तचाप, मधूमेह और पेशाब में होने वाली जलन समेत अन्य कई शारीरिक समस्याओं से छुटकारा दिलाने में सक्षम होता है।

# सैफ और करीना ने परिवार के साथ मनाई ईद

– सबा और सोहा संग फ्रेम में आए नजर



**मुंबई,** 31 मार्च (एजेंसियां)। अभिनेता सैफ अली खान और करीना कपूर ने अपने परिवार के साथ ईद का त्योहार मानाया। सबा पटौदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर ईद के जश्न की झलक दिखाई, जिसमें परिवार के सदस्य एक ही फ्रेम में नजर आए।

सैफ की बहन सबा पटौदी के लेटेस्ट इंस्टाग्राम पोस्ट के अनुसार, सैफ और करीना ने अपनी बहनों सबा और सोहा तथा सोहा के अभिनेता पति कुणाल खेमू के साथ ईद मनाई। पटौदी परिवार का हर एक सदस्य पारंपरिक परिधानों में बेहद खूबसूरत लग रहा था, बेबो सूट में नजर आईं।

ईद के जश्न की झलकियां इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए सबा ने कैप्शन में लिखा, 'ईद के पल परिवार सबसे ज्यादा मायने रखता है...एक खूबसूरत लंच के लिए भाई (सैफ अली खान), सोहा, बेबो (करीना कपूर खान) और कुणाल खेमू का शुक्रिया, जिन्होंने इसे खास बनाया। आखिरी...वीडियो वर्जन।

शेयर किए गए वीडियो में सबा सभी को ईद की मुबारकबाद देती नजर आईं ईद के मौके पर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर फिल्म जगत की तमाम हस्तियों ने मुबारकबाद दी। प्रियंका चोपड़ा और सिद्धार्थ मल्होत्रा से लेकर महेश बाबू समेत अन्य सितारों ने शुभकामनाएं देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। ईद की मुबारकबाद देने वाले सितारों की सूची में अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा, सिद्धार्थ मल्होत्रा से लेकर माधुरी दीक्षित, रश्मिका मंदाना, महेश बाबू, सोनाक्षी सिन्हा, स्वरा भास्कर समेत अन्य कलाकारों के नाम शामिल हैं।

ममूटी ने अपने एक्स हैंडल पर प्रशंसकों को ईद की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, 'सभी को ईद की मुबारकबाद।'

नयनतारा ने भी 'ईद मुबारक' पोस्ट के साथ शुभकामनाएं दीं।

कमल हासन ने लिखा कि रमजान की सभी लोगों को मुबारकबाद, एक पवित्र महीना जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, उदारता और गरीबों को गले लगाने की क्षमता का प्रतीक है।

# अप्रैल फूल मनाया तो उनको गुस्सा आया 61 साल पहले आई थी ये प्रैंक वाली मजेदार फिल्म

**मुंबई,** 31 मार्च (एजेंसियां)। 'अप्रैल फूल बनाया, तो उनको गुस्सा आया' आज 31 मार्च है और कल वो दिन है, जब मजाक करने वाले लोग खूब मजाक के बाण चलाते हैं। जी हां! अप्रैल फूल आ गया। लगभग 60 साल पहले सायरा बानो और बिस्वजीत स्टारर कॉमेडी-ड्रामा फिल्म सिनेमाघरों में आई तो खूब पसंद की गई। फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

एक मजाक पर बनी अप्रैल फूल की कहानी हो या कलाकार, यहां तक की फिल्म के गाने भी पसंद किए गए और लोग खूब एंटरटेन हुए। साल 1964 में रिलीज हुई रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'अप्रैल फूल' का निर्देशन, निर्माण करने के साथ ही इसकी कहानी भी सुबोध मुखर्जी ने लिखी थी। फिल्म में बिस्वजीत और सायरा बानो मुख्य भूमिकाओं में हैं।




फिल्म के संगीत को शंकर-जय किशन ने तैयार किया था और गीत हसरत जयपुरी ने लिखे थे। फिल्म के हर एक गाने को दर्शकों का खूब प्यार मिला और गाने हिट रहे। वह चाहे 'अप्रैल फूल मनाया तो, उनको गुस्सा आया' हो या 'आ गले लग जा, मेरे सपने मेरे अपने', 'मेरी मोहब्बत पाक मोहब्बत' खूब चली। फिल्म की कहानी पर नजर डालें तो अशोक (बिस्वजीत) एक अमीर परिवार का लड़का रहता है। अशोक अमीर होने के साथ ही आलसी और मजाकिया इंसान भी रहता है। उसे मजाक करना अच्छा लगता है, खासकर अपने पसंदीदा दिन अप्रैल फूल्स पर। दोस्तों के एक शर्त के दौरान उसकी मधु (सायरा बानो) से दोस्ती हो जाती है और दोनों प्यार में पड़ जाते हैं। उनकी एक शरारत उन्हीं पर भारी पड़ जाती है और दोनों एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का निशाना बन जाते हैं। इसके बाद कहानी नया मोड़ लेती है और दोनों खुद को बचाने के साथ ही परिवार को बचाने के लिए जुट जाते हैं। फिल्म में बिस्वजीत और स्वरा भास्कर के साथ आईएस जोहर, सज्जन, राजन, नाजिमा, राम अवतार और जयंत, शिवराज, चांद उस्मानी जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।

# वायरल गर्ल मोनालिसा को फिल्म ऑफर करने वाले निर्देशक गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले में वायरल गर्ल मोनालिसा को फिल्म में काम करने का ऑफर देने वाले निर्देशक सनोज मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन पर बलात्कार के साथ मारपीट, गर्भपात कराने, धमकी देने का आरोप है। आरोप है कि सनोज मिश्रा ने एक छोटे कस्बे से आने वाली, लड़की के साथ न केवल बलात्कार किया बल्कि तीन बार उसका गर्भपात भी कराया।

सेंट्रल दिल्ली पुलिस के नबी करीम थाने की टीम ने निर्देशक सनोज मिश्रा को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है।

6 मार्च 2024 को 28 वर्षीय महिला की शिकायत के आधार पर बलात्कार, मारपीट, गर्भपात कराने, धमकी देने की धाराओं के तहत थाना नबी करीम में एफआईआर दर्ज की गई थी।

पीड़िता की शिकायत के अनुसार, आरोपी पिछले चार वर्षों से उसके साथ मुंबई में लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहा था। उसने आरोप लगाया कि उसे तीन बार गर्भपात कराने के लिए मजबूर किया गया। उसने एफआईआर में आरोप लगाया है कि 18 फरवरी 2025 को आरोपी, शिकायतकर्ता को नबी करीम के होटल शिवा में लाया और शारीरिक संबंध बनाए। बाद में वह उससे शादी करने के अपने वादे से मुकर गया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत अपने बयान में भी आरोपों का समर्थन किया।

जांच के दौरान मुजफ्फरनगर से गर्भपात से संबंधित मेडिकल पेपर एकत्र किए गए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

इसके बाद 45 वर्षीय आरोपी सनोज मिश्रा को पुलिस ने गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार आरोपी शादीशुदा है और परिवार के साथ मुंबई में रहता है। आरोप है कि झांसे से आरोपी उसे एक रिसॉर्ट में ले गया और नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने एफआईआर में यह भी बताया कि आरोपी ने उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो बना लिए और धमकी दी कि अगर उसने विरोध किया, तो वह इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर देगा। इसके बाद उसने शादी का झांसा देकर कई बार अलग-अलग जगहों पर बुलाकर शारीरिक संबंध बनाए। इसके साथ ही फिल्मों में काम दिलाने का लालच भी दिया।



# सोते समय स्क्रीन का उपयोग करने से अनिद्रा का जोखिम

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। एक रिसर्च में यह बात सामने आई है कि सोते वक्त मोबाइल फोन आदि की स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने वाले लोगों में अनिद्रा का जोखिम बढ़ जाता है। सोते समय बेड पर स्क्रीन का इस्तेमाल करने से अनिद्रा का खतरा 59 फीसदी तक बढ़ जाता है। नॉर्वे में नॉर्वेजियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन से पता चला है कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए एक अच्छी नींद काफी महत्वपूर्ण है। लेकिन, रात में सोने के दौरान लोग बिस्तर पर स्क्रीन का उपयोग करने के आदी हो रहे हैं। जिससे उनकी नींद प्रभावित हो रही है। सोशल मीडिया को अक्सर नींद खराब करने वाला माना जाता है, लेकिन नॉर्वे में 18 से 28 साल के 45,202 युवाओं के एक सर्वे में पता चला कि स्क्रीन पर क्या देखा जा रहा है, इससे कोई फर्क नहीं



- मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए एक अच्छी नींद काफी महत्वपूर्ण
- सोने से कम से कम 30-60 मिनट पहले बंद कर दें स्क्रीन

पड़ता। शोध के मुख्य लेखक डॉ. गुन्हिल्ड जॉनसेन हेटलैंड ने कहा कि हमें सोशल मीडिया और दूसरी स्क्रीन गतिविधियों में कोई बड़ा अंतर नहीं मिला। इसका मतलब है कि सिर्फ स्क्रीन देखना ही नींद खराब करता है। शायद इसलिए क्योंकि स्क्रीन देखने में समय निकल जाता है, और सोने का समय कम हो जाता है।

अध्ययन से पता चला है कि बिस्तर पर स्क्रीन का उपयोग करने से नींद का समय 24 मिनट कम हो सकता है। उल्लेखनीय रूप से, छात्रों में नींद की समस्या अत्यधिक पाई गई।

हेटलैंड ने कहा कि इसका मानसिक स्वास्थ्य, शैक्षणिक प्रदर्शन और समग्र स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। फ्रंटियर्स इन साइकियाट्री नामक पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, स्क्रीन नींद के समय को कम करती हैं, क्योंकि वे आराम के समय को कम कर देती हैं, न कि इसलिए कि वे जागने को बढ़ाती हैं।

हेटलैंड ने कहा कि यदि आपको नींद आने में परेशानी होती है और आपको संदेह है कि स्क्रीन टाइम इसका कारण हो सकता है, तो बिस्तर पर स्क्रीन का उपयोग कम करने का प्रयास करें, आदर्श रूप से सोने से कम से कम 30-60 मिनट पहले इसे बंद कर दें।

उन्होंने कहा कि यदि आप स्क्रीन का उपयोग करते हैं, तो रात के दौरान व्यवधान को कम करने के लिए मोबाइल नोटिफिकेशन को बंद करने पर विचार करें। उन्होंने वैश्विक स्तर पर स्क्रीन के उपयोग और नींद के बीच संबंध को समझने के लिए आगे और अध्ययन किए जाने का आह्वान किया।

अमेरिका के पेन्सिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि जो युवा पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं, उनमें उच्च रक्तचाप या हाइपरटेंशन का खतरा बढ़ सकता है – जो हृदय संबंधी बीमारियों के लिए एक सामान्य जोखिम कारक है।

देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार 1 अप्रैल 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# सोनिया के उठाये मुद्दों पर ध्यान दे सरकार!

क्रांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा की सदस्य सोनिया गांधी ने एक लेख में केन्द्र सरकार की उसकी शिक्षा नीति को लेकर जमकर घेराबन्दी की है। उनका आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बिना पर्याप्त विचार-विमर्श के और अपने राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने के मकसद से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 जनता पर थोप रही है। अंग्रेजी अखबार द हिंदू में प्रकाशित होने के बाद जमकर चर्चा में आये इस लेख में सोनिया गांधी ने इस बात की आलोचना की है कि भाजपा सरकार ने 'सी 3' (केंद्रीकरण- सेंट्रलाइज़ेशन, व्यावसायीकरण- कमर्शिलाइज़ेशन और सांप्रदायिकता- कम्युनलिज़्म) के अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने का साधन नई शिक्षा नीति (एनईपी) को बनाया है। इस लेख में वैसे तो कांग्रेस नेत्री ने अनेक महत्वपूर्ण मुद्दे उठाये हैं परन्तु इसका मुख्य फोकस शिक्षा प्रणाली के वे आयाम हैं जो देश के लिये विनाशकारी साबित होंगे। उन्होंने एनईपी में अनेक खामियां गिनाते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारों को पूरा करने के लिये बनाई गई है।

शिक्षा किसी भी समाज के विकास की बुनियाद होती है। सोनियाजी के इस लेख में एनईपी से उत्पन्न होने वाले खतरे तथा उनकी चिंताएं साफ झलकती हैं जो इस बात का भी आभास कराती हैं कि इस शिक्षा प्रणाली की राह पर चलकर बनने वाला समाज व देश कैसा होगा। इस लेख में सरकार की शिक्षा के प्रति बरती जाने वाली उदासीनता तथा नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों से चल रही सरकार की सायास फैलाई जा रही बदइंतज़ामी के चलते बड़ी तादाद में बन्द होते स्कूल, सरकार के विचारों का समर्थन न करने वाले शिक्षाविदों तथा शिक्षकों के साथ होता भेदभावपूर्ण व्यवहार आदि की ओर तो ध्यान दिलाया ही गया है, सोनिया गांधी ने विस्तार से स्पष्ट किया है कि ' 3 सी' का एजेंडा मोदी सरकार किस प्रकार से लागू कर रही है और उसके दुष्परिणाम क्या हो रहे हैं। यही एक तरह से उनकी शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा का निष्कर्ष है जो हर उस नागरिक को परेशान करने के लिये काफी होना चाहिये जो मुल्क की बेहतरी की सोचता हो। नई शिक्षा प्रणाली के नाम पर बच्चों को जिस प्रकार से ढाला जायेगा और उनके जो हालात होंगे, उसकी ओर साफ इशारा सोनिया गांधी के लेख में है।

मुख्यत: जिस '3 सी' का उन्होंने अपने लेख में ज़िक्र किया है, उसके पहले 'सी' यानी केन्द्रीकरण के बारे में बात की जाये तो यह तो साफ है कि यह सरकार समाज के हर संसाधन व अवसरों पर एकाधिकार कर रही है। इनमें शिक्षा व्यवस्था भी है। लेख में कहा गया है कि वैसे तो शिक्षा समवर्ती सूची में शामिल है, यानी वह केन्द्र व राज्य दोनों का ही विषय है, लेकिन इस महत्वपूर्ण मसले पर केन्द्र सरकार न तो राज्यों से चर्चा करती है और न ही वह विशेषज्ञों से सलाह-मशविरा लेती है। वह इस मामले में अपनी मर्जी तो थोपती है बल्कि उसका रवैया 'धमकी भरा' भी होता है। उन्होंने इस मामले में तमिलनाडु के साथ केन्द्र द्वारा राज्यों पर हिन्दी को थोपने की कोशिशों की ओर भी ध्यान दिलाया है।

दूसरे 'सी' यानी व्यवसायीकरण की बात करें तो यह पहले ही साफ दिख रहा है कि मोदी सरकार शिक्षा को इतनी महंगी कर देने पर आमादा है कि वह सामान्य लोगों की पहुंच से बाहर हो जाये। इसके कारण देश में वर्गभेद और भी बढ़ेगा। थोड़े से लोग ही इस शिक्षा को पाने का खर्च वहन कर सकेंगे जबकि अधिसंख्य जनता स्कूल-कॉलेजों का खर्च वहन नहीं कर सकेगी। शासकीय व सस्ती शिक्षा की बजाय निजी व महंगी शिक्षा के प्रति सरकार का रुझान साफ दिखाई देता है। सोनिया गांधी द्वारा उल्लेखित तीसरा 'सी' इस फार्मूले का सबसे खतरनाक पक्ष है- शिक्षा का साम्प्रदायिकरण। इस शिक्षा पद्धति में आधुनिकता का अभाव है। उन्होंने ध्यान दिलाया है कि पाठ्यक्रम से महात्मा गांधी और मुगलकालीन इतिहास को हटाया जा रहा है जो कि बहुत गम्भीर है। इतिहास में हुई घटनाएं किसी को पसंद आयें या न आयें, वे हो चुकी हैं; लेकिन भाजपा अपनी सरकार के जरिये उन्हें इसलिये मिटाना चाहती है ताकि उसका हिंदुत्व का एजेंडा पूरा हो। यह बच्चों में आधुनिक, तटस्थ व वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित शिक्षा की जगह पर पिछड़ी सोच तथा पूर्वाग्रहों वाली प्रणाली लागू करने का प्रयास है। इसका मकसद अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफ़रत तथा हिंसा को बढ़ावा देना है जो कि भाजपा का अगले कई वर्षों तक का वोट बैंक बनायेगा। राजनीतिक स्तर पर किया गया ध्रुवीकरण, जिसके बल पर भाजपा ने सत्ता हासिल की है- उसे बनाये रखना भी इसी प्रणाली के जरिये होगा।

दरअसल भाजपा सरकार देश को उसी मध्य युग में ले जाना चाहती है जहां समाज का आधार मनुवादी व्यवस्था हो। इसमें शिक्षा उन थोड़े से लोगों के लिये उपलब्ध होगी जो विशेषाधिकार प्राप्त हों। देश की बहुसंख्य आबादी निरक्षर या अल्प शिक्षित रहे जिसे अपने अधिकारों के प्रति न तो जानकारी हो, न ही वह अपने विकास की बात करे। संघ का पूंजीवाद में विश्वास है। कुछ लोगों के हाथों में सारी आर्थिक ताकत सिमट जाने पर उनके लिये सस्ता मानव श्रम जुटाने की जिम्मेदारी इसी शिक्षा प्रणाली की होगी। इतना ही नहीं, इसी शिक्षा प्रणाली में ऐसे नागरिकों की पौध तैयार हो रही है जो भाजपा के निर्देश पर समाज में हिंसा व घृणा फैलाने का काम अगले कई बरसों तक करती रहेगी। इसलिये इसका विरोध ज़रूरी है। सोनियाजी ने बहुत महत्वपूर्ण विषय पर नागरिकों का ध्यान आकृष्ट किया है। हठधर्मिता छोड़कर सरकार इस ओर ध्यान दे।

# पत्रकारिता में पहुंच बनाती 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता'

■ डॉ. संतोष पाटीदार

कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (एआई) दुनिया भर की दशा और दिशा बदल रही है। इसे लेकर एक अलग दुनिया के दावे किए जा रहे हैं। 'एआई' के चौंकाने वाले आविष्कारों की जानकारी और उनके उपयोग के साथ इसके खतरों के कहानी-किस्से भी मीडिया के माध्यम से दुनिया को सुनने मिल रहे हैं। ऐसे में पत्रकारिता इससे कैसे दूर रह सकती है? 'एआई' का चमत्कार और पराक्रम देखकर लगता है कि यह प्रौद्योगिकी हौले-हौले पत्रकारिता को भी बदल देगी। क्या वास्तव में पत्रकारिता के साथ ऐसा होगा? इसे लेकर जितने प्रयोग, चिंतन, बहस और चर्चा दुनिया के उत्तरी गोलार्ध के विकसित कहे जाने वाले देशों में है, उतने दक्षिण की आधी दुनिया के विकासशील देशों में शायद नहीं है।

'ग्लोबल साउथ' के पत्रकारों में 'एआई' को लेकर असमंजस है। प्रौद्योगिकी के प्रयोग से जुड़े जोखिम और दायित्व, मीडिया प्रबंधन में नीतिगत उदासीनता, महंगे उपकरण, प्रशिक्षण का अभाव जैसे कारण 'एआई' पत्रकारिता की राह में बाधक है। तकनीकी विकास के इस दौर में यह देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले वर्षों में 'एआई' की दिशा बदलती है या नहीं और क्या 'ग्लोबल साउथ' या विकासशील देशों के पत्रकार भविष्य में अपने काम के लिए 'एआई' को एक संसाधन के रूप में अपनाएंगे या उससे जुड़े संभावित दायित्व और जोखिम के रूप में देखेंगे।

इस तकनीक को लेकर दुनिया भर में उत्सुकता तो बहुत है, लेकिन इसके प्रभाव के बारे में अधिकांश बहस या बातचीत विकसित देशों तक ही केंद्रित रही है। इस आधी दुनिया के दृष्टिकोण के आधार पर दुनिया भर में मान्यताएं बन रही हैं। इसके प्रयोग में वहां की पत्रकारिता भी प्रमुख रूप से आगे है। दुनिया में 'ग्लोबल साउथ' के देश कमजोर या बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के साथ विकसित हो रहे हैं। ऐसे देशों में 'एआई' को लेकर मीडिया के दृष्टिकोण पर एक अध्ययन किया गया है। 'ग्लोबल साउथ' में अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, एशिया आदि महाद्वीपों के देश शामिल हैं।

'थॉमसन रॉयटर्स फाउंडेशन' (टीआरएफ) की एक रिपोर्ट, जो दुनिया के 70 से अधिक देशों के 200 से अधिक पत्रकारों के सर्वेक्षण के निष्कर्षों पर आधारित है, सामने आई है। इस रिपोर्ट के आधार पर अध्ययनकर्ता डमियन रेडक्लिप विस्तार से बताते हैं कि इस अध्ययन का उद्देश्य 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की जानकारी और आशंका पर प्रकाश डालना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 'एआई' का उपयोग किस तरह किया जा रहा है, न्यूज़रूम के सामने क्या-क्या अनोखी चुनौतियां हैं और पत्रकारों, न्यूज़रूम के लीडरों, वित्तपोषकों और नीति-निर्माताओं के लिए इसके क्या निहितार्थ हैं?

> **'एआई' अपनाने में बाधाएं : प्रशिक्षण और नीतिगत समस्याओं के कारण 'एआई' की इस नई प्रौद्योगिकी या टेक्नालॉजी तक पहुंच आसान नहीं होती, फिर भी, 'एआई' को लेकर सभी में उत्साह है। सर्वेक्षण में करीब 13फीसदी पत्रकारों ने बताया कि उनके न्यूज़रूम में 'एआई' नीति है, हालांकि इसे अपनाने में अन्य बाधाओं का भी सामना करना पड़ता है। कई पत्रकारों ने 'एआई' उपकरणों तक सीमित पहुंच, उच्च लागत और प्रशिक्षण की कमी के साथ-साथ मार्गदर्शन की कमी जैसी बाधाओं की बात कही।**

इस रिपोर्ट के कुछ निष्कर्ष हैं: 'एआई' को अपनाना व्यापक, लेकिन असमान है। सर्वेक्षण में 'एआई' प्रौद्योगिकी के लिए 'सतर्क 'आशावाद' पाया गया, एक ऐसी भावना जो शायद इस तथ्य को झुठलाती है कि वैश्विक-दक्षिण में 'एआई' को अपनाना महत्वपूर्ण है। 10 में से आठ से अधिक (81.7फीसदी) पत्रकार अपने काम में 'एआई' उपकरणों का उपयोग करते हैं। 81फीसदी उत्तरदाताओं ने कहा कि वे पहले से ही अपने काम में 'एआई' टूल का उपयोग करते हैं। इनमें से लगभग आधे (49.4फीसदी) लोग प्रतिदिन 'एआई' का उपयोग करते हैं, जो दर्शाता है कि कितनी जल्दी यह उनकी कार्य-संस्कृति का हिस्सा बन गया है।

पत्रकार मुख्य रूप से कंटेंट का प्रारूप तैयार करने और संपादन, ट्रांसक्रिप्शन, तथ्यों की जांच और शोध के लिए 'जनरेटिव एआई' का उपयोग कर रहे हैं। 'चैटजीपीटी,' 'ग्रामरली,' 'ओटर' और 'कैनवा' जैसे उपकरण कई पत्रकारों के लिए आवश्यक हो गए हैं, क्योंकि वे समय बचाने और दक्षता बढ़ाने की क्षमता रखते हैं, साथ ही उनके विचारों का दायरा और रचनात्मकता को बढ़ाते हैं। जैसा कि घाना के एक पत्रकार ने बताया, 'एआई ने मेरी पत्रकारिता को काफी हद तक बेहतर बनाया है। इसने मेरे शोध को सुव्यवस्थित किया है और मुझे जटिल डेटा का त्वरित और सटीक विश्लेषण करने में सक्षम बनाया है, विशेष रूप से 'एचआईवी' शोध और पर्यावरण रिपोर्टिंग जैसे क्षेत्रों में।'

'एआई' अपनाने में बाधाएं : प्रशिक्षण और नीतिगत समस्याओं के कारण 'एआई' की इस नई प्रौद्योगिकी या टेक्नालॉजी तक पहुंच आसान नहीं होती, फिर भी, 'एआई' को लेकर सभी में उत्साह है। सर्वेक्षण में करीब 13फीसदी पत्रकारों ने बताया कि उनके न्यूज़रूम में 'एआई' नीति है, हालांकि इसे अपनाने में अन्य बाधाओं का भी सामना करना पड़ता है। कई पत्रकारों ने 'एआई' उपकरणों तक सीमित पहुंच, उच्च लागत और प्रशिक्षण की कमी के साथ-साथ मार्गदर्शन की कमी जैसी बाधाओं की बात कही। कुछ लोगों के लिए, विशेष रूप से कम संसाधन वाले न्यूज़रूम में, 'एआई' को अपनाना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। अक्सर ऐसा वित्तीय और तकनीकी बाधाओं के कारण होता है।

सर्वेक्षण में सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह था कि लगभग 58फीसदी 'एआई' उपयोगकर्ता स्वयं-शिक्षित हैं, यानी खुद के प्रयास से इस विधा को सीख रहे हैं, उनके नियोक्ताओं से उन्हें कोई औपचारिक प्रशिक्षण नहीं मिला है। यह निवेशकों के लिए एक अवसर प्रदान करता है। कई पत्रकारों ने 'एआई'-केंद्रित कार्यशालाओं, नैतिक दिशा-निर्देशों और न्यूज़रूम नीतियों की जरूरत की इच्छा जताई, जो उन्हें 'एआई' की क्षमता को जिम्मेदारी से प्रयोग करने में मदद कर सकती हैं। जैसा कि 'संयुक्त-अरब-अमीरात' के एक न्यूज़रूम मैनेजर ने बताया कि दर्शकों के विश्वास को बनाए रखने के लिए नीतियां आवश्यक हैं, विशेष रूप से 'एआई'-जनरेटेड सामग्री के मामले में। न्यूज़रूम में 'एआई' के उपयोग के लिए स्पष्ट नैतिक ढांचे, नियामक दिशा-निर्देश और पारदर्शिता जरुरी है। एशिया के पत्रकार मानते हैं कि 'एआई' पत्रकारिता के लिए बेहतर प्रौद्योगिकी है, लेकिन इसका उपयोग बहुत जिम्मेदारी से करना होगा।

भविष्य की ओर देखते हुए, विकासशील देशों के पत्रकार 'एआई' को एक ऐसे उपकरण के रूप में देखते हैं जो उनके काम को बेहतर बना सकता है - बशर्ते इसका उपयोग जिम्मेदारी से किया जाए। इस विरोधाभास को स्पष्ट करते हुए, भारत के एक पत्रकार ने कहा कि 'एआई' की गति, डेटा-विश्लेषण और दक्षता पत्रकारिता की पहुंच को बढ़ा सकते हैं, लेकिन यह गलत सूचना और पत्रकारिता की अखंडता के लिए जोखिम भरी चुनौतियां भी पेश करता है। विकासशील देशों में पत्रकारिता को लाभ पहुंचाने के लिए पत्रकारों, वित्तपोषकों, मीडिया विकास संगठनों और नीति निर्माताओं को संयुक्त रूप से 'एआई' प्रौद्योगिकी को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा।

पत्रकारिता की विविध आवश्यकताओं के लिहाज से उपयुक्त 'एआई' उपकरण बनाने के लिए मीडिया संगठनों, डेवलपर्स और निवेशकों के बीच साझेदारी को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। पत्रकारिता में इस प्रौद्योगिकी की पहुंच समान रूप से होना चाहिए। यह सुनिश्चित करना कि 'एआई' के लाभ बड़े, संसाधनों वाले न्यूज़रूम तक सीमित न हों। जैसे-जैसे 'एआई' को अपनाने की प्रक्रिया तेज होती जा रही है, पत्रकारों, न्यूज़रूम और नीति निर्माताओं को यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना होगा कि प्रौद्योगिकी पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों को कमजोर करने की बजाय मजबूत बनाए।

**( वरिष्ठ पत्रकार व लेखक हैं।)**

# तकनीक के तनाव : मोबाइल पर जुआ?



भारत डोंगरा

डिजिटल इंडिया फाऊंडेशन' की एक हाल की रिपार्ट के अनुसार भारत में 'आनलाईन गैंबलिंग' या जुआ बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे डिजिटल प्लेटफार्म पर तीन महीनों में 160 करोड़ विजिट दर्ज किए गए हैं। सरकार द्वारा इसे रोकने या नियंत्रित करने के तमाम प्रयासों के बावजूद अनेक अवैध कारोबारी अपनी गतिविधियां इस दिशा में बढ़ा रहे हैं। इसका समाज, विशेषकर युवाओं और बच्चों पर बहुत प्रतिकूल असर पड़ा है।

'द लांसेट' पत्रिका में प्रकाशित रिचर्ड आरमिटेंड के अध्ययन के अनुसार, आनलाईन जुए का बच्चों के मानसिक, भावनात्मक तथा सामाजिक स्वास्थ्य और स्कूली उपलब्धि पर बहुत प्रतिकूल असर पड़ता है। नतीजे में उनकी अनेक लतों में फंसने की संभावना बढ़ती है। नई तकनीक के आगमन से अनेक लाभ मिल सकते हैं, यदि समुचित सावधानियां न बरती जाएं तो कई तरह की गंभीर क्षति भी हो सकती है। मोबाइल फोन से बहुत सी सुविधाएं प्राप्त होती हैं, अनेक लाभ हैं, पर इसे कई तरह के जुए के खेल का माध्यम भी बनाया जा रहा है। ताश ही नहीं, लूडो और क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेलों को भी ऐसा रूप दिया जा रहा है जो जुए के विभिन्न रूप ही हैं।

> **नई तकनीक के आगमन से अनेक लाभ मिल सकते हैं, यदि समुचित सावधानियां न बरती जाएं तो कई तरह की गंभीर क्षति भी हो सकती है। मोबाइल फोन से बहुत सी सुविधाएं प्राप्त होती हैं, अनेक लाभ हैं, पर इसे कई तरह के जुए के खेल का माध्यम भी बनाया जा रहा है। ताश ही नहीं, लूडो और क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेलों को भी ऐसा रूप दिया जा रहा है जो जुए के विभिन्न रूप ही हैं।**

इस नए तरह के जुए के जाल में अनेक किशोर व युवा फंसते चले जा रहे हैं। यहां तक कि दूर-दूर के गांवों में भी ऐसा हो रहा है। इस तरह के जुए में एक बार पैसे हारने के बाद इन किशोरों या युवकों में यह गहरी इच्छा रहती है कि कम-से-कम जो गंवाया है उतना तो वापस कर लिया जाए। इस उम्मीद में वे और पैसे लगाते हैं, पर प्राय: उनका घाटा बढ़ता ही जाता है। इस कारण वे बहुत तनावग्रस्त हो जाते हैं और कभी-कभी तो अपने घर-परिवार से ही कुछ पैसा इधर-उधर कर जुए में डुबोते हैं। कई बार तो बच्चे भी इस जाल में फंस जाते हैं। हालांकि इसके लिए एक खास आयु वर्ग को ही अनुमति दी जाती है, पर कई बार इसका उल्लंघन किसी-न-किसी तिकड़म से किया जाता है।

इस कारण अनेक बच्चों का ध्यान न केवल अपनी पढ़ाई-लिखाई से हट जाता है, अपितु वे अनेक तरह के तनावों का शिकार भी हो जाते हैं और जो उम्र अच्छे जीवन के लिए तैयारी की होती है, उसी में वे बर्बादी की ओर बढ़ने लगते हैं। यदि उन पर शक कर घर-परिवार के बड़े लोग उन्हें रोकते हैं या कुछ कहते हैं तो किशोर बहुत जल्दी तनावग्रस्त हो जाते हैं व उल्टी-सीधी कहने लगते हैं। इस कारण अनेक माता-पिता बहुत परेशान रहते हैं। एक महिला ने तो यहां तक कहा कि अपने बड़े हो रहे बच्चे की इस लत से वह इतनी परेशान हो गई हैं कि उसने दस हजार रुपए का मोबाइल ही गुस्से में तोड़ दिया, पर बच्चे ने फिर भी पूरी तरह इस आदत को छोड़ा नहीं।

हाल ही में जब यह लेखक बुंदेलखंड क्षेत्र की अनेक महिलाओं से नशे को कम करने के उपायों पर बातचीत कर रहा था, तो उन्होंने कहा कि नशा करने का अभियान आप अवश्य चलाएं, पर उसके साथ जुए को कम करने के प्रयासों को भी जोड़ लीजिए। इस बारे में कुछ और पूछताछ करने पर पता चला कि कई बार जुए के खेल में झगड़े, गाली-गलौच, धमकियों की स्थिति भी आ जाती है। किसी गांव में बैठा अबोध किशोर इसके बारे में किसी को चाहे न बताए, पर अंदर-ही-अंदर उसके तनाव बढ़ते जाते हैं और उसे अन्य भीषण स्थिति की ओर भी ले जाते हैं। इस तरह के अनुभवों से गुजर चुके कुछ लोगों ने बताया कि शायद कुछ वयस्क लोग इस तरह की लत में अपना संतुलन बनाए रखते हों, पर जो किशोर व कच्ची उम्र के युवा हैं, उनका संतुलन प्राय: बिगड़ जाता है।

इसके अतिरिक्त ऐसे अनुभवों से गुजर चुके कुछ व्यक्तियों का कहना है कि केवल जुए वाले 'ऑन लाइन' खेलों के कारण ही तनाव की समस्या नहीं है। कुछ ऐसे खेल भी हैं जो जुए से न जुड़े होने के बावजूद तनाव व हिंसा का कारण बनते हैं। इन खेलों में बुरी तरह लीन होने या लत पड़ने के कारण अनेक बच्चों व किशोरों के मस्तिष्क का संतुलन बिगड़ जाता है। इस बारे में कुछ महिलाओं ने बताया कि उन्होंने अपने आसपास ही यह होते हुए देखा है।

इसके अतिरिक्त कुछ लोगों ने यह शिकायत भी की है कि मोबाइल पर अश्लील चित्र या वीडियो बहुत अधिक देखने के कारण भी अनेक समस्याएं बढ़ रही हैं। बच्चे व किशोर अनेक तनावों व ऐसी सोच से त्रस्त हो रहे हैं, जिसे ठीक से समझने के लिए वे कच्ची उम्र में मानसिक व शारीरिक तौर पर तैयार ही नहीं हैं। इस कारण महिला-विरोधी यौन हिंसा दूर-दराज के गांवों में भी बढ़ सकती है। इस तरह की विभिन्न समस्याएं हाथ से बाहर निकल जाएं, इससे पहले इन्हें न्यूनतम करने की सभी संभावनाओं पर भली-भांति विचार करते हुए उचित उपाय निकालने चाहिए व इसके आधार पर एक अभियान द्वारा इन सभी खतरनाक संभावनाओं व क्षतियों को न्यूनतम करना चाहिए।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं। उनकी अनेक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।)**

## आपके पत्र

### सरकार के कठोर निर्णय ने नक्सलियों को हथियार छोड़ने के लिए किया मजबूर

हर कोई जीना चाहता है मरना कोई नही चाहता। गृहमंत्री ने ऐलान किया था कि 2026 तक नक्सलियों का नामोनिशान मिटाने के लिए सरकार का निर्णय नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया है। नक्सलवाद देश और राज्य के लिए नासूर बन गया है। 1968 से नक्सलियों के हौसले बुलंद है। सरकार के विकासलक्षी आयोजन पर नक्सलियों को मुख्यधारा में जुड़ने का मन बनाया है। पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने वाले 13 नक्सली 68 लाख के इनामी थे। भूख, भय और परिवार के साथ अन्याय से हताश होकर आत्मसमर्पण के लिए आगे आए है। इतने नक्सलियों का आत्मसमर्पण करना सरकार की कुशल नीति रही है। अब यह धारणा प्रबल बन गई है कि सरकार की नीति विकासवाद की है। सरकार ने हरेक को 25 25 हजार की राशि और पुनर्वास उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की डेडलाइन से नक्सलियों के समूल सफाये का अभियान तेज हुआ है। इसको ध्यान में रखकर नक्सलियों ने निर्दोष पर गोली नही चलाने का प्रण किया है। खूंखार नक्सली झीरम घाटी कांड में 18 लोगों को मार गिराया था। बस्तर में पिछले 16 महीनों में 1116 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। यह केंद्र सरकार की उपलब्धि है। जिनकी पुनर्वास सम्बंधित सभी लोगों को अपने परिवार के साथ रहने की पूरी छूट दी है। उस दौरान 809 नक्सली पकड़े गए थे। इस मुठभेड़ में निर्दोष भेंट चढ़ते है। उल्लेखनीय है कि 2024 में इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था। सरकार अपने हर स्तर पर विकासमूलक कार्यो को अंजाम दे रही है। लगातार मुठभेड़ों में नक्सली मारे जा रहे है इस वजह से मुख्यधारा में जुड़ने और परिवार के साथ सुकून का जीवन जीने के लिए मन बनाया है। बीजापुर में 50 नक्सलियों ने हिंसा छोड़ मुख्यधारा में जुड़ने के लिए विकास का मार्ग अपनाया है। नकारात्मक को छोड़कर नक्सली हथियारों को हमेशा के लिए छोड़ने का संकल्प लिया है। यह बदलते समय और सरकार का सकारात्मक रवैया का असर है। इसमें कांग्रेस की अहम भूमिका और कांग्रेस की नीतियों के कारण नक्सलियों के हौसले बुलंद होते गए। ग्रामीण सड़को का निर्माण, करोड़ों के विकास कार्य और चौकियों का बनना नक्सलियों के लिए आफत साबित हो रहा था। इन विकास कार्यो को देखते हुए और हमलों में मारे जाने की वजह से नक्सलियों ने आत्मसमर्पण का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर हुए हैं। मुख्यधारा से जुड़कर हमेशा के लिए नई जिंदगी की शुरुआत वर्तमान सरकार की बड़ी देन है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### बौने टिड्डी बनकर छा गए

*'बड़ी संख्या में ऐसे लोग जो बुध्दि विवेक में बौने हैं, आए दिन किसी न किसी रूप में सम्मानित, पुरस्कृत और अलंकृत होते रहते हैं। उन्हें सर-आंखों पर बैठाते समय कोई भी यह सवाल नहीं पूछता कि उनका बौध्दिक स्तर क्या है। बौध्दिक स्तर से आशय यहां सिर्फ कॉलेज या विश्वविद्यालय की डिग्री से नहीं है। ऐसा व्यक्ति विवेक सम्पन्न है या नहीं, उसमें सिध्दांतों पर टिके रहने की जिद है या नहीं, वह बौध्दिक रूप से कितना ईमानदार है- इन बातों की तरफ शायद ही किसी की तवज्जो जाती हो। इस अनदेखी का ही परिणाम है कि देश की जनतांत्रिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण और निर्णयकारी स्थानों पर ऐसे-ऐसे लोग काबिज हो चुके हैं जो कि उसके सर्वथा अयोग्य थे और इस गफलत की भारी कीमत हमें सामूहिक रूप से चुकाना पड़ रही है।'*

**( देशबंधु में 11 अप्रैल 2013 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/04/blog-post_11.html

## पावन प्रसंग

### चरित्र और आदर्श की कीमत पर विकास निरर्थक

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है और वैश्विक विकास की अवधारणाो भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है। प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है। ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्तिं आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत, ज्ञानेश्वर तुकाराम, मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम, खुसरो, गांधी, नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था। परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी न बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है। आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थायी सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थायी एवं पानी के बुलबुले की तरह है और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और न ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्यविहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थायी हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थायी तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता है अन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता।

**संजीव ठाकुर**

## दक्षिण-पूर्वी ईरान में बस पलटने से 14 लोगों की मौत, 46 घायल

**तेहरान,** 31 मार्च (एजेंसियां)। ईरान के दक्षिण-पूर्वी प्रांत केरमान में रविवार को एक बस के पलटने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई जबकि 46 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने दी। इरना ने प्रांत के आपातकालीन चिकित्सा सेवा केंद्र के प्रमुख मोहम्मद साबेरी के हवाले से कहा कि यह घटना स्थानीय समयानुसार 17:17 बजे प्रांतीय राजधानी केरमान से रावर काउंटी की ओर जाने वाली सड़क पर घटी। उन्होंने कहा कि सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया, जिनमें से पांच की हालत गंभीर है। उन्होंने कहा कि घटना के कारण की जानकारी कुछ ही घंटों में प्रदान की जाएगी।

# बांग्लादेश में सड़कों पर संघर्ष, बीएनपी के दो गुट भिड़े



- अंतरिम सरकार के सूचना सलाहकार के पिता घायल
- प्रदर्शनकारियों ने की हमले में शामिल लोगों के लिए कड़ी सजा की मांग

**ढाका,** 31 मार्च (एजेंसियां)। बांग्लादेश के सूचना एवं प्रसारण सलाहकार महफूज आलम के पिता पर उनके गांव, लक्ष्मीपुर के रामगंज उपजिला में हमला हुआ। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) समर्थक दो इकाइयों के बीच गुटीय संघर्ष के दौरान कथित तौर पर यह घटना घटी।

परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि शुक्कुर अली ने सलाहकार के पिता अजीजुर रहमान बच्चू पर हमले का नेतृत्व किया। रहमान इच्छापुर यूनियन में बीएनपी यूनिट के संगठन सचिव के रूप में भी काम कर रहे हैं। शुक्कुर अली बीएनपी की स्टूडेंट विंग छात्र दल के पूर्व नेता और स्वेच्छा सेवक दल यूनियन इकाई के अध्यक्ष पद के संभावित उम्मीदवार है।

रहमान पर ईंटों से वार किया गया। उनके के हाथ में चोटें आईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। इस घटना में उनका एक रिश्तेदार भी घायल हो गया।

प्रमुख बांग्लादेशी दैनिक 'प्रथम आलो' से बात करते हुए सलाहकार मफूज आलम के बड़े भाई महबूब आलम ने कहा कि झड़प तब हुई जब बीएनपी नेताओं और कार्यकर्ताओं के दो अलग-अलग ग्रुप मेहदी हसन को रविवार शाम को क्षेत्र में लौटते समय हिरासत में लेने रवाना हुए।

हसन प्रतिबंधित अवामी लीग की छात्र शाखा बांग्लादेश छात्र लीग (बीसीएल) की जिला इकाई के अध्यक्ष हैं।

एक समय ऐसा आया जब बीसीएल नेता के बारे में अंतिम फैसले को लेकर दोनों समूहों के बीच कहासुनी हो गई और दोनों पक्षों के बीच हाथापाई शुरू हो गई।

ग्रामीणों ने दोनों गुटों के बीच लड़ाई को रोकने की कोशिश की तो स्थानीय लोगों के साथ भी उनकी झड़प हुई। इस बीच अजीजुर रहमान जब झड़प को रोकने के लिए आगे आए, तो छात्र दल और स्वेच्छा सेवक दल के कार्यकर्ताओं ने उन पर हमला कर दिया। रामगंज थाने के प्रभारी अधिकारी अबुल बशर ने बताया कि छात्र दल और स्वेच्छा सेवक दल के कार्यकर्ताओं के बीच विवाद हुआ। एक समय तो झड़प भी हो गई। अजीजुर रहमान ने दोनों पक्षों को शांत करने की कोशिश की। लेकिन, उनसे नाराज होकर एक गुट ने उन पर हमला कर दिया।

इस घटना से नाराज छात्रों ने रविवार रात रामगंज कस्बे में विरोध मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने हमले में शामिल लोगों के लिए कड़ी सजा की मांग की।

## शहबाज शरीफ ने मोहम्मद यूनुस को कहा, ईद मुबारक



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। उन्होंने ईद-उल-फितर की मुबारकबाद दी और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की अपनी इच्छा जताई। शरीफ ने 22 अप्रैल को पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार की ढाका यात्रा पर का जिक्र किया, जिसमें एक व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी शामिल होगा। पाकिस्तानी पीएम ने यूनुस को पाकिस्तान आने का निमंत्रण भी दोहराया और प्रसिद्ध गायिका रूना लैला सहित बांग्लादेशी सांस्कृतिक ग्रुप को पाकिस्तान में प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया। एक्स पर एक पोस्ट में शरीफ ने कहा कि बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार महामहिम प्रोफेसर डॉ. मुहम्मद यूनुस के साथ टेलीफोन पर बातचीत हुई। ईद-उल-फितर की मुबारकबाद दी और पाकिस्तान-बांग्लादेश संबंधों को और मजबूत करने के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

## बांग्लादेश में स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को मिटाना जारी

**ढाका।** बांग्लादेश के लालमोनिरहाट जिले में मुक्ति संग्राम स्मारक मंच के भित्ति चित्र को स्थानीय अधिकारियों के निर्देश पर ध्वस्त कर दिया गया। कुछ दिनों पहले देश के स्वतंत्रता दिवस पर इसे कपड़े से ढंक दिया गया था। रविवार सुबह से शाम तक मजदूरों ने भित्ति चित्र को ध्वस्त किया। स्थानीय मीडिया से बात करते हुए मजदूरों ने बताया कि वे लालमोनिरहाट के डिप्टी कमिश्नर के निर्देश पर भित्ति चित्र को ध्वस्त कर रहे थे। भित्तिचित्र में 1950 के दशक के भाषा आंदोलन की पृष्ठभूमि, 7 मार्च का ऐतिहासिक भाषण, स्वतंत्रता संग्राम, मुजीबनगर सरकार का गठन, स्वतंत्र भूमि पर नए सूर्य का उदय, पाकिस्तान द्वारा 1971 का नरसंहार, विजय की खुशी में झूमते वीर स्वतंत्रता सेनानी, सात महान नायक, पाकिस्तानी सेना का आत्मसमर्पण, राष्ट्रीय ध्वज थामे उत्साही भीड़ और कई अन्य ऐतिहासिक क्षणों को दर्शाया गया था। प्रमुख बांग्लादेशी दैनिक द ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल बांग्लादेश (टीआईबी) ने कहा कि संगठन निश्चित रूप से इस कदम का विरोध करेगा। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के बांग्लादेश क्षेत्र समन्वयक मोहम्मद मोर्शेद आलम ने कहा कि हमने पहले भी मुक्ति संग्राम के भित्ति चित्र को ढंकने का विरोध किया था। हम आगे भी इसका विरोध करेंगे। बता दें हाल ही में, बांग्लादेश के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इस भित्ति चित्र को कपड़े से ढक दिया गया था।



- मुक्ति युद्ध के भितिचित्र को किया गया ध्वस्त

## सुडोकू 6869

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 8 | 3 | 5 | | | |
| | | | | | 2 | 3 | 6 | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | 1 | | 7 | 9 | | 4 | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| | | 7 | | 8 | 3 | | 2 | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| | 5 | 3 | 6 | | | | | |
| | | | 4 | 7 | 8 | | | 3 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे से प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 1 अप्रैल, 2025 चैत्र शुक्ल पक्ष 2

### राशिफल

मेष - दिन का आरंभ कुछ इस तरह से होगा कि आप उत्साह से भरपूर रहेंगे। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा। परिजनों के साथ मनदु:ख के प्रसंग भी बन सकते है।

वृषभ - आज आप किसी बात की दुविधा में रह सकते हैं। काम पूरा नहीं होने से असंतुष्ट रहेंगे। सर्दी-खांसी, कफ या बुखार की समस्या हो सकती है। धार्मिक कामों के पीछे भी धन खर्च हो सकता है। स्वजनों से वियोग होगा।

मिथुन - पारिवारिक और व्यवसायिक क्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। दोनों जगहों पर आवश्यक चर्चाओं में व्यस्त रहने वाले हैं। काम का भार बढ़ने से स्वास्थ्य में कुछ ढीलापन आएगा।

कर्क - आप आज शारीरिक तथा मानसिक रूप से व्याकुलता और अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। क्रोध की मात्रा अधिक रहने से किसी के साथ विवाद भी हो सकता है, परंतु दोपहर के बाद आप की शारीरिक स्थिति में सुधार होगा।

सिंह - परिवार तथा व्यावसायिक क्षेत्र में आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। दोनों जगहों पर जरूरी चर्चाओं में समय निकलेगा। काम का बोझ बढ़ने से स्वास्थ्य में कुछ शिथिलता रहेगी। तथा दोपहर के बाद स्वास्थ्य में सुधार होगा।

कन्या - आज आप किसी बात का गहरा विचार करेंगे। ज्योतिष या आध्यात्म के विषय के प्रति आपका ध्यान आकर्षित होगा। आज सोच-समझकर बोलिएगा, जिससे किसी के साथ विवाद न हो। स्वास्थ्य नरम रहेगा।

तुला - आज दिन की शुरुआत आनंद के साथ होगी। मन में किसी बात को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक लाभ के लिए किसी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। दोपहर के बाद आप वाणी पर नियंत्रण रखें।

वृश्चिक - किसी खास बौद्धिक काम में आज आप व्यस्त रहेंगे। लोगों के साथ आज आपका व्यवहार अच्छा बना रहेगा। छोटे प्रवास की संभावना है। धन-सम्बंधित आयोजन के लिए समय शुभ है।

धनु - शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य का आज विशेष ध्यान रखें। अधिक मेहनत के बाद भी काम में सफलता कम मिलेगी। इससे निराशा के भाव उत्पन्न हो सकते हैं। आज यात्रा को टालना आपके लिए हितकर रहेगा।

मकर - आज आप कुछ अधिक संवेदनशील रहेंगे। आपकी भावना को भी ठेस पहुंच सकती है। वाहन चलाते समय ध्यान रखें। किसी निराशाजनक विचार और काम से दूर रहें। किसी भी काम में शीघ्र निर्णय ना लें।

कुंभ - आवश्यक काम का निर्णय आज ना लें, इसका ध्यान रखें। नए काम की शुरुआत के लिए समय अभी इंतजार करने का है। दोपहर के बाद किसी बात को लेकर चिंता बढ़ेगी।

मीन - आज धन का खर्च अधिक हो जाने से आप चिंता में रह सकती है। किसी से मनमुटाव और तनाव हो सकता है। आज आपको वाणी पर नियंत्रण रखने की सलाह दी जाती है। आर्थिक विषय में संभलकर चलें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# एस जयशंकर ने दाऊदी बोहरा समुदाय के सदस्यों से की मुलाकात

- ईद-उल-फितर की दी मुबारकबाद



**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को दाऊदी बोहरा समुदाय के सदस्य शहजादा हुसैन बुरहानुद्दीन और अन्य प्रतिनिधियों से मुलाकात कर ईद-उल-फितर की मुबारकबाद दी। इस दौरान शिवसेना के राज्यसभा सदस्य मिलिंद देवड़ा भी मौजूद थे।

दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रमुख सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन के सबसे छोटे बेटे शहजादा हुसैन बुरहानुद्दीन, दावत-ए-हादिया के प्रशासनिक मामलों का नेतृत्व करते हैं और दक्षिण मुंबई में एक प्रमुख क्लस्टर पुनर्विकास परियोजना एसबीयूटी के अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं।

जयशंकर ने सोशल मीडिया पर बैठक के बारे में अपनी भावनाएं साझा करते हुए कहा कि आज सांसद मिलिंद देवड़ा के साथ शहजादा हुसैन बुरहानुद्दीन और दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रतिनिधियों से मिलकर खुशी हुई। उन्होंने कहा कि ईद की मुबारकबाद दी और अपने प्रेरणादायक सामुदायिक कार्यों के बारे में बात की।

मिलिंद देवड़ा ने भी बैठक के बारे में पोस्ट करते हुए कहा कि दाऊदी बोहरा समुदाय के नेता सैयदना साहब के सबसे छोटे बेटे शहजादा सैयदी हुसैन बुरहानुद्दीन, अब्दुलकादिर नूरुद्दीन और मुस्तफा लोखंडवाला के साथ नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात करना मेरे लिए खुशी की बात थी। दाऊदी बोहरा समुदाय मुख्य रूप से भारत में रहता है। जो अपनी मजबूत सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत के लिए जाना जाता है। पाकिस्तान, यमन, पूर्वी अफ्रीका, मध्य पूर्व में भी इसकी महत्वपूर्ण संख्या है तथा यूरोप, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण पूर्व एशिया और ऑस्ट्रेलिया में भी इसकी आबादी बढ़ रही है।

दुनिया भर में दाऊदी बोहरा समुदाय का नेतृत्व अल-दाई अल-मुतलक (अप्रतिबंधित मिशनरी) द्वारा किया जाता है, जो मूल रूप से यमन से संचालित होता था और पिछले 450 वर्षों से भारत में स्थित है। यह समुदाय फातिमी इस्माइली तैयबी विचारधारा का अनुसरण करता है, जिसमें विश्वास एक ही ईश्वर, अल्लाह पर केन्द्रित है तथा पवित्र कुरान को ईश्वरीय शब्द के रूप में सम्मान दिया जाता है।

# मरीन ले पेन गबन मामले में दोषी करार

**पेरिस,** 31 मार्च (एजेंसियां)। पेरिस की एक अदालत ने सोमवार को यूरोपीय संघ के धन के गबन के आरोप में दक्षिणपंथी नेता मरीन ले पेन को दोषी ठहराया। अभी सजा की घोषणा नहीं की गई है। इस दोषसिद्धि से 2027 के फ्रांसीसी राष्ट्रपति चुनाव में उनकी संभावित उम्मीदवारी पर संदेह पैदा हो गया।



ले पेन और उनके सहयोगियों पर आरोप था कि उन्होंने 2004 से 2016 के बीच संसदीय सहायकों के लिए निर्धारित यूरोपीय संसद के धन का पार्टी कर्मचारियों के भुगतान के लिए इस्तेमाल किया।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक आधिकारिक संसदीय कार्य के लिए निर्धारित धनराशि का उपयोग फ्रांस स्थित नेशनल रैली पार्टी के कर्मचारियों को भुगतान करने के लिए किया गया, जो यूरोपीय संघ के नियमों का उल्लंघन था। रिपोर्टों के अनुसार, अभियोजकों ने 3,00,000 यूरो (2,77,60,800.00 रुपए) जुर्माने के साथ पांच साल की निलंबित जेल की सजा की सिफारिश की। अभियोजकों ने सार्वजनिक पद पर तत्काल पांच वर्ष का प्रतिबंध लगाने की भी मांग की।

## वर्ग पहेली 6869



**बायें से दायें:-**

१. विवरण, ब्यौरा (उर्दू)
३. बदनामी. अपयश (उर्दू)
५. सुरबाला, देवकन्या
६. प्रतीक्षा करना (मुहावरा)
७. बड़ा हाथी, हाथियों का राजा
८. घटना, समाचार, अवसर
१०. शामिल
१२. डर, भय
१३. ज्यों का त्यों
१४. उलझन दूर होना
१६. युवा, जवान
१८. श्रीमान (उर्दू)
२०. किसी पत्र-पत्रिका का पिछला अंक
२१. असह्य, अप्रिय (उर्दू)
२३. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. विवाद, बहस (उर्दू)
२. स्वभाव, गुण, शील, चरित्र(उर्दू)
३. निवृत्त होना, छुटकारा(उर्दू)
४. वधिक, कातिल
५. जो ढंका हुआ न हो, खुला
८. लोगों का हित. जनहित
१०. कामयाब
११. लिपिबद्ध करना
१२. बुलाया गया, निमत्रित
१३. पीड़ा होना, टीसना
१४. सौभाग्यवती, सधवा
१५. आभास होना, दीप्तिवान होना
१७. अपमानित, निंदित (उर्दू)
१८. जन्मदाता,
१९. निर्माण करना, सुधारना
२२. इच्छा, खुशी, मर्जी(उर्दू)

### वर्ग पहेली-6868

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | प | २ न | य | ३ न | ■ | ४ अ | प | ५ रा | न्ह |
| ना | ■ | य | ■ | ६ र | क्त | प | ■ | ह | ■ |
| ७ व | स | न | ■ | सं | ■ | ८ का | लां | त | ९ र |
| र्ती | ■ | ज | ■ | १० हा | जि | र | ■ | ■ | क्ष |
| ■ | ११ गु | ल | १२ जा | र | ■ | ■ | १३ बा | ध | क |
| ■ | ना | ■ | हि | ■ | १४ ब | ह | रा | ■ | द |
| १५ बे | ह | १६ त | र | ■ | हु | ■ | १७ त | १८ र | ल |
| गु | ■ | र | ■ | १९ दौ | ल | २० त | ■ | ह | ■ |
| २१ ना | स्ति | क | ■ | रा | ■ | २२ रि | स | म | २३ य |
| ह | ■ | २४ श | ब | न | ब | ■ | ■ | ■ | दि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**45 लाख की इनामी ...**

फायरिंग बंद होने के बाद घटना स्थल की सर्चिंग में 1 महिला नक्सली का शव बरामद हुआ। इसकी शिनाख्त गुम्माडिवेली रेणुका उर्फ भानु उर्फ चैते उर्फ सरस्वती उर्फ दमयन्ती के रूप में हुई। यह नक्सल संगठन में सेन्ट्रल रीजनल ब्यूरो (सीआरबी) प्रेस टीम इंचार्ज, सम्पादक प्रभात पत्रिका, (डीकेएसजेडसीएम) के रूप में सक्रिय थी। कानून की शिक्षा प्राप्त यह महिला नक्सली लीडर तेलंगाना के वारंगल जिला अंतर्गत कड़वेंडी देवरपल्ली गांव की रहने वाली थी। आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि यह महिला नक्सली 1996 में नक्सल संगठन में भर्ती होकर आंध्र प्रदेश में एसजेडसीएम कृष्ण अन्ना के साथ काम की। वर्ष 2003 में डीवीसीएम के पद पर पदोन्नति हुई। वर्ष 2006 में दक्षिण बस्तर मे सीसीएम दुला दादा उर्फ आनन्द के साथ काम की। वर्ष 2013 में माड़ क्षेत्र में आकर एसजेडसीएम रमन्ना के साथ काम की। रमन्ना की कोरोना से मृत्यु हो जाने के बाद वर्ष 2020 में डीकेएसजेडसीएम बनाकर सेंट्रल रीजनल ब्यूरो (सीआरबी) का प्रेस टीम इंचार्ज बनाया गया। नक्सल संगठन की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी करना और विभिन्न पत्रिका जैसे प्रभात, महिला मार्गम, आवामी जंग, पीपुल्स मार्च, पोडियारो पोल्लो, झंकार, संघर्षरत महिला, पितुरी, मिडंगुर, भूमकाल संदेश का मुद्रण और प्रकाशन का कार्य किया करती थी। इसके भाई एसजेडसीएम जीवीके प्रसाद उर्फ सुखदेव उर्फ गुड़सा उसेंडी ने वर्ष 2014 में तेलंगाना में सरेंडर किया। वर्ष 2005 में सेन्ट्रल कमेटी मेंबर (सीसीएम) शंकामुरी अप्पाराव उर्फ रवि के साथ शादी हुई थी, जो 2010 के नलमल्ला मुठभेड़ (आंध्र प्रदेश) में मारा गया। मुठभेड़ के बाद इस महिला नक्सली के पास से इंसास राइफल, मैगजीन, गोला बारूद, लैपटॉप, नक्सली साहित्य तथा दैनिक उपयोगी सामग्री बरामद की गई।

आईजी श्री सुंदरराज ने आगे बताया कि सरकार की मंशा के अनुसार और जनता की इच्छा के अनुसार पुलिस मुख्यालय के मार्गदर्शन में बस्तर रेंज में तैनात विभिन्न सुरक्षा बलों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई नक्सली संगठन के पास अब हिंसा छोड़कर आत्मसमर्पण करने के अलावा और कोई विकल्प नही बचा है, इसलिए नक्सलियों से अपील है कि वे तत्काल हिंसात्मक गतिविधियों को छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़े अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहे। वर्ष 2025 में बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई नक्सल संगठन के विरूद्ध नक्सल विरोधी अभियान में विगत 92 दिनों में कुल 119 हार्डकोर नक्सलियों के शव बरामद किये गये।

**अबूझमाड़ के जंगल में मुठभेड़...**

भारी पड़ता देखकर माओवादी हथियार एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री छोड़कर भागे गये। फायरिंग बंद होने पर सभी टीमों द्वारा अपने-अपने दिये गये टास्क क्षेत्र में सर्चिंग करने पर घटना स्थल में 1 नग एसएलआर रायफल एवं अन्य नक्सली सामग्री भारी मात्रा में बरामद हुआ।

घटना स्थल में खून के धब्बे एवं घसीटने के निशान दिखाई दिये जिससे प्रतीत होता है कि इस मुठभेड़ में संख्या में अन्य माओवादियों के घायल अथवा मारे जाने की प्रबल संभावना है। उक्त घटना पर थाना कोहकामेटा में धारा 191(2),191(3), 190, 109, 61(2), बी.एन.एस. 25 27 आर्म्स एक्ट10, 13(1), 16, 18, 20, 38(2), 39(2) का मामला पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया है।

## आज का इतिहास

1582- फ्रांस में इस दिन को मूर्ख दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत हुई।
1793- जापान में उनसेन ज्वालामुखी फटा, जिसके कारण लगभग 53,000 लोगों की मौत हो गई।
1839- कोलकाता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल 20 बिस्तरों के साथ शुरू किया गया।
1889- हिंदू का दैनिक अखबार के तौर पर प्रकाशन शुरू। 20 सितंबर 1888 से प्रकाशित इस अखबार को अब तक साप्ताहिक रूप से प्रकाशित किया जा रहा था।
1912- भारत की राजधानी को औपचारिक रूप से कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित किया गया।
1924- एडोल्फ़ हिटलर को बीयर हॉल क्रान्ति में भाग लेने के लिए पांच साल कैद की सजा सुनाई गई। लेकिन वह केवल नौ महीने तक जेल में रहा।
1930- विवाह के लिए लड़कियों की न्यूनतम आयु 14 वर्ष और लड़कों की 18 वर्ष निर्धारित की गई।
1935- भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना।
1936- उड़ीसा राज्य की स्थापना। इसे बिहार से अलग करके बनाया गया।
1937- पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी का जन्म।
1969- तारापुर में देश के पहले परमाणु बिजली घर ने काम करना शुरू किया।
1973- भारत के जिम कार्बेट नैशनल पार्क में बाघ संरक्षण परियोजना की शुरुआत।
1976- टेलिविजन के लिए एक पृथक निगम की स्थापना की गई, जिसे दूरदर्शन नाम दिया गया।
1976- स्टीव जॉब्स ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर ऐपल कंपनी की स्थापना की।
1977- भारत और पाकिस्तान के बीच रैडक्लिफ़ नाम की विभाजन रेखा तैयार करने वाले सर सिरिल रैडक्लिफ़ का निधन।

**मामला** *पाकिस्तान सरकार ने अधिकारियों को दिया निर्देश, कहा*

# अफगान नागरिकों को पकड़कर वापस उनके देश भेज दो

**इस्लामाबाद,** 31 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को हजारों अफगान शरणार्थियों को गिरफ्तार करने और निर्वासित करने का आदेश दिया गया है। अफगान नागरिक कार्ड (एसीसी) धारकों के लिए देश छोड़ने की सरकार की समय सीमा सोमवार को समाप्त हो रही है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विशेषकर इस्लामाबाद और रावलपिंडी में, सभी अफगान शरणार्थियों को तुरंत बाहर निकालने का आदेश दिया। रावलपिंडी के पुलिस प्रमुख ने रावल, पोतोहार और सदर डिवीजनों के अधीक्षकों को जिले में रहने या काम करने वाले अफगान नागरिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

एक पुलिस अधिकारी ने डॉन को बताया कि हमें निर्देश मिले हैं कि एसीसी कार्ड रखने वाले सभी अफगान नागरिकों को रावलपिंडी और इस्लामाबाद से निष्कासित कर दिया जाना चाहिए। इसके अलावा निर्देशों में कहा गया कि पंजीकरण प्रमाण (पीओआर) कार्ड रखने वाले और दोनों शहरों में रहने वाले अफगानियों को सरकारी नीति के अनुरूप पाकिस्तान छोड़ना होगा।

- पीओआर कार्डधारकों के लिए 30 जून, 2025 है देश छोड़ने की समय सीमा

पीओआर कार्डधारकों के लिए देश छोड़ने की समय सीमा 30 जून, 2025 है। पाकिस्तान में संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) की प्रतिनिधि फिलिपा कैंडलर ने रविवार को कहा कि सैकड़ों हजारों अफगान शरणार्थियों को निकालने के देश के फैसले ने अफगान समुदाय को झकझोर दिया क्योंकि उनकी उम्मीदें और सपने चकनाचूर हो गए हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अधिक जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया।



**हमें निर्देश मिले हैं कि एसीसी कार्ड रखने वाले सभी अफगान नागरिकों को रावलपिंडी और इस्लामाबाद से निष्कासित कर दिया जाना चाहिए : पुलिस**

कैंडलर ने कहा कि पिछले सप्ताह मैंने एक अफगान परिवार से मुलाकात की, जो शांति और सुरक्षा की तलाश में जल्दबाजी में अपना सब कुछ छोड़कर अफगानिस्तान से भागकर 2022 में यहां शरण लेने आए थे। यह देखना दिल दहला देने वाला था कि वे वापस जाने के लिए मजबूर होने से कितने भयभीत थे।

यूएनएचसीआर प्रतिनिधी ने कहा कि पाकिस्तानी सरकार के नवीनतम निर्देश कई समुदायों के ताने-बाने में महत्वपूर्ण व्यवधान उत्पन्न करते हैं। जिन समुदायों ने उनका स्वागत किया, उनसे विस्थापन और अफगानिस्तान में संभावित मजबूर वापसी, जबकि वहां उन्हें बहुत कम अवसर है।

## दुनिया को जानें

# अब एआई से ही मदद ले रही चीन की सेना

**बीजिंग,** 31 मार्च (एजेंसियां)। चीनी सेना ने एआई टूल डीपसीक का इस्तेमाल सैन्य अस्पतालों के साथ ही अन्य गैर-लड़ाकू सहायता कार्यों के लिए शुरू कर दिया है। यह शुरुआत विशेष रूप से सैन्य अस्पतालों में किया गया है, ताकि डॉक्टरों को उपचार योजना तैयार करने में सहायता मिल सके।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में पीएलए सेंट्रल थिएटर कमांड के जनरल अस्पताल ने घोषणा की थी कि उसने डीपसीक की तैनाती को अधिकृत किया है। अस्पताल ने रोगी की गोपनीयता और डाटा सुरक्षा पर भी जोर दिया है। देश भर के अन्य सैन्य अस्पतालों में भी इसी तरह की तैनाती देखी गई है। यहां वरिष्ठ चीनी अधिकारियों और सैन्य अधिकारियों को उपचार मिलता है और माना जाता है कि यहां अत्यधिक संवेदनशील व्यक्तिगत डाटा संग्रहीत किया जाता है। इससे पहले चीनी सेना ने अपने सशस्त्र बलों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर बहुत अधिक निर्भर रहने के खिलाफ आगाह करते हुए कहा था कि इसे मार्गदर्शन उपकरण होना चाहिए, न कि युद्ध के मैदान में मानव निर्णय लेने का विकल्प।

# खेल जगत

## शम्मी सिल्वा लगातार चौथी बार श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष चुने गए

**कोलंबो।** शम्मी सिल्वा लगातार चौथी बार श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष चुने गए हैं। एसएलसी ने कहा कि कोलंबो में चल रही 64वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान सिल्वा को तीसरी बार निर्विरोध चुना गया और सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति मलानी गुणरत्ने की अध्यक्षता वाली चुनाव समिति ने इसकी पुष्टि की। वह आईसीसी बोर्ड में श्रीलंका के प्रतिनिधि के रूप में भी काम करते हैं, साथ ही आईसीसी के वित्त और वाणिज्यिक मामलों, नामांकन और मानव संसाधन और पारिश्रमिक समितियों के सदस्य के रूप में भी काम करते हैं। सिल्वा ने 1983/84 में कोलंबो क्रिकेट क्लब के लिए क्रिकेट खेला और क्रिकेट प्रशासन में आने से पहले श्रीलंका स्क्वैश राष्ट्रीय टीम के सदस्य, प्रबंधक और कोच थे। एसएलसी अध्यक्ष के रूप में सिल्वा का पिछला कार्यकाल 2023 में पिछले खेल मंत्री रोशन रणसिंघे के साथ उनके टकराव के कारण खराब हो गया था।



# लखनऊ सुपर जायंटस की कोशिश पंजाब किंग्स पर अपना दबदबा जारी रखने की

## लखनऊ के शार्दुल व पंजाब के श्रेयस में रोचक संघर्ष की आस

■ मार्श व पूरन से लखनऊ को पंजाब किंग्स के खिलाफ बड़ी पारी की आस

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (देशबन्धु)। अपने नए कप्तान ऋषभ पंत की अगुआई में अंतिम ओवर में दिल्ली कैपिटल्स से विशाखापट्टनम में अपना पहला मैच एक विकेट से हारने के बाद तेज गेंदबाज शार्दूल ठाकुर के गेंद से 'चौके' की बदौलत मजबूत सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को उसके घर हैदराबाद में पांच विकेट से हरा जीत की राह पर लौटी लखनऊ सुपर जायंटस (एलएसजी) आईपीएल 2025 में मंगलवार को नए कप्तान श्रेयस अय्यर की 97 रन की बेहतरीन पारी से एकदम नए तेवर और कलेवर जीत से आगाज करने वाली पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने घर लखनऊ में भारत रत्न अटल बिहारी इकाना स्टेडियम में अपना दबदबा जारी रख पिछले पांच मैचों में चौथी जीत के इरादे से उतरेगी। लखनऊ सुपर जायंटस ने पंजाब किंग्स से अपने पिछले चार में तीन मैच जीते और मात्र एक हारा है और इसका वह मनोवैज्ञानिक लाभ उठाने की पूरी



कोशिश करेगी। लखनऊ सुपर जायंटस के लिए पिछले मैच में शुरु से दे दनादन करने में यकीन करने वाली एसआरएच के खिलाफ तेज गेंदबाज शार्दूल ठाकुर के चटकाए चार विकेट और उनके साथ आवेश खान फिट होकर खेले और मयंक यादव जैसे तेज गेंदबाज के चोट के चलते बाहर होने से गड़बड़ाया संतुलन ठीक हो गया।

### 'जो हमारे बस में है, उसी की चिंता करते हैं'

'सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत वाकई बड़ी राहत दिलाने वाली है लेकिन बतौर टीम हमारी लखनऊ सुपरजायंटस में आपस में चर्चा बराबर प्रोसेस की होती है। हम जीत के बाद फूल कर कुप्पा नहीं होते न ही हारने पर एकदम हिम्मत हार जाते हैं। हम एक समय केवल एक मैच की बाबत सोचते हैं। हम जो हमारे बस में है उसी की बाबत सोचते हैं। हमारे लिए पिछले मैच में तेज गेंदबाज आवेश खान का फिट होकर लौटना हमारे लिए अच्छा रहा। शार्दूल ठाकुर बढ़िया बल्लेबाजी कर रहे हैं। हमने निकोलस पूरन को पूरी तरह खुल कर बल्लेबाजी करने की छूट दी है। मैं इस तरह खुल कर खेलना पसंद करता हूं। हमने पूरन को खुल कर बल्लेबाजी करने को कहा है और वह हमारे लिए वाकई शानदार प्रदर्शन कर रह है। हर कोई वाकई बढ़िया तैयारी और जम कर ट्रेनिंग कर रहा है। – **ऋषभ पंत, लखनऊ सुपर जायंटस, कप्तान**

### 'पिच ऐसी होनी चाहिए बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए मदद हो'

'मैंने अपनी योजना बनाई थी। मुझे यदि आईपीएल में नहीं चुना जाता तो मैं काउंटी क्रिकेट में खेलने के लिए करार किया। जब मैं रणजी ट्रॉफी खेल रहा तो मुझे जहीर खान का फोन आया कि हम तुम्हे संभावित विकल्प के रूप में देख रहे और खुद को तैयार रखो। जहीर ने मुझसे कहा कि यदि हम तुम्हें लेते हैं तुम्हे गेंदबाजी का आगाज करना पड़ेगा। उस दिन से मैंने खुद को आईपीएल में खेलने के लिए तैयार कर लिया। उतार चढाव आते हैं। वह वाकई बुरा दिन जब आईपीएल की नीलामी में किसी भी टीम ने मुझे नहीं चुना। हैदराबाद में एसआरएच के ट्रेविज हेड व अभिषेक बहुत जोखिम उठा कर अपने स्ट्रोक खेलना पसंद करते है तो मैंने भी जोखिम लिया। इस तरह की पिचों पर गेंदबाजों के बहुत कम मदद होती है। मैंने पिछले मैच से भी पहले कहा था कि पिच ऐसी होनी चाहिए बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए कुछ मदद हो और संतुलन बना रहे इम्पैक्ट खिलाड़ी के नियम के बाद यह गेंदबाजों के लिए ठीक नहीं है । – **शार्दूल ठाकुर, लखनऊ सुपर जायंटस**

## शार्दुल ने आईपीएल 2025 में संतुलित पिचों की मांग उठाई

**लखनऊ,** 31 मार्च (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने गेंदबाजों को 'एक समान और निष्पक्ष मौका' देने वाली पिचों की वकालत की है। वह चाहते हैं कि पिच ऐसी हो, जो बल्लेबाजों के लिए ज्यादा मददगार न हों, जैसा कि आईपीएल में अक्सर देखा गया है।

ठाकुर ने सभी गेंदबाजों की ओर से बोलते हुए कहा कि वे सिर्फ ऐसी पिचें चाहते हैं जो एकतरफा न हों, जहां कि बल्लेबाज आएं और लगातार बड़े शॉट्स लगाते रहें। ठाकुर ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के इस सीजन में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ पहले घरेलू मैच से पहले कहा कि यह सिर्फ मेरी मांग नहीं है, बल्कि सभी गेंदबाजों की मांग है। बहुत से गेंदबाज अपनी बात खुलकर नहीं रख सकते हैं या उन्हें मीडिया के सामने पिच की स्थिति पर बोलने का मौका नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि गेंदबाज सिर्फ यही मांग कर रहे हैं कि पिच को इस तरह तैयार किया जाए कि खेल संतुलित रहे और यह एकतरफा न हो, जहां बल्लेबाज आएं और लगातार बड़े शॉट्स खेलते रहें। हम सिर्फ निष्पक्ष मौका और खेल में समान अवसर चाहते हैं। आईपीएल 2025 के 10 मैचों में अब तक छह बार 200 से अधिक का स्कोर बना है, जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने पहले ही मैच में 286/6 का स्कोर खड़ा किया था। ठाकुर ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम की थोड़ी आलोचना की, लेकिन उनका मानना है कि इस नए नियम से ज्यादा, पिचों में संतुलन बनाए रखने की जरूरत है।

# अगर मैं रोहित और कोहली के विकेट ले पाऊं तो मुझे खुशी होगी: चक्रवर्ती



मैंने अब तक जो सीखा है, वह यह है कि चीजों को बहुत सरल रखना है - कुछ बहुत अलग करने की कोशिश मत करो, कोई जादुई गेंद फेंकने या कोई जादुई पल बनाने की कोशिश मत करो : वरुण चक्रवर्ती

■ चक्रवर्ती आईपीएल के पिछले संस्करण में केकेआर की जीत का भी हिस्सा थे

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती मौजूदा आईपीएल 2025 सीजन में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के विकेट लेने के लिए उत्सुक हैं। आईपीएल 2025 में वह किन बल्लेबाजों को आउट करना चाहेंगे, इस बारे में पूछे जाने पर चक्रवर्ती ने अपने साथियों के नाम बताए, जिनमें रोहित और कोहली की दिग्गज बल्लेबाजी जोड़ी भी शामिल है। जियो हॉटस्टार के विशेष शो 'जेन बोल्ड' में उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से कोई भी बल्लेबाज जो शानदार फॉर्म में हो। हेनरिक क्लासेन, निकोलस पूरन, विराट कोहली, रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ी – ये सभी स्टार खिलाड़ी हैं। अगर मैं उनके विकेट ले पाऊं तो मुझे बहुत खुशी होगी। अब तक दो मैचों में तीन विकेट लेने वाले इस स्पिनर के पास सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मैच में रोहित और सूर्यकुमार यादव के विकेट लेने का मौका होगा। इस महीने की शुरुआत में दुबई में भारत के खिताब जीतने वाले चैंपियंस ट्रॉफी अभियान में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त होने के बाद 33 वर्षीय यह खिलाड़ी असाधारण फॉर्म में है। वह आईपीएल के पिछले संस्करण में केकेआर की जीत का भी हिस्सा थे। इस सीजन से मिली सीख पर विचार करते हुए चक्रवर्ती ने कहा कि सबक यह है कि आपका पिछला टूर्नामेंट शानदार हो सकता है, लेकिन फिर भी आपको शुरुआत से शुरुआत करनी होगी। क्रिकेट आपको यही सिखाता है। आप दो या तीन टूर्नामेंट शानदार खेल सकते हैं, लेकिन अगले में आपको शून्य से शुरुआत करनी होगी। इसलिए, मैं इसी के लिए तैयारी कर रहा हूं – शुरुआत से शुरुआत करना। खेल में महत्वपूर्ण परिस्थितियों के प्रति अपने दृष्टिकोण पर चर्चा करते हुए चक्रवर्ती ने उच्च दबाव वाले मैच खेलने से प्राप्त ज्ञान को साझा किया। उन्होंने कहा कि मैंने अब तक जो सीखा है, वह यह है कि चीजों को बहुत सरल रखना है – कुछ बहुत अलग करने की कोशिश मत करो, कोई जादुई गेंद फेंकने या कोई जादुई पल बनाने की कोशिश मत करो। सबसे प्रभावशाली चीज जो आप कर सकते हैं, वह है अपने बेसिक्स पर टिके रहना, उन्हें अच्छे से करना और उन्हें सही तरीके से लागू करना। केकेआर के प्रमुख गेंदबाजों में से एक के रूप में, स्पिनर ने आईपीएल के साथ आने वाली अपेक्षाओं को प्रबंधित करने के बारे में बात की।

# पराग पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया

**गुवाहाटी,** 31 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ धीमी ओवर गति

■ राजस्थान ने पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स पर छह रन से जीत दर्ज की

बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। राजस्थान ने बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में 182 रन के लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव किया और पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स पर छह रन से जीत दर्ज की, लेकिन टीम निर्धारित समय में 20 ओवर पूरे नहीं कर सकी, जिसके कारण कप्तान पराग पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आधिकारिक बयान में कहा गया है,



राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर 30 मार्च, 2025 को एसीए स्टेडियम, गुवाहाटी में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 11वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया है, चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध था, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, इसलिए पराग पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# चेन्नई सुपर किंग्स की फील्डिंग में कुछ गलतियां देखना काफी दर्दनाक था : अंबाती रायडू

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स के राजस्थान रॉयल्स से छह रन से हारने के बाद भारत के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायडू ने कहा कि पांच बार की चैंपियन टीम द्वारा ग्राउंड फील्डिंग में की गई कुछ गलतियों का खामियाजा हार के तौर पर भुगतना पड़ा और वह इस बात से बहुत निराश हैं। बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में, सीएसके को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा, क्योंकि नितीश राणा की 36 गेंदों में 81 रन की पारी और वानिंदु हसरंगा के 4 विकेट ने आरआर को मौजूदा प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत दिलाई। सीएसके ने कुछ शानदार कैच पकड़े, उन्होंने कुछ आसान कैच भी छोड़े, जबकि आरआर ने अपने मौके का



■ बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में सीएसके को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा

पूरा फायदा उठाया।

रायडू ने जियो हॉटस्टार पर कहा कि जब आप कोई करीबी खेल खेल रहे होते हैं, तो ये एक-प्रतिशत वाले चांस वास्तव में मायने रखते हैं। हमने इस मैच में कई अविश्वसनीय कैच देखे- ऐसा देखना दुर्लभ है। दूसरी ओर, चेन्नई सुपर किंग्स ने एक-दो मौके को छोड़कर, बिल्कुल भी अच्छा क्षेत्ररक्षण नहीं किया। राजस्थान रॉयल्स वास्तव में इसके लिए तैयार थे और यह दर्शाता है कि फील्डिंग केवल युवा टीम होने के बारे में नहीं है। यह जागरूकता के बारे में भी है। उन्होंने आगे कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स को कभी भी उनके फील्डिंग के लिए नहीं जाना जाता है, लेकिन इस सीजन में उनके पहले दो मैचों में जो कुछ भी हुआ है, वह काफी खराब रहा है। आसान मौके गंवाना और आउटफील्ड में संघर्ष करना- ये ऐसे क्षेत्र हैं, जिन्हें उन्हें जल्दी से ठीक करने की जरूरत है। उनकी कुछ गलतियां देखने में काफी दर्दनाक थीं। रायडू ने पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस के बारे में अपने विचार शेयर किए जो प्रतियोगिता में अभी भी जीत हासिल नहीं कर पाई है।

## भारत ने एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में जीते 10 पदक

**अम्मान,** 31 मार्च (एजेंसियां)। एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में भारतीय पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक जीते। जॉर्डन के अम्मान में चैंपियनशिप के अंतिम दिन रविवार को फ्री स्टाइल कुश्ती के पांच भार वर्गों में मुकाबलों में दो भारतीय पहलवान उदित (61 किग्रा) और दीपक पुनिया (92 किग्रा) फाइनल में पहुंचे। दो अन्य मुकुल दहिया (86 किग्रा) और दिनेश (125 किग्रा) ने कांस्य पदक के लिए प्रतिस्पर्धा की। 92 किग्रा के फाइनल मुकाबले में दो बार के एशियन चैंपियन ईरान के अमीर हुसैन फिरोजपुर के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर दीपक पूनिया 10-0 से हार गए। चैंपियनशिप में दीपक पूनिया का पांचवां पदक था। उन्होंने तीन रजत, दो कांस्य सहित कुल पदक जीते हैं। पूनिया के पिछले सभी पदक 86 किग्रा वर्ग में आए थे। फाइनल में पहुंचने से पहले दीपक पूनिया ने मुश्किल क्वार्टरफाइनल मुकाबले में किर्गिस्तान के बेकजात राखिमोव को 12-7 से हराया था।

## सार संक्षेप

### धोनी के घुटने अब पहले जैसे नहीं रहे : फ्लेमिंग

**गुवाहाटी।** चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने एमएस धोनी के बल्लेबाजी क्रम में आने के बारे में बताते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि पूर्व कप्तान आईपीएल 2025 सीजन में 9वें या 10वें ओवर के आसपास बल्लेबाजी करने आएंगे। रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ छह रन से हार का सामना करने के बाद यह फैसला लिया गया। गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए नंबर 7 पर बल्लेबाजी करने आए धोनी ने 11 गेंदों पर सिर्फ 16 रन बनाए, जिससे सीएसके को सीजन की दूसरी लगातार हार का सामना करना पड़ा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में, धोनी रविचंद्रन अश्विन के बाद नंबर 9 पर बल्लेबाजी करने आए, जबकि सीएसके 13 ओवर के बाद 80/6 पर लड़खड़ा रही थी। धोनी के लिए यह स्थिति बदलाव लाने के लिए आदर्श नहीं थी, लेकिन उन्होंने 16 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 30 रन की पारी खेली।

### जोकोविच 100वें एटीपी खिताब से चूके

**मैड्रिड।** चेक गणराज्य के 19 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी जैकब मेनसिक ने सोमवार को शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सर्बिया दिग्गज नोवाक जोकोविच को हराकर मियामी ओपन का खिताब अपने नाम कर लिया हैं। मेनसिक इस जीत के साथ ही एटीपी खिताब जीतने वाले नौवें सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। आज यहां खेले गये वर्षा बाधित मुकाबले में चेक गणराज्य के मेनसिक ने जोकोविच को अपने करियर का 100वां एटीपी खिताब जीतने से रोक दिया। चेक खिलाड़ी ने छह बार के चैंपियन जोकोविच को 7-6(4), 7-6(4) से हराकर मियामी ओपन का खिताब जीता। ट्राफी जीतने के बाद मेनसिक ने कहा कि उनके मन में अपने आदर्श जोकोविच के लिए सम्मान के अलावा कुछ नहीं है। टेनिस खेलने के लिए उन्हें प्रेरित करने के लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं।

## विकेटकीपिंग के लिए सीओई की मंजूरी लेने बेंगलुरु पहुंचे सैमसन

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। संजू सैमसन आईपीएल 2025 सीजन में विकेटकीपिंग के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से मंजूरी लेने के लिए सोमवार को गुवाहाटी से बेंगलुरु पहुंचे। सैमसन ने अब तक टूर्नामेंट में बल्लेबाज के रूप में खेला है, जिसमें रियान पराग फ्रेंचाइजी की अगुआई कर रहे हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज को अपने दाहिने तर्जनी की सर्जरी के बाद मौजूदा आईपीएल में खेलने के लिए केवल अस्थायी मंजूरी दी गई थी। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, अब, वह सीओई में खेल विज्ञान विंग द्वारा परीक्षण से गुजरेंगे और अपने पूर्ण कर्तव्यों को फिर से शुरू करने के लिए मंजूरी मांगेंगे। अगर विकेटकीपिंग की अनुमति मिलती है, तो संजू कप्तान के रूप में भी वापसी करेंगे। सैमसन ने उक्त अवधि के लिए शुद्ध बल्लेबाज के रूप में अपनी भागीदारी की पुष्टि करने के बाद सीजन के पहले तीन मैचों के लिए कप्तानी पराग को सौंप दी।

# एसआरएच अपनी बल्लेबाजी में काफी 'स्मार्ट' नहीं थी : पुजारा

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। भारत के अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट से मिली हार में बहुत अधिक मेहनत की लेकिन अपनी बल्लेबाजी में पर्याप्त स्मार्ट नहीं थे। डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में, एसआरएच 37/4 पर सिमट गई और अनिकेत वर्मा की शानदार 41 गेंदों में 74 रनों की पारी के बावजूद, एसआरएच अपने 18.4 ओवरों में केवल 163 रन ही बना सकी, क्योंकि डीसी ने चार ओवर शेष रहते लक्ष्य हासिल किया। पुजारा ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा कि सबसे पहले मैं वास्तव में हैरान था कि



उन्होंने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जब आप दोपहर का मैच खेल रहे होते हैं, तो आप जानते हैं कि पिच थोड़ी धीमी होगी, उस समय आप आमतौर पर गेंदबाजी करना पसंद करते हैं और यह गेंदबाजी करने का आदर्श समय होता है, बल्लेबाजी करने का आदर्श समय नहीं। मुझे लगा कि उन्हें पहले गेंदबाजी करनी चाहिए थी। लेकिन उनकी बल्लेबाजी के बारे में बात करते हुए, मुझे लगता है कि वे बहुत ज्यादा आक्रामक थे और वे काफी समझदार नहीं थे। उन्होंने यह भी महसूस किया कि अगर एसआरएच का अल्ट्रा-अटैकिंग दृष्टिकोण कुछ मैच के दिनों में काम नहीं करता है, तो उन्हें प्लान बी का सहारा लेना चाहिए। तो आपकी सफलता क्या है। अगर आप 10 में से सिर्फ दो जीत रहे हैं, तो इसका कोई मतलब नहीं है। आपको और अधिक मैच जीतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आपको बार-बार उस निरंतरता को दिखाने की जरूरत है। पिछले सीजन में हमने देखा कि उन्होंने पूरे लीग चरण में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अगर नॉकआउट में आपके लिए एक मैच गलत हो जाता है, तो आप कोई योजना नहीं बना पाएंगे।

# बिहार के राजगीर में होगा पुरुष हॉकी एशिया कप

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर में होने वाले पुरुष एशिया कप 2025 के लिए हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने सोमवार को एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। राजगीर के हॉकी स्टेडियम में 29 अगस्त से सात सितंबर तक होने वाला यह टूर्नामेंट बेल्जियम और नीदरलैंड में 2026 में आयोजित होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के 12वें संस्करण में भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन और मलेशिया सहित आठ टीमें हिस्सा लेंगी और शेष दो टीमें क्वालीफाइंग टूर्नामेंट एएचएफ कप के जरिए अपना स्थान सुरक्षित करने का प्रयास करेगी। इस टूर्नामेंट को लेकर हॉकी इंडिया ने आज बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के साथ एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर बिहार के खेल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. बी राजेंद्र ने राजगीर की मेजबानी को लेकर कहा कि हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर बिहार के प्रमुख खेल स्थल बनने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



■ इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के 12वें संस्करण में भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन और मलेशिया सहित आठ टीमें हिस्सा लेंगी

# मिशेल स्टार्क ने बनाया शानदार रिकॉर्ड



**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 10वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच डीसी की 7 विकेट से जीत के साथ समाप्त हुआ। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से मिशेल स्टार्क ने पांच विकेट लेकर कमाल किया और वह प्लेयर ऑफ द मैच रहे। स्टार्क ने 3.4 ओवर में 35 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। यह रिकॉर्ड बॉलिंग परफॉर्मेंस थी क्योंकि लंबे समय बाद इस फ्रेंचाइजी की ओर से किसी गेंदबाज ने पांच विकेट हासिल किए हैं। इससे पहले दिल्ली फ्रेंचाइजी की ओर से पांच विकेट

■ दिल्ली कैपिटल्स की ओर से मिशेल स्टार्क ने पांच विकेट लेकर कमाल किया

**आईपीएल 2025**

लेने वाले गेंदबाज 2008 के सीजन में अमित मिश्रा थे। लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने 2008 में डेक्कन चार्जर्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी और 17 रन देकर 5 विकेट लिए थे। अनुभवी स्टार्क उम्र के 36वें साल में चल रहे हैं। आईपीएल के इतिहास में 35 साल से अधिक उम्र में 5 विकेट लेने वाले वह सिर्फ दूसरे गेंदबाज हैं। इससे पहले अनिल कुंबले ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए 2009 सीजन में पांच विकेट लिए थे। यह मुकाबला राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हुआ था। अपने प्रदर्शन पर बात करते हुए स्टार्क ने कहा कि मैं 35 साल का हूं, जवान नहीं हूं, लेकिन उम्मीद है कि अभी भी थोड़ा दम बाकी है। मैंने पिछले 15 सालों में ज़्यादा टी20 क्रिकेट नहीं खेला है। मैं थोड़ा अनुभवी हूं, इसलिए युवाओं से बात करने और जहां हो सके मदद करने का मौका मिलता है। मुझे अभी भी क्रिकेट खेलने में मजा आता है, प्रतिस्पर्धा का जोश मुझे भाता है, और यही वजह है कि मैं अभी भी खेल रहा हूं। स्टार्क के प्रदर्शन ने दिल्ली कैपिटल्स को एक अच्छी जीत दिलाई। उनकी टीम के साथी कुलदीप यादव ने इस बार भी 4 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट लिए और अहम योगदान दिया।

# खो-खो सीनियर नेशनल्स की अब तक की सबसे अधिक भागीदारी के साथ शुरुआत

**पुरी,** 31 मार्च (एजेंसियां)। 57वीं सीनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप ने अब तक की सबसे अधिक भागीदारी और प्रौद्योगिकी-संचालित नवाचारों पर जोर देने के साथ नए मानक स्थापित किए हैं, जिससे यह राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में एक बेहतरीन संस्करण बन गया है। सोमवार को शुरू हुई पांच दिवसीय चैंपियनशिप पुरी के जिला खेल परिसर में 4 अप्रैल तक चलेगी, जिसमें 30 राज्यों की टीमों के साथ-साथ भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), महाराष्ट्र पुलिस, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), कर्नाटक पुलिस, अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड (एआईपीएससीबी), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और रेलवे जैसी प्रमुख संस्थागत टीमें भी भाग ले रही हैं। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर किया जा रहा है। खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल



■ सोमवार को शुरू हुई पांच दिवसीय चैंपियनशिप पुरी के जिला खेल परिसर में 4 अप्रैल तक चलेगी

ने कहा कि इसमें 40 पुरुष और 40 महिला टीमें हिस्सा लेंगी, जिससे यह खो खो नेशनल्स के इतिहास में टीमों की सबसे अधिक भागीदारी वाला आयोजन बन जाएगा। इसके अलावा, ओडिशा को पहला राज्य होने का श्रेय जाता है, जहां नेशनल्स के सभी निर्धारित मैच केवल मैट पर खेले जाएंगे।

### सुडोकू 6869 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 4 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 3 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 2 | 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 1 | 3 |

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

**पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| कोटक बैंक | 1.88 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.01 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.87 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.82 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.75 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 3.57 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.45 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 2.20 प्रतिशत |
| मारुति | 2.10 प्रतिशत |
| जोमैटो | 2.07 प्रतिशत |

**सर्राफा**

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 87,970 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 99,734 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.95 | 90.38 |
| पौंड स्टर्लिंग | 100.90 | 117.04 |
| यूरो | 84.13 | 97.57 |
| चीन युआन | 8.33 | 13.54 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5450-5550 |
| दाल चना | 6450-6550 |
| मसूर काली | 7400-7500 |
| उड़द दाल | 8800-8900 |
| मूंग दाल | 9400-9500 |
| अरहर दाल | 8300-8400 |

## बांग्लादेश को होने वाले निर्यात में गिरावट




- भारत ने दक्षिण त्रिपुरा व सिपाहीजला में स्थापित किए थे दो सीमा हाट
- व्यापार व बाजार की लोकप्रियता उम्मीद के मुताबिक नहीं रही

**अगरतला,** 31 मार्च (एजेंसियां)। बांग्लादेश में पिछले साल अगस्त में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से त्रिपुरा से इस देश को होने वाला निर्यात काफी घट गया है वहीं आयात की मात्रा लगभग स्थिर बनी हुई है।

त्रिपुरा की उद्योग और वाणिज्य मंत्री संतना चकमा ने सोमवार को को बताया कि चालू वित्त वर्ष (फरवरी तक) में त्रिपुरा ने बांग्लादेश से 625.14 करोड़ रुपए का सामान आयात किया, जबकि 2023-24 में यह आंकड़ा 703.67 करोड़ रुपए और 2022-23 में 636.72 करोड़ रुपए था। वहीं, वित्त वर्ष 2024-25 के फरवरी तक त्रिपुरा से बांग्लादेश को केवल 50.07 करोड़ रुपए का निर्यात किया गया। वहीं 2022-23 में यह 121.37 करोड़ रुपए और 2023-24 में सिर्फ 12.31 करोड़ रुपए था।

त्रिपुरा में भारत-बंगलादेश सीमा पर स्थित नौ में से आठ भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों (एलसीएस) में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, फिर भी औपचारिक व्यापार अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाया है। दो देशों के बीच अनौपचारिक व्यापार को रोकने के उद्देश्य से भारत ने एक दशक पहले दक्षिण त्रिपुरा और सिपाहीजला जिले में दो सीमा हाट स्थापित किए थे, जिनमें से एक अभी भी 2020 में कोविड-19 महामारी के कारण बंद है।

दक्षिण त्रिपुरा जिले में श्रीनगर सीमा हाट को पिछले साल नवंबर में दोबारा खोला गया था, जिसे बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बाद बंद कर दिया गया था। लेकिन, व्यापार और बाजार की लोकप्रियता उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। सीमा के दोनों ओर के पंजीकृत व्यापारियों में से आधे लोग साप्ताहिक बाजार के दिन अनुपस्थित रहे। कमजोर प्रतिक्रिया की आशंका के चलते, दोनों देशों के प्रशासन ने अब तक सिपाहीजला जिले के कस्बा सीमा हाट को फिर से खोलने का निर्णय नहीं लिया है। सूत्रों के अनुसार, त्रिपुरा से निर्यात में गिरावट के बावजूद सीमा के पास रहने वाले ग्रामीणों की मदद से चीनी, दवाइयां, सौंदर्य प्रसाधन और विभिन्न खाद्य पदार्थ बड़ी मात्रा में रोजाना बांग्लादेश भेजे जा रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश त्रिपुरा और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों को मछली, सीमेंट, खाद्य पदार्थ, निर्माण सामग्री, स्टील शीट, पीवीसी पाइप, सॉफ्ट ड्रिंक, रेडीमेड गारमेंट, मेलामाइन और कपास अपशिष्ट का निर्यात करता है। वहीं, भारतीय राज्य टूटे हुए पत्थर, मक्का, अगरबत्ती, अदरक, सूखी मिर्च, सब्जी के बीज, मसाले और बेल जैसी वस्तुएं बांग्लादेश को निर्यात करते हैं।

## एचबीएल इंजीनियरिंग को कवच के लिए मिले 762 करोड़ के ऑर्डर

**नई दिल्ली।** एचबीएल इंजीनियरिंग को सेंट्रल रेलवे ने स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' के लिए पांच ऑर्डर दिए हैं, जिनकी कुल कीमत 762.56 करोड़ रुपए है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि इस साल अब तक उसे कवच से जुड़े कुल 3618 करोड़ रुपए के ठेके मिल चुके हैं। ये ठेके 413 रेलवे स्टेशनों के बीच लगभग 3900 किलोमीटर के ट्रैक पर कवच प्रणाली लगाने के लिए दिए गए हैं और इन्हें पूरा करने में 18 महीने लगेंगे। कवच एक आधुनिक तकनीक पर आधारित सुरक्षा प्रणाली है, जो ट्रेन चलाते समय किसी गलती या आपातकाल में अपने आप ब्रेक लगा देती है। यह सिस्टम खासकर तब काम आता है जब लोको पायलट सही समय पर ब्रेक नहीं लगा पाता या मौसम खराब होता है। रेलवे के अनुसार, ट्रैक पर कवच लगाने का खर्च लगभग 50 लाख रुपये प्रति किलोमीटर है और इंजनों में यह सिस्टम लगाने का खर्च करीब 80 लाख रुपए प्रति इंजन है। अब भारतीय रेलवे पूरे देश में इस कवच प्रणाली को बड़े पैमाने पर लगाने की योजना बना रहा है। फिलहाल, तीन कंपनियों को इस सिस्टम की आपूर्ति की मंजूरी दी गई है और बाकी कंपनियों का परीक्षण चल रहा है।

## 'नीति एनसीएईआर राज्य आर्थिक मंच' पोर्टल लांच करेंगी सीतारमण



पोर्टल में चार मुख्य घटक शामिल

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को 'नीति एनसीएईआर राज्य आर्थिक मंच' पोर्टल लॉन्च करेंगी। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में इसकी जानकारी दी गई।

नीति आयोग द्वारा राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीएईआर) के सहयोग से विकसित यह पोर्टल, 1990-91 से 2022-23 तक की लगभग 30 वर्षों की अवधि के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजकोषीय मापदंडों, शोध रिपोर्टों, पत्रों और राज्य वित्त पर विशेषज्ञ टिप्पणियों से जुड़े डेटा का एक भंडार है। पोर्टल के चार मुख्य घटक हैं, जिनमें 28 भारतीय राज्यों के राजकोषीय परिदृश्य के सारांश की राज्य वार रिपोर्ट शामिल हैं, जो जनसांख्यिकी, आर्थिक संरचना, सामाजिक-आर्थिक और राजकोषीय संकेतकों पर बनी है।

दूसरा घटक एक डेटा रिपॉजिटरी है, जो पांच वर्टिकल जनसांख्यिकी, आर्थिक संरचना, राजकोषीय, स्वास्थ्य और शिक्षा में वर्गीकृत संपूर्ण डेटाबेस तक सीधी पहुंच प्रदान करता है।

तीसरे घटक में राज्य राजकोषीय और आर्थिक डैशबोर्ड शामिल है - जो समय के साथ प्रमुख आर्थिक घटकों को ग्राफ में दर्शाता है, जो समरी टेबल के जरिए अतिरिक्त जानकारियों या डेटा अपेन्डिक्स के जरिए रॉ डेटा तक क्विक एक्सेस उपलब्ध करवाता है।

चौथे घटक में रिसर्च और टिप्पणी शामिल है, जो राज्य के वित्त और राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर राजकोषीय नीति और वित्तीय प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर शोध पर आधारित है।

पोर्टल मैक्रो, राजकोषीय, जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक रुझानों को समझने में मदद करेगा। पोर्टल यूजर फ्रेंडली फॉर्मेट के साथ डेटा तक आसान पहुंच को सुनिश्चित करेगा और और एक ही जगह कंसोलिडेटेड सेक्टोरल डेटा की जरूरत को पूरा करेगा।

## खुदरा निवेशकों ने बढ़ाई मांग, नई ऊंचाई पर सोने की कीमतें



**मुंबई,** 31 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिका में रेसिप्रोकल टैरिफ की समय सीमा नजदीक आने के साथ ही सोमवार को सोने की कीमतें पहली बार 3,106 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गईं। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच इस सुरक्षित निवेश की ओर निवेशकों का आकर्षण बढ़ रहा है।

इस साल खुदरा निवेशकों द्वारा मांग बढ़ाने के कारण पीली धातु में 18 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है। गोल्डमैन सैक्स, बैंक ऑफ अमेरिका और यूबीएस ने इस महीने सोने के लिए अपने मूल्य लक्ष्य बढ़ा दिए हैं। बोफा ग्लोबल रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर नॉन-कमर्शियल खरीद में 10 प्रतिशत की वृद्धि होती है, तो अगले 18 महीनों में सोना 3,500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंचने की संभावना है। एक नोट में कहा गया है कि अगर नॉन-कमर्शियल खरीद में 10 प्रतिशत की वृद्धि होती है तो आने वाले 18 महीनों में सोना संभावित रूप से 3,500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। साथ ही, दुनिया भर के केंद्रीय बैंक अपने पोर्टफोलियो को और अधिक कुशल बनाने के लिए अपने सोने की होल्डिंग को मौजूदा औसतन 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत से अधिक कर सकते हैं।

## भारत की प्रतिभाओं को निखारने का मौका देगा 'वेव्स 2025' : केंद्र




भारत सरकार रचनाकारों की अर्थव्यवस्था का समर्थन करने के लिए 1 बिलियन डॉलर का कोष स्थापित करेगी : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने हाल ही में कहा कि कॉस्प्ले और मनोरंजन इंडस्ट्री में 1-4 मई को मुंबई में होने वाला 'वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) 2025', भारत की बढ़ती रचनात्मक प्रतिभा (क्रिएटिव टैलेंट) को उजागर करने के लिए तैयार है।

मंत्रालय ने क्रिएटर्स स्ट्रीट, एपिको कॉन, तेलंगाना सरकार, आईसीए इंडियन कॉमिक्स एसोसिएशन, एमईएआई और टीवीएजीए के साथ मिलकर वेव्स कॉस्प्ले चैंपियनशिप की घोषणा की है, जिसे भारत की सबसे प्रतिष्ठित कॉस्प्ले प्रतियोगिता कहा जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य भारत के बढ़ते मनोरंजन और एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर में रचनात्मकता और इनोवेशन को बढ़ावा देना है।

इस चैंपियनशिप में भारत के सबसे कुशल कॉस्प्लेर्स एक साथ आएंगे, जो एक भव्य कार्यक्रम में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें कॉस्ट्यूम डिजाइन, प्रदर्शन और कैरेक्टर पोट्रेट में उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन होगा। इन श्रेणियों में भारतीय पौराणिक कथाएं, पॉप कल्चर, एनीमे, मंगा और बहुत कुछ शामिल होगा, जो प्रतिभागियों को वैश्विक पहचान हासिल करने का अवसर मुहैया कराएगा। प्रतिभागियों का मूल्यांकन उद्योग के प्रसिद्ध विशेषज्ञों, अंतरराष्ट्रीय मेहमानों और पेशेवर कॉस्प्लेयर्स द्वारा किया जाएगा।

प्रतियोगियों को जूरी चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा, जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले लाइव फिनाले में आगे बढ़ेंगे। विजेताओं को क्राफ्टमैनशिप, क्रिएटिविटी और परफोर्मेंस जैसे प्रमुख निर्णायक मानदंडों के आधार पर जीत का ताज पहनाया जाएगा।

### सार संक्षेप

#### ईद-उल-फित्र पर शेयर व मुद्रा बाजार बंद रहा

**मुंबई।** ईद-उल-फित्र त्योहार के अवसर पर आज शेयर बाजार और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में अवकाश रहा, जिसके कारण कोई कामकाज नहीं हो सका। देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार भी बंद रहा है। कारोबारियों का कहना है कि अब मंगलवार से सामान्य कामकाज हो सकेगा।

#### रिप्लस का बैटरी विनिर्माण संयंत्र विस्तार का ऐलान

**नई दिल्ली।** बैटरी निर्माण कंपनी रिप्लस ने सोमवार को अपने वर्तमान एक गीगावाट घंटा (जीडब्ल्यूएच) उत्पादन संयंत्र को अगले साल तक छह जीडब्ल्यूएच तक विस्तार करने की योजना का अनावरण किया। कंपनी ने सोमवार को बयान जारी कर बताया कि इस विस्तार में अगली पीढ़ी की बैटरी तकनीकों को शामिल किया जाएगा ताकि भारत के तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ईएसएस बाजार की जरूरतों को पूरा किया जा सके। उन्नत रिप्लस छह जीडब्ल्यूएच संयंत्र को हाई-स्पीड ऑटोमेशन मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस, एडवांस्ड सेल केमिस्ट्री का अपनाना और अगली पीढ़ी के उत्पादों का निर्माण जैसी विशेषताओं के साथ डिजाइन किया जाएगा। बाजार की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए संयंत्र एक सेल केमिस्ट्री और टेक्नोलॉजी एग्नोस्टिक दृष्टिकोण अपनाएगा, जिसमें उच्च ऊर्जा घनत्व सेल, ब्लेड सेल, भविष्य की सेल केमिस्ट्री जैसे एनए-आईऑन, एलएमएफपी और एलटीओ को संभालने की क्षमता होगी। इस संयंत्र से बनने वाले उत्पाद विभिन्न इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए उपयुक्त होंगे, जिनमें ईवी यात्री वाहन, ईवी बसें, ईवी ट्रक और ग्रिड-स्तरीय नवीकरणीय संयंत्र शामिल हैं। इनमें एडवांस्ड बैटरी पैक्स और लिक्विड कूल्ड बीईएसएस कंटेनर सॉल्यूशन का भी निर्माण किया जाएगा।

## वित्त वर्ष 2026 में निफ्टी व सेंसेक्स से 8 से 12 प्रतिशत रिटर्न मिलने की उम्मीद



- 14-18 प्रतिशत है सेंसेक्स के लिए अनुमानित उछाल

**बेंगलुरु,** 31 मार्च (एजेंसियां)। एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी से वित्त वर्ष 2026 में 8-10 प्रतिशत वार्षिक रिटर्न मिलने की उम्मीद है, जबकि सेंसेक्स से 8-12 प्रतिशत रिटर्न मिलने का अनुमान है।

घरेलू-केंद्रित कंपनियां अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी या कमोडिटी मूल्य मुद्रास्फीति जैसे जोखिमों को कम करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। लार्ज कैप प्राइवेट बैंकों से वित्त वर्ष 2026 में 14-16 प्रतिशत की ऋण वृद्धि (क्रेडिट ग्रोथ) देखे जाने की उम्मीद है। स्मॉलकेस मैनेजर गोलफाई की रिपोर्ट के अनुसार, बेंचमार्क इंडेक्स ने वित्त वर्ष 2025 में लगभग 7 प्रतिशत की बढ़त हासिल की है। इस रिपोर्ट में मार्च 2026 तक मौजूदा स्तरों से 12-16 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जिसका मतलब है कि 25 मार्च, 2025 से अगले 12 महीनों में 8-10 प्रतिशत वार्षिक रिटर्न की संभावना है।

सेंसेक्स के लिए अनुमानित उछाल 14-18 प्रतिशत है, जिसका मतलब है कि इसी अवधि में 8-12 प्रतिशत वार्षिक रिटर्न मिल सकता है। गोलफाई के संस्थापक और सीईओ रॉबिन आर्य के अनुसार, निफ्टी और सेंसेक्स की यह वृद्धि आय वृद्धि की वजह से मजबूती का संकेत देती है। उन्होंने कहा कि वैश्विक और स्थानीय कारकों का कॉम्बिनेशन और एफआईआई प्रवाह की वापसी उच्च वृद्धि दर्ज करने में मदद करेगी। रिपोर्ट के अनुसार, धार्मिक पर्यटन पर ध्यान दिया जाना चाहिए। कोविड से पहले सालाना 300 मिलियन से अधिक घरेलू तीर्थयात्री आते हैं, इसमें 10-12 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। मेडिकल टूरिज्म सेगमेंट में 18-20 प्रतिशत सीएजीआर की वृद्धि का अनुमान है, जो 2026 तक 13-15 बिलियन डॉलर के बाजार तक पहुंच जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश (2030 तक 100 नए हवाई अड्डे, 8-10 प्रतिशत वार्षिक सड़क विस्तार) कनेक्टिविटी को बढ़ाता है, जिससे बड़े स्तर पर समर्थन मिलता है। ग्रामीण मांग में सालाना आधार पर 5-7 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है और शहरी खर्च में 6-8 प्रतिशत की वृद्धि देखी जाएगी।

### 90 प्रतिशत भारतीय सीईओ ने निवेश को बताया विकास के लिए अहम

**नई दिल्ली।** लगभग 90 प्रतिशत भारतीय सीईओ का मानना है कि मौजूदा परिचालन और नए क्षेत्रों में संयुक्त उद्यमों, विलय, अधिग्रहण के जरिए निवेश विकास के लिए महत्वपूर्ण है। सोमवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ईवाई-पार्थेनन सीईओ आउटलुक सर्वे- ग्लोबल कॉन्फिडेंस इंडेक्स 2025 के अनुसार, भारतीय सीईओ अपने ग्लोबल कॉम्पटीटर्स की तुलना में कारोबार करने की लागत, राजस्व और प्रतिस्पर्धी स्थिति को लेकर अधिक आश्वस्त बने हुए हैं। वे बहुत आशावादी हैं कि वे परिवर्तन के माध्यम से भविष्य के लिए अपने व्यवसाय मॉडल को सफलतापूर्वक फिर से तैयार कर सकते हैं।
सर्वे में यह भी पाया गया कि 86 प्रतिशत सीईओ उभरती टेक्नोलॉजी की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हैं, साथ ही उन्हें अगले 12 महीनों के लिए निवेश के लिए प्राथमिकता देने के बारे में सोचते हैं।

### डालमिया भारत ने 4.95 करोड़ टन उत्पादन का लक्ष्य किया हासिल

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। सीमेंट निर्माता कंपनी डालमिया भारत लिमिटेड ने वित्त वर्ष 25 के लिए 4.95 करोड़ टन उत्पादन क्षमता का लक्ष्य हासिल कर लिया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उसने 30 मार्च 2025 से बिहार में रोहतास सीमेंट वर्क्स प्लांट में अतिरिक्त 5 लाख टन का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर दिया है। मौजूदा एकीकृत इकाई में 96 करोड़ रुपए के निवेश के साथ इस रणनीतिक विस्तार से प्लांट की कुल क्षमता 16 लाख टन हो गई है। लाइन 2 के चालू होने से पूर्वी क्षेत्र में अपनी बाजार उपस्थिति को मजबूत करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को बल मिलता है और यह 2031 तक क्षमता को 11-13 करोड़ टन तक बढ़ाने के अपने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ पुनीत डालमिया ने कहा कि पूर्व में हमारी वृद्धि क्षेत्र की विकास क्षमता में हमारे दृढ़ विश्वास को दर्शाती है। इस विस्तार के साथ, हम प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का समर्थन करने और क्षेत्र में आर्थिक प्रगति में योगदान करने की अपनी क्षमता को बढ़ा रहे हैं। यह मील का पत्थर टिकाऊ और रणनीतिक विकास के लिए हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण को पुष्ट करता है। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हम वित्त वर्ष 2025 तक 4.95 करोड़ टन के अपने लक्ष्य तक सफलतापूर्वक पहुंच गए हैं, जो हमारे विस्तार की यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-2 तहसील रायपुर, जिला रायपुर**
**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जरवाय हीरापुर प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. रायपुर-2 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि के संबंध में आवेदक नीलू शर्मा पति मनोज शर्मा अन्य 02 निवासी रामसागर पारा रायपुर के द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 64/23 रकबा 0.1620 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त न्यायालय नायब तहसीलदार 02 रायपुर के रा.प्र.क्र. /वाचक/अ-12/वर्ष 2023-2024 आदेश दिनांक 18.06.2024 के परिपालन में दिनांक 08.04.2025 को 2.30 बजे पूर्वाहन पश्चात किया जाना नियत है।

अतएव उक्त भूमि के सभी बंटाकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर हल्का पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-2 हीरापुर**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, P C JAIN S/O RAJ CHANDRA JAIN resident of FLAT NO -102 BLOCK-A SSIMRAN GALAXY SSIMARAN CITY PHASE-5 MATHPURENA RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name P C JAIN S/O RAJ CHANDRA JAIN so in future I should be recognized by my new name that is PRAKASH CHANDRA JAIN S/O RAJ CHANDRA JAIN in all Government and other documents.

**PRAKASH CHANDRA JAIN**
FLAT NO -102 BLOCK-A SSIMRAN GALAXY SSIMARAN CITY PHASE-5 MATHPURENA RAIPUR (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, TEERATH RAM SAHU S/O KUMAR SINGH resident of 877/04, JANKI NAGAR, TIWARI BILDING PANI TANKI, BORIA KHURD, SUNDER NAGAR RAIPUR (C.G.) 492013 have changed my old name TEERATH RAM SAHU S/O KUMAR SINGH so in future I should be recognized by my new name that is TEERATH RAM S/O KUMAR SINGH in all Government and other documents.

**TEERATH RAM**
877/04, JANKI NAGAR, TIWARI BILDING PANI TANKI, BORIA KHURD, SUNDER NAGAR RAIPUR (C.G.) 492013

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, TARANI SAHU D/O PANCH RAM resident of 877/04, JANKI NAGAR, TIWARI BILDING PANI TANKI, BORIA KHURD, SUNDER NAGAR RAIPUR (C.G.) 492013 have changed my old name TARANI SAHU D/O PANCH RAM so in future I should be recognized by my new name that is TARANI W/O TEERATH RAM in all Government and other documents.

**TARANI**
877/04, JANKI NAGAR, TIWARI BILDING PANI TANKI, BORIA KHURD, SUNDER NAGAR RAIPUR (C.G.) 492013

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MEET JUMNANI S/O SANDEEP KUMAR JUMNANI resident of HOUSE NO -75, LAS VISTA, VIP ROAD, AMLIDIH, RAIPUR (C.G.) - 492006 have changed my old name MEET JUMNANI S/O SANDEEP KUMAR JUMNANI so in future I should be recognized by my new name that is MEET KUMAR JUMNANI S/O SANDEEP KUMAR JUMNANI in all Government and other documents.

**MEET KUMAR JUMNANI**
HOUSE NO -75, LAS VISTA, VIP ROAD, AMLIDIH, RAIPUR (C.G.) - 492006

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, HEMANT SISODIYA S/O AMARNATH SISODIYA resident of H.NO. 49/483, TURI HATRI GALI, BUDHATALAB, LOHAR CHOWK, PURANI BASTI RAIPUR (C.G.) have changed my old name HEMANT SISODIYA S/O AMARNATH SISODIYA so in future I should be recognized by my new name that is HEMANT KUMAR SISODIYA S/O AMARNATH SISODIYA in all Government and other documents.

**HEMANT KUMAR SISODIYA**
H.NO. 49/483, TURI HATRI GALI, BUDHATALAB, LOHAR CHOWK, PURANI BASTI RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MANPREET KAUR SINGH W/O GURJINDER PAL SINGH resident of H. NO.- E/1, NATIONAL HIGHWAY COLONY PENSION BADA, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name MANPREET KAUR SINGH W/O GURJINDER PAL SINGH so in future I should be recognized by my new name that is MANPREET KAUR W/O GURJINDER PAL SINGH in all Government and other documents.

**MANPREET KAUR**
H. NO.- E/1, NATIONAL HIGHWAY COLONY PENSION BADA, RAIPUR (C.G.) 492001

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-2 तहसील रायपुर, जिला रायपुर**
**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अटारी प.ह.नं. 34 रा.नि.मं. रायपुर-2 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि के संबंध में आवेदक मनीष शर्मा पिता स्व. मोहन लाल शर्मा निवासी डंगनिया शांति विहार, कालोनी, ज्ञान सरिता स्कूल के सामने रायपुर के द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 2/18, 114, 196 रकबा 0.1210, 0.0120, 0.0160 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त न्यायालय नायब तहसीलदार 02 रायपुर के रा.प्र.क्र./क/वाचक/अ-12/वर्ष 2024-2025 आदेश दिनांक 03.04.2025 के परिपालन में दिनांक 08.04.2025 को 11 बजे पूर्वाहन पश्चात किया जाना नियत है।

अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर हल्का पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर, दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-2 हीरापुर**

# हिंदू नववर्ष पर निकली आकर्षक झांकी, मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बच्चों ने दी प्रस्तुति

## केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने गाया भजन, नववर्ष की दी शुभकामनाएं







**बलौदाबाजार,** 31 मार्च (देशबन्धु)। चैत्र प्रतिपदा के साथ ही सनातनी हिंदू नववर्ष की शुरुआत हो गई। इसको लेकर हिन्दू समाज में बडा उत्साह नजर आया और बलौदाबाजार में इस अवसर पर भव्य झांकी निकाली गई। वही दशहरा मैदान में भव्य रंगारंग सांसकृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति बच्चों ने दिया। साथ ही हरियाणा हिसार से आये अघोरी टोली ने भुतनाथ भगवान का आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने भजन गाया। साथ ही अघोरी टोली के नृत्य में स्वयं को रोक नहीं पाये और स्वयं नृत्य में शिरकत किया। इस अवसर पर आयोजक मंडल सोनचंद वर्मा फाउंडेशन व सर्वहिन्दुसमाज ने भाग लेने वाले बच्चों युवाओं को सम्मानित किया।

बलौदाबाजार के सिविल लाईन स्थित माँ षष्ठी मंदिर से सर्व हिन्दू समाज ने पारंपरिक वेषभूषा मे रैली निकाली गई तथा नवदुर्गा की वेशभूषा में बच्चियों ने झांकी की प्रस्तुति दी साथ ही इस रैली का मुख्य आकर्षण हरियाणा से आये अघोरी टोली रही जिन्होंने बाबा भुतनाथ को लेकर आकर्षक प्रस्तुति देकर लोगो की वाहवाही लुटी वही अघोरी टोली के करतबों को देखने हजारों की संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

नववर्ष पर टंकराम वर्मा जमकर झुमे- सर्व हिन्दू समाज व सोनचंद वर्मा फाउंडेशन द्वारा दशहरा मैदान में नववर्ष पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने देश के विभिन्न राज्यों में नववर्ष मनाने को लेकर आकर्षित प्रस्तुति दी। इन सबके बीच बलौदाबाजार विधायक व प्रदेश के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा भी स्वयं को नहीं रोक पाये और जमकर अघोरी टोली के साथ झुमकर नगरवासियों को हिन्दू नववर्ष की बधाई शुभकामनाएँ दी। कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने इस आयोजन के लिए आयोजन समिति को बधाई दी और कहा कि आज से सनातनी हिंदू नववर्ष का शुभारंभ हो गया है सभी बच्चों में धर्म के प्रति आस्था हो, संस्कार हो, और हमारी संस्कृति को हम अपनाकर चले तभी हम सबका कल्याण होगा।। वही जब मीडिया ने उनसे अघोरी प्रस्तुति में स्वयं नृत्य करने पर पुछा तो कहा कि वे कलाकार भी है और यह उत्साह से हिन्दू नववर्ष का स्वागत कार्यक्रम है। जहाँ कला की बात आती है तो वैसे ही आगे बढ़ जाते हैं। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में नगरवासियों के साथ कलेक्टर दीपक सोनी, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन, विजय केसरवानी, चित्तावर जायसवाल, रजनी राजनारायण केसरवानी, अजय साहू, विजय साहू, शालिन साहू, सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी व सदस्य के अलावा जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण व बलौदाबाजार सहित आसपास के नागरिक सपरिवार उपस्थित रहे।

# 20 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**महासमुंद,** 31 मार्च (देशबन्धु)। मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक काले कलर का टीव्हीएस जुपीटर स्कुटी क्रमांक सीजी 04 एलएल 3851 में अवैध मनोत्तेजक मादक पदार्थ गांजा रखकर उड़िसा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे है। इस पर एनएच 53 रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी किया गया। कुछ समय बाद मुखबीर के बताये हुलिया का टीव्हीएस जुपीटर स्कुटी आई। जिसमे दो व्यक्ति सवार थे जो एक प्लास्टिक बोरी में सीट बीच मे कुछ रखे हुए थे। जिन्हे नाम पता पूछने पर अपना नाम धर्मेन्द्र उर्फसोनु सोनकर पिता भोलाराम सोनकर 32 साल साकिन रावणभांठा काली मंदिर के पास भाठापारा रायपुर थाना टिकरापारा रायपुर छग तथा प्रमोद भोई पिता सुनारू भोई 40 साल साकिन संवरापारा वार्ड क्रमांक 05 बरगढ थाना बरगढ उडिसा का निवासी होना बताया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर बोरी में गांजा होना बताया। तलाशी के दौरान स्कूटी के बीच सीट में रखे एक नग प्लास्टिक बोरी में कुल 20 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 3 लाख रूपये एवं स्कूटी जब्त कर थाना सिंघोड़ा अपराध धारा 20 (बी) एनडीपीएस की कार्रवाई कर डिमांड पर जेल भेजा गया।

# पंचायत सचिवों की मांग को विधायक ने दिया समर्थन



**बालोद,** 31 मार्च (देशबन्धु)। पंचायत सचिव 13वे दिन भी अपने एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर हड़ताल में डटे रहे। पंचायत सचिव के हड़ताली पंडाल में संगीता सिन्हा विधायक बालोदए कमलेश श्रीवास्तव विधायक प्रतिनिधिए जिला पंचायत सदस्य पूजा वैभव साहू सहित अन्य कांग्रेसी पहुंच कर सचिव के मांग का समर्थन किया एवं शासन को जल्द मांग पूरा करने के लिये अपील किए। पंचायत सचिव के हड़ताल में चले जाने से जन्म मृत्यु से लेकर आवास सर्वे एवं सभी मूलभूत अनिवार्य सेवाएं बाधित हो रही है। सचिव संघ बालोद के अध्यक्ष केशव धनकर ने कहा कि जब तक मांग पूरा नही होगी हड़ताल से वापस लौटेंगे नहीए तो वही सचिव संघ बालोद के सचिव नरेन्द्र कुमार भारद्वाज ने कहा कि हड़ताल को आगे और उग्र करते हुए क्रमिक भूख हड़ताल करेंगे एवं जिला स्तरीय रैली निकाल कर मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को शासकीयकरण के आदेश के लिये ज्ञापन दिया जाएगा। धरना प्रदर्शन स्थल पर दिनेश केशरियाए कोमल यादवए प्रेम सिन्हाए प्रीति सिन्हाए सीमा सेनए संतोष साहूए रामजी साहूए योगेश साहूए नंदनी अग्निवंशीए ताराचंद साहूए गणेशए रमेश निषादए विनोद सिन्हा एवं बालोद ब्लॉक के समस्त सचिव धरना प्रदर्शन स्थल पर उपस्थित थे।

# नवरात्र पर धीवर समाज के बच्चों का ड्राइंग एवं क्राफ्ट वर्क प्रतियोगिता आयोजित




**धमतरी,** 31 मार्च (देशबन्धु)। चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धीवर समाज द्वारा शीतला माता मंदिर स्थित धीवर समाज भवन में छोटे बच्चों का ड्राइंग एवं क्राफ्ट वर्क कंपटीशन आयोजित किया गया। ग्रुप-ए में 12 वर्ष तक 37 बच्चों एवं ग्रुप-बी में 12 वर्ष से अधिक उम्र के 15 बच्चों ने अपनी पेंटिंग एवं क्राफ्ट कला का शानदार प्रदर्शन किया।

ग्रुप-ए में प्रिया तारक, तूलिका, भावना धीवर, रिद्धी फूटान, यूनिका, भूमिका नाग, नित्या, हिमांशी धीवर, खुशबू धीवर, खेमन फूटान, वैभव हिरवानी, कान्हा हिरवानी, हिमांशु मत्स्यपाल, प्रतीक रिगरी, भूमन हिरवानी, युवान्या रिगरी, विशेष हिरवानी, दक्षेस हिरवानी, रुद्र फूटान, प्रिया मत्स्यपाल, अनन्या, लव्यांश गुहा, प्रियांशी मत्स्यपाल, प्रतीक ढीमर, चिरंजीव ढीमर, वंदना मीनपाल, खुशबू मीनपाल, चन्द्रेश हिरवानी, लाभांश रिगरी, राशि रिगरी, परी धीवर एवं धारा रिगरी ने अपनी कल्पना को ड्राइंग शीट पर जीवंत किया।

ग्रुप-बी में डेनिस कोसरिया, पवन कुमार गुरुवानी, पिया धीवर, संतोषी धीवर, दामिनी तारक, योगिता कोसरिया, दामिनी हिरवानी, पूजा मत्स्यपाल, खनक रिगरी, प्रतीक रिगरी, चित्रांश मत्स्यपाल, शशांक मत्स्यपाल, दिव्या रिगरी, राशि रिगरी एवं लाभ रिगरी ने पेंटिंग स्पर्धा में भाग लिया। क्राफ्ट वर्क में विशेष हिरवानी ने मिट्टी का हनुमान जी की प्रतिमा बनाया, पूजा मत्स्यपाल ने वालहैंगिंग एवं राशि रिगरी ने रईचुली झूला बनाकर हस्तकला का शानदार प्रदर्शन किया।

आज के कार्यक्रम के प्रभारी कोमल सार्वा, डॉ. ओमप्रकाश मत्स्यपाल एवं पवन हिरवानी थे। छोटे बच्चों को बचपन से ही समाज से जोड़ने की अभियान के तहत नवरात्र के सभी दिवसों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। इसी तारतम्य में कल 2 अप्रैल को रंगोली बनाओ प्रतियोगिता, रंगीन चांवल से थाल सजाओ प्रतियोगिता एवं कलश सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

धीवर समाज के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान, संरक्षक होरीलाल मत्स्यपाल, अध्यक्ष नर्मदाप्रसाद जगबेड़हा ने कहा कि आज बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ-साथ कला, विज्ञान और धर्म-संस्कार से भी जोड़ने की परम आवश्यकता है। पालकों से अनुरोध किया कि अपने बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में सभी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

# जन्म में दुष्कर्मों के प्रभाव से उत्पन्न दुखों को सहना ही होगा क्योंकि कर्म ही मनुष्य के बंधन या मोक्ष का कारण है : ऋषभ सागर



**नयापारा राजिम,** 31 मार्च (देशबन्धु)। सत्संग प्रवचन के माध्यम से जिनवाणी का श्रवण कर कुछ अच्छी बातों को ग्रहण करते हैं उसपर चिंतन करते हैं और फिर आचरण में लाते हैं तभी प्रवचन सुनना सार्थक है। स्थानीय श्वेताम्बर जैन मंदिर प्रांगण में चल रहे सत्संग समारोह में महराज ऋषभसागर जी मा सा. एक स्वस्थ समग्र समाज एवं परिवार को आवश्यक तत्वों की विवेचना कर रहे हैं इसी क्रम में अपने उद्बोधन में कहा कि इस जन्म में दुष्कर्मों के प्रभाव से उत्पन्न दुखों को सहना ही होगा क्योंकि कर्म ही मनुष्य के बंधन या मोक्ष का कारण है कर्म को स्वक्ष निर्मल बनाने का 968 माध्यम है व्रत एवं नियम अन्नत्याग के साथ साथ विनय, विवेक, मैत्री भावना सध्योग आदि के साथ साथभी व्रत किए जा सकते हैं। इन वृतों से आध्यात्मिक शक्ति बढ़ती है। मन पर नियंत्रण रखा जा सकता है।

पूज्य श्री ने कहा कि तप से रसनेन्द्रिय पर कंट्रोल होता है रसनेन्द्रिय पर कंट्रोल से पांचो इन्द्रियाँ आटोमेटिक अपने वश में हो जाती है। प्रवचन के अंतिम में पूज्य श्री ने विगत पांच दिनों से दिए जा रहे प्रवचन को आत्म सात करने की प्रेरणा दी। एवं उपस्थित सभी लोगो से निवेदन किया कि मन में समता वात्सल्य के भाव उत्पल करने के लिए प्रतिदिन तीन बार परमात्मा, माता पिता के चरणों में बंदन कर उनका आशीर्वाद ले। समाज के सदस्यों के साथ विनय पूर्वक व्यवहार करें। समता तपस्वीगणों की सुख शाता पूछते हुए यथायोग्य सहयोग की भावना रखें। एवं प्रत्येक रविवार को सभी परमात्मा के चरण स्पर्श अर्थात पूजन से दिन की शुरुआत करे। अंत में आशीर्वचन स्वरूप मांगलिक प्रदान की।

**गुरुदेव का विहार-रायपुर की ओर:** पूज्य ऋषभ सागर जी मा0 सा0 अदि ठाणा 2 ने संध्या 4.30 बजे सकल श्रीसंघ को मांगलिक प्रदान कर मंदीर प्रांगण से विहार किया। आज का विश्राम शिवांस स्कुल एवं कल प्रात: विहार कर अभनपुर जैन मंदीर उपाश्रय पहुंचेंगे।

# नवरात्रि तक मांस, मदिरा की दुकान बंद करने लिखा एसडीएम को पत्र



**राजिम,** 31 मार्च (देशबन्धु)। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने अनुविभागीय अधिकारी राजिम, तहसीलदार राजिम एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एक पत्र लिखा है जिसमें इन्होंने नवरात्रि तक मांस मदिरा की दुकान बंद करने की मांग की है। परिपत्र में लिखा है कि नवरात्रि का पावन पर्व प्रारंभ हो चुका है हिंदुओं का महत्वपूर्ण त्योहार में से यह एक है जिसमें लाखों श्रद्धालु आस्था की ज्योति जावरा प्रज्वलित कर दर्शन लाभ लेते हुए अपने जीवन को धन्य बनाते हैं। राजिम नगर में नवरात्र का पर्व प्रारंभ होने के पश्चात भी मांस, मदिरा का दुकान खुला हुआ है। हिंदुओं की आस्था एवं श्रद्धा को ध्यान में रखते हुए नवरात्रि तक राजिम नगर में बिकने वाले मांस मदिरा की दुकान को बंद किया जाना आवश्यक प्रतीत हो रहा है। इन्होंने निवेदन किया है कि नवरात्रि तक राजिम स्थित मदिरा एवं मांस मछली की दुकान बंद करने की कृपा करें।

## सोनल व दीप्ति का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन



**बलौदाबाजार,** 31 मार्च (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला भाठागांव संकुल सलौनी की दो छात्राओं कु सोनल कश्यप पिता उपेन्द्र कश्यप व कु दीप्ति पात्रे पिता शिवकुमार पात्रे का जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है। दोनों होनहार छात्राओं के चयन से स्कूल परिवार में हर्ष का माहौल है। स्कूल की प्रधानपाठिका श्रीमती देव कुमारी साहू ने बताया कि दोनों छात्रायें पढ़ने में होशियार थी और हमने उन्हें जवाहर नवोदय विद्यालय चयन के लिए तैयारी करवाया जिसमें वे सफल हुई है मैं दोनों छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देती हुं। इसके साथ ही स्कूल के शिक्षक मनोहर साहू, गीता धुव, उपेन्द्र कश्यप ने भी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पैदल जा रहे युवक को अज्ञात बाइक ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

**नवापारा राजिम,** 31 मार्च (देशबन्धु)। पैदल जा रहे युवक को अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान 26 मार्च को मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफएफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**पुलिस ने की अज्ञात व्यक्ति केखिलाफ एफआईआर दर्ज**

जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के कंधीपारा निवासी साबिर अहमद पिता डबलू हुसैन (18 वर्ष) 13 मार्च 2025 को पारागांव स्थित साईं हनुमान राइस मिल स्थित रोड के सामने पैदल जा रहा था। इस दौरान अज्ञात बाइक ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में साबिर अहमद के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायपुर रेफर कर दिया गया। 26 मार्च को इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद थाना गोल बाजार पुलिस ने मर्ग डायरी गोबरा नवापारा थाने भेज दी है। नवापारा पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफअपराध दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# पार्षद गिरजेश गुप्ता ने शादी के लिए किया 11000 रुपए की नगद राशि का सहयोग



**बालोद,** 31 मार्च (देशबन्धु)। वार्ड नंबर 18 के पार्षद गिरिजेश गुप्ता ने आज ईद त्यौहार के अवसर पर अपने चुनावी वादे को दूसरी बार पूरा करते हुए अपने वार्ड के नकुल यादव की सुपुत्री दीप्ति यादव की शादी के लिए सहयोग राशि 11000 रूपये नगद का सहयोग अपने घोषणा पत्र के हिसाब से प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से वार्ड के युवा नेता जागेश्वर ढीमरए मनोज चंद्राकरए लोमश कौशलए अनीता पेंढारकरए देवकी यादवए राजबाईए गणेशी यादवए दीपिका यादवए कुमारी यादव एवं वार्ड के अन्य युवा साथी शामिल हुए। साथ ही साथ गिरिजेश गुप्ता ने अपने वार्ड के प्रत्येक मुस्लिम परिवार के घरों में जाकर ईद की मुबारकबाद दी और उनका आशीर्वाद लिया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना सं.:** ई-आर-टी-12-25-26
दिनांक: 25.03.2025
**कार्य का नाम:** रायपुर मंडल के अंतर्गत मौजूदा ट्रैक और यार्ड का सर्वेक्षण, L-सेक्शन, ESP/Plan की तैयारी, मौजूदा ESP/Plan में सुधार। | **निविदा मूल्य:** ₹ 30,69,515/- | **ईएमडी:** ₹ 61,400/-
**निविदा प्रस्तुति:** दिनांक **24.04.2025** के **11:00** बजे तक। | **निविदा खोला जाना:** दिनांक **24.04.2025** को **11:00** बजे।
विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं कार्य के पूर्ण विवरण हेतु वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय), एस.ई.सी रेलवे, रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन / डाउनलोड करें।

**वरिष्ठ मंडल अभियंता (II),**
PR/R/ENGG/PC/281 **द.पू.म. रेलवे, रायपुर**
South East Central Railway @secrail



**कार्यालय नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**भवन/भूमि दावा आपत्ति**

**क्रमांक/2283/रा.वि./न.पा./2023**
**बलौदाबाजार दिनांक 20.03.2024**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बलौदाबाजार नगरीय निकाय सीमाक्षेत्र के वार्ड क्रंत्र 13 बलौदाबाजार स्थित भवन जिसका शीट नं. 18 ए, प्लॉट 62/2 क्षेत्रफल 346 वर्गफीट जो कि नगर पालिका परिषद के मांग पंजी में श्री जयशंकर पिता बागेश्वर एवं शिवसुंदर, हरिशंकर पिता बागेश्वर के नाम से दर्ज है। जिसको श्री आनंद, राजेश एवं राकेश बाजपेयी पिता स्व. श्री हरिशंकर बाजपेयी, द्वारा बैनामा प्राप्त कर नामांतरण हेतु आवेदन मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 धारा 150 अंतर्गत नगर पालिका मांग पंजी में स्वामित्व के रूप में नामांतरण हेतु संबंधित प्रकाशन दिनांक से 30 दिन के भीतर लिखित आपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते है। तत् संबंध में अध्यक्ष/मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा विचार किया जा सकता है। प्रकाशन के समयावधि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा एवं आवेदकगण श्री आनंद, राजेश एवं राकेश बाजपेयी पिता स्व. श्री हरिशंकर बाजपेयी के नाम से दर्ज किया जावेगा। सूचनार्थ प्रकाशन किया जाता है।

सील **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार**



**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**
**फार्म "अ"**

**सार्वजनिक सूचना**

**क्रमांक/58/अ.कले./रीडर/विवाह/2025**
**बलौदाबाजार दिनांक 26.03.2025**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक राहुल अच्छरा (वर) पिता अर्जुन अच्छरा निवासी ग्राम भाटापारा थाना व तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. एवं आवेदिका जूही सिद्दीकी (वधु) पिता ओबैदुर रहमान ग्राम कैम्प 02, सुपेला थाना व तहसील भिलाई, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति संस्था इस संबंध में दिनांक 28.04.2025 समय 3 बजे के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

आज मेरे द्वारा दिनांक 06.03.2025 को हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।

सील **विवाह अधिकारी**
**बलौदाबाजार-भाटापारा**



**राजस्व मण्डल छ.ग. बिलासपुर**
**सर्किट कोर्ट, रायपुर**
**राजस्व मामले की नोटिस**

प्र.क्र.-आर.एन./05/आर/अ-6/112/2024
पेशी दिनांक 09.04.2025
प्रति,

1. ख्वाजा अब्दुल रहीम आत्मज अब्दुल मजीद निवासी-एन.आई.जी. 2/204, हुडको भिलाई, दुर्ग तहसील वो जिला-दुर्ग (छ.ग.) 2. श्याम मुरारी सिन्हा आत्मज प्रभुराम सिन्हा निवासी शाति नगर, कोहका भिलाई, तहसील वो जिला-दुर्ग (छ.ग.) 3. प्रेमचंद कोठारी आत्मज मानिकलाल जी कोठारी निवासी-नेहरू नगर पूर्व भिलाई तहसील वो जिला-दुर्ग (छ.ग.) 4. रवि सिंह कुशवाहा आत्मज टी.पी.एस. कुशवाहा निवासी-101, न्यू आनंद नगर, जुनवानी, तहसील वो जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पुनरीक्षणकर्ता वेलप्लान बिल्डर्स प्रा.लि. डायरेक्टर श्री बसंत कटारिया आत्मज स्व. चंपालाल निवासी- 9/11, ऋषभ नगर महावीर कालोनी के पास दुर्ग तहसील वो जिला-दुर्ग (छ.ग.). द्वारा न्यायालय सदस्य, राजस्व मंडल छ.ग. बिलासपुर, सर्किट कॉर्ट रायपुर के न्यायालय में पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक- आरएन /05/आर/अ-6/112/2024 न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग, दुर्ग के प्र.क्र. 138/31-6/2022-23 पक्षकार वेलप्लान बिल्डर्स प्रा.लि. विरुद्ध ख्वाजा अब्दुल रहीम वगैरह, में पारित आदेश दिनांक 16.03.2023 के विरूद्ध पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 09.04.2025 को तिथि नियत है।

अत: उक्त दिनांक को समय दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में आप स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो। यदि उक्त तिथि एवं समय को आप खुद या आपके मुख्त्यार या अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुए तो मुकदमे का फैसला एकतरफा किया जायेगा।

**न्यायालय के आदेशानुसार**
**रीडर**
**राजस्व मण्डल**
मुहर **सर्किट कोर्ट रायपुर**



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, DEEPAK SINHA W/O DEEPAK GOKUL SINHA resident of H NO.117, JUNWANI, SIKOSA, BALOD, 491226, (C.G.) have changed my old name DEEPAK SINHA W/O DEEPAK GOKUL SINHA so in future I should be recognized by my new name that is MADHVI W/O DEEPAK GOKUL SINHA in all Government and other documents.

**MADHVI**
H NO.117, JUNWANI,
SIKOSA, BALOD,
491226, (C.G.)



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, INDRAPEET SEN YADAV S/O UMESH YADAV resident of H.NO.-34, CHHAVANI BASTI, WARD NO. 17, RAJEEV NAGAR I.E. BHILAI, DISTT-DURG (C.G.) 490026 have changed my old name INDRAPEET SEN YADAV S/O UMESH YADAV so in future I should be recognized by my new name that is INDRAPREET SEN YADAV S/O UMESH YADAV in all Government and other documents.

**INDRAPREET SEN**
H.NO.-34, CHHAVANI BASTI,
WARD NO. 17, RAJEEV
NAGAR I.E. BHILAI, DISTT-
DURG (C.G.) 490026



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MONA DOULTANI W/o ANIL KUMAR DOULTANI, Resident of 145, DEEPAK NAGAR, DURG (C.G.) have changed my old Name MONA DOULTANI W/o ANIL KUMAR DOULTANI so in future I should be recognized by my new name that is MONI DOULTANI W/o ANIL KUMAR DOULTANI in all Government and other documents.

**MONI DOULTANI**
145, DEEPAK NAGAR,
DURG (C.G.)

### बस्तर पण्डुम

# बस्तर अब संस्कृति के रास्ते चलेगा विकास की ओर : विष्णुदेव साय

**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। बस्तर क्षेत्र की कला, संस्कृति और परंपराओं के उत्सव च्बस्तर पंडुमज् में डॉ. कुमार विश्वास द्वारा बस्तर के राम कथा वाचन किया जाएगा। आगामी 3 अप्रैल को होने वाला यह आयोजन, बस्तर क्षेत्र में शांति और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के नए सोपान तय करेगा।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर पंडुम 2025 को बस्तर की आत्मा से जुड़ा एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण बताते हुए कहा कि यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि बस्तर की अस्मिता, आस्था और आकांक्षाओं का उत्सव है। उन्होंने कहा कि 'बस्तर के राम' जैसे कार्यक्रम बस्तर की धरती को आध्यात्मिक ऊर्जा से जोड़ते हैं और यह सिद्ध करते हैं कि विकास का सबसे सशक्त मार्ग संस्कृति और परंपरा से होकर जाता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास जताया कि यह उत्सव बस्तर को वैश्विक सांस्कृतिक मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाएगा और हमारी जनजातीय परंपराएँ आने वाली पीढ़ियों के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत बनेंगी।

उल्लेखनीय है कि दंडकारण्य क्षेत्र का रामायण काल में विशेष स्थान रहा है और श्री राम ने अपने वनवास काल का कुछ समय दंडकारण्य के जंगलों में व्यतीत किया था। डॉ. कुमार विश्वास बस्तर क्षेत्र के परिपेक्ष्य में श्री राम के महत्व पर अपनी राम कथा बस्तर के राम का वाचन करेंगे।

बस्तर पण्डुम आयोजन में डॉ. कुमार विश्वास की वाणी में जब राम कथा की गूंज बस्तर की वादियों में फैलेगी तो इसमें सिर्फ शब्द नहीं बल्कि एक भावना होगी शांति, एकता और पुनर्जागरण की। इस आयोजन के माध्यम से बस्तर क्षेत्र में श्री राम के प्रवास का स्मरण कर अपनी समृद्ध पौराणिक विरासत का अनुभव कर सकेंगे।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बस्तर के राम के आयोजन पर कहा कि बस्तर पण्डुम और बस्तर के राम जैसे आयोजन बस्तर क्षेत्र को भारत और विश्व से जोड़ते एक सांस्कृतिक सेतु की तरह है, जो हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बस्तर क्षेत्र के समेकित विकास के संकल्प का परिचायक है। बस्तर क्षेत्र आज गर्व से साक्षी बन रहा है कि हिंसा का अंत संभव है और शांति का मार्ग संस्कृति से होकर गुजरता है।

उल्लेखनीय है कि जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग के स्थानीय कला, संस्कृति एवं जीवन शैली संरक्षण-संवर्धन एवं प्रोत्साहन के लिए राज्य शासन द्वारा बस्तर पण्डुम 2025 का आयोजन किया जा रहा है जिसके उद्घाटन सत्र में शाम 6 बजे बस्तर के राम कार्यक्रम किया जाना निर्धारित है।

# सब्जी कैरेट्स के नीचे छुपाकर ले जा रहे थे 243 किलो गांजा

■ पुलिस ने नाकेबंदी कर दो तस्करों को धरदबोचा



**डोंगरगढ़,** 31 मार्च (देशबन्धु)। नशे के कारोबारियों पर शिकंजा कसते हुए राजनांदगांव पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने 243.54 किलो गांजा के साथ दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी अब भी फरार है. जब्त किए गए गांजे की कीमत करीब 36.53 लाख रुपए आंकी गई है. हैरानी की बात यह थी कि तस्करों ने इसे सब्जी की कैरेट्स के नीचे छुपा रखा था और इसे मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र तक पहुंचाने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस की सतर्कता ने उनकी पूरी योजना ध्वस्त कर दी.

पुलिस को सूचना मिली थी कि ओडिशा से गांजे की एक बड़ी खेप राजनांदगांव के रास्ते मध्यप्रदेश की ओर रवाना होने वाली है. इस पर पुलिस हरकत में आई और एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के नेतृत्व में बोरतलाव पुलिस की संयुक्त टीम को अलर्ट किया गया. पुलिस ने डोंगरगढ़ से महाराष्ट्र जाने वाली सड़क पर स्थित बिरे पुलिया, चांद-सूरज मेन रोड और ग्राम बोरतलाव के पास नाकेबंदी की. देर रात एक संदिग्ध बोलेरो पिकअप (छ्त्त-10-क्क्त-0634) वहां आती दिखी. जैसे ही पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया, वाहन में सवार लोग गाड़ी छोड़कर भागने लगे, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से दो तस्करों को मौके पर ही धर दबोचा गया, जबकि एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग निकला.

**आरोपियों के खिलाफ दर्ज हैं गंभीर मामले**- जब पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो अंदर का नजारा चौंकाने वाला था. ऊपर से सब्जी की कैरेट्स से भरी गाड़ी के नीचे 08 प्लास्टिक बोरियों में ठूंस-ठूंस कर गांजा रखा गया था. इसे तौला गया तो वजन 243.54 किलो निकला और बाजार कीमत 36.53 लाख रुपए आंकी गई. इसके साथ ही पुलिस ने तस्करों की बोलेरो पिकअप (कीमत 5 लाख रुपये) और 4 मोबाइल फोन (कीमत 11,000 रुपये) भी जब्त कर लिए. गिरफ्तार तस्करों की पहचान दिलावर अली (46 वर्ष) निवासी ग्राम झलमला जिला बिलासपुर और संतोष पाल (36 वर्ष) निवासी ग्राम नक्टा जिला रायपुर के रूप में हुई. दोनों ही अपराध की दुनिया में पहले से नामचीन रहे हैं. दिलावर अली के खिलाफ हत्या और चोरी के गंभीर मामले दर्ज हैं, जबकि संतोष पाल पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत बागनदी, मंदिर हसौद और जगदलपुर में पकड़ा जा चुका है.

**तस्करों को नहीं बख्शा जाएगा: एसपी**- प्रारंभिक पूछताछ में तस्करों ने कबूल किया कि वे ओडिशा से गांजा लाकर मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के अलग-अलग शहरों में सप्लाई करते थे. पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है. फरार आरोपी की तलाश जारी है. इस मामले में बोरतलाव थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(द्बद्ब)(ष्ट) और 29 के तहत मामला दर्ज किया है. पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि जिले में नशे के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा. किसी भी कीमत पर तस्करों को नहीं बख्शा जाएगा. यह कार्रवाई पुलिस की सतर्कता और चुस्ती का नतीजा है, जिसने नशे के इस बड़े जखीरे को बाजार में पहुंचने से पहले ही रोक दिया.

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा पहुंचे कवर्धा

# मंदिर दर्शन कर प्रदेश वासियों को नवरात्रि पर्व की दी शुभकामनाएं



**कवर्धा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज अपने कवर्धा प्रवास के दौरान चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर जिले के ऐतिहासिक एवं जन आस्था के केंद्र विंध्यवासिनी मंदिर, महामाया मंदिर, शीतला मंदिर, काली मंदिर और मां परमेश्वरी मंदिर में दर्शन कर प्रदेश वासियों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी तथा प्रदेशवासियों की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की।

इसके साथ ही उप मुख्यमंत्री शर्मा ग्राम मोटीयारी पहुंचे, जहां उन्होंने ज्योति कलश के दर्शन कर श्रद्धालुओं के साथ पूजन-अर्चन किया। वहां उन्होंने धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर श्रद्धालुओं के साथ आध्यात्मिकता का अनुभव किया और आयोजन समिति के सदस्यों से भेंट कर कुशलक्षेम जाना।

इस अवसर उन्होंने कहा कि यह पर्व शक्ति उपासना और आत्मशुद्धि का अवसर है, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा और भक्ति का संचार करता है। उनके आगमन से श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में हर्ष और उत्साह का वातावरण रहा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चन्दवंशी, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी उपमुख्यमंत्री के साथ मंदिर पहुँचकर पूजा अर्चना की एवं जिले एवं प्रदेश की सुख शांति की कामना की।

# डीजे की तेज आवाज से गिरा घर का छज्जा, 4 मासूम समेत 5 घायल



**बिलासपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। मस्तूरी थाना क्षेत्र के मल्हार के केंवटपारा में रविवार रात एक बड़ा हादसा हो गया. यहां तेज आवाज और भारी बेस में डीजे बजने की वजह से एक घर का छज्जा अचानक भरभराकर गिर गया. वहीं मौके पर मौजूद 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें 4 बच्चे शामिल हैं. सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बिलासपुर रेफर किया गया है. फिलहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

जानकारी के अनुसार, बीते दिन हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई थी, जो रात करीब 8ञ्30 बजे केंवटपारा पहुंची. इसी दौरान तो डीजे की तेज आवाज की कंपन से वहां स्थित टुकेश केंवट के मकान का छज्जा अचानक गिर गया. इस दौरान शोभायात्रा देखने खड़े 4 मासूम समेत 5 लोग हादसे की चपेट में आ गए.

घायलों में चंद्रशेखर केंवट (25), प्रशांत केंवट (11), दीपक केंवट (15), दीपेश केंवट (14) और हेमंत कैवर्त (13) शामिल हैं. बताया जा रहा है, कि मकान का छज्जा पुराना और कमजोर था. डीजे की तेज आवाज से उठी कंपन के कारण वह गिर गया. फिलहाल पुलिस डीजे संचालक की तलाश में जुट गई है.

### संजय तिवारी बने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलपति

**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति रमेन डेका ने डॉ. संजय तिवारी को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग का कुलपति नियुक्त किया है। वर्तमान समय में तिवारी, मध्यप्रदेश भोज (ओपन) विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलपति है।

डॉ. तिवारी का कार्यकाल, उपलब्धियां तथा सेवा शर्तें विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परिनियम में निहित प्रावधान अनुसार होंगी। उनकी नियुक्ति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 (क्रमांक 22 सन् 1973) की धारा 13 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए की गई है।

**देशबन्धु पाठकों के लिए**

माह मार्च 2025 का अखबार बिल

| दिन | दर | रू.पै. |
|---|---|---|
| 29 दिन | 4.00 | = 116.00 |
| कुल 29 दिन | | 116.00 |

कृपया अपने अभिकर्ता को उपरोक्तानुसार 10 अप्रैल 2025 तक बिल का भुगतान करें।

प्रसार व्यवस्थापक

**NECC**

| 01.04.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 440 | 68 | 175 |
| चिल्हर | 6 | 90 | 200 |

डिलीवरी 455 सैकड़ा

दर्जन अंडा 70 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

वीरू- सुना है, शादियां आसमान में ही तय हो जाती हैं,
जय- बिल्कुल ठीक, लेकिन यह भी याद रखना कि
तूफान और बिजली भी आसमान से ही कड़कती हैं।

## संपादकीय

### घरों में घुसते अपराधी: रहें सावधान

राजधानी रायपुर के अलावा उसके आसपास अपराध इस कदर बढ़ते जा रहे हैं कि लोगों का जीवन खतरे में हो चला है। पुलिस तो अपनी ओर से जितना सम्भव हो ऐसे अपराधों की रोकथाम करने तथा आपराधिक कृत्यों की जांचकर उन्हें न्याय के घेरे में लाने की कोशिश करती ही रहती है लेकिन नागरिकों को भी चाहिये कि वे सावधान रहें। बाहर हों या घरों में रहें, उन्हें अपराधियों से बचने के अपनी ओर से भी इंतज़ाम कर रखने चाहिये। सुरक्षा के यथासम्भव सभी उपाय कर रखने चाहिये।

घरों के बाहर रहने पर सुरक्षा उपायों की बात है, तो वाहन चालन हो या पैदल चलना हो, सावधानी अपनायें। फुटपाथों का उपयोग करें व तेज गति यातायात से सतर्क रहें। खुद तो सम्हलकर रास्तों को पार करना ज़रूरी है, बुजुर्गों, बीमारों या बच्चों को सुरक्षित तरीके से पैदल चलने या रास्ते, चौक-चौराहे पार करायें। कुछ अनहोनी होने की स्थिति में सभी आवश्यक मोबाइल नंबर उपलब्ध रहें। विशेषकर महिलाओं को बाहर जाते वक्त न्यूनतम या कृत्रिम आभूषणों का इस्तेमाल करना चाहिये। यदि मांगलिक कार्यों में जाना हो व गहने पहनने आवश्यक हों तो उन्हें पूरी सावधानी से लेकर जायें। भारी ज्वेलरी के साथ महिलाओं को अकेले जाना टालना चाहिये।

इन दिनों घरों के भीतर भी सुरक्षा का सवाल पैदा हो गया है। कुछ दिनों पहले रायपुर के बाहरी इलाकों में डंडे-लाठियां लिये बदमाशों का गैंग लोगों के घरों के बाहर घूमता नज़र आया था। ये रहिवासियों के घरों को खटखटाते हुए उनके दरवाजे खुलवा रहे थे। उनका मकसद हथियार दिखाकर लूट-पाट करना था। इनकी हरकतें सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई थीं। रायपुर के नज़दीक खरोरा थाने के अंतर्गत केवराडीह गांव में 7 असामाजिक तत्वों के समूह ने एक घर से 6 लाख रुपये की डकैती की। वे छत की ओर से घुसे। तलवारों व बन्दूकों से लैस डाकुओं ने घर के सभी लोगों के हाथ-पांव बांध दिये तथा नगद व जेवर लेकर भाग गये।

पिछले वर्ष के नवम्बर में जशपुरनगर के कांसाबेल थाना क्षेत्र के अंतर्गत बटईकेला गांव के बैंक सेवा केन्द्र में बैठे संचालक को दो हथियारबन्द नकाबपोश लूटने दिनदहाड़े पहुंचे थे। शोर-शराबा सुनकर उसे बचाने हेतु आई उसकी 60 वर्षीय दादी फायरिंग में मारी गयी। संजू भी घायल हो गया था। संजू के सिर पर पिस्तौल तानकर वे पैसों की मांग कर रहे थे। अभी रायपुर के दलदल सिवनी के एक युवक का पिस्तौल के साथ वीडियो चर्चा में है जो बताता है कि हथियारों की पहुंच आसान हो गयी है।

इसलिये मुकम्मल सुरक्षा व्यवस्था हो। घरों के दरवाजे मजबूत हों तथा शटर या जाली लगवा लेना बेहतर है ताकि बाहरी व्यक्ति को देखने के बाद दरवाजे खुलें। अपने निवास और काम की संवेदनशीलता को देखते हुए; और सम्भव हो तो सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने चाहिये।

# ईद-उल-फितर की बधाई देने पहुंचे सभी समाज, संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य



**जगदलपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। मुस्लिम समाज के द्वारा सोमवार को ईद का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थानीय ईदगाह में काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित हुए और विशेष नमाज अदा की गई। सभी ने क्षेत्र में अमन शांति और तरक्की की दुआ मांगी। ईद के मुबारक मौके पर आल मुश्लिम वेलफेयर फाउंडेशन की जानिब से आज ईदगाह में ईदी के तौर पर कलम बाटी गई।

प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी वसीम अहमद ने मीडिया से बात करते हुए समाज को एक संदेश दिया गया। एक रोटी कम खाओ लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ इस उद्देश्य के तहत आल मुस्लिम वेलफेयर फेडरेशन प्रदेश की जानिब से आयोजन किया गया था। वहीं सर्व अनुसूचित जाति समाज वर्ग के जिलाध्यक्ष विक्रम लहरे ने भारत वासियों को आज ईद कि मुबारक बाद देते हुए चैत्र नवरात्रि का भी बहुत-बहुत बधाई दिया और कहा कि हम सभी भारत माता के एक ही सन्तान है। हमे हर धर्म को सम्मान करना चाहिए सबका अपना अपना रीति-रिवाज है सबका सम्मान होना चाहिए। आज भारत देश के हर जगह जिस प्रकार आपसी भाई चारा में हिंदू-मुश्किल-दलित-ईसाई धर्म के नाम पर कुछ लोग अशांति फैलाने कि कोशिश कर रहे हैं उनसे दूर रहे। आपसी भाई चारा बनाए रखे यही भारत का संविधान कहता है हम सभी मानव-मानव एक समान है। समानता ही हमारा व्यवहार है फिर पुनः आप सभी प्रदेश, शहर वासियों को बहुत-बहुत बधाई शुभकामनाएं।

परिसंघ के जिलाध्यक्ष सतीश वानखड़े ने आज इस पावन अवसर पर ईद कि मुबारक बाद देते हुए चैत्र नवरात्र कि बधाई दी साथ ही संदेश देते डॉक्टर भीम राव अंबेडकर जी कहाँ था शिक्षा वो शेरनी का दुध है जो पियेगा वो दहाडेगा, इस लिए पढ़ाई जरूरी है ये कलम आपकी किस्मत बनाएगी आप खूब पढ़े खूब आगे बढ़े। वहीं मोहसिन खान ने कहाँ आप सभी बस्तर वासियों को ईद मुबारक के साथ चैत्र नवरात्र की बधाई शुभकामनाएं देते हुए बस्तर वासियों से अपील कि हमारा बस्तर साक्षर सुन्दर बस्तर है। यहां हिन्दू-मुश्लिम-शिख-ईसाई-दलित-आदिवासी हम सब भाई भाई है। आप में प्रेम कि भावना रखना है हम सब इस त्योहारों को बड़ी उत्सुकता के साथ मनाये एक दूसरे का दुःख सुख में साथ खड़े रहे यही हम सबका प्यार बना रहे। इस कार्यक्रम में सभी समाज के लोग उपस्थित होकर आज ईद और चैत्र नवरात्र का महा पर्व एक दूसरे को बधाई देते विक्रम लहरे, सतीश वानखड़े, जिला उपाध्यक्ष परिसंघ के महेश्वर बघेल, मोहसिन खान, मोहम्मद साकिब खान, अब्दुल रशीद पवार, मोहम्मद यासीन गद्धू, फजरुद्दीन शरीफ, अमन शाह एजाज खान, इमरान खान, शाहरुख खान, बादशाह खान, ज़ाहिद हुसैन, सुभाष मेश्राम भीम आर्मी के पदाधिकारी गण एवं कई सामाजिक संगठनों सहित आदि भारी संख्या लोग उपस्थित थे।

# मिचनार हिल्स पर्यटन स्थल के रूप में होगा विकसित, कलेक्टर ने अधिकारियों से की चर्चा

**जगदलपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस और सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने सोमवार को तहसील लोहंडीगुड़ा स्थित मिचनार हिल्स क्षेत्र का निरीक्षण किया। इसके साथ ही मिचनार हिल्स को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा किए। कलेक्टर ने ग्राम मिचनार में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लाभार्थी के गृह प्रवेश में शामिल हुए और ग्राम मारडूम (करलाकोंटा पारा) में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। ग्राम मारडूम (करलाकोंटा पारा) में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही के निर्माणाधीन मकान का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम एम चन्द्रा, सीईओ जनपद पंचायत डी पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# कांग्रेस परिवार ने मुस्लिम समाज को दी ईद उल फितर की बधाई

**जगदलपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। ईद उल फितर के मुबारक मौके पर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने मुस्लिम भाइयों को गले मिलकर ईद उल फितर की बधाई व मुबारकबाद दी। इससे पूर्व ईदगाह में ईद की नमाज की गई जिसमें काफी संख्या में मुस्लिम समाज के सदस्य और उनके साथ बच्चे भी उत्साह के साथ शामिल हुए। शहर काजी की इमामत में ईद की नमाज अदा की गई साथ ही शहर काजी ने छत्तीसगढ़ की अमन चैन, तरक्की व खुशहाली के साथ साथ बस्तर को नक्सलवाद से निजात दिलाने की दुआ मांगी। इस अवसर पर पार्षद सूर्या पानी, विक्रम सिंह डांगी, पूर्व पार्षद राजेश राय, गौरनाथ नाग आदि मौजूद रहे।



# लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनुशासन और निरंतर अभ्यास जरूरी : दीपिका सोरी



## जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता संपन्न

**सुकमा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग सुकमा द्वारा छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजनांतर्गत जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को मिनी स्टेडियम सुकमा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी उपस्थित थीं। खेलकूद प्रतियोगिता में तीनों विकासखंड सुकमा, कोंटा और छिंदगढ़ के लगभग 150 खिलाड़ी छात्रों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने 100 मीटर, 200 मीटर दौड़ गोला फेंक, भला फेंक, रस्साकसी, कबड्डी और बॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में दिलीप पेद्दी, रमाकांत नायक, सोनूराम, जिला खेल अधिकारी विरूपाक्ष पौराणिक तथा अन्य जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# उसकावाया में किया गया नवीन कैम्प स्थापित, कोन्टा से गोलापल्ली को जोड़ने में रहेगी अहम भूमिका

**सुकमा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। सुकमा जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र के कोंटा-गोलापल्ली मार्ग में ''उसकावाया'' में नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित किया गया। यह इलाका नक्सलियों का कोर इलाका माना जाता था अभी इलाके में सुरक्षा बल की कैंप स्थापित होने से इलाके से नक्सलियों को अब अपना ठिकाना बदलना पड़ेगा। नक्सलियों के आत्मसमर्पण एवं गिरफ्तार, मुठभेड़ में मार गिराया जा रहा है, जिससे नक्सली संगठन कमजोर होता जा रहा है जिससे आने वाले दिनों में सुरक्षा बलो इलाके में नवीन कैंप स्थापित होने से इसका और अधिक फायदा मिलेगा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नियद नेल्ला नार योजना तहत सुरक्षा कैम्प का स्थापना किया गया है। कोंटा से गोलापल्ली, किस्टाराम को सीधा कनेक्ट करने के दिशा में एक और कदम बढ़ाया गया। बहुत जल्द कोन्टा से गोलापल्ली- किस्टाराम सीधे कनेक्ट होने से सफर की दूरी पहले से आधा घटकर 40 किमी हो जायेगी। जिसका सीधा फायदा आम जनता को मिलेगा। 12 मासी उपयोगी सड़क निर्माण कार्य मे गति लाने, विकासमूलक योजनाओं को जनता तक पहुंचाने एवं माओवादियों गतिविधियों को अकुंश लगाने के उद्देश्य से नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित किया गया। वर्ष 2024 से अबतक जिला सुकमा में सुरक्षा बलों द्वारा कुल 12 नवीन कैम्पों की स्थापना किया गया है। एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन से संचालितनियद नेल्ला नार योजना के तहत जिला सुकमा एवं आन्ध्रप्रदेश राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र कोंटा-गोलापल्ली मार्ग में नवीन सुरक्षा कैम्प उसकावाया 28 मार्च को स्थापित किया गया। नवीन कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र में माओवादियों के अन्तर्राज्यीय गतिविधियों पर अंकुश लगेगा व नक्सल विरोधी अभियान संचालन में तेजी आयेगी एवं आप-पास क्षेत्रों में निवासरत् ग्रामीणों को विकासात्मक कार्य एवं मूलभूत सुविधायें जैसे कि सड़क, पुल, पुलिया निर्माण, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधा, पीडीएस दुकाने, अच्छी शिक्षा, मोबाईल कनेक्टिविटी का विस्तार आदि की सुविधायें मिल पायेगा। नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र के आम-जन उत्साहित है। विदित हो कि वर्ष 2024 से अब तक जिला सुकमा में नियद नेल्ला नार योजना अन्तर्गत कुल 12 नवीन सुरक्षा कैम्प टेकलगुड़ेम, पुवर्ती, मुकराजकोण्डा, दुलेड़, पुलमपाड़, लखापाल, तुमलपाड़, रायगुडे़म, गोलाकोण्डा, गोमगुड़ा, मेटागुड़ेम एवं उसकावाया नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित की गई है। लगातार नवीन कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव से माओवादी विचारधारा को त्यागकर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के उद्देश्य से 376 माओवादियों के द्वारा आत्मसमर्पण किए एवं विभिन्न नक्सल विरोधी अभियानों में 48 हार्डकोर माओवादियों को मार गिराने तथा 351 माओवादियों को गिरफ्तार करने मे सफलता अर्जित की गई है।



# स्वामी विवेकानंद के विचारों को करे आत्मसात : यज्ञ सिंह

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

**जगदलपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम - कविआसना जिला बस्तर में किया गया। जिसका शिविर थीम स्वच्छता ही सेवा के लिए युवा उक्त शिविर का दिनांक 30 मार्च की संध्या 4:00 बजे समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पूजा अर्चना व दीपक प्रज्वलन के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने आशीष उद्बोधन में कहा कि हम सबको स्वामी विवेकानंद के विचारों पर चलना चाहिए स्वामी विवेकानंद पूरे समाज की सेवा भावना से कार्य किया। उसके बाद रामकृष्ण आश्रम का निर्माण किया जिससे लोगों की सेवा किया जा सके, शिक्षा दिया जा सके, गरीबी को दूर किया जा सके तथा जनकल्याण व युवाओं को सही दिशा पर ले जाने के लिए संदेश दिए।

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव, कुलपति शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना को विश्वविद्यालय, कॉलेज और हायर सेकेंडरी स्कूलों में संचालित है जो सामाजिक कल्याण, लोगों को शिक्षा से जोड़ने के साथ, समाज में नई दिशा देने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना कार्य कर रहा है। इस संगठन में हमें सी फार्मूला व डी फॉर्मूला के आधार पर कार्य करना होगा। सी फार्मूला में पांच विचार आते हैं। किसी संगठन को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक है। पांच सी का अभिप्राय है स्पष्टता, संरचना, संचार, समन्वय, नियंत्रण, किसी भी संस्था व संगठन में होना चाहिए। इसी प्रकार डी फार्मूला का अभिप्राय बताया किसी भी संगठन में पांच प्रकार के डी फार्मूला होनी चाहिए जिसका अभिप्राय है - डिफाइन -संगठन के उद्देश्य व लक्ष्य की स्पष्टता, डिजाइन - संगठन की कौशल प्रक्रियाओं की जानकारी। डेवलप - संगठन की योजनाएं कौशल व ज्ञान प्रदान करना डेप्लॉय-संगठन की योजना व रणनीति बनाना। डिलीवर- संगठन के उद्देश्य और लक्षण की प्राप्ति। इस प्रकार कुलपति ने किसी संगठन संस्था की सफलता के लिए यह सी फार्मूला वह डी फार्मूला के माध्यम से सफलता प्राप्त करने की जानकारी प्रदान किए। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रोफेसर शरद नेमा ने सभी आए हुए शिविरार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना दिए व राष्ट्रीय सेवा योजना तथा संगठन से जुड़कर रहने की बात कही। एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं ग्राम कविआसना के बच्चों द्वारा नृत्य, गायन, वादन प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में भाग लिए प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार रखा गया। नृत्य प्रथम पुरस्कार- भूमिका मौर्य (एकल), नेपाल एवं स्मिता (युगल), प्रवीण एवं साथी (सामूहिक) एवं श्वेता डेहरिया (एकल गीत), अशोक एवं समूह (समूह गीत), चंद्रशेखर (कैसिओ प्ले), मोबिन खान (बांसुरी वादन), सत्यम ग्रूप (नाटक) को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का स्वागत भाषण डॉक्टर सजीवन कुमार कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा दिया किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. भुनेश्वर लाल साहू ने दिया। इस अवसर पर डॉ. विनोद सोनी, विभागाध्यक्ष, श्रीनिवास रथ वित्त अधिकारी, जानकीबाई कश्यप सरपंच, भाव सिंह कश्यप, तुलेद्र तिवारी उप सरपंच, सोन सिंह भद्रे, बी एल सूर्यवंशी प्रधान पाठक, लीना पांडे शिक्षिका, गीता ठाकुर शिक्षिका, डॉ. संजीवन कुमार कार्यक्रम अधिकारी, शिविर प्रभारी - डॉ. बी.एल साहू, डॉ. सोहन कुमार मिश्रा, डॉ दुर्गेश डिक्सेना, महादल नायक - भुवन कुमार सिन्हा, महादल नायिका - सुमन राठौर, दल नेतृत्वकर्ता श्वेता डेहरिया, भूमिका मौर्य, प्रदुमन पदमे, टिकेश्वर साहू, मोबिन खान, डमरूधर कश्यप, काजल रानी, प्रवीण कुमार के साथ ग्राम कवि आसना के गणमान्य नागरिक स्कूल के शिक्षक विश्वविद्यालय से आए हुए अधिकारी कर्मचारी प्राध्यापक की उपस्थिति थे। सामुदायिक समरसता भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



# महावीर कप के मैच हो रहे रोमांचक






**जगदलपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2025 के पावन अवसर पर श्री सकल जैन समाज एवं जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन जगदलपुर द्वारा सहयोग व समर्पण का संदेश देते हुए हाताग्राउण्ड में आयोजित नौ दिवसीय महावीर कप में शहरवासियों को रोमांचक मुकाबला देखने को मिल रहा है। गर्मी के मौसम में दूधिया रोशनी में आयोजित यह क्रिकेट प्रतियोगिता शहर में मनोरंजन का प्रमुख व आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। महावीर कप में सभी टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हो रहा है। 29 मार्च को वीर और मोक्ष के बीच मैच खेला गया। जिसमें मोक्ष टीम ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। वीर टीम ने शानदार 12 ओवर तक बल्लेबाजी कर 116 रन 3 विकेट गंवा कर बनाएं और वही मोक्ष को वीर ने 101 रन पर रोककर यह मैच अपने नाम कर लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच वीर के कैप्टन नितेश जैन की मिला। 30 मार्च को क्षमा और सेवा के बीच मैच खेला गया। जिसमें सेवा टीम ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। क्षमा टीम ने शानदार 12 ओवर तक बल्लेबाजी कर 122 रन 5 विकेट गंवा कर बनाएं और वही सेवा को क्षमा ने 92 रन पर समेटकर यह मैच अपने नाम 30 रन से विजयी होकर लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच कुशल लुंकड को मिला। यह जानकारी राजकुमार बोथरा, कमलेश गोलछा व मनीष पारख ने देते हुए बताया कि। 30 मार्च को पहला मैच विनम्र और संयम के बीच खेला गया। जिसमें टीम विनम्र ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। संयम टीम ने शानदार 12 ओवर तक बल्लेबाजी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# पुलिस ने कार में रखा गांजा जप्त कर दो को किया गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। पुरानी भिलाई पुलिस के द्वारा पुरैना भिलाई 3 क्षेत्र में एक्सयूवी वाहन में अवैध रूप से नशीला पदार्थ गांजा परिवहन कर भिलाई ला रहे दो आरोपियों को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान वाहन से करीब 10 किलोग्राम गांजा जप्त किया गया। मिसी जानकारी के अनुसार शाम 4.30 बजे के करीब पुरैना बस्ती से भिलाई की ओर गांजा लेकर आने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस पर से पुरानी भिलाई पुलिस के द्वारा पुरैना बस्ती पहुंच कर एक्सयूवी वाहन को पकड़ा गया। इस वाहन की तलाशी लेने पर करीब 10 किलोग्राम गांजा जप्त किया गया। इस दौरान दो को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में धीरेंद्र 24 वर्ष खुर्सीपर एवं युवराज भिलाई 3 को पकड़ा गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ग्न्ट 500 वाहन का मालिक धीरेंद्र है।

विधि से संघर्षरत बालक लूट के मामलें में गिरफ्तार

भिलाईनगर? प्रार्थी अजीजूल हसन निवासी टाटा लाईन कोहका चौकी स्मृति नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 मार्च दोपहर 1 बजे मस्जिद से पैदल कोहका जा रहा था कि उसी समय मोटर सायकिल सीजी 07 बीएक्स 2867 में दो व्यक्ति मोबाईल को झपटकर भाग गये। जिस पर चौकी स्मृति नगर में धारा 304(3)(5) बी.एन.एस कायम किया गया है। सुपेला टीआई राजेश मिश्रा, सउनि बाबुलाल के द्वारा टीम गठित कर आरोपीयों का पता तलाश किया गया जो विधि से संघर्षरत दो बालक को पकड़ा गया। जिनके कब्जे से मोबाईल की जप्ती कर तत्वरित कार्यवाही करते विधि से संघर्षरत बालकों को किशोर न्याय बोर्ड न्यायालय दुर्ग पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर बाल सम्प्रेक्षण गृह भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक राजेश मिश्रा थाना प्रभारी सुपेला, सउनि बाबुलाल साहू, कमल नारायण, हर्षित शुक्ला, तुषार, सविन्दर सिंह, कौशलेन्द्र सिंह का कार्यवाही में सराहनीय योगदान रहा।

### लूट के आरोप में 3 नाबालिक बालक पकड़ाए

भिलाईनगर। प्रार्थी रोशन कुमार निवासी दुर्गा नगर जुनावनी द्वारा थाना जामुल में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वे स्वीगी में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता है। विगत दिनों रात्रि 1.17 बजे घासीदास नगर जामुल का रहने वाला व्यक्ति द्वारा स्वीगी में खाने का आर्डर किया। प्रार्थी आर्डर लेकर घासीदास नगर पहुंचा। उसी समय 5 लड़के आये और हमने आर्डर किया है कहते हुए मोटर सायकिल की चाबी निकाल कर प्रार्थी से मारपीट कर जेब में रखे 1900 रूपये एवं आधार कार्ड को जबरदस्ती ले लिये। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना जामुल में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जामुल पुलिस को मुखबीर सूचना एवं हुलिया के आधार संदेहियो को पकड़ कर पूछताछ की गई। संदेहियों के द्वारा पहले तो पुलिस को गुमराह करते रहे किन्तु जब हुलिया दिखाकर कर बारिकी से पूछताछ करने पर प्रार्थी के साथ लूट करना स्वीकार किया। तीनो आरोपी विधि से संघर्षरत बालक अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर घटित को अंजाम दिये है। प्रार्थी से लूट की गई नगदी रकम 1900 रूपये, आधार कार्ड एवं घटना में प्रयुक्त स्कूटी प्लेजर तीनो विधि से संघर्षरत बालको से जप्त की गई है। तीनो के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही की गई है। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय, सहायक उपनिरीक्षक महफूज खान, आरक्षक चेतमान गुरूंग, रत्नेश शुक्ला, जी. सामुएल, रूपनारायण बाजपेयी, चन्द्रभान सिंह, अतुल सिंह यादव का विशेष योगदान रहा।

# किरंदुल की खिताबी जीत, महिलाओं में पीजी कॉलेज विजेता



- शौर्य स्मृति व्हाली बॉल कप का शानदार आयोजन
- सामाजिक पुलिसिंग के तहत जिला और पुलिस प्रशासन की पहल
- विधायक चैतराम, डीआईजी कमलोचन और एसपी गौरव ने दी बधाई

**दंतेवाड़ा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। शौर्य स्मृति व्हाली बॉल कप 2025, जिसका आयोजन पुलिस एवं जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा सामाजिक पुलिसिंग के तहत किया गया।

इस आयोजन का समापन विधायक चैतराम अटामी और डीआईजी कमलोचन कश्यप और एसपी गौरव राय की उपस्थिति में हुआ। पुरुष वर्ग के इस मैच में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया, और फाइनल मैच किरंदुल बी व डीआरजी के मध्य खेला गया, जिसमें किरंदुल की टीम ने विजेता का खिताब जीता। इन्हें पुलिस व जिला प्रशासन की ओर से 1 लाख का नगद इनाम तथा चमचमाती ट्राफी और स्पोर्ट्स किट्स इनाम स्वरूप दिया गया। उपविजेता को 75 हजार की राशि व ट्राफी से सम्मानित किया गया। इस आयोजन की गरिमा तब और बढ़ गई जब प्रशासन ने महिलाओं की टीमों को भी मैदान में अपने खेल के प्रदर्शन हेतु आमंत्रण दिया। डीआईजी तथा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने राइजिंग वुमन ग्रुप की अध्यक्ष सुश्री मधु उके से महिलाओं की टीमों को खेलने हेतु तैयार करने जी जिम्मेवारी दी। इस भरोसे पर खरा उतरते हुए मधु उके तथा उनकी टीम सदस्य प्रीशी एक्का प्रभारी प्राचार्य सेजस कुआकोंडा, अनुराधा आर्य बड़े बाबू हायर सेकेंडरी स्कूल तुमनार, डॉ भारती रजक स्पोर्टस ऑफिसर पीजी महाविद्यालय दंतेवाड़ा, राजकुमारी, लीना फुलेश्वरी सोरी ने 24 घंटे के भीतर एक या दो नहीं बल्कि कुआकोंडा, समेली,बारसूर, समलूर, गीदम, दंतेवाड़ा, सिविल,महिला बाल विकास विभाग, पीजी कॉलेज दंतेवाड़ा जैसी 8 टीमों को मैदान में उतारा। 8 महिला टीमों में फाइनल मुकाबला पीजी कॉलेज दंतेवाड़ा व सिविल टीम के मध्य खेला गया, जिसमें अपनी कोच डॉ. भारती रजक के नेतृत्व में कॉलेज की टीम ने सिविल टीम को गहरी मात दी और 50 हजार का नगद इनाम और चमचमाती ट्रॉफी अपने नाम किया। वहीं सिविल टीम को उपविजेता के तौर पर 30 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई। डीआईजी श्री कश्यप द्वारा मुख्य अतिथि विधायक श्री अटामी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। वहीं आयोजकों ने कार्यक्रम में सहयोगी सभी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस प्रकार सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आयोजित यह कार्यक्रम गरिमापूर्ण तरीके के संपन्न हुआ। सभी खेल प्रेमियों ने पुलिस एवं प्रशासन की ह्रदय से तारीफ की तथा इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया।

अंत में राइजिंग ग्रुप की अध्यक्ष ने डीआईजी, कलेक्टर, एसपी व सभी आयोजकों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि इस प्रकार के बड़े आयोजनों में महिलाओं को मंच देना अपने आप में नारी सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है। अंत में डीआईजी श्री कश्यप द्वारा कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु मधु ऊके को स्मृति चिन्ह भेंट कर अपनी शुभकामनाएं दी गई। वही महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शिखा सरकार तथा समस्त स्टॉफ ने अपनी टीम को शुभकामनाएं दी।

# सर्व समाज संगठन ने सांसद से की मुलाकात



**भिलाईनगर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के पदाधिकारियों ने आज दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल से सौजन्य मुलाक़ात की। छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के पदाधिकारीयो द्वारा दुर्ग सांसद विजय बघेल से उनके निवास सेक्टर-5 में सौजन्य मुलाक़ात कर संगठन की वर्तमान गतिविधियों तथा मूल उद्देश्यों से अवगत कराया। उक्त अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, प्रदेश संयोजक ब्रह्म देव पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष संत कुमार केशकर, भिलाई अध्यक्ष चंदूलाल मरकाम, दुर्ग संभाग अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ भानु प्रताप यादव आदि उपस्थित रहे। भानु प्रताप यादव ने बताया कि दुर्ग जिले के नवनिर्वाचित पंचायत एवं निगम, निकाय प्रतिनिधियों का आगामी 28 अप्रैल को सम्मान किया जावेगा। इस संबंध में सर्व समाज संगठन ने सांसद विजय बघेल को इसकी जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये संध की आवश्यक बैठक आशीष नगर रिसाली में गत दिनों संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। 28 अप्रैल को कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में जिला स्तरीय सामाजिक समरसता एवं सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जहां जिले के नवनिर्वाचित पंचायत एवं निगम, निकाय प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। इस क्रम में भिलाई एवम रिसाली निगम के पूर्व में निर्वाचित प्रतिनिधियों को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। सम्मान समारोह की तैयारी हेतु बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर अनेक निर्णय लिए गए और पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए विशेषकर महिलाओं की सहभागिता हेतु सर्वसम्मति से सुमन देवांगन को संगठन के महिला प्रकोष्ठ में प्रदेश संयोजिका की जिम्मेदारी दी गई। इस बावत उन्हें नियुक्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष संत कुमार केशकर, घनश्याम कुमार देवांगन, अनुरूप साहू, भोजराम डडसेना, महासचिव लखन लाल साहू, प्रदेश संयोजक ब्रह्म देव पटेल, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ डी पी देशमुख, सलाहकार रमेश साहू, भिलाई जिला अध्यक्ष चंदूलाल मरकाम, नवनियुक्त प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका सुमन देवांगन, भिलाई जिला महिला अध्यक्ष रामदुलारी ताम्रकार, पुष्पा यादव, मधु गजपाल, उपाध्यक्ष शिव प्रसाद चंद्रवंशी, संगठन सह सचिव भागवत सोनी, दुर्ग संभाग अध्यक्ष भानु प्रताप यादव, सत्यनारायण बंछोर सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में आभार प्रदर्शन रामदुलारी ताम्रकार ने किया।

# एक बेटी दस पुत्रों के बराबर होती है : आचार्य शर्मा



**भिलाईनगर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई द्वारा परमेश्वरी मंदिर रिसाली में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा के दूसरे दिन सोमवार को कथा व्यास आचार्य डॉ नीलेश शर्मा ने माता भगवती की आराधना, नवरात्रि पूजन विधान, श्रीराम चरित कथा एवं माता शैलपुत्री की कथा सुनाई। इस संगीतमय कथा में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कथा के मुख्य यजमान समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन एवं उनकी पत्नी सुमन देवांगन तथा अन्य पदाधिकारियों ने माता परमेश्वरी की पूजा अर्चना की। कथा के बीच बीच में उनकी संगीत टीम ने आकर्षक भजन.कीर्तन प्रस्तुत कर समां बांधा। आचार्य नीलेश ने कहा कि जिस परिवार एवं समाज मे नारी का सम्मान होता है वह हर तरह से श्रेष्ठ रहता है। भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए बच्चों और युवाओं को अच्छा संस्कार दें। आचार्य ने कथा में बताया कि भागवत पुराण में खुद सूतजी ने कहा है कि नवरात्रि में इस पुराण का श्रवण करना बड़ा पुण्य है। वे कहते हैं कि श्रीमद् देवी भागवत अत्यंत पवित्र एवं प्रसिद्ध पुराण है। देवी भगवती को परमेश्वरी, दुर्गा आदि अनेक नाम से जाना जाता है। माता भगवती परमेश्वरी ही सृष्टि की उत्पत्ति कर्ता एवं जगत जननी है। वही परम ब्रह्म है। शरीर और आत्मा को ईश्वर भक्ति में लगा देना ही पुण्य है। उन्होंने बेटियों के महत्व को बताते हुए कहा कि एक बेटी दस पुत्रों के बराबर होती है। योग्य गुरु का काम है शिष्य को उचित मार्गदर्शन करना। श्रद्धालुगण प्रतिदिन मंदिर में माता परमेश्वरी एवं जोत ज्वारा का दर्शन लाभ ले रहे हैं। कथा समाप्त होने के बाद रोज मंदिर में जसगीत एवं माता सेवा की धूम मच रही है।

# नयनदीप विद्यामंदिर के बच्चों के साथ मनाई होली



**भिलाईनगर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया भिलाई इकाई द्वारा दृष्टि बाधितार्थ स्कूल नयनदीप विद्या मंदिर के बच्चों के साथ होली मिलन का आयोजन किया गया। इस होली मिलन में यूथ हॉस्टल्स का ध्येय सूत्र होली के रंग, यूथ हॉस्टल्स के संग बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और उमंग रहा। आयोजन की जानकारी देते हुए भिलाई इकाई के चेयरमेन के. सुब्रमण्यम ने बताया कि इस होली का उद्देश्य सिर्फ रंगों से खेलना नहीं रहा बल्कि समाज की मुख्य धारा से उपेक्षित बच्चों के जीवन में खुशियाँ, प्यार और आशा के रंग भरना रहा। दिव्यांग बच्चों के साथ आत्मीय और पारिवारिक माहौल में उनका उत्साहवर्धन रहा। यूथ हॉस्टल्स उन बच्चों के साथ होली खेलकर उनके चेहरे पर मुस्कान और आत्मबल भरना चाहता था। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सुमधुर धुन पर आकर्षक प्रस्तुति दी। बच्चों से गाने सुनकर यूथ हॉस्टल्स के सदस्य मंत्रमुग्ध हो गये। यूथ हॉस्टल्स द्वारा बच्चों का मुँह मीठा कर उनके जीवन में होली के मनभावन रंगों के स्थायित्व के लिए शुभकामना व्यक्त की गई। आयोजन को सफल बनाने में यूथ हॉस्टल्स भिलाई इकाई सचिव सुबोध देवांगन, कोषाध्यक्ष हेमलाल देवांगन, ईपीसी प्रभारी पी.के. सिंह, सविता सिंह, के. सिंधु, निखिल त्रिपाठी और काशवी त्रिपाठी सहित नयनदीप विद्या मंदिर की प्राचार्य श्वेता महोबिया, सहायिका संतोषी सिन्हा, छात्र आनन्द, छवि, थानेश, पीयूष, अनमोल, निखिल, विनय, हिमांशु, भूषण, कुन्दन, ओम और डॉली की सराहनीय भूमिका रही।

# वर्षीत्य तपस्वियों का सम्मान एवं स्वागत

**भिलाईनगर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। त्रिवेणी जैन तीर्थ भवन में वर्षीत्य के तपस्वियों का सम्मान एवं स्वागत रविवार को सेक्टर-6 जैन भवन भिलाई में किया गया। जिसमें ट्विन सिटी से करीब 23 तपस्वियो का सम्मान किया गया। ट्रस्टीजनों के साथ समाज के वरिष्ठ जन बुहिजीवियों के साथ ही समाज के पुरुषों, महिलाओं तथा बच्चों से प्रांगण महक रहा था। मूलचंद बाफना, सुरेश चंद जैन न सपत्नीक सारे कार्यों में पूर्ण भागीदारी की। नन्हा बालक भव्य कुम्मट बहुत ही सधी हुई सुरीली आवाज में मंगलाचरण में तथा मास्टर युवान टाटिया ने लोगस्स के पाठ से कार्यक्रम की शुरुआत का आगाज किया। दिशा तथा दीक्षा ने तपस्वियों के अनुमोदनार्थ अपने भाव रखे। डा. प्रेरणा जैन ने वर्षीत्य के बारे में जानकारी दी। श्रीमती पुष्पा वाफना, संध्या पुगलिया तथा मंजू सुगना का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचाला सीए पायल जैन ने किया। यह कार्यक्रम श्री सकल श्वेताम्बर जैन श्री संघ के तत्वाधान में संपन्न हुआ। यह जानकारी मूलचंद वाफना अध्यक्ष ने दी है।



# देर रात तक रही ईद उल फितर की रौनक



**भिलाईनगर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। ईद उल फितर पर शहर में खूब रौनक रही। सुबह ईद की नमाज से लेकर रात तक मुबारकबाद का सिलसिला जारी रहा। शहर की अलग.अलग मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद सेक्टर-6 में हाफिज इकबाल अंजुम हैदर की इमामत में हजारों लोगों ने नमाज अदा की। नमाज के बाद इमाम ने खुत्बा पढ़ा। वहीं भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट की ओर से सालाना रिपोर्ट सदर मिर्जा आसिम बेग ने पेश की। जिसमें उन्होंने मस्जिद में चल रहे तामीरी काम का ब्यौरा दिया। सदर मिर्जा आसिम बेग ने अपनी सालाना रिपोर्ट में बताया कि वजू खाना नए ढंग से बनाया जाएग। ईद की नमाज के बाद दुआएं की गई। जिसमें मुल्क में अमन व सलामती के लिए दुआओं पर हजारों हाथ उठे। ईदगाह में पहुंचे कई प्रमुख लोगों ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की। जामा मस्जिद सेक्टर.6 के ईदगाह मैदान के अलावा शहर के अन्य ईदगाहों व मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई। इनमें ईदगाह फरीद नगर, ईदगाह रिसाली, गौसिया मस्जिद कैम्प-1, अशरफी मस्जिद खुर्सीपार, मदनी मस्जिद जोन 1, 2 खुर्सीपार, रजा जामा मस्जिद कैंप-2, शेरे खुदा मस्जिद हाउसिंग बोर्ड ईदगाह मैदान, अशरफी मस्जिद रूआबांधा, मरकजी मस्जिद पावर हाउस कैंप-2, मदनी मस्जिद फरीद नगर, मरकज सुपेला, मस्जिद नूर और जामा मस्जिद हुडको सहित जामुल, चरोदा, भिलाई-तीन व कुम्हारी सहित आसपास की मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई। हाउसिंग बोर्ड ईदगाह मैदान में जामुल थाना प्रभारी कपिलदेव पांडेय व अन्य पुलिस कर्मियों का मस्जिद शेरे खुदा कमेटी की ओर से इस्तकबाल किया गया। मस्जिद पहुंचे प्रमुख लोगों में विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, मुकेश चंद्राकर, वीरेंद्र साहू, हरमीत सिंह होरा, श्रमिक नेता आर डी कोरी सहित अन्य शामिल थे।

# पद यात्रियों के लिए सर्विस रोड की हो रही धुलाई

**भिलाईनगर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। जितेन्द्र शुक्ला पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा दर्शन के लिए डोगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों एवं वाहन चालको के सुरक्षित आवागमन के लिए दिये गये निर्देश पर सुश्री ऋचा मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात एव सदानंद विध्यराज उप पुलिस अधीक्षक यातायात के नेतृत्व में दुर्ग पुलिस द्वारा कुम्हारी से अंजोरा बाईपास तक सुरक्षित कोरिडोर बनाकर रूट निर्धारित किये गये है। जिसमें सुरक्षा की दृष्टि से 4 पेट्रोलिंग वाहन तैनात किये गये है, जो लगातार 24 घण्टे 30 मार्च से 6 अप्रैल तक पेट्रोलिंग करेगें। जो पीए सिस्टम के माध्यम से पदयात्रियों को बाएं चलने के निर्देश देते रहेगें और इस मार्ग में किसी प्रकार का अवरूद्ध उत्पन्न नहीं होने देगें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात के निर्देश पर यातायात पुलिस के आरक्षक विजय शर्मा द्वारा आज नगर निगम भिलाई से संपर्क नेशनल हाईवे सर्विस रोड की सफाई एवं धुलाई करवाया गया, एवं नेशनल हाईवे में कुम्हारी सें पावर हाउस चौक तक हो रहे डामरीकरण कार्य को कुछ दिनों के लिये रोकने कहाँ गया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### महावीर कप के...

कर 130 रन 7 विकेट गंवा कर बनाएं और वही टीम संयम को विनम्र ने 86 रन पर रोककर यह मैच अपने नाम कर लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच राजकुमार सुराना को मिला। मैच के अम्पायर तरणदीप सग्गु, राजेश कुमार, स्कोरर राहुल सुराना, आशीष गोलछा, धैर्य लूनीया थे।

# संडे बाजार में यातायात व्यवस्थित हो : गुप्ता

**भिलाईनगर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता ने बताया कि संडे बाजार अथक प्रयास से हटाया गया था मगर स्थिति फिर ज्यों की त्यों बनने लग गई है शारदा गुप्ता ने कहां की शराब दुकान के कारण भी रोज जाम की स्थिति बनी रहती है रहती है 100 फीट की चौड़ी सड़क संडे बाजार 20 फीट में सिमट जाती है। रोज गुजरने वाले हजारों वाहन संडे बाजार की व्यवस्था फिर चरमरा गई है सुपेला चौक से लेकर राजेंद्र प्रसाद चौक तक जाम की स्थिति फिर बनने लग गई है यहां से रोज हजारों गाड़ियां रोज निकलती हैं। 100 फीट की सड़क 20 फीट में जाकर सिमट जाती है जबकि रोड को दो भागों में बाट भी दिया गया था इसके बाद भी जाम की स्थिति बन रही है संडे बाजार में ग्राहक गाड़ियों को सड़क पर ही पार्किंग कर रहे हैं। फल के ठेले रोड में ही खड़े रहते हैं इस अवैध पार्किंग सड़क केवल 10 फिट ही चलने योग्य बच जाती है यानी आवागमन के लिए सड़क बच नहीं पा रही है हर समय जाम की स्थिति बनती जा रही है व्यापारी अपने सामान को दिन प्रतिदिन आगे बढ़ाते जा रहे हैं लोग रेंग रेंग कर चल रहे हैं। पटरी पार के लोगों के लिए यह एक ही रास्ता है जहां से लोग आईआईटी, रुंगटा कॉलेज महत्वपूर्ण संस्थान में आना-जाना करते हैं और यहीं से संयंत्र कर्मी आना-जाना करते हैं और पटरी पर सेक्टर बच्चे ट्यूशन के लिए आना.जाना करते हैं पटरी पार के लोगों के लिए यही एक रास्ता है और दूसरा कोई रास्ता नहीं है इसी रोड पर दो.दो शराब के दुकान है जहां से महिलाएं भी आना जाना नहीं कर सकती और जिसके कारण हमेशा जाम रहता है जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता ने इस रोड पर फ्लाई ओवर की भी मांग की थी मगर प्रशासन ने फ्लाई ओवर को अनसुना करते हुए अंडर ब्रिज को प्राथमिकता दी रोज जाम से लोग हलकान हैं।



सड़क के दोनों तरफ दुकान है दिन प्रतिदिन वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है। मगर रोड उसी गति से छोटे होते जा रहे हैं। पूर्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के अथक प्रयास से उनकी संकल्प से संडे बाजार को व्यवस्थित किया गया था। मगर फिर से अतिक्रमणकारियो के हौसले बुलंद हैं और जिन्हें व्यवस्थित करने का साहस किसी में नहीं। पूर्व में ही जनहित संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन करके इस रोड को जाम से मुक्ति दिलाया था। शीघ्र ही कलेक्टर, एसपी से मिलकर जनता की समस्याओं से रूबरू कराया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता, विनोद उपाध्याय, हरिशंकर चतुर्वेदी, विशालदीप नायर, निशु पांडे, मदन सेन, पारस जंघेल, बंटी नाहर, विजय गुप्ता, श्रीनिवास मिश्रा सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे। शारदा गुप्ता जनहित संघर्ष समिति संयोजक ने जाम की स्थिति को शीघ्र सामान्य करने की मांग की है।

# पीएम आवास गृह प्रवेश में विधायक शामिल

## पीएम मोदी और सीएम विष्णुदेव का माना आभार



**दंतेवाड़ा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। विधायक चैतराम अटामी ग्राम पंचायत घोटपाल पहुंचे। यहां वे हितग्राही जब्बो बाई लेकामी एवं कमलू के प्रधानमंत्री आवास के गृहप्रवेश में शामिल हुए। उनके साथ खुशी के पल साझा किये। विधायक श्री अटामी ने हितग्राहियों को देवी देवताओ की स्मृति चिन्ह भेंट कर नये आवास की शुभकामनाये प्रेषित की। इस दौरान ग्राम वासियों से भी मुलाकात कर कुशलक्षेम जाना। उन्हें केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक योजनाओ का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने हेतु केंद्र व राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। श्री अटामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना था हर गरीब को पक्का मकान मिले, जिसे विष्णुदेव साय सरकार पूरा कर रही है। ग्रामीणों को पक्का मकान, शुद्ध पेय जल, शौचालय, गैस कनेक्शन तो किसानो को बोर वेल एवं तार फेंसिंग, किसान सम्मान निधि और महिलाओ को महतारी वंदन योजना जैसे अनेको जनकल्याणकारी योजनाए लागू हैं।

# 5-5 किग्रा के 2 नग आईईडी बरामद करने में सुरक्षा बलों को मिली सफलता

**नारायणपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। नारायणपुर पुलिस के द्वारा लगातार क्षेत्र में सघन नक्सल विरोधी अभियान चलाकर आईईडी डिटेक्शन की कार्यवाही कर क्षेत्र के ग्रामीणों को नक्सली आईईडी के विस्फोट से हो रहे नुकसान से बचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। साथ ही क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं सद्भाव का माहौल बनाये रखने के लिए आपराधिक तत्वों पर भी सुक्ष्म निगाह रखकर उनके विरूद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



इसी कड़ी में नारायणपुर पुलिस को डोंडरीपारा जंगल में आईईडी लगाने की आसूचना मिलने पर थाना कोहकामेटा से निरीक्षक श्री शैलेन्द्र दुबे के हमराह डीआरजी एवं बीडीएस टीम संयुक्त बल तस्दीक हेतु एरिया डोमिनेशन डिमाईनिंग कार्यवाही हेतु ईरकभट्टी-कानागांव की ओर रवाना हुए थे दौरान सर्चिंग के कोहकामेटा-इरकभट्टी के बीच से डोंडरीपारा जाने वाली पगडंडी के पास का जंगल में एक कमाण्ड आईईडी मिला जिसका वजन लगभग 5 कि.ग्रा था।

सुरक्षा बलों द्वारा डोंडरीपारा जंगल एरिया का सघनता से सर्चिंग करते हुए आगे बढ़ने पर एक संदिग्ध व्यक्ति जो पुलिस पार्टी को देखकर लुकछिप कर भाग रहा था, जिसे सुरक्षा बलों द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसको हिरासत में लेकर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम सोमारू सलाम उर्फ ईडतो पिता स्व. विज्जा निवासी ईकमेटा पंचायत मुरनार का होना बताया। जिसके निशानदेही पर उसके कब्जे से 01 नग टिफिन बम, वजनी करीबन 5 कि.ग्रा., इलेक्ट्रीक वायर एवं 01 नग डेटोनेटर एवं 08 नग सेल बैटरी बरामद हुआ।

- आईईडी के चपेट में आने से बाल-बाल बचे सुरक्षा बल
- मामला थाना कोहकामेटा का

संदेही सोमारू सलाम को बारीकी से पूछताछ करने पर टिफिन बम को सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के नीयत से आसपास क्षेत्र में लगाये जाने के फिराक में घुमना एवं सुरक्षा बलों के आने-जाने वाले मार्ग का रेकी करना बताया और उन्होनें स्वयं को ईकमेटा पंचायत मुरनार एरिया कमेटी अन्तर्गत मिलिशिया सदस्य के रूप में कार्य करना, पुलिस कैम्प, सड़क और अन्य विकास कार्यों का विरोध करना, रोड काटकर आवागमन बाधित करना, नक्सली बैनर लगाना, नक्सली लीडर वैसू, दिनेश, सुखलाल, रीना से मेल-जोल रखना, नक्सलियों का बाजार से सामग्री पहुंचाना, गांव में रहकर नक्सलियों के लिए राशन एकत्रित करना बताया। कोहकामेटा-कुन्दला के बीच नाला के पास माओवादियों के साथ मिलकर रोड काटकर मार्ग अवरूद्ध करने में रही इसकी मुख्य भूमिका।

बरामद 02 नग आईईडी का वजन लगभग 5-5 कि.ग्रा. का था जिसे सुरक्षा बलों द्वारा बीडीएस टीम की मदद से सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय किया गया। जिस संबंध में थाना कोहकामेटा में धारा 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का मामला पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान में लिया गया। आरोपी सोमारू सलाम उर्फ ईडतो द्वारा जुर्म कुबुल करने पर दिनांक 30.03.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

गिरफ्तार आरोपी- सोमारू सलाम उर्फ ईडतो पिता स्व. विज्जा उम्र 30 वर्ष ग्राम ईकमेटा थाना कोहकामेटा जिला नारायणपुर (छ.ग.)।

आपराधिक प्रकरण- थाना कोहकामेटा अपराध क्रमांक- 06/2025 धारा 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम।

# ईद के मौके पर मुस्लिम समाज ने जुलूस में तिरंगा लहराकर दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश



**कोण्डागांव,** 31 मार्च (देशबन्धु)। ईद के पावन अवसर पर फरसगांव नगर में मुस्लिम समाज द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें धार्मिक झंडों के साथ-साथ राष्ट्र ध्वज तिरंगा भी लहराया गया। इस पहल ने समाज में राष्ट्र प्रेम और धार्मिक सौहार्द्र का अनूठा संदेश दिया। जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए, जिन्होंने ईद की खुशियों को सभी समुदायों के साथ साझा किया। तिरंगे के साथ निकले इस जुलूस ने भाईचारे और एकता का उदाहरण प्रस्तुत किया।

**कड़ी सुरक्षा व्यवस्था**

जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सका। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ प्रशासन भी सतर्क रहा ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

**सामाजिक सौहार्द्र का संदेश**

नगर के गणमान्य नागरिकों ने मुस्लिम समाज की इस पहल की सराहना की और इसे सांप्रदायिक सौहार्द्र की मिसाल बताया। इस आयोजन ने समाज में आपसी भाईचारे और प्रेम को और अधिक सशक्त किया।

**स्थानीय नागरिकों की प्रतिक्रिया**

नगरवासियों ने जुलूस को देखकर खुशी जताई और इसे भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक बताया। कई लोगों ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सौहार्द्र बढ़ाने में सहायक होते हैं और सभी समुदायों को एकजुट करने का काम करते हैं।

**धर्म से बड़ा है देश**

ईद के इस मौके पर मुस्लिम समाज ने न केवल धार्मिक आस्था का प्रदर्शन किया, बल्कि देश के प्रति अपनी अटूट निष्ठा भी प्रकट की। तिरंगे के साथ निकले इस जुलूस ने यह संदेश दिया कि धर्म कोई भी हो, लेकिन देश सर्वोपरि है।

# नगरीय प्रशासन व विकास विभाग के अपर संचालक ने पेयजल व्यवस्था व निर्माण कार्यों की ली जानकारी



**कोण्डागांव,** 31 मार्च (देशबन्धु)। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के अपर संचालक पुलक भट्टाचार्य रविवार को बस्तर प्रवास के दौरान कोंडागांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका कोंडागांव कार्यालय पहुंचकर अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी के साथ मुलाकात करने के पश्चात् नगर में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था के संबंध में विस्तृत चर्चा कर जानकारी ली और उनके द्वारा नगर में हो रहे निर्माण कार्य में अधोसंरचना मद 15 वित्त वर्ष में अटल परिसर निर्माण की समीक्षा किया गया। साथ ही निकाय के राजस्व आय बढ़ाने के लिए गार्डन सामुदायिक भवन, तालाब, गार्डन को पीपीई मोड पर देने के सुझाव दिए। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे उपस्थित रहे।

# गाय के हर्निया का हर्नियोप्लास्टी से सफल सर्जरी किया

**कोण्डागांव,** 31 मार्च (देशबन्धु)। पशुधन विकास विभाग कोंडागांव के चिकित्सकों ने हर्नियोप्लास्टी द्वारा गाय के हर्निया का सफल ऑपरेशन किया। ज्ञात हो कि शुक्रवार 28 मार्च 2025 को विकास खंड फरसगाँव के ग्राम बोरगांव में पशु मालिक राखल राव की गाय को पिछले एक माह से पेट में सूजन की शिकायत थी, जिससे गाय को खाने-पीने में तकलीफ हो रही थी और वह कमजोर होती जा रही थी। सूचना मिलने पर जिले में पदस्थ पशु चिकित्सकों ने जांच की और पाया कि गाय की पेट की मांसपेशियां फट जाने के कारण हर्निया बन गया था।

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला कोंडागांव के निर्देशानुसार गाय की जीवन रक्षा हेतु एवं पशु मालिक की सहमति से डॉ.ढालेश्वरी ने तत्काल सर्जरी से हर्नियोप्लास्टी करने का निर्णय लिया। इस सर्जरी में डॉ.कृष्ण कोर्राम (वीएएस, मर्दापाल) एवं डॉ.अनिल (एमयूवी, फरसगाँव) का विशेष सहयोग रहा।

**जिले में किए जा चुके हैं कई सफल ऑपरेशन**

बीते दो वर्षों में जिले के पशु चिकित्सकों ने लगातार कई सफल ऑपरेशन कर पशु चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इन ऑपरेशनों में न केवल पालतू पशु बल्कि अन्य प्रकार के जानवर भी शामिल रहे हैं, जिनका जटिल से जटिल ईलाज सफलतापूर्वक किया गया है। यही नहीं जिले के बाहर से भी यहां इलाज व ऑपरेशन के लिए पशु लाए जाते रहे हैं, जिनका सफल इलाज किया जा चुका है। यह जिले की पशु चिकित्सा विभाग के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो लगातार पशु चिकित्सा सेवा क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं दे रही है।



कोण्डागांव के पशु चिकित्सकों ने

पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ.ढालेश्वरी ने बताया कि गाय में वेंट्रल हर्निया तब होता है जब पेट की दीवार कमजोर हो जाती है या फट जाती है, जिससे पेट के अंदरूनी अंग बाहर की ओर उभर आते हैं। यह आमतौर पर पेट के निचले हिस्से में दिखाई देता है। इसका कारण चोट लगने, गिरने या सींग से मार खाने की वजह से पेट की दीवार कमजोर हो सकती है। बार बार गर्भ धारण करने या मुश्किल प्रसव के कारण पेट की मांसपेशियां कमजोर हो सकती हैं। गाय या पशुओं को भारी भार खींचने या झटके से खड़ा होने के कारण हर्निया हो सकता है। साथ ही पेट की किसी पुरानी चोट, सर्जरी या संक्रमण के कारण पेट की दीवार कमजोर हो सकती है। इसका लक्षण पेट के निचले हिस्से में सूजन दिखना, गाय को चलने या खड़े होने में कठिनाई होना, अधिक गंभीर मामलों में भूख कम होना और कमजोरी शामिल है। बड़े हर्निया होने पर हर्नियोप्लास्टी के माध्यम से प्रक्रिया में कमजोर या फटी हुई मांसपेशियों में मेष का उपयोग किया जाता है, ताकि हर्निया दोबारा न हो। इससे रोकथाम के लिए गर्भवती गायों को अतिरिक्त पोषण आहार दें ताकि उनकी मांसपेशियां मजबूत रहें। प्रसव के दौरान अधिक सावधानी बरतें, अगर चोट लगे तो तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सालय में इलाज कराएं।

# नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का पलारी में स्वागत

**पलारी** 31 मार्च (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष बहन सुश्री सुमित्रा धृतलहरे के प्रथम पलारी नगर आगमन पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी पलारी के अध्यक्ष सुनील कुर्रे के नेतृत्व में ऐतिहासिक स्वागत पलारी के साईं मंदिर चौक पर किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद पंचायत पलारी के पूर्व अध्यक्ष खिलेंन्द्र वर्मा जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे नंदेश्वर साहू नगर पंचायत अध्यक्ष रोहांसी उपाध्यक्ष पितांबर साहू अश्वनी वर्मा श्याम लाल पटेल शिवराम सेन रज्जाक खान रसूल बेग पुनित साहू लेखराम गनहरे मनहरन शर्मा गुलाब यदु मेघनाथ यादव तरुण चन्द्राकर सनत वर्मा राम ध्रुव रामखिलावन साहू मुरली साहू यशवंत बांधे महेश ढीढी महेंद्र सुरतांगे ईश्वर चंद्रवंशी युवराज चन्द्राकार बिशेसर वर्मा मिलन साहू प्रवीण धुरंधर विरेन्द्र महेश्वरी जनपद सदस्य उपस्थित थे।

# आईटीबीपी जूडो कोचिंग कैम्प कोंडागांव से प्रशिक्षित 17 खिलाड़ियों ने जीते 13 स्वर्ण, 2 रजत व 2 कांस्य पदक

**कोण्डागांव,** 31 मार्च (देशबन्धु)। जगदलपुर में 30 मार्च को अस्मिता महिला जूडो लीग आयोजित हुई, जिसमें बस्तर संभाग से 120 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में आईटीबीपी जूड़ो कोचिंग कैम्प कोड़ागांव से प्रषिक्षित 17 खिलाड़ियों ने भाग लिया और जिसमें खिलाड़ियों ने 13 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक एवं 2 कांस्य पदक प्राप्त किये। सब जूनियर में स्वर्ण पदक 32 किलोग्राम में लिलेश्वरी, 36 किलोग्राम में गीता पटेल, 40 किलोग्राम में ममता नेताम, 44 किलोग्राम में योगिता मण्ड़ावी, 48 किलोग्राम में चन्द्रप्रभा ठाकुर, 52 किलोग्राम में लेखा नेताम, 57 किलोग्राम में निलिमा, 57 किलोग्राम में भूमिका व कैडिट में स्वर्ण पदक 40 किलोग्राम में हेमवति नाग, 44 किलोग्राम में लिकेश्वरी, 52 किलोग्राम में निर्मला सोरी, 57 किलोग्राम में राजेश्वरी व जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक 48 किलोग्राम में योवानशी एवं सब जूनियर में कांस्य पदक 44 किलोग्राम में प्रिया सोना व कैडिट वर्ग में 57 किलोग्राम में क्रिस्टीना नाग व रजत पदक 40 किलोग्राम में मंगली, 48 किलोग्राम में रमशिला ने प्राप्त किये। यह सभी खिलाड़ी विगत कई वर्षों से प्रशिक्षक नारायण सोरेन व उदयसिंह यादव से जूड़ो खेल का निरन्तर अभ्यास कर रहे हैं।




41 वीं वाहिनी भा.ति.सी.पुलिस बल नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात है। जिनके द्वारा क्षेत्र में सुरक्षा देने के मूल कर्तव्य का निर्वहन करने के साथ ही वर्ष 2016 से कोण्ड़ागांव (छ.ग.) के आदिवासी एवं नक्सल पीड़ित परिवारों के बच्चों को बल के जूड़ो प्रशिक्षकों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 41 वीं वाहिनी के सेनानी के नेतृत्व में यह जूडो कोचिंग कैम्प चलाया जा रहा है। सेनानी नरेन्द्र कुमार व जिला प्रशासन द्वारा सभी खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देने के साथ ही निरन्तर इसी प्रकार प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

# पर्णकुटी में विराजे श्रीराम, नवमीं तक अनुष्ठान



**दंतेवाड़ा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। डंकनी तट पर स्थित भगवान श्रीराम मंदिर पर्णकुटी में रविवार को घट स्थापना के साथ ही चैत्र नवरात्रि पर्व का शुभारंभ हुआ। बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा प्रस्तावित श्रीराम मंदिर निर्माण स्थल पर यह आयोजन किया जा रहा है। समाज प्रमुखों ने बताया कि श्रीराम नवमी तक रोजाना यहां अनुष्ठान चलता रहेगा।

शक्तिपीठ मां दंतेश्वरी मंदिर के ठीक सामने पर्णकुटी में विराजमान भगवान राम जन आस्था का केंद्र बनने लगे हैं। घास-फूस से बनी पर्णकुटी सुनहरी आभा के साथ दमकती हुई दिखती है। बस्तर धाकड़ क्षत्रिय समाज ने इसी साल 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह पर्णकुटी बनाई। जन सहयोग से हरेक गांव से एक-एक गट्ठा घास मंगवाकर लकड़ी व बांस से यह पर्णकुटी तैयार की गई। वार्षिकोत्सव मनाने के बाद अब रोजाना यहां नियमित रूप से पूजा-पाठ होने लगा है।

- दंतेवाड़ा का पहला श्रीराम मंदिर
- गांव-गांव से घास इकट्ठा कर बनाया गया मंदिर
- शक्ति पीठ में आस्था का एक और केन्द्र

नगर में भगवान श्रीराम का यह पहला सार्वजनिक मन्दिर होने से जन आस्था का केंद्र बन गया है। इस जगह मंदिर के निर्माण से माँ दंतेश्वरी कॉरीडोर के छूट गए व उपेक्षित हिस्से की शोभा बढ़ेगी। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने अपना वनवास काल का ज्यादातर समय घास-फूस से बनी पर्णकुटी में ही बिताया था। चूंकि दंडकारण्य यानी वर्तमान बस्तर भी राम वन गमन पथ का प्रमुख हिस्सा रहा है, इसीलिए स्व प्रेरणा से समाज ने प्रारंभिक रूप से पर्णकुटी बनाकर ही समाज के आराध्य प्रभु श्रीराम को विराजमान करने का निर्णय लिया।

# एकल अभियान का 5 दिवसीय अभ्यास वर्ग

**दंतेवाड़ा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। एकल अभियान अंचल बैलाडीला के तत्वावधान में 5 दिवसीय प्राथमिक शिक्षा आचार्य अभ्यास वर्ग लगाया गया, जिसका विधिवत समापन आज हुआ।



यह अभ्यास वर्ग नगर के कतियाररास के शुभ लग्न वाटिका भवन में आयोजित किया गया था, जिसमें बैलाडीला अंचल क्षेत्र के बालुद, रोंजे, बड़े तुमनार, जावंगा, बारसूर एवं बडे गुडरा से आचार्य दीदी एवं भईया अभ्यास वर्ग में शामिल होने उपस्थित हुए थे। इस अभ्यास वर्ग में करीब 50 आचार्य उपस्थित हुए जिसमें 35 महिला आचार्य एवं 15 पुरूष आचार्य शामिल रहे। आचार्यो को प्रशिक्षण देने वाले पूर्णकालिक आयतूराम मंडावी ने जानकारी देते बताया कि एकल के 5 प्रमुख आयाम होते हैं। अभ्यास वर्ग में आचार्यो को बच्चों को विद्यालय में कैसे पढ़ाया जाए, शिक्षा, संस्कार, पंचमुखी शिक्षा के साथ साथ एक शिक्षा बच्चों के लिए तो चार शिक्षा गांव वालों के लिए की थीम पर अभ्यास करवाया जाता है। जिसमें प्राथमिक शिक्षा, आरोग्य शिक्षा, जागरण शिक्षा, ग्राम विकास, भारतीय संस्कृति, संस्कार शिक्षा के संबंध में बताया जाता है साथ ही बच्चों को बालगीत के माध्यम से पढ़ना, खेलना, गिनती, लिखना बोलना समेत व्यायाम योग आदि का प्रशिक्षण भी आचार्यो को दिया गया। रविवार को अभ्यास वर्ग के 5वें दिन गुड़ी पड़वा एवं हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में शाम को अभ्यास वर्ग परिसर को रंगोली से सजाया गया। आराध्य देव भगवान श्रीराम की मूर्ति के समक्ष दीप प्रावलित कर आरती वंदना की गई। तदोपरांत उपस्थित आचार्यो द्वारा भजन कीर्तिन का भी गायन कर नव वर्ष को धूमधाम के साथ मनाया गया। आज अभ्यास वर्ग का विधिवत समापन किया गया। सुशीला नाग (छ0ग0 संभाग महिला प्रमुख) एवं जागेश्वर सिहा (ग्राम विकास प्रमुख) ने भी प्राथमिक अभ्यास वर्ग में आचार्यो को प्रशिक्षण दिया। अभ्यास वर्ग के सफल आयोजन के लिए एकल अभियान बैलाडीला अंचल समिति की सहभागिता भी सराहनीय रही।

- प्राथमिक शिक्षा से जुड़े 50 आचार्य शामिल
- हिंदू नववर्ष और गुड़ी पड़वा पर्व की धूम

# अभा पू. सैनिक सेवा परिषद् ने प्रारंभ किया निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण व मार्गदर्शन का 7वां चरण

**कोण्डागांव**, 31 मार्च (देशबन्धु)। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन का 7वां चरण प्रारंभ किया गया। अतिथियों के द्वारा भारत माता के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर एवं समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारम्भ किया गया। बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा एवं जिला अध्यक्ष सूरज कुमार यादव ने बताया कि युवाओं को भारतीय सेना, अग्निवीर योजना एवं अन्य सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए तैयार करने के उद्देश्य से निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम के 7वें चरण का शुभारंभ किया गया है। यह कार्यक्रम 30 मार्च से विकास नगर स्टेडियम कोण्डागांव में आयोजित किया गया।



जहाँ प्रशिक्षित पूर्व सैनिकों द्वारा युवाओं को शारीरिक प्रशिक्षण, लिखित परीक्षा की तैयारी एवं अन्य आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को रक्षा सेवाओं में केरियर बनाने के लिए प्रेरित करना और उनकी भर्ती की संभावनाओं को मजबूत करना है। कार्यक्रम शुभारंभ के दौरान अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद् कोण्डागांव के पदाधिकारी व भूतपूर्व सैनिक सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी युवा उपस्थित थे।

**प्रशिक्षण का स्वरूप-**

शारीरिक प्रशिक्षण- दौड़, कसरत, पुश अप्स, चिन-अप्स और सहनशक्ति बढ़ाने की गतिविधियाँ।

लिखित परीक्षा तैयारी- गणित, सामान्य ज्ञान, रीजनिंग और अंग्रेज़ी पर विशेष फोकस।

मॉक टेस्ट एवं इंटरव्यू गाइडेंस- परीक्षा पैटर्न को समझने और इंटरव्यू में सफलता पाने के लिए विशेष कक्षाएँ।

अनुशासन एवं प्रेरणादायी सत्र- पूर्व सैनिकों एवं विशेषज्ञों द्वारा प्रेरणादायक मार्गदर्शन।

10 वीं या 12 वीं उत्तीर्ण अन्य उच्च शिक्षा में उत्तीण युवा, जो सेना, अग्निवीर या अन्य सुरक्षा बलों में भर्ती होना चाहते हैं। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने ऐसे युवाओं से इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना पंजीयन कर प्रशिक्षण का हिस्सा बन सकते हैं।

इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी पवन नेताम, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के सरंक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिला अध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, मीडिया प्रभारी कमलेश्वर ध्रुव, सह सचिव रवि ठाकुर, केशकाल ब्लॉक अध्यक्ष आसमन मंडावी, बड़ेराजपुर ब्लॉक अध्यक्ष रूपम राम मरकाम, पूर्व सैनिक हीरासिंह कोर्राम, सेवारत सैनिक डोनेंद्र कुमार, सेवारत सैनिक घिना नेताम, अधिवक्ता दीपक ठाकुर, माधवलाल सोनी, छनेंद्र पाणिग्राही, पवन सोनी, हीरालाल तालुकदार, श्रीमती केकती बर्मन और सैन्य प्रशिक्षण लेने वाले युवक एवं युवतियां उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद

**पलारी** 31 मार्च (देशबन्धु) पलारी सहित आस पास के गांवों में ईद का पर्व धूम धाम से मनाई गई। नगर के मुस्लिम जमात के लोग आज ईद के मुबारक मौके पर नए नए परिधान में नगर में स्थित ईदगाह पहुंच कर ईद की नमाज अदा की। मौलाना मुस्तकीम रजा ने ईद की नमाज अदा कराई। उन्होंने ईद की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए तकरीर पेस की। नमाज के बाद नगर सहित देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई। नमाज में नगर सहित आस पास के मुस्लिम भाई लोग भी शामिल हुए। नमाज के बाद सभी लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दी। ईद पर दोस्त यार जनप्रतिनिधियों ने मुबारक बाद दी। इस अवसर पर ईदी पाकर पर बच्चे ज्यादा खुश नजर आए। रमजान माह के तीस दिन के रोजा के बाद यह यह त्यौहार मनाया जाता है। इस अवसर पर सेवइयों का लुत्फ उठाया गया। विकास खण्ड के ग्राम सोनार देवरी में भी ईद की नमाज ईदगाह में अदा कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई।

## संपादकीय

### घरों में घुसते अपराधी: रहें सावधान

*राजधानी रायपुर के अलावा उसके आसपास अपराध इस कदर बढ़ते जा रहे हैं कि लोगों का जीवन खतरे में हो चला है। पुलिस तो अपनी ओर से जितना सम्भव हो ऐसे अपराधों की रोकथाम करने तथा आपराधिक कृत्यों की जांचकर उन्हें न्याय के घेरे में लाने की कोशिश करती ही रहती है लेकिन नागरिकों को भी चाहिये कि वे सावधान रहें। बाहर हों या घरों में रहें, उन्हें अपराधियों से बचने के अपनी ओर से भी इंतज़ाम कर रखने चाहिये। सुरक्षा के यथासम्भव सभी उपाय कर रखने चाहिये।*

*घरों के बाहर रहने पर सुरक्षा उपायों की बात है, तो वाहन चालन हो या पैदल चलना हो, सावधानी अपनायें। फुटपाथों का उपयोग करें व तेज गति यातायात से सतर्क रहें। खुद तो सम्हलकर रास्तों को पार करना ज़रूरी है, बुजुर्गों, बीमारों या बच्चों को सुरक्षित तरीके से पैदल चलने या रास्ते, चौक-चौराहे पार करायें। कुछ अनहोनी होने की स्थिति में सभी आवश्यक मोबाइल नंबर उपलब्ध रहें। विशेषकर महिलाओं को बाहर जाते वक्त न्यूनतम या कृत्रिम आभूषणों का इस्तेमाल करना चाहिये। यदि मांगलिक कार्यों में जाना हो व गहने पहनने आवश्यक हों तो उन्हें पूरी सावधानी से लेकर जायें। भारी ज्वेलरी के साथ महिलाओं को अकेले जाना टालना चाहिये।*

*इन दिनों घरों के भीतर भी सुरक्षा का सवाल पैदा हो गया है। कुछ दिनों पहले रायपुर के बाहरी इलाकों में डंडे-लाठियां लिये बदमाशों का गैंग लोगों के घरों के बाहर घूमता नज़र आया था। ये रहिवासियों के घरों को खटखटाते हुए उनके दरवाजे खुलवा रहे थे। उनका मकसद हथियार दिखाकर लूट-पाट करना था। इनकी हरकतें सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई थीं। रायपुर के नज़दीक खरोरा थाने के अंतर्गत केवराडीह गांव में 7 असामाजिक तत्वों के समूह ने एक घर से 6 लाख रुपये की डकैती की। वे छत की ओर से घुसे। तलवारों व बन्दूकों से लैस डाकुओं ने घर के सभी लोगों के हाथ-पांव बांध दिये तथा नगद व जेवर लेकर भाग गये।*

*पिछले वर्ष के नवम्बर में जशपुरनगर के कांसाबेल थाना क्षेत्र के अंतर्गत बटईकेला गांव के बैंक सेवा केन्द्र में बैठे संचालक को दो हथियारबन्द नकाबपोश लूटने दिनदहाड़े पहुंचे थे। शोर-शराबा सुनकर उसे बचाने हेतु आई उसकी 60 वर्षीय दादी फायरिंग में मारी गयी। संजू भी घायल हो गया था। संजू के सिर पर पिस्तौल तानकर वे पैसों की मांग कर रहे थे। अभी रायपुर के दलदल सिवनी के एक युवक का पिस्तौल के साथ वीडियो चर्चा में है जो बताता है कि हथियारों की पहुंच आसान हो गयी है।*

*इसलिये मुकम्मल सुरक्षा व्यवस्था हो। घरों के दरवाजे मजबूत हों तथा शटर या जाली लगवा लेना बेहतर है ताकि बाहरी व्यक्ति को देखने के बाद दरवाजे खुलें। अपने निवास और काम की संवेदनशीलता को देखते हुए; और सम्भव हो तो सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने चाहिये।*

**उल्टा पुल्टा**

पुलिस (शराबी से)- रात के 1 बजे तुम कहां जा रहे हो?
शराबी (पुलिस से)- मैं शराब पीने के दुष्परिणाम पर भाषण सुनने जा रहा हूं।
पुलिस (शराबी से)-इतनी रात में तुम्हे कौन भाषण देगा?
शराबी- मेरी बीवी।

# अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे दिव्यांगों को पुलिस ने उठाया

## मरीन ड्राइव से तूता धरना स्थल किया शिफ्ट



**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। मरीन ड्राइव पर अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे दिव्यांगजनों को पुलिस ने उठाया. प्रदेशभर से जुटे इन 60-70 दिव्यांगजनों को पुलिस ने तूता धरना स्थल शिफ्ट किया है। अपनी छह सूत्रीय मांगों के प्रति शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए 26 मार्च को तमाम दिव्यांग मरीन ड्राइव से जय स्तंभ चौक तक पैदल मार्च निकालने के लिए एकत्रित हुए थे. पुलिस के रोके जाने के बाद से स्थल पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे. रविवार को इन दिव्यांगों ने अर्धनग्न प्रदर्शन भी किया था. प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव लोकेश वशिष्ठ भी शामिल हुए थे।

**दिव्यांगजनों की छह सूत्रीय मांग**

सभी जगह पर काम करने वाले फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर दिव्यांग जनों का राज्य मेडिकल बोर्ड से दिव्यांगता का भौतिक परीक्षण कराकर फर्जी दिव्यांग शासकीय कर्मियों को बर्खास्त किया जाए. दिव्यांगजनों को प्रतिमाह 5 हजार रुपए मासिक पेंशन दिया जाए. बीपीएल की बाध्यता को खत्म किया जाए. 18 वर्ष से अधिक के अविवाहित दिव्यांग युवती को महतारी वंदन योजना का लाभ दिया जाए. दिव्यांगजन विशेष भर्ती अभियान चलाकर अति शीघ्र शासकीय पद निकलते हुए विज्ञापन जारी किया जाए. शासकीय दिव्यांग कर्मियों को पदोन्नति में चार प्रतिशत आरक्षण दिया जाए. बेरोजगार दिव्यांगों को बिना गारंटर लोन दिलाया जाए. कोरोना के पूर्व दिए गए सभी लोन माफ किया जाए।



# बूढ़ा तालाब में चौपाटी निर्माण के खिलाफ धरने की अनुमति नहीं मिलने पर निकाली रैली

**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। दानी गर्ल्स स्कूल डिग्री गर्ल्स कॉलेज मार्ग में बनाई जा रही चौपाटी का कई सालों से यहां के नागरिक एवं एनजीओ विरोध करते आए हैं। सोमवार को दानी गर्ल्स स्कूल गेट के सामने भारी मात्रा में एकत्रित होकर एक बार फिर यहां के लोगों ने अपना विरोध दर्ज किया एवं रैली निकाली।

सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक कन्हैया अग्रवाल ने कहा महापौर श्रीमती मीनल चौबे द्वारा काम बंद करने के आदेश दिए गए थे, परंतु बड़े लोगों के संरक्षण में चौपाटी निर्माण लगातार जारी है।वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अजीत आनंद डिगवेकर ने चौपाटी बनाए जाने से तालाब, वेटलैंड एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान पर प्रकाश डाला।

बुढ़ापारा के वरिष्ठ नागरिक दीपक शर्मा ने चौपाटी की छत से दानी गर्ल्स स्कूल के बाथरूम एवं हॉस्टल नजर आने से बहन बेटियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े किए।वरिष्ठ नागरिक चंद्रशेखर गायकवाड ने जरूरत होने पर यह लड़ाई कोर्ट तक ले जाने की बात करी।

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता अनुभव चरण शुक्ल ने नागरिकों को पर्यावरण सुरक्षा का अपना मूल कर्तव्य याद दिलाया।ग्रीन आर्मी रायपुर अध्यक्ष, गुरमीत टुटेजा ने विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के संतुलन पर जोर दिया।

इस मौके पर सत्यमेव जयते फाउंडेशन, हर की पौड़ी ग्रुप, पूर्व सभापति प्रमोद दुबे, छाया पार्षद राहुल तिवारी, मोहन वरलियानी, सुनील बंसल, आकांक्षा शुक्ला, गोलू नायक, संयम अग्रवाल, शरद गुप्ता, मनोज पाल, शंकर सिंह, सुशील बरोरे ,प्रतीक तिवारी, सागर वाकडे, अभिषेक कसार, राजेंद्र जैन, सुरेश बाफना एवं स्थानीय निवासी मौजूद रहे ।

# पेंड्रा सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों को मिलेगा 5 लाख का मुआवजा

**मुख्यमंत्री ने की घोषणा**

**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)।पेंड्रा सड़क हादसे में विगत दिनों दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 8 ग्रमीण घायल हुए थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिला प्रशासन को मृतकों के परिजनों को 5 लाख रूपये, गंभीर रूप से घायल 4 ग्रामीणों को 1 लाख रूपये और आंशिक रूप से घायल 4 ग्रामीणों को 50 हजार रूपये आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले के कोटमी थाना चौकी अंतर्गत पुल पार कर रही महिला से टक्कर होने के बाद बोलेरो अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरी थी। घटना में टक्कर से महिला की मौत हुई थी।वहीं कार सवार मृतक बाबूराम चौधरी और रमिता बाई की मौत हो गई।

# भूपेश मतलब भ्रष्टाचार', महादेव सट्टा एप घोटाले पर भाजपा ने पोस्टर के जरिए साधा निशाना




**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी का लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के खिलाफ शुरू हुआ पोस्टर वार थमने का नाम नहीं ले रहा है।ताजा हमला महादेव सट्टा एप को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर किया है, जिनके निवास पर हाल ही के दिनों में सीबीआई ने छापा मारा था

छत्तीसगढ़ भाजपा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए पोस्टर में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को महादेव सट्टा एप घोटाला की गठरी लिए दिखाया गया है, जिसमें से गिरते नोट से तमाम पंजा छाप अधिकारी एकत्रित करते नजर आ रहे हैं।इसमें भूपेश के साथ भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को भी दिखाया गया है। वहीं दूसरी ओर जिन अधिकारियों को दिखाया गया है, उनमें हाल ही सीबीआई ने जिन अधिकारियों के घरों पर छापेमारी की थी, उनकी छवि नजर आ रही है।

महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले में सीबीआई ने 26 मार्च को रायपुर-भिलाई के अलावा भोपाल, कोलकाता और दिल्ली में 60 जगहों पर छापेमारी की।इसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर के अलावा भिलाई स्थित निवास के अलावा कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव, भूपेश बघेल के पूर्व ओएसडी मनीष बंछोर और आशीष वर्मा, 4 आईपीएस अफसरों के ठिकानों पर दबिश दी थी।

# डबल इंजन की सरकार में धान खुले बाजार में बेचना पड़ रहा

## उत्पादन से ज्यादा की धान खरीदी कैसे हो गयी? : दीपक बैज



**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार इस वर्ष 40 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान को खुले बाजार में बेचने जा रही है।लगभग इतना ही धान उत्पादन से अधिक है जिसे सरकार ने खरीदा है। मतलब किसानों के पैदा किये धान से 44 लाख मीट्रिक टन धान अधिक खरीदा गया जिसे खुले बाजार में बेचना पड़ रहा है। यह राज्य के खजाने पर डकैती है तथा संगठित भ्रष्टाचार है। प्रदेश में किसानों से धान खरीदी के नाम से भाजपा सरकार ने 13,000 करोड़ से अधिक की गड़बड़ियां घोटाला किया है।

श्री बैज ने कहा कि भाजपा सरकार ने सदन में प्रदेश में 110 लाख मैट्रिक टन धान उत्पादित होने का आंकड़ा दिया है।सरकार ने इस वर्ष जो धान खरीदी किया है वह 154 लाख मैट्रिक टन से अधिक हैं। जब प्रदेश में इतना धान उत्पादित नहीं हुआ है, जितना खरीदी बताया जा रहा है तो सरकार को जवाब देना चाहिए की 110 लाख मीट्रिक टन से ऊपर की जो 44 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है वह धान कहां से आया है? पिछले वर्ष भी सरकार ने उत्पादन से लगभग 10 लाख मीट्रिक टन धान अधिक खरीदा था, विधानसभा में सरकार ने बताया था कि पिछले वर्ष धान का उत्पादन 100.3 लाख मीट्रिक टन हुआ था तथा सरकार ने 110 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का दावा किया था जब उत्पादन कम था तो खरीदी ज्यादा कैसे हो सकती है?

उन्होंने कहा कि भाजपा डबल इंजन की सरकार का दंभ भरती है यदि राज्य सरकार के द्वारा कुल उपार्जित धान के द्वारा बने चावल को केंद्र सरकार सेंट्रल पुल में नहीं खरीद रही है तो ऐसी डबल इंजन की सरकार का राज्य की जनता को क्या फायदा? राज्य के भाजपा के नेता दलीय प्रतिबद्धता में मोदी सरकार के द्वारा राज्य के साथ किये जा रहे अन्याय पर चुप्पी साधे हुए है। मुख्यमंत्री, मंत्री, भाजपा के पदाधिकारी किसी ने भी राज्य के सेंट्रल पुल के चावल के कोटे को बढ़ाने के बारे में एक बार भी नहीं कहा।

# बिना मान्यता के स्कूलों का संचालन

**लोक आयोग ने स्कूल शिक्षा सचिव से जवाब मांगा**

**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। बिना मान्यता के स्कूलों के संचालन, और विद्यार्थियों से अवैध वसूली को लेकर केपीएस स्कूल समूह के खिलाफ शिकायत पर राज्य लोक आयोग ने स्कूल शिक्षा सचिव से अभिमत मांगा है।शिकायत में स्कूल शिक्षा विभाग के तीन अफसरों पर स्कूल प्रबंधन को संरक्षण देने का आरोप है।

राज्य लोक आयोग ने कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी की शिकायत पर स्कूल शिक्षा सचिव को रिमांइडर लेटर जारी किया है। प्रकरण पर 15 अप्रैल को सुनवाई होगी।कांग्रेस प्रवक्ता ने केपीएस स्कूल समूह के खिलाफ अलग-अलग स्तरों पर शिकायत की।

बताया गया कि केपीएस निजी स्कूल समूह प्रदेश में सबसे ज्यादा स्कूलों का संचालन करता है। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि केपीएस के कई स्कूलों को सीबीएसई से मान्यता नहीं है। बावजूद इसके स्कूल का संचालन कर विद्यार्थियों, पालकों से फीस के नाम पर उगाही कर रहे हैं।इसको लेकर कांग्रेस प्रवक्ता ने पहले रायपुर संभाग के तत्कालीन संयुक्त संचालक योगेश शिवहरे से शिकायत की थी।इसके बाद तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी आरएल ठाकुर और हिमांशु भारती से शिकायत की।इसको लेकर दस्तावेज भी प्रस्तुत किए थे।

शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं होने के बाद कांग्रेस प्रवक्ता ने राज्य लोक आयोग में इसकी शिकायत की। इस सिलसिले में आरटीआई से प्राप्त दस्तावेज भी आयोग को सौंपे हैं। शिकायत में तीनों अफसरों द्वारा केपीएस स्कूल प्रबंधन को संरक्षण देने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। इस पूरे मामले को आयोग ने संज्ञान में लिया था। आयोग ने स्कूल शिक्षा सचिव से अभिमत मांगा है। जवाब न मिलने पर रिमाइंडर जारी किया है।प्रकरण पर 15 अप्रैल को सुनवाई होगी।

# आत्मानंद विद्यालय में दो-दो समिति होने से टकराव की स्थिति

**आत्मानंद विद्यालय के संचालन के लिए एक ही समिति का गठन करने मांग**

**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य कर्मचारी संघ ने सचिव छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा को पत्र लिखकर प्रदेश में स्वामी आत्मानंद विद्यालय के बेहतर संचालन कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु विचार करने पर बल दिया है। तत्काल स्कूलों में दो दो समितियों के गठन पर रोक लगाकर समितियों होने वाली आपसी टकराव पर रोक लगाने तथा एक ही समिति गठन की मांग की है।

जारी विज्ञप्ति में संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरुण तिवारी, महामंत्री ए के चेलक एवं कर्मचारी नेता आर के श्रीवास्तव, खुमान सिंह, एस एन शिव, टी आर देवांगन, डॉ विनोद वर्मा आदि ने बताया है कि छत्तीसगढ़ राज्य के प्रत्येक जिले में सरकारी स्कूलों में छात्रों को उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए जून 2020 में आत्मानंद के नाम से उत्कृष्ट स्कूल का संचालन शुरू किया गया है। इन स्कूलों के बेहतर संचालन हेतु संचालनालय लोक शिक्षण रायपुर ने 15 मई 20 को सोसायटी बनाने के लिए एक गाइड लाइन जारी किया है जिसमें कलेक्टर को पदेन अध्यक्ष तथा जिला शिक्षा अधिकारी को पदेन सचिव नियुक्त कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग, आयुक्त नगर निगम और संस्था के प्राचार्य को सदस्य के रूप में नामांकित करने का प्रावधान किया गया है और इसी सोसायटी को शाला प्रबन्धन हेतु सम्पूर्ण अधिकार दिया गया है और प्राचार्य को संचालनालय लोक शिक्षण विभाग के आदेश 15 फ़रवरी 25 के निर्देशानुसार समिति के समस्त कार्यवाही के लिए अधिकृत किया गया है। तदनुसार शाला प्रबन्धन एवं विकास समिति का गठन कर सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि नामांकित कर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का विधिवत संचालन किया जा रहा है। जारी विज्ञप्ति में आगे बताया गया है कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में विद्यार्थियों से ट्यूशन फीस लेने का कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए सोसायटी समिति को छोड़कर अन्य शाला प्रबन्धन एवं विकास समिति बनाने का कोई पृथक से प्रावधान नहीं है । इसके विपरीत राज्य में रायपुर सहित प्रदेश के अनेक शालाओं में सोसायटी समिति के अलावा अन्य समितियों का अलग से अनावश्यक गठन किया गया है। जिसके कारण सोसायटी समिति और नियम विपरीत गठित अन्य समितियों में शाला प्रबन्धन को लेकर आपसी टकराव होने से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ता दिखाई दे रहा है। दो दो समिति होने से कार्यरत अध्यापक वर्ग में भी असमंजस की स्थिति बन रही है। दो समितियों के आपसी टकराव से आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रभावित हो रही है और स्टाफ में आपसी गुटबाजी को बढ़ावा मिल रहा है।

# सेंट्रल जेल रायपुर में कैदियों के लिए नई सुविधा

**बनेगा देश का पहला सिनेमा हॉल**

**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। देश में पहली बार रायपुर सेंट्रल जेल में जल्दी ही सिनेमा हॉल बनेगा। कैदियों के मानसिक एवं नैतिक उत्थान के उद्देश्य से जेल परिसर में एक फिल्म थियेटर की स्थापना की योजना बनाई गई है। पाइलेट प्रोजक्ट में नई पहल के तहत इसकी कवायद चल रही है। यहां जेल प्रशासन द्वारा कैदियों को प्रेरणादायक एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसका उद्देश्य कैदियों और बंदियों के भीतर सकारात्मक सोच का विकास करने के साथ ही समाज में नई उर्जा के साथ योगदान देने के लिए प्रेरित करना है।

बताया जाता है कि रायपुर सेंट्रल जेल में पहली बार यह अनूठा प्रयोग किया जा रहा है। जेल अधीक्षक जेल अधीक्षक अमित शांडिल्य ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैदियों के भीतर सकारात्मक बदलाव लाना है। प्रेरणादायक और देशभक्ति से जुड़ी कहानियों को देखने से उनमें नई उर्जा और सामाजिक जीवन को पुन: सकारात्मक रूप से अपनाने की प्रेरणा मिलेगी।




**हर शनिवार को दिखाई जाएगी फिल्म**

जेल के भीतर बनाए गए हॉल में प्रत्येक शनिवार को फिल्म दिखाई जाएगी। इसके लिए प्रोजेक्टरए साउंड सिस्टम और पर्दे को इंस्टाल करने का काम चल रहा है। कैदियों को दिखाई जाने वाली फिल्म का चयन जेल प्रशासन की अनुमति पर किया जाएगा। इसमें विशेष रूप से ऐसी फिल्म को शामिल किया जाएगा जो जीवन मूल्यो आत्म सुधार राष्ट्रप्रेम एवं सामाजिक समरसता का बढ़ावा देने वाली हों। इस पहल से कैदियों को मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षा और नैतिक प्रेरणा प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी।

**एक्सपर्ट की मदद**-जेल मुख्यालय से स्वीकृति मिलने पर सिनेमा हॉल में प्रोजेक्टर का संचालन एवं स्टाल करने के लिए एक्सपर्ट की मदद ली जा रही है। उनके जरिए तकनीकी व्यवस्था के साथ ही प्रोजेक्टर बड़ी स्क्रीन साउण्ड सिस्टम लगाया जा रहा है। जहां कैदी और बंदी अनुशासित रुप में फिल्म और शिक्षाप्रद शार्ट फिल्म देख सकेंगे। जिससे उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होगा और उनमें आत्मनिरीक्षण की भावना विकसित होगी।

**फिल्मों से जरिए प्रेरणा मिलेगी**-जेल प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि यह पहल सुधारात्मक नीतियों का हिस्सा है। इसके माध्यम से कैदियों को पुर्नवास एवं आत्म.उत्थान के अवसर प्रदान किए जा रहे है। वहीं शिक्षाए स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण विभिन्न तरह के कलात्मक और घरेलू उपयोग के सामानों का निर्माण किया जा रहा है। इसका विक्रय जेल परिसर में बनाए गए मॉल; उत्थान मॉल के जरिए किया जा रहा है।

# अभिनेता शाहरुख खान के मामले की सुनवाई 8 को

**भ्रामक विज्ञापन से जुड़ा विवाद**

**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। फिल्म स्टार शाहरुख खान को कथित रूप से धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किए गए फैजान खान की ओर से अपना तर्क प्रस्तुत किया। साथ ही उनके अधिवक्ता विराट वर्मा ने प्रकरण के पंजीयन बाद नोटिस से पहले अपना तर्क प्रस्तुत किया। परिवादी की ओर से दिए गए तर्कों को सुनने के बाद व्यवहार न्यायाधीश प्रीति कुजूर 8 अप्रैल को सुनवाई करेंगी। परिवादी के अधिवक्ता ने अदालत में अपना तर्क देते हुए बताया कि शाहरुख सहित 5 अन्य द्वारा भ्रामक विज्ञापन कर इसे प्रमोट और प्रसारित करने से आम जनता को गुमराह कर रहे हैं। विमल पान मसाला फेयर एंड हैंडसम और रमी का विज्ञापन भ्रामक विज्ञापनों से जुड़ा एक कानूनी विवाद है। मिसलीडिंग एक्ट के इस तरह के विज्ञापनों को करने से आम जनता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इससे युवा वर्ग और बच्चों को गलत दिशा में ले जाया जा रहा हैए जिससे कैंसर और गरीबी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। प्रसारित विज्ञापन न केवल भ्रामक हैं बल्कि समाज पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। प्रकरण में फिल्म स्टार शाहरुख खान गूगल इंडिया यूट्यूब इंडिया अमेजन इंडिया ;प्राइम वीडियो नेटफ्लिक्स इंडिया मैसर्स इमामी लिमिटेड ;फेयर एंड हैंडसम आईटीसी लिमिटेड ;विमल पान मसाला और हेड डिजिटल वर्क्स 23 रमी को नोटिस जारी करने का अदालत से अनुरोध किया गया है।

# शिक्षा संबंधी समस्याओं के खिलाफ सभा का आयोजन कर निकाली रैली




## रायपुर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। आज ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन राज्य कमेटी, छत्तीसगढ़ द्वारा शहीद-ए-आज़म भगत सिंह शहादत दिवस के अवसर पर राज्य की शिक्षा संबंधी समस्याओं के खिलाफ राजीव गांधी चौक, रायपुर में 'छात्र सभा' का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात रैली निकाली गई। रैली के बाद रायपुर तहसीलदार प्रवीण परमार को 16,597 हस्ताक्षरों सहित ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञात हो कि राज्य सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम पर राज्य के 4,077 सरकारी स्कूलों को बंद किया जा रहा है। इस नीति के कारण राज्य के लाखों गरीब छात्रों की शिक्षा और ज्ञान अर्जन का मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाएगा। राज्य के स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं, जैसे पर्याप्त शिक्षक, गैर-शिक्षकीय स्टाफ, शौचालय, पीने का पानी, खेल का मैदान, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और शासकीय हॉस्टल आदि का अभाव है। राज्य में 57,000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं। छत्तीसगढ़ के 300 स्कूल शिक्षकविहीन हैं, जबकि 5,840 स्कूल केवल एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं। 40 से 50 प्रतिशत छात्रों के खातों में छात्रवृत्ति की राशि नहीं पहुंचती। जो छात्र पूरी तरह से छात्रवृत्ति पर निर्भर होते हैं, वे प्रवेश तो ले पाते हैं, लेकिन परीक्षा फॉर्म नहीं भर पाने के कारण पढ़ाई बीच में ही छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। सेमेस्टर प्रणाली के कारण छात्र पूरे वर्ष पीपीटी, असाइनमेंट, प्रोजेक्ट, इंटरनल और एक्सटर्नल कार्यों में व्यस्त रहते हैं, जिससे उनकी परीक्षा की तैयारी प्रभावित होती है।

छात्राओं, महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा 50 कॉलेजों को ऑटोनॉमस किया जा रहा है, जबकि पहले से संचालित ऑटोनॉमस कॉलेजों में सेल्फ-फाइनेंस कोर्स और सामान्य कोर्स के नाम पर हजारों रुपये की फीस वसूली जा रही है। ए.टी.के.टी., पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन जैसी प्रक्रियाओं में भी मनमानी फीस ली जा रही है, जिससे छात्रों की समस्याएं और बढ़ रही हैं। पूरे राज्य में छात्र, शिक्षक और अभिभावक इन सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में, 23 जनवरी 2025 को महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती से लेकर 23 मार्च 2025, शहीद-ए-आज़म भगत सिंह शहादत दिवस तक शिक्षा संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु एक विशाल 1 लाख हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इसी अभियान के समापन समारोह के रूप में आज, 31 मार्च 2025 को राजीव गांधी चौक, रायपुर में 'छात्र रैली व सभा' का आयोजन किया गया।

# महामाया मंदिर को छठवें शक्तिपीठ के रूप में शामिल करने की मांग

**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में पांच शक्तिपीठों के स्थापना हेतु मुख्य मंत्री विष्णु देव साय के कार्यों के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करते हुए छत्तीसगढ़ के इतिहासकार डॉ सुनीत रमेंद्र नाथ मिश्रा ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि छत्तीसगढ़ की राजधानी स्थित प्राचीन श्री महामाया मंदिर को भी छठवें शक्तिपीठ के रूप में शामिल करने हेतु भागीरथी प्रयास करेंगे।



मंदिर व्यवस्थापक पं विजय कुमार झा ने बताया है कि डॉ सुनीत मिश्रा ने अपने मांग पत्र में यह तर्क मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया है कि छत्तीसगढ़ की रक्षा एवं विकास में आशीर्वाद दे रही 5 शक्ति पीठों में क्रमश: सूरजपुर का कुंदरगढ़ शक्तिपीठ, चंद्रपुर का चंद्रहासिनी शक्तिपीठ, रतनपुर का महामाया मंदिर, डोंगरगढ़ की बम्लेश्वरी धाम, दंतेवाड़ा की दंतेश्वरी मंदिर शामिल हैं। इसी कड़ी में रायपुर की मां महामाया देवी, समलेश्वरी देवी मंदिर परिसर भी महत्वपूर्ण है। छत्तीसगढ़ के मध्यांचल रायपुर में भी मां दंतेश्वरी, मां कंकाली देवी, सात बहिनिया माता मंदिर एवं अन्य देवियां हैं। ब्रह्मपुरी रायपुर में पुराना किला है। जिसके दोनों ओर बूढ़ा तालाब एवं महाराज बंध तालाब है। मां महामाया देवी रायपुर के कलचुरी राजाओं की आदि काल से आराध्य देवी है। संप्रति शक्तिपीठ के रूप में देश-विदेश में प्रसिद्ध है। श्री झा ने बताया है कि डां मिश्र ने अपने मांग पत्र में यह भी लेख किया है कि महामाया मंदिर परिसर में मां समलेश्वरी मंदिर है। पश्चिमी उत्कल पूर्वी की छत्तीसगढ़ से संबद्धता है। संबलपुर 1905 ई. तक छत्तीसगढ़ का एक जिला था। अत: मां समलेश्वरी एवं जगन्नाथ मंदिर का जन मानस पर व्यापक प्रभाव है। इन्हीं परिप्रेक्ष्य में छठवें शक्तिपीठ के रूप में इसे सम्बद्ध किया जा सकता है। ब्रह्मपुरी के किले से रायपुर के किले तक एक कॉरिडोर बनाया जा सकता है और राजधानी की दृष्टि से यह जनहित में महत्वपूर्ण होगा। इसलिए उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह कि विषयांतर्गत विचार कर निर्णय लेने की कृपा करेंगें, ताकि छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ जनता के साथ देश के भक्तजन इससे लाभान्वित हो सके। न्यास समिति के अध्यक्ष, व्यास नारायण तिवारी, वरिष्ठ सदस्य कृपाराम यदु,शेखर दुबे, सचिव दुर्गा प्रसाद पाठक, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल सहित सभी न्यासियों ने डॉ मिश्र के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, मुख्यमंत्री से उनकी मांगों पर त्वरित निर्णय लेने का निवेदन किया है।

# राजेंद्र ओझा 'मरूधर मित्र सम्मान' से सम्मानित




**रायपुर**, 31 मार्च (देशबन्धु)। राजस्थान क्लब, रायपुर द्वारा 30 मार्च को वृन्दावन सभागार, रायपुर में आयोजित च्राजस्थान दिवस समारोहज् में राजेंद्र ओझा को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार श्री गिरीश पंकज, विशिष्ट अतिथि राजेश राठी, उषा गंगवाल, कार्यक्रम संयोजक एवं क्लब के अध्यक्ष कैलाश रारा ने 'मरूधर मित्र सम्मान' से सम्मानित किया गया।

ज्ञातव्य है कि राजेंद्र ओझा जी ने राजस्थानी वर्णमाला सहित राजस्थानी, वागड़ी, मेवाड़ी, शेखावाटी, बागड़ी, हाडोती, मायड़, देसवाणी आदि भाषाओं की पुस्तकें, पत्रिकाएं, कैलेंडर आदि एकत्रित किए हैं। आपके संग्रहालय में छत्तीसगढ़ एवं देश के अनेकों राज्यों सहित विदेशी भाषाओं की पुस्तकें, पत्रिकाएं, कैलेंडर आदि संग्रहित हैं। इस कार्यक्रम में राजेश जैन राही, एम. राजीव, अशोक सुराना सहित अन्य लोगों को रतनलाल डांगी, सांखला जी, सुशील बाकलीवाल, डॉ मृणालिका ओझा, विमल गंगवाल आदि की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

# रमन राज में नक्सलवाद तीन ब्लॉक से 14 जिलों तक पहुंच गया था : कांग्रेस

**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नक्सलवाद पर दिये गये बयान का कांग्रेस ने कड़ा ऐतराज जताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद भाजपा के रमन सरकार के समय पूरे प्रदेश में फैला। राज्य में 2003 में भाजपा की सरकार बनी तब नक्सलवाद बस्तर के 3 ब्लॉकों तक ही सीमित था। रमन राज के 15 सालों में नक्सलवाद बस्तर के तीन ब्लॉकों से निकलकर 14 जिलों तक पहुंच गया। इन 15 सालों के अंत के 4 साल तक केंद्र में नरेन्द्र मोदी की भी सरकार बन चुकी थी।



श्री शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रमन राज की इन दुर्दांत नक्सल हमलों का भी जवाब देना चाहिए। कांग्रेस की भूपेश सरकार में प्रदेश में नक्सलवादी गतिविधियों में 80 प्रतिशत की कमी हुई थी। नक्सलियों के बड़े नेताओं की गिरफ्तारी हुई है, एनकाउंटर हुआ है, तब नक्सली छत्तीसगढ़ छोड़कर भाग गये थे। वर्ष 2008 से लेकर 2018 तक के आंकड़ों को यदि देखा जाए तो इस दौरान राज्य में नक्सली हर साल 500 से लेकर 600 हिंसक घटनाओं को अंजाम देते थे, जो भूपेश सरकार के 5 सालों में घटकर औसतन रूप से 250 तक रह गई थी। वर्ष 2023 में मात्र 134 नक्सल घटनाएं हुई हैं, जो कि 2018 से पूर्व घटित घटनाओं से लगभग चार गुना कम थी। राज्य में 2018 से पूर्व नक्सली मुठभेड़ के मामले प्रतिवर्ष 200 के करीब हुआ करते थे, जो भूपेश सरकार में घटकर दहाई के आंकड़े तक सिमट गए हैं। वर्ष 2021 में राज्य में मुठभेड़ के मात्र 81 और वर्ष 2023 में अब तक 41 मामले हुए थे। नक्सलियों के आत्मसमर्पण के मामलों में भी तेजी कांग्रेस सरकार में आई थी। 1589 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। यह आंकड़ा 10 वर्षों में समर्पित कुल नक्सलियों की संख्या के एक तिहाई से अधिक थी। कांग्रेस सरकार के समय बस्तर संभाग के 589 गांवों के पौने छह लाख ग्रामीण नक्सलियों के प्रभाव से पूरी तरह मुक्त हो चुके थे। इनमें सर्वाधिक 121 गांव सुकमा जिले के हैं। दंतेवाड़ा जिले के 118 गांव, बीजापुर जिले के 115 गांव, बस्तर के 63 गांव, कांकेर के 92 गांव, नारायणपुर के 48 गांव और कोंडागांव के 32 गांव नक्सल प्रभाव से मुक्त हुए थे। प्रधानमंत्री नक्सल नियंत्रण पर जो अपनी पीठ थपथपा रहे थे उसके पीछे कांग्रेस की भूपेश सरकार की कार्ययोजना और बनायी गयी नीतियां है। भूपेश सरकार ने विश्वास, विकास, सुरक्षा के मूलमंत्र को लेकर जो कदम उठाया। बस्तर के आम लोगों का विश्वास कांग्रेस की सरकार ने जीता था, दूरस्थ इलाकों में सुरक्षा बलो के कैंप बनाए गए, सड़क, पुलिया बनाए गए, अस्पताल, स्कूल बनाए गए।

# गंडई नगर से निकल रही है भक्तों की टोली



**गंडई पंडरिया**, 31 मार्च। पवित्र चैत्र नवरात्रि का पर्व प्रारंभ हो गया है। गंडई क्षेत्र सहित जिला कबीरधाम और बेमेतरा जिले से बहुत सारे पदयात्री मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पद यात्रा कर रहे हैं। यात्री अपने कंधे पर ? अंकित ध्वज लिए हुए और मातारानी के जयकारा लगाते हुए यात्रा कर रहे है। जिला कबीरधाम और बेमेतरा जिले से मां बम्लेश्वरी प्रति मन में अपार श्रद्धा और मनोकामना लिए हुए यात्रा करने वाले ने बताया कि पूरे रास्ते भर विश्राम करने और भोजन नाश्ते के लिए पंडाल लगाया गया है। बताया गया कि पदयात्री दिन में विश्राम करते है और रात में यात्रा करते हैं।

# कलेक्टर-एसपी ने किया नवरात्रि मेला निरीक्षण

**डोंगरगढ़**, 31 मार्च। चैत्र नवरात्रि पर्व 30 अप्रैल से प्रारंभ है, नवरात्रि पर्व में मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में लाखों की संख्या में दर्शनार्थी दर्शन करने एवं मेला घुमने आते है, जिसको ध्यान में रखते हुये कलेक्टर राजनांदगांव श्री संजय अग्रवाल एवं एसपी श्री मोहित गर्ग द्वारा माँ बम्लेश्वरी मंदिर एवं मेला व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था में लगे अधिकारी/कर्मचारियों को ड्यूटी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। माँ बम्लेश्वरी देवी जी का दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त कर मंदिर में लगे रोपवे एवं सीसीटीव्ही का भी जायजा लिया गया। जायजा के दौरान रोपवे एवं सीसीटीव्ही में लगे कर्मचारियों को मेन्टनेस के संबंध में आवश्यक हिदायत दिया गया।



# कपसदा में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का समापन



**कुम्हारी,** 31 मार्च। निकटवर्ती ग्राम कपसदा स्थित बाबा श्री सोमेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में विगत दिनों आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा यज्ञ शनिवार को सम्पन्न हुआ।

समस्त ग्रामवासियों, बाबा श्री सोमेश्वर नाथ मंदिर सेवा समिति, श्रीमद् भागवत प्रचार समिति के सदस्य शिष्यों और आसपास के गांवों के सहयोग से आयोजित इस भव्य कथा में सुप्रसिद्ध प्रवचनकर्ता पं. चंद्रनील द्विवेदी भगवताचार्य (हस्तरेखा एवं ज्योतिष सलाहकार), नंदिनी अहिवारा वालों ने संगीतमय शैली में श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तिमय कथा श्रवण करने के लिए एकत्रित हुए।

कथा के विराम एवं समापन पर हवन पूर्णाहुति का आयोजन किया गया। इसके पश्चात, समस्त भक्तजनों के लिए विशाल भोग प्रसाद भोजन भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम कपसदा और आसपास के क्षेत्रों के बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं राहगीरों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन समिति के सदस्यों ने सुचारू व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# ब्रह्माकमुारी संस्थान का गुमा में आज से राजयोग अनुभूति शिविर

**रायपुर,** 31 मार्च। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा ग्राम पंचायत भवन गुमा में 1 से 8 अप्रैल तक समस्या रहित जीवन जीने की कला-राजयोग अनुभूति शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का समय रोजाना शाम को 5.30 से 7 बजे रखा गया है। प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शिविर में भाग लेने वालों के लिए स्थल पर ही पंजीयन की व्यवस्था की गई है। शिविर मे आत्मानुभूति, परमात्मानुभूति, कर्मों की गहन गति, भारत के उत्थान और पतन की कहानी, राजयोग अनुभूति और समय की पहचान आदि विषयों पर विदुषी ब्रह्माकुमारी बहनों के व्याख्यान होंगे ।इस शिविर में गीता में वर्णित भारत के प्राचीन राजयोग का गहन अभ्यास कराया जाएगा जो कि शरीर के अनेक घातक रोगों जैसे हृदयरोग, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, डिप्रेशन आदि के निवारण में बहुत ही लाभदायक सिद्ध हुआ है। सभी योगों में श्रेष्ठ होने के कारण इसे राजयोग कहा गया है तथा सहज होने के कारण समाज के हर वर्ग में यह योग तेजी से लोकप्रिय होता जा रहा है। आजकल जीवन के हर क्षेत्र में जिस तरह से नित नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, उसके परिणाम स्वरूप तनावजन्य परिस्थितियाँ भी बढ़ती जा रही हैं। ऐसे वातावरण में कार्य करते हुए शान्ति की गहन अनुभूति करने, कर्मों में कुशलता लाने तथा मानसिक तनाव से मुक्ति प्राप्त कर सन्तुलित जीवन जीने की कला सीखने के लिए राजयोग का अभ्यास सभी के लिए बहुत लाभकारी है।

# पीएम आवास योजना का मिला लाभ




**गुरुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। जनपद पंचायत गुरूर द्वारा आयोजित ब्लाक स्तरीय आवास गृह प्रवेश कार्यक्रम ग्राम फागुन्दह में संपन्न हुआ। योजना के तहत लाभार्थियों को पक्के मकान की चाबी सौपने और पूजा पाठ कर उन्हे गृह प्रवेश कराया गया। गुरुर सहित प्रदेश भर मे 3 लाख हितग्राही को गृह प्रवेश कराया गया ।शासन प्रशासन द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद उपरोक्त हितग्राहियो को इस योजना के तहत मकान बनाने के लिए राशि स्वीकृत की गई थी, इसके पहले उपरोक्त हितग्राहियों का मकान जर्जर स्थिति में होने के कारण बारिश के दिनों में तथा अन्य दिनों में गुजर बसर करने में परेशानियों के सामना करना पड़ा था। जनपद सदस्य संध्या अजेन्द्र साहू ने अन्य हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शीघ्र ही सेल्फ सर्वे करके योजना का लाभ लेने के लिए अपील किया है। जनपद पंचायत गुरुर से जानकारी के मुताबिक वर्तमान में 78 ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सेल्फ सर्वे कार्य जारी है। इसके लिए संबंधित हितग्राही अपने खुद के मोबाइल से सर्वे करके समस्त डाटा सबमिट कर रहे हैं।

## निधन

### पन्नालाल साहू



**बागबाहरा**, 31 मार्च। ओडिशा सीमा से लगे अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत पंडरीपानी क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कृषक पन्नालाल साहू का आज सोमवार की शाम साढ़े 4 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 82 वर्ष के थे। जिनका अंतिम संस्कार कल मंगलवार 1 अप्रैल को गृह ग्राम पंडरीपानी (नर्रा) में किया जाएगा।

### सुखपाल सिंग बल



**दुर्ग,** 31 मार्च। एवेलॉन होटल के पीछे मालवीय नगर दुर्ग निवासी सरदार सुखपाल सिंग बल 83 वर्ष का आज शाम 6 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से कल दोपहर को निकल जाएगी। उनका अंतिम संस्कार कल दोपहर 1.30 बजे रहना बांधा मुक्तिधाम दुर्ग में किया जाएगा। वे अपने पीछे पुत्र जसप्रीत सिंग बल, हरप्रीत सिंग बल सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# दो अंतरराज्यीय तस्करों से 36 लाख का गांजा बरामद

## एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की कार्रवाई

**राजनांदगांव/डोंगरगढ़** 31 मार्च (देशबन्धु)। नांदगांव पुलिस ने दो अंतरराज्यीय तस्करों से 36 लाख का गांजा बरामद किया है। मुखबीर से सूचना मिलने पर कि एक चार पहिया वाहन में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा ओड़ीसा से तस्करी कर मध्यप्रदेश लेजा रहा है । जो राजनांदगांव के बोरतलाव क्षेत्र से होकर गुजरेगा। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिया गया जिसपर तत्काल मादक पदार्थो की तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में एस.डी.ओ.पी. डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के पर्यवेक्षण में ए.एन.टी.एफ./सायबर सेल राजनांदगाव प्रभारी निरीक्षक श्री विनय पम्मार के नेतृत्व में सायबर सेल एवं थाना प्रभारी बोरतलाव निरीक्षक उपेन्द्र शाह एवं थाना स्टाफ की संयुक्त टीम गठित कर गवाहान को साथ लेकर थाना बोरतलाव क्षेत्र के बिरे पुलिया चांद-सूरज मेन रोड़ ग्राम बोरतलाव के पास नाकाबंदी पाइंट लगाया गया। कुछ समय पश्चात मुखबीर द्वारा बताये गये नंबर वाली एक चार पहिया वाहन बोलेरो पीकप क्रमांक सीजी-10-बीक्यू-0634 आते दिखी जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया जिस पर उक्त वाहन चालक द्वारा मौके पर रोक कर जंगल की ओर भागने लगे जिसे पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर दो लोगो को हिरासत में लिया गया जिन्होने अपना नाम (01) दिलावर अली पिता दरबार अली उम्र 46 वर्ष, निवासी ग्राम झलमला, थाना सीपत, जिला बिलासपुर, (छ.ग.), (02) संतोष पाल पिता रोमलाल उम्र 36 वर्ष, निवासी नक्टा मंदिर हसौद, थाना मंदिर हसौद, जिला रायपुर, (छ0ग0) का रहने वाला बताया, अन्य 01 आरोपी की पतातलास जारी है। पकड़े गये वाहन बोलेरो पीकप क्रमांक सीजी-10-बीक्यू-0634 को विधिवत गवाहों के समक्ष तलाशी लिया गया। तलाशी पर दोनों संदेहियों के द्वारा अपने वाहन बोलेरो पीकप के ट्राली में खाली सब्जी कैरेटस के नीचे छुपाकर कुल 08 प्लास्टिक बोरी में संदिग्ध बंद पैकेट मिला। पैकेट के अंदर रखे संदिग्ध पदार्थ को गवाहों के समक्ष देखा एवं गंध से पेकट में भरा पदार्थ मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसकी पुष्टी दोनों आरोपियों एवं गवाहों द्वारा भी किया गया। बरामद गांजा को तौल करने पर उसका वजन कुल 243.54 किलोग्राम कीमती करीबन 36,53,100 रूपये का होना पाया गया आरोपी द्वारा गांजा परिवहन में प्रयुक्त वाहन बोलेरो पीकप क्रमांक सीजी-10-बीक्यू-0634 कीमती करीबन 5,00,000/- रूपय एवं 04 नग मोबाइल फोन कीमती 11,000/- रूपये जुमला जप्ती मसरूका 29,11,000/- रूपये होना पाया गया जिसे मौके में विधिवत जप्त कर आरोपी को अपराध धारा 20(बी) (।।) ग, 29 एन0डी0पी0एस0एक्ट के तहत् गिरफ्तार किया गया।

आरोपी जिन पर पहले भी मामले दर्ज है- दिलावर अली पिता दरबार अली के विरूद्ध पूर्व में 01 हत्या एवं 03 चोरी के मामले दर्ज है। संतोष पाल पिता रोमलाल के विरूद्ध पूर्व में थाना बागनदी, मंदिर हसौद जिला रायपुर एवं जगदलपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

# समाज में खर्चीली शादी बंद होनी चाहिए : ताम्रध्वज



## ग्राम खम्हरिया में मां कर्मा जयंती

**दुर्ग,** 31 मार्च (देशबन्धु)। ग्राम खम्हरिया में ग्रामीण साहू संघ द्वारा भक्त माता कर्मा जी की एक हजार नौवी जयंती काफी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपने उद्बोधन में साहू समाज के लोगों से शादी विवाह व अन्य समारोहों में फिजूलखर्ची रोकने पर जोर दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महिलाओं द्‌वारा कलश यात्रा निकाली गई तथा समाज के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर उद्बोधन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे तथा अध्यक्षता परिक्षेत्र साहू संघ के अध्यक्ष खिलावन साहू ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने समाज के उत्थान के लिये काफी सोच समझकर गंभीर चिंतन के साथ कदम उठाये जाने चाहिए। खर्चीली शादियों पर रोक होनी चाहिए । बफे सिस्टम में आधा खाना खराब हो जाता है यह दिखावा भी बंद किया जाना चाहिए। इससे बचे हुए पैसों से परोपकार के कार्य किये जा सकते है। उन्होंने साड़ी बांटने की प्रथा को भी बंद करने की वकालत की। कार्यक्रम में जनपद सदस्य जितेन्द्र टंडन, तहसील साहू संघ के अध्यक्ष पुरूषोत्तम साहू, महासचिव उमाशंकर साहू, हर्ष साहू, जगदीश साहू, दुलारी देशलहरे, ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष लोकनाथ साहू एवं सुखीराम यादव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# किसान के घर डकैती, 15 आरोपी पुलिस शिकंजे में

## एसपी का लिपिक निकला डकैत, दोस्तों के साथ मिलकर की डकैती



**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। बीते शुक्रवार को खरोरा नगर पंचायत के ग्राम केवड़ा डीह में एक किसान के घर हुई लूटपाट के आरोप में पुलिस ने 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है प्रकरण में संलिप्त 3 आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। लूटपाट के इस मामले में रिटायर्ड हवलदार भी पुलिस शिकंजे में आया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से डकैती की सोने.चांदी के जेवरात नगदी रकम तथा घटना में प्रयुक्त हथियारए मोटर सायकल एच एफडीलक्स सी जी 04 एल एल 3019 स्वीफ्ट वाहन सी जी 07 एम बी 1490 टाटा हेक्सा वाहन क्रमांक सी जी 04 एम बी 0777ए वेगन आर कार सी जी 28 एल 9996 तथा 15 मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 20 लाख रूपये जप्त किया गया है। सोमवार शाम पुलिस कंट्रोल रूम में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने सभी आरोपियों को मीडिया के सामने पेश किया। उन्होने बताया कि पुलिस ने केवराडीह निवासी राधेलाल भारद्वाज ने थाना खरोरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वह खेती किसानी के साथ ही कंस्ट्रक्शन का भी काम करता है। 27 मार्च की रात्रि प्रार्थी उसकी पत्नीए मां पुत्र पुत्री बहू एवं बहू की छोटी बहन सभी मकान के अलग.अलग कमरों में सो रहे थे। राधेलाल प्रार्थी जिस कमरे में सोया था उस कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। इसी दौरान रात्रि लगभग 2.05 बजे 7 अज्ञात नकाबपोश व्यक्ति हाथ में तलवारनुमा हथियार एवं बटननुमा चाकू लेकर प्रार्थी के मकान में प्रवेश कर उसके कमरे में जाकर प्रार्थी को उठाये तब वह देखा तो अलग अलग 03 व्यक्ति अपने हाथ में तलवारनुमा हथियार बटननुमा चाकू एवं पिस्टलनुमा हथियार रखें थे तथा 04 व्यक्ति कमरे के दरवाजा के सामने परछी में हाथ में तलवारनुमा हथियार लेकर खड़े थे। इसी दौरान एक व्यक्ति राधेलाल के कनपटी पर पिस्टल टिका कर बोला जितना पैसाए सोना.चांदी है जल्दी दे दोए शोर मत करना नहीं तो गोली मार दूंगा एवं दो व्यक्ति उसके उपर तलवारनुमा हथियार को ताने खडे थे और जल्दी से पैसा सोना चांदी निकालो कहकर उनमें से एक व्यक्ति तलवारनुमा हथियार से राधेलाल पर वार किया तो उसके द्वारा अपने हाथ से रोकने पर उसके दायें हाथ के पंजा का उपर भाग में कट कर चोट लगा। नकाबपोश व्यक्ति राधेलाल की पत्नी को भी सोते से उठाकर उस पर हथियार तान कर कमरे में रखें आलमारी व पेटी का चाबी राधेलाल की पत्नि से लेकर आलमारी व पेटी को खोलकर उसमें रखें सोने.चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम को लूट लिये तथा प्रार्थी के दोनों पैर को रस्सी से बांधकर दूसरे कमरे की तलाशी लिये और शोर मचाओगे तो मार देंगे कहकर मकान के पीछे दरवाजा से भाग गये। इस मामले की धारा 310 ;2 331 ;6 बी.एन.एस के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस एफएसएलए डॉग स्चाड की मदद से जांच कर रही थी। डा सिंह ने बताया जांच के दौरान पुलिस को तिल्दा नेवरा निवासी जितेन्द्र पाठक को पकडकर कड़ाई से पूछताछ में उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर डकैती करना स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर मुंगेली कबीरधाम बलौदा बाजारए महासमुंद एवं रायपुर से प्रकरण में संलिप्त आरोपियों के ठिकानों पर एक साथ रेड कार्यवाही करते हुये पूछताछ के आधार पर प्रकरण में कुल 15 आरोपियों को पकड़ा गया। डॉ सिंह ने बताया कि पूरे घटना का मास्टर माइंड आरोपी देवराज डहरिया निवासी ग्राम केवराडीह थाना खरोरा है। आरोपी देवराज डहरिया का पूर्व में राधेलाल भारद्वाज के घर आना . जाना था एवं प्रार्थी के पास जे.सी.बी हार्वेस्टर एवं ट्रेक्टर वाहन है जिसमें वह कंस्ट्रकशन सहित अन्य कार्यों को संचालित कर कमायी करता ह जिससे प्रभावित होकर आरोपी देवराज डहरिया ने भी जे सी बी मशीन वाहन फायनेंस के माध्यम से क्रय कर लिया। जिससे देवराज एवं राधेलाल के मध्य व्यवसायिक मनमुटाव हो गया तथा दोनों एक.दूसरे से बात करना बंद कर दिसे। आरोपी देवराज डहरिया द्वारा राधेलाल के उन्नति को देखकर जलन की भावना व द्वेष रखता था प्रार्थी के घर डकैती करने की योजना बना डाली। आरोपी देवराज डहरिया से ईश्वर रामटेके एवं सोना बारमते उर्फसोनू से संपर्क कर उन्हें बताया कि राधेलाल भारद्वाज अपने घर में 40 करोड़ रूपये नगदी एवं 16 किलो सोना रखा है ;घर में सोये हुये लोगों को तं अत्रिक पूजा पाठ के माध्यम से गहरी नींद में बेसुध करना के माध्यम से पैसा एवं सोना को प्राप्त करना है जिस हेतु बैगा एवं अन्य व्यक्तियों की आवश्यकता होगी। जिस पर ईश्वर रामटेके द्वारा अलख निरंजनए सप्तऋषि एवं जितेन्द्र पाठक को उक्त जानकारी दियाए कि जितेन्द्र पाठक किशन वर्माए तिलक वर्मा एवं रूपेश साहू को उक्त जानकारी दिया तो रूपेश साहू द्वारा छत्रपाल उर्फराजू को बताने पर छत्रपाल उर्फराजू द्वारा पिंकू राजपूतए सूरज सेनए गज्जू चंद्रवंशीए साहिल खानए प्रकाश मिश्रा को बताया। सभी योजना के अनुसार दिनांक घटना को खरोरा में एकत्रित होकर एक साथ मिले तथा घटना क्रम को अंजाम देने हेतु 03 चारपहिया वाहन एवं 1 मोटर सायकल के माध्यम से राधेलाल के मकान पास पहुंचे तथा अपने साथ चाक तलवार एवं डण्डा रखें थे। योजना के अनुसार प्रार्थी के मकान में गज्जू चंद्रवंशीए किशव वर्मा छत्रपाल राजपूत देवराज डहरिया सूरज सेन प्रकाश मिश्रा एवं 1 अन्य आरोपी के मकान अंदर प्रवेश किये एवं शेष आरोपी प्रार्थी के मकान के पीछे सामने गेट एवं खेत की ओर रेकी कर रहे थे। इस प्रकार आरोपियों द्वारा डकैती की पूरी घटना क्रम को अंजाम दिया गया था।

# लू और हीट स्ट्रोक के बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी



**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह ने रायपुर जिले में बढ़ती गर्मी के प्रभाव को देखते हुए लू और हीट स्ट्रोक के बचाव के संबंध में एडवाइजरी जारी की है गर्मी में लू लगने के साथ ही दूसरी जल जनित बीमारियों की संभावना होती है बीमारियों से बचाव और रोकथाम के लिए रायपुर कलेक्टर ने जरुरी दिशा निर्देश जारी किए हैं अस्पतालों में व्यवस्था लू से बचाव रोकथाम के लिए अस्पतालों में अलग से वार्ड बनाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज में व सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी लू प्रबंधन के लिए आवश्यक व्यवस्था कर ली गई हैं लॉक स्तर में कॉम्बैट टीम का गठन व सभी जरूरी दवा की उपलब्धता के लिए भी निर्देश सीएमएचओ द्वारा दिया गया है लू से प्रभावित के लिए कम से कम 2 बिस्तर को आरक्षित करने और सभी आवश्यक दवाओं ओआर एस पैकेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है अस्पतालों में ठंडे पेयजलए कूलर की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में आई वी फ्ल्यूड क्लोरीन गोली का इंतजाम किया जाएण् लू और हीट स्ट्रोक से बचने के लिए जिले में भी एक कंट्रोल रूम बनाया गया हैण् प्रचार प्रसार के लिए लू से बचाव रोकथाम वाले पोस्टर पैंपलेट का भी उपयोग किया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में कारोबारी की मौत

**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। दोस्त के साथ ललित महल होटल से कव्वाली कार्यक्रम देखकर वापस लौट रहे कारोबारी सुंदर नगर निवासी आशुतोष अग्रवाल 27 की कार अनियंत्रित होकर सेरीखेड़ी के पास पलट जाने उसकी मौत हो गई। मंदिर हसौद पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिकआशुतोष अग्रवाल शनिवार रात 3.30 बजे के करीब ललित महल होटल से कव्वाली कार्यक्रम देखकर अपने दोस्त के साथ वापस लौट रहा था कि उनकी कार सेरीखेड़ी के पास अनियंत्रित होकर पलट गई और इस हादसे में आशुतोष की मौत हो गई। वहीं उसका अन्य घायल हो गया जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

# कचरे के ढेर में मिला जापानी महिला का बैग

**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। पुरानीबस्ती में एक जापानी महिला का बैग कचरे के ढेर में मिला। बैग में लैपटॉप, पासपोर्ट, वीजा व अन्य इलेक्ट्रानिक गैजेट थे। इससे जापानी महिला के शहर में अवैध प्रवास करने का हल्ला मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि प्रोफेसर कॉलोनी के एक युवक ने बैग को फेंका था। युवक बैंगलुरू में है। उसे रायपुर बुलाया गया है। पुलिस उससे पूछताछ करेगी। पुलिस के मुताबिक प्रोफेसर कॉलोनी में कुछ लोग रात में टहलने निकले थे। इस दौरान कचरे के ढेर में एक बैग दिखा। बैग संदिग्ध लग रहा था। इसकी सूचना पुरानी बस्ती पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और बैग खोला तो उसमें एक जापानी महिला का पासपोर्ट और वीजा था। इसके अलावा उसमें एयर टिकट इलेक्ट्रॉनिक गैजेट व अन्य चीजें थी। पुलिस ने बैग जब्त कर जांच शुरू की। महिला का 20 दिसंबर 2024 को टोक्यो से दिल्ली आने की हवाई टिकट थी।

**अवैध प्रवास को लेकर हड़कंप**

इसके बाद दिल्ली से जयपुर जाने और फिर वापस आने का टिकट मिला है। पुलिस इसकी सूचना फॉरेन एंबेसी में देगी। जांच के दौरान पुलिस को प्रोफेसर कॉलोनी के एक युवक के बारे में पता चला है। युवक दिल्ली से उस बैग को लेकर रायपुर पहुंचा था। युवक बैंगलुरू में है। पुलिस ने उससे फोन से संपर्क किया तो युवक ने बताया कि बैग उसे दिल्ली एयरपोर्ट पर लावारिस मिला था। उसने लैपटॉप होने की आशंका में दिल्ली में किसी को नहीं बताया और सीधे रायपुर आ गया। घर में उसने खोलकर देखा तो उसमें पासपोर्ट और वीजा भी था। फिर उसने पूरा बैग कचरे के ढेर में फेंक दिया। दिल्ली एयरपोर्ट पर बैग लावारिस मिलने के बाद उसे युवक ने रख लिया। एयरपोर्ट सिक्योरिटी को नहीं बताया और न ही किसी को जानकारी दी। इसके बाद रायपुर आने के बाद भी पुलिस को सूचना नहीं दी।

**फॉरेन एंबेसी को देंगे जानकारी**

पुरानी बस्ती टीआई योगेश कश्यप ने बताया कि उक्त महिला के संबंध में स्थानीय स्तर पर कोई जानकारी नहीं है। वीजाए पासपोर्ट की जानकारी फॉरेन एंबेंसी को दी जाएगी। बैग लाने वाले युवक को बुलाया गया है। उनसे पूछताछ की जाएगी।

# सूने मकान में चोरी, दो आरोपी हिरासत में



**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। संपत्ति संबंधी अपराधो पर अकुंश लगाने हेतू चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से दो आदतन चोर को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त हुई। शैलेंद्र कुमार बनर्जी पिता चरण लाल बनर्जी उम्र 30 वर्ष निवासी दंतेश्वरी मंदिर के पास श्रीमती ज्योति चंद्राकर का किराया का मकान भाटा गांव थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर छत्तीसगढ़ थाना उपस्थित आकार रिपोर्ट दर्ज कराया की 15 मार्च के शाम करीब 4. 00 बजे घर में ताला लगाकर अपने भतीजा और बहनों के साथ अपने गृह ग्राम ढाबाडीह तहसील लवण जिला बलौदाबाजार चला गया था इसका भतीजा प्रिंस कुमार बनर्जी 18 मार्च को रायपुर घर आया तो बताया कि मेन गेट का ताला टूटा है कमरे में रखे अलमारी का लाक भी टूटा है सूचना पाकर ि घर आकर देखा तो हाल में रखा पैनासोनिक कंपनी का एलइडी टीवी 32 इंच कीमती 10000 व अलमारी चेक किया तो उसमें 3000 एवोटर आईडी कार्ड पैन काड ड्राइविंग लाइसेंस एएक्टिवा वाहन का आरसी बुक नहीं था जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया की रिपोर्ट पर थाना पुरानी बस्ती में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को चेक किया गया सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध मोहम्मद सोहेल एवं सद्दाम अहमद को पकड़कर थाना लाकर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपीगण जुर्म करना स्वीकार किया आरोपीगण के कब्जे से माल मशरूका बरामद कर आरोपीगण को गिरफ्तार का न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# माहेश्वरी समाज ने निकाली गवरजा माता की शोभायात्रा



**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। माहेश्वरी समाज गुढियारी द्वारा इस वर्ष भी पारंपरिक पर्व गणगौर हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। सोमवार की शाम महेश भवन से बग्गी व बाजे के साथ गवरजा माता की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

इस दौरान महिला व पुरुष पारम्परिक वेशभूषा मे शामिल हुए। श्री नगर शेड से गुढियारी पड़ाव व मुख्य मार्ग से शोभा यात्रा निकली। जिसमे समाजजनों ने अपने अपने निवास पर माता जी की भारती की व सभी का स्वागत किया। शोभा यात्रा में समाज के नन्द किशोर सोनी, कैलाश जी लड्ढा, जीवनकाल लड्ढा, विजय राठी, राधेश्याम मुदंड शशीकांत डागा, प्रकाश माहेश्वरी के अलावा पदाधिकारी व महिलाए काफी संख्या में मौजूद रही।

समाज के अध्यक्ष बसन्त राठी सचिव प्रमोद व ने बताया कि 1 अप्रैल मंगलवार को महेश भवन श्री नगर रोड पर रात्रि 8 बजे गणगौर की प्रसादी का आयोजन रखा गया है।

# तराजू में सेटिंग कर राशन दुकान में चावल चोरी का मामला पकड़ाया



**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। राजधानी से लगे ग्राम पंचायत माना बस्ती से राशन चोरी करने का मामला सामने आया है। माना बस्ती के ग्रामीणों ने शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान में संचालक पर तौल मशीन में सेटिंग कर आधा किलो प्रति व्यक्ति चावल कटौती करने का आरोप लगाया है। आज पंचायत के प्रतिनिधि और ग्रामवासियों ने मिलकर इस पूरे घोटाले का खुलासा किया। राशन दुकान में मौजूद कांटे में तौला गया 35 किलो चावल का वजन दूसरे कांटे में आधा किलो कम पाया गया। जिसके बाद ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। शिकायत करने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राशन दुकान के तौल को जब्त करने की कार्रवाई की।

मामले में आज पंचायत सभा में चर्चा कर सरपंच ने राशन दुकान को सील करने की कार्रवाई को लेकर थाने में लेटर भेजा। ग्रामीणों ने बताया कि सिर्फ चावल ही नहीं शक्कर के लिए भी हितग्राहियों से अतिरिक्त 3 रुपए लिए जाते है, जिसमें मात्रा एक किलो से कम होती है। सभी ने इस पूरे मामले की जांच की मांग की है।

हितग्राही डिगेश्वरी पटेल ने बताया कि लंबे समय से ये घोटाला हो रहा है। दुकान में तौलने से पता चलता है कि चावल की मात्रा कम है। शक्कर के लिए भी तीन रुपए अतिरिक्त लिया जाता है। उन्होंने संचालक पर कार्रवाई करते हुए समूह को संचालन का ज़िम्मा देने की मांग की।

जानकारी के मुताबिक, माना बस्ती में लगभग 1700 राशन कार्ड धारी है। एक राशन कार्ड से 35 किलो चावल देने का प्रावधान है। ऐसे में हर महीने 850 किलो और हर साल 10 हजार से अधिक किलो चावल की चोरी का अनुमान लगाया जा सकता है, जिसे बाजार में 25 से 30 रुपए किलो बेचा जाता है। जो एक बड़ी धांधली को उजागर करता है। ग्रामीणों ने बताया कि ये सिलसिला 20 साल से चला आ रहा है। जब भी कम राशन देने को लेकर आवाज उठाया जाता तब संचालक उन्हें बाहर भेज दिया करते थे।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा का फूलों से किया भव्य स्वागत



**रायपुर,** 31 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जयस्तंभ चौक, रायपुर में भगवान झूलेलाल की जयंती और चेट्रीचण्ड्र (चैतीचांद) पर्व पर आयोजित शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। यह शोभायात्रा नगर भ्रमण के बाद जयस्तंभ चौक पहुंची, जहां मुख्यमंत्री साय ने स्वागत किया। सिंधी काउंसिल द्वारा होजमालों के मंच पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव बृजमोहन अग्रवाल भी शामिल हुए।

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा होज़मालो का आयोजन जयस्तम्भ चौक रायपुर में आयोजित किया गया था। जिसमे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने झूलेलाल जयंती पर्व पर आयोजित शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी का विशेष रूप से स्मरण करते हुए महान नेता सिंधी समाज की प्रेरणा है। जिन्होंने राष्ट्रनिर्माण में अविस्मरणीय योगदान दिया सिंधी समाज का योगदान व्यापार संस्कृति शिक्षा और राष्ट्रसेवा के हर क्षेत्र में अनुकरणीय है। सिंधी समाज एकजुटता और पारिवारिक मूल्य आज भी नई पीढ़ी को रास्ता दिखाते है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान झूलेलाल केवल सिंधी समाज के आराध्य नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, साहस और सेवा भाव के प्रतीक हैं। चेट्रीचण्ड्र का यह पर्व नए वर्ष की उम्मीद, विश्वास और विजय की शुरुआत है। मुख्यमंत्री ने सिंधी समाज के संघर्षों, परिश्रम और उपलब्धियों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि देश के विभाजन के बाद जब सिंधी समाज को अपना सबकुछ छोड़कर नए सिरे से जीवन शुरू करना पड़ा, तब भी आपने हार नहीं मानी। आपकी कर्मठता, एकजुटता और आत्मबल ने आपको देश के हर कोने में सम्मानजनक स्थान दिलाया है।

**होजमालो के मंच पर शामिल हुए भाजपा नेता**

मुख्यमंत्री ने भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी का विशेष रूप से स्मरण करते हुए कहा कि आडवाणी जैसे महान नेता सिंधी समाज की प्रेरणा हैं, जिन्होंने उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री जैसे दायित्वों को निभाकर राष्ट्रनिर्माण में अविस्मरणीय योगदान दिया। उन्होंने आगे कहा कि सिंधी समाज का योगदान व्यापार, संस्कृति, शिक्षा और राष्ट्रसेवा के हर क्षेत्र में अनुकरणीय है। आपकी एकजुटता और पारिवारिक मूल्य आज भी नई पीढ़ी को रास्ता दिखाते हैं। इस अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक किरण देव, पुरंदर मिश्रा, सिंधी काउंसिल के अध्यक्ष ललित जयसिंघ, श्रीचंद सुंदरानी, पार्षद अमर गिदवानी, फिल्म अभिनेत्री श्रीमती भाग्यश्री सहित विधायक पुरंदर मिश्रा मोतीलाल साहू धमतरी महापौर रामू रोहरा सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ श्रीचंद सुंदरानी विक्की लोहाना तेजकुमार बजाज दीपक रामनानी नितिन कृष्णानी प्रणीत सुंदरानी सुनील कुकरेजा मनोहर खत्री गोल्डी सिदारा चंदन जैसिंघ धनेश मटलानी चंदर देवानी रवि ग्वालिनी, अनेक जनप्रतिनिधि और समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आईएमए की नई कार्यकारिणी के सदस्यों ने राज्यपाल से भेंट की



**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज राजभवन में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सोलंकी एवं कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि आईएमए द्वारा सिकलसेल के हाईरिस्क वाले मरीजों के चिन्हांकन, आदिवासी समुदाय में हृदय एवं लीवर से संबंधित बीमारियों पर शोध एवं उचित इलाज की योजना बनाई गई है। इसके लिए आईएमए आवश्यक चिकित्सा संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। राज्यपाल श्री डेका ने उनकी योजना की सराहना की और कहा कि वे इन कार्यों के लिए हर संभव मदद करेंगे। रायपुर में प्रस्तावित आईएमए टॉवर के भूमिपूजन कार्यक्रम में आईएमए के अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यपाल को आमंत्रित भी किया। इस अवसर पर आईएमए के पदाधिकारी डॉ. संजीव श्रीवास्तव, डॉ. सुरेंद्र शुक्ला व डॉ. केतन शाह भी उपस्थित थे।

# बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्रों को शातिर ठग कर रहे कॉल




**पास कराने के नाम पर मांग रहे पैसे**

**रायपुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। बोर्ड परीक्षा खत्म हो गई है लेकिन परीक्षा देने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों की चिंता खत्म नहीं हुई है अब वे परिणाम को लेकर कश्मकश में है ऐसे में छात्रों और अभिभावकों के मनोदशा को भांप कर शातिर ठग कॉल कर परीक्षा में पास करने के नाम पर उनसे पैसों की मांग कर रहे है माध्यमिक शिक्षा मंडल के अधिकारियों ने से चर्चा में बताया कि उनकी जानकारी में आया है कि लोगों के पास फर्जी कॉल जा रहा है परीक्षा परिणाम सुधारने या पास करने के नाम पर उनसे पैसे की माँग की जा रही है इसके साथ ही अधिकारियों को छात्रों और उनके अभिभावकों को आगाह किया कि बोर्ड परीक्षा में पास कराने के फोन कॉल के झांसे में ना फंसे ऐसा फोन कॉल आने पर तत्काल अपने नजदीकी पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करें अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस तरह के फोन कॉल से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल का कोई संबंध नहीं है पेरेंट्स और अभ्यार्थी इस तरह के फर्जी कॉल में न फंसेए सतर्क रहे हाल में ही बोर्ड परीक्षा समाप्त हुआ है बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य जारी है ठगों द्वारा फर्जी काल के माध्यम से इसका फायदा उठाने की कोशिश की जा रही है् उत्तर पुस्तिका जांच केंद्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है सीसीटीवी केंद्र की निगरानी में जाँच जारी है किसी प्रकार की गड़बड़ी संभव नहीं प्रदेश में छह लाख से ज़्यादा विद्यार्थियों दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में पंजीकृत है

उल्टा पुल्टा

पुलिस (शराबी से)- रात के 1 बजे तुम कहां जा रहे हो?
शराबी (पुलिस से)- मैं शराब पीने के दुष्परिणाम पर भाषण सुनने जा रहा हूं।
पुलिस (शराबी से)-इतनी रात में तुम्हे कौन भाषण देगा?
शराबी- मेरी बीवी।

## संपादकीय

### घरों में घुसते अपराधीः रहें सावधान

*राजधानी रायपुर के अलावा उसके आसपास अपराध इस कदर बढ़ते जा रहे हैं कि लोगों का जीवन खतरे में हो चला है। पुलिस तो अपनी ओर से जितना सम्भव हो ऐसे अपराधों की रोकथाम करने तथा आपराधिक कृत्यों की जांचकर उन्हें न्याय के घेरे में लाने की कोशिश करती ही रहती है लेकिन नागरिकों को भी चाहिये कि वे सावधान रहें। बाहर हों या घरों में रहें, उन्हें अपराधियों से बचने के अपनी ओर से भी इंतज़ाम कर रखने चाहिये। सुरक्षा के यथासम्भव सभी उपाय कर रखने चाहिये।*

*घरों के बाहर रहने पर सुरक्षा उपायों की बात है, तो वाहन चालन हो या पैदल चलना हो, सावधानी अपनायें। फुटपाथों का उपयोग करें व तेज गति यातायात से सतर्क रहें। खुद तो सम्हलकर रास्तों को पार करना ज़रूरी है, बुजुर्गों, बीमारों या बच्चों को सुरक्षित तरीके से पैदल चलने या रास्ते, चौक-चौराहे पार करायें। कुछ अनहोनी होने की स्थिति में सभी आवश्यक मोबाइल नंबर उपलब्ध रहें। विशेषकर महिलाओं को बाहर जाते वक्त न्यूनतम या कृत्रिम आभूषणों का इस्तेमाल करना चाहिये। यदि मांगलिक कार्यों में जाना हो व गहने पहनने आवश्यक हों तो उन्हें पूरी सावधानी से लेकर जायें। भारी ज्वेलरी के साथ महिलाओं को अकेले जाना टालना चाहिये।*

*इन दिनों घरों के भीतर भी सुरक्षा का सवाल पैदा हो गया है। कुछ दिनों पहले रायपुर के बाहरी इलाकों में डंडे-लाठियां लिये बदमाशों का गैंग लोगों के घरों के बाहर घूमता नज़र आया था। ये रहिवासियों के घरों को खटखटाते हुए उनके दरवाजे खुलवा रहे थे। उनका मकसद हथियार दिखाकर लूट-पाट करना था। इनकी हरकतें सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई थीं। रायपुर के नज़दीक खरोरा थाने के अंतर्गत केवराडीह गांव में 7 असामाजिक तत्वों के समूह ने एक घर से 6 लाख रुपये की डकैती की। वे छत की ओर से घुसे। तलवारों व बन्दूकों से लैस डाकुओं ने घर के सभी लोगों के हाथ-पांव बांध दिये तथा नगद व जेवर लेकर भाग गये।*

*पिछले वर्ष के नवम्बर में जशपुरनगर के कांसाबेल थाना क्षेत्र के अंतर्गत बटईकेला गांव के बैंक सेवा केन्द्र में बैठे संचालक को दो हथियारबन्द नकाबपोश लूटने दिनदहाड़े पहुंचे थे। शोर-शराबा सुनकर उसे बचाने हेतु आई उसकी 60 वर्षीय दादी फायरिंग में मारी गयी। संजू भी घायल हो गया था। संजू के सिर पर पिस्तौल तानकर वे पैसों की मांग कर रहे थे। अभी रायपुर के दलदल सिवनी के एक युवक का पिस्तौल के साथ वीडियो चर्चा में है जो बताता है कि हथियारों की पहुंच आसान हो गयी है।*

*इसलिये मुकम्मल सुरक्षा व्यवस्था हो। घरों के दरवाजे मजबूत हों तथा शटर या जाली लगवा लेना बेहतर है ताकि बाहरी व्यक्ति को देखने के बाद दरवाजे खुलें। अपने निवास और काम की संवेदनशीलता को देखते हुए; और सम्भव हो तो सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने चाहिये।*

# मुस्लिम समाज ने धूमधाम से मनाई ईद



**दुर्ग,** 31 मार्च (देशबन्धु)। नगर में आज ईद का त्यौहार काफी खुशनुमा माहौल में भाई चारे के साथ मनाया गया। गंजपारा ईदगाह सहित शहर की सभी मस्जिदों में ईद की नमाज ईमामों द्वारा अदा कराई है। नमाज अदा करने के बाद सभी मुस्लिम भाईयों ने मुल्क की सलामती और खुशहाली की दुआं मांगी।

शहर में आज सुबह से ही ईद की खुशियां नजर आ रही थी। आज सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोग गंजपारा ईदगाह में एकत्रित हुए। गंजपारा की सड़क पर भी नमााजी से ईदगाह खचाखच भर गया था। भीड़ इस कदर थी कि गंजपारा की सड़क पर भी नमाजी नमाज पढ़ रहे थे। यहां जो नमाज पढ़ने से वंचित रह गये उन्हें फिर जामा मस्जिद में नमाज पढ़वाई गई। इसी तरह डिपरापारा गांधी नगर में तकियापारा बोरसी व केलाबाड़ी की मस्जिदों में भी नमाज पढ़ी गई। गंजपारा में मुस्लिम भाईयों को ईद की बधाईयां देने पूर्व विधायक अरूण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, अन्य लोग पहुंचे सभी ने मुस्लिम भाईयों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की।

**अय्यूब खान ने बांटा राशन किट :** रमजान माह के प्रारंभ से ही, पहले रोजा से त्यौहार तक छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के सचिव अय्यूब खान ने दुर्ग भिलाई के जरूरतमंदों को राशन किट का वितरण किया गया। किट में सेवई, मीठा पेय, खजूर, शक्कर, चांवल आटा, नमक, तेल, चाय पत्ती, गर्म मसाले इत्यादि कच्चा राशन पैक था।

# प्रत्येक नागरिक को संसदीय कार्यप्रणाली का ज्ञान होना चाहिए : विजय बघेल



- साइंस कालेज में सत्रहवीं युवा संसद प्रतियोगिता आयोजित

**दुर्ग,** 31 मार्च (देशबन्धु)। विपक्ष को आलोचक नहीं समालोचक होना चाहिए। संसदीय साक्षरता हम सबका नैतिक दायित्व है भारत के प्रत्येक नागरिक को संसदीय कार्यप्रणाली का ज्ञान होना आवष्यकता है। विशेषकर हमारे देश के युवाओं को जबतक संसदीय कार्यप्रणाली का ज्ञान नहीं होगा वे स्वस्थ राजनीति की ओर प्रेरित नहीं होगें। ये उद्गार दुर्ग के सांसद विजय बघेल ने आज शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में राजनीतिषास्त्र विभाग द्वारा भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार आयोजित सत्रहवीं युवा संसद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। महाविद्यालय के रविन्द्र नाथ टैगोर सभागार में बड़ी संख्या में उपस्थित प्रतिभगाी विद्यार्थियों तथा प्राध्यापकों को संबोधित करते हुये सांसद विजय बघेल ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि हम सब में हर प्रक्रिया के संपादन का नियम निर्धारित है। प्रधानमंत्री से लेकर संसद सदस्यों तक प्रत्येक को इस प्रक्रिया का पालन करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य को लेकर पूरे देश में ये कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। श्री बघेल ने उपस्थित जनसमुदाय सें जल संरक्षण के उपाय करने तथा महाअभियान में शामिल होने का आग्रह किया।

इससे पूर्व अपने स्वागत भाषण में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुये कहा कि युवा संसद प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों के साथ-साथ प्राध्यापकों भी संसदीय कार्य प्रणाली जैसे प्रश्न पूछना, उत्तर देना, प्रश्नकाल, शून्य काल, स्थगन प्रस्ताव, आसंदी की ओर संबोधन करते हुये अपना वक्तव्य देना जैसे गतिविधियों की ज्ञानवर्धक एवं रोचक जानकारी मिलती है। प्रतियोगिता के प्रारंभ समन्वयक एवं राजनीतिषास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शकिल हुसैन ने युवा संसद प्रतियोगिता के विषय में प्रकाश डालते हुये बताया कि वर्तमान में इस प्रतियोगिता में कुल 55 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है। सन 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस युवा संसद प्रतियोगिता को एक आन्दोलन का स्वरूप देते हुए प्रत्येक स्तर पर इसका आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागी युवा सांसदों को शपथ लोकसभा अध्यक्ष द्वारा विभिन्न भाषाओं ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# निगम के 11 एमआईसी प्रभारी आज करेंगे अपने-अपने कक्ष में कार्यभार ग्रहण

**दुर्ग,** 31 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग की नवगठित मेयर इन काउंसिल के सभी 12 सदस्य कल 1 अप्रेल को अपने अपने कक्ष में कार्यभार ग्रहण करेगें। इस अवसर पर शहर विधायक गजेन्द्र यादव, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा एवं जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक सहित सभी पार्षदगण व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहेगें।

**जलगृह प्रभारी लीना देवांगन 3 अप्रेल को नलघर में करेंगी कार्यभार ग्रहण**

कल 1 अप्रेल को जो एमआईसी प्रभारी पदभार ग्रहण करने जा रहे है वे नरेन्द्र बंजारे वित्त एवं लेखा प्रभारी, देवनारायण चंद्राकर लोककर्म प्रभारी, लीना दिनेश देवांगन जल कार्य प्रभारी, चंद्रशेखर चंद्राकर राजस्व प्रभारी, मनीष साहू सामान्य प्रशासन विभाग, ज्ञानेश्वर ताम्रकार विद्युत एवं यांत्रिकी, निलेश अग्रवाल स्वास्थ्य प्रभारी, कांशीराम कोसरे पर्यावरण एवं उद्यानिकी, शिव नायक गरीबी उपशमन विभाग, लीलाधर पाल शिक्षा व खेलकूद, शशि साहू महिला एवं बाल विकास, हर्षिका संभव जैन पर्यटन एवं संस्कृतिक विभाग प्रभारी, बनाये गये है। इनमें से लीना दिनेश देवांगन का चेम्बर जल विभाग जलगृह विभाग में है। वे 3 अप्रेल को कार्यभार ग्रहण करेंगी। शेष 11 एमआईसी प्रभारी कल 1 अप्रेल को नगर निगम मुख्यालय स्थित सभागार के नीचे स्थित एमआईसी भवन में बनाये गये है। सभी कक्ष नई साज सज्जा के साथ तैयार किये गये है।

# नगर निगम का बजट महज औपचारिक मगर घोषणाओं पर शीघ्र अमल करें : गया पटेल



**दुर्ग,** 31 मार्च (देशबन्धु)। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल ने नगर निगम के बजट को औपचारिक बजट निरूपित करते हुए कहा कि बजट के अनेक प्रावधान को पहले भी किये गये है। इसके अलावा ऐसे भी प्रावधान है जिसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नगर के विधायक गजेन्द्र यादव पहले ही घोषित कर चुके है। फिर इसमें नया क्या है ? उन्होंने कहा कि प्रस्तुत बजट में आम नागरिकों की सुख सुविधाओं पर कहीं फोकस नहीं किया गया है।

श्री पटेल ने कहा कि बजट में की गई घोषणाएं महज औपचारिकाएं है। यदि महापौर इस मामले में गंभीर है तो उन्हें इन घोषणाओं पर तत्काल अमल करना चाहिए। श्री पटेल ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 3 अप्रेल को दिल्ली में देशभर के जिला कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक लेगेंम। इस बैठक में वे स्वयं और जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष के नये अध्यक्ष राकेश ठाकुर भी जायेगें। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# समाज में खर्चीली शादी बंद होनी चाहिए : ताम्रध्वज



- ग्राम खम्हरिया में मां कर्मा जयंती

**दुर्ग,** 31 मार्च (देशबन्धु)। ग्राम खम्हरिया में ग्रामीण साहू संघ द्वारा भक्त माता कर्मा जी की एक हजार नौवी जयंती काफी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने अपने उद्बोधन में साहू समाज के लोगों से शादी विवाह व अन्य समारोहों में फिजूलखर्ची रोकने पर जोर दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई तथा समाज के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर उद्बोधन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे तथा अध्यक्षता परिक्षेत्र साहू संघ के अध्यक्ष खिलावन साहू ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने समाज के उत्थान के लिये काफी सोच समझकर गंभीर चिंतन के साथ कदम उठाये जाने चाहिए। खर्चीली शादियों पर रोक होनी चाहिए। बफे सिस्टम में आधा खाना खराब हो जाता है यह दिखावा भी बंद किया जाना चाहिए। इससे बचे हुए पैसों से परोपकार के कार्य किये जा सकते है। उन्होंने साड़ी बांटने की प्रथा को भी बंद करने की वकालत की। कार्यक्रम में जनपद सदस्य जितेन्द्र टंडन, तहसील साहू संघ के अध्यक्ष पुरूषोत्तम साहू, महासचिव उमाशंकर साहू, हर्ष साहू, जगदीश साहू, दुलारी देशलहरे, ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष लोकनाथ साहू एवं सुखीराम यादव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर का गृहग्राम धौराभांठा में भव्य स्वागत



**दुर्ग,** 31 मार्च (देशबन्धु)। जिला ग्रामीण कांग्रेस के नये अध्यक्ष राकेश ठाकुर के अपने गृहग्राम धौराभाठा ब्लाक पाटन पहुंचने पर समर्थकों ने जगह जगह स्वागत किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक प्रतिनिधि प्रदीप चंद्राकर के नेतृत्व में डीजे की धुन और फूलों की वर्षा से उनका स्वागत किया।

राकेश ठाकुर के गांव में पहुंचते ही मुख्य द्वार से लेकर निवास स्थान तक जगह जगह उनका स्वागत किया गया। इस बीच श्री ठाकुर ने मां शीतला मंदिर शिव मंदिर व हनूमान मंदिर में जाकर पूजा पाठ कर आर्शीवाद लिया। उन्होंने अपने उद्बोधन में संगठन को मजबूत बनाने के लिये कार्यकर्ताओं के हित में युवाओं के साथ ही सभी वर्गो को साथ लेकर कार्य करने की घोषणा की। श्री ठाकुर ने सभी को एकजुट होकर कांग्रेस को मजबूत बनाने एकजुट होने की अपील की। इस अवसर पर कांग्रेसजन एच.एल.चंदेल, पालेश्वर ठाकुर, गोविंद ठाकुर, नरेश ठाकुर, भुजवल निर्मल, खिलेश चंद्राकर, विशम्भर साहू, तालू सेन, टेकू ठाकुर, मनहरण साहू, रेखराम साहू, भास्कर चंद्राकर, राजेन्द्र साहू, गोपाल ठाकुर सहित अनेक कांग्रेसजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# वाहन चोरी के 2 आरोपी गिरफ्तार

## जेल भेजे गए, पांच वाहन बरामद



**दुर्ग,** 31 मार्च (देशबन्धु)। शहर में लंबे समय से हो रही वाहन चोरी के मामलों को देखते हुए दुर्ग कोतवाली पुलिस द्वारा अभियान चलाकर वाहन चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। ये आरोपी बच्चन मानिकपुरी एवं सुनील कसेरा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से 5 दुपहिया वाहन बरामद किये गये। इनकी कुल कीमत 80 हजार रूपये आंकी गई है। इन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

कोतवाली पुलिस के अनुसार पिछले दिन हुई एक वाहन चोरी के मामले में पुलिस ने घटनास्थलों के आसपास के सीसीटीवी चेक किये। जिसके आधार पर एक आरोपी बच्चन मानिकपुरी (29) निवासी बैजनाथ पारा दुर्ग की शिनाख्त की गई। मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस ने एक मकान में छिपे हुए बच्चन मानिकपुरी को पकड़ा और यहीं पर उन्हें एक अन्य आरोपी सुनील कसेर (25) पकड़ में आया। दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# जिले के निरीक्षक, उप निरीक्षक एवं सहायक उप निरीक्षक सहित 27 अधिकारियों का हुआ फेरबदल

- 4 निरीक्षक, 7 उप निरीक्षक, 16 सहायक उप निरीक्षक का हुआ तबादला
- 2 सहायक उप निरीक्षक को थाने से भेजा गया रक्षित केन्द्र

**बेमेतरा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के द्वारा प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले के अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है जिसमें प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले के निरीक्षक, उप निरीक्षक एवं सहायक उप निरीक्षक सहित 27 अधिकारियों का तबादला किया गया हैं। जिसमें निरीक्षक कृष्णकांत सिंह को रक्षित केन्द्र से थाना प्रभारी बेरला, निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा को थाना प्रभारी साजा से थाना प्रभारी खम्हरिया, निरीक्षक रोशन लाल टोण्डे को रक्षित केन्द्र से थाना प्रभारी दाढी, और उप निरीक्षक राकेश कुमार साहू को थाना प्रभारी बेमेतरा से थाना प्रभारी साजा, उप निरीक्षक अलील चंद को थाना प्रभारी नांदघाट से थाना प्रभारी नवागढ, उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव को थाना प्रभारी दाढी से थाना प्रभारी नांदघाट, उप निरीक्षक आर.के. कश्यप को थाना नांदघाट से थाना प्रभारी चंदनू, उप निरीक्षक ओंकार साहू को थाना प्रभारी चंदनू से चौकी प्रभारी खण्डसरा, उप निरीक्षक राजकुमार साहू को थाना प्रभारी खम्हरिया से चौकी प्रभारी कण्डरका, उप निरीक्षक मयंक मिश्रा को थाना प्रभारी बेरला एवं प्रभारी सायबर सेल से थाना प्रभारी बेरला से कार्यमुक्त कर प्रभारी सायबर सेल, सहायक उप निरीक्षक उदलराम ताण्डेकर को थाना बेमेतरा से चौकी प्रभारी देवकर, सहायक उप निरीक्षक आर.एल. भास्कर को थाना साजा (पुलिस सहायता केन्द्र बिरनपुर) से चौकी प्रभारी देवरबीजा, सहायक उप निरीक्षक संतोष ध्रुव को चौकी प्रभारी देवरबीजा से थाना साजा (पुलिस सहायता केन्द्र बिरनपुर), सहायक उप निरीक्षक चौकी प्रभारी देवकर से चौकी प्रभारी कंडरका, सहायक उप निरीक्षक कंवल सिंह नेताम चौकी प्रभारी कंडरका से थाना बेमेतरा, सहायक उप निरीक्षक योगेश्वर देशमुख को थाना बेमेतरा से थाना नांदघाट, सहायक उप निरीक्षक सुरेश सिंह राजपूत को चौकी प्रभारी खण्डसरा से थाना परपोडी, सहायक उप निरीक्षक मोहन लाल साहू को थाना नवागढ से थाना बेमेतरा, सहायक उप निरीक्षक थाना बेमेतरा से थाना नवागढ, सहायक उप निरीक्षक रामकुमार दिवाकर को थाना बेमेतरा से रक्षित केन्द्र बेमेतरा, सहायक उप निरीक्षक शंकर लाल सोनवानी को थाना नांदघाट से रक्षित केन्द्र बेमेतरा, सहायक उप निरीक्षक बहादुर सिंह रक्षित केन्द्र बेमेतरा से थाना साजा, सहायक उप निरीक्षक भानुप्रताप पटेल को चौकी देवकर से थाना बेरला, सहायक उप निरीक्षक छोटेलाल बंजारे को थाना परपोडी से चौकी देवकर, सहायक उप निरीक्षक टुमन लाल चतुर्वेदी को रक्षित केन्द्र बेमेतरा से थाना साजा, सहायक उप निरीक्षक अरूण कुमार रावटे को रक्षित केन्द्र बेमेतरा से थाना खम्हरिया सहित 27 अधिकारियो का स्थानांतरण प्रशासनिक दृष्टिकोण से किया गया है जिसमें जिले के 04 निरीक्षक, 07 उप निरीक्षक, 16 सहायक उप निरीक्षक सहित 27 अधिकारियों का फेरबदल किया गया है। जिसमें से 02 सहायक उप निरीक्षक को थाना से रक्षित केन्द्र बेमेतरा भेजा गया है। इस नवीन स्थानांतरण से पुलिसिंग में और कसावट आएगी।

# देवी मंदिरों मे उमड़े श्रद्धालु देश विदेश के भक्तो ने जलाया ज्योत



**छुईखदान,** 31 मार्च (देशबन्धु)। नवरात्रि के पहले दिन सुबह से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालियो का ताता लगा रहा सुबह से ही पूजा सामग्री लेकर श्रद्धालु मंदिरो मे पहुंच रहे थे चौत्र नवरात्रि प्रारंभ होते ही देवी मंदिरो मे आस्था के ज्योत जले पंडित शैलेन्द्र तिवारी ने बताया कि अपने परिवार की सुख शांति व समृद्धि के लिए कोई 9 दिनो तक उपवास रखते है कन्या भोज करवाते है तो कोई लोग कलश स्थापना करवाते है नगर के प्रमुख देवी मंदिर काली मंदिर संतोषी मंदिर भैरव बाबा शीतला मंदिर वैष्णव देवी मंदिर टिकरीपारा महामाया मंदिर कोड़का लक्ष्मणपुर शीतला मंदिर श्यामपुर शीतला मंदिर सहित अंचल के देवी मंदिरो मे भक्तो की भीड़ लग रही है लोग पैदल यात्रा के लिए निकल चुके है 9 दिनो तक नवरात्रि मे जगह-जगह पर पैदल यात्रियो के लिए सामाजिक संस्था की तरफसे सेवा की जाती है भोजन की व्यवस्था रहती है पैदल आने जाने वालो की संख्या मे महिलाओंस की संख्या मे भी बढ़ोतरी देखी जा रही है नगर के प्राचीन मा महाकाली मंदिर मे विधि विधान से पूजा अर्चना कर ज्योति कलश की स्थापना की गई पांच कन्याओ द्वारा माई ज्योति को प्रज्वलित किया गया इसके बाद बाकी ज्योतियो को जो जलाने वाले और मंदिर के भक्तो द्वारा जलाया गया।

**मध्य रात्रि को होता है मां काली का श्रृंगार**

मंदिर के पुजारी मनोज तिवारी ने बताया कि नवरात्रि शुरू होने के पहले मुहूर्त देखकर माता का तेल से लेप किया जाता है जो इस वर्ष गुरुवार को 11 बजे किया गया ज्योति कलश स्थापना के 1 दिन पहले रात 12 बजे मां काली का श्रृंगार चरण को स्नान करा कर किया जाता है माता के श्रृंगार के बाद बाजे गाजे शंख घंटे के साथ मां काली की आरती की जाती है दूसरे दिन नवरात्रि ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# कुम्हारी नगर पालिका में पार्षद जानकी ध्रुव बने नेता प्रतिपक्ष

- निर्मला कुर्रे को मिला उप नेता विपक्ष का पद



**कुम्हारी,** 31 मार्च (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद कुम्हारी में नेता विपक्ष के रूप में वार्ड क्रमांक 20 के कांग्रेसी पार्षद श्रीमती जानकी ध्रुव एवं उप नेता विपक्ष के रूप में वार्ड 17 के पार्षद श्रीमती निर्मला कुर्रे की नियुक्ति की गई है।

यह नियुक्ति जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश ठाकुर के द्वारा किया गया है इस नियुक्ति पर उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत सहित कांग्रेसी पार्षदों ने नेता प्रतिपक्ष व उप नेता विपक्ष को बधाई दी है।

# नवनिर्वाचित सरपंच को समाज प्रमुखो ने किया सम्मानित



**सहसपुर लोहारा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। श्रीमती रेखा गोपाल रजक को सरपंच ग्राम पंचायत आमगाँव एवं श्रीमती मिथिला भागवत रजक एवं चंद्रेश रजक पंच ग्राम पंचायत आमगाँव पद मे चुने जाने पर बधाई देने आमगाँव पहुंचे जिला धोबी समाज के जिलाध्यक्ष इस अवसर पर जिले के मुखिया हिमलेश निर्मलकर (जिला अध्यक्ष धोबी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# पुलिस ने कार में रखा गांजा जप्त कर दो को किया गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। पुरानी भिलाई पुलिस के द्वारा पुरैना भिलाई 3 क्षेत्र में एक्सयूवी वाहन में अवैध रूप से नशीला पदार्थ गांजा परिवहन कर भिलाई ला रहे दो आरोपियों को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान वाहन से करीब 10 किलोग्राम गांजा जप्त किया गया। मिसी जानकारी के अनुसार शाम 4.30 बजे के करीब पुरैना बस्ती से भिलाई की ओर गांजा लेकर आने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस पर से पुरानी भिलाई पुलिस के द्वारा पुरैना बस्ती पहुंच कर एक्सयूवी वाहन को पकड़ा गया। इस वाहन की तलाशी लेने पर करीब 10 किलोग्राम गांजा जप्त किया गया। इस दौरान दो को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में धीरेंद्र 24 वर्ष खुर्सीपर एवं युवराज भिलाई 3 को पकड़ा गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि ग्न्ट 500 वाहन का मालिक धीरेंद्र है।

विधि से संघर्षरत बालक लूट के मामलें में गिरफ्तार

भिलाईनगर? प्रार्थी अजीजूल हसन निवासी टाटा लाईन कोहका चौकी स्मृति नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 मार्च दोपहर 1 बजे मस्जिद से पैदल कोहका जा रहा था कि उसी समय मोटर सायकिल सीजी 07 बीएक्स 2867 में दो व्यक्ति मोबाईल को झपटकर भाग गये। जिस पर चौकी स्मृति नगर में धारा 304(3)(5) बी.एन.एस कायम किया गया है। सुपेला टीआई राजेश मिश्रा, सउनि बाबुलाल के द्वारा टीम गठित कर आरोपीयों का पता तलाश किया गया जो विधि से संघर्षरत दो बालक को पकड़ा गया। जिनके कब्जे से मोबाईल की जप्ती कर तत्वरित कार्यवाही करते विधि से संघर्षरत बालकों को किशोर न्याय बोर्ड न्यायालय दुर्ग पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर बाल सम्प्रेक्षण गृह भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक राजेश मिश्रा थाना प्रभारी सुपेला, सउनि बाबुलाल साहू, कमल नारायण, हर्षित शुक्ला, तुषार, सविन्दर सिंह, कौशलेन्द्र सिंह का कार्यवाही में सराहनीय योगदान रहा।

### लूट के आरोप में 3 नाबालिक बालक पकड़ाए

भिलाईनगर। प्रार्थी रोशन कुमार निवासी दुर्गा नगर जुनावनी द्वारा थाना जामुल में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वे स्वीगी में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता है। विगत दिनों रात्रि 1.17 बजे घासीदास नगर जामुल का रहने वाला व्यक्ति द्वारा स्वीगी में खाने का आर्डर किया। प्रार्थी आर्डर लेकर घासीदास नगर पहुंचा। उसी समय 5 लड़के आये और हमने आर्डर किया है कहते हुए मोटर सायकिल की चाबी निकाल कर प्रार्थी से मारपीट कर जेब में रखे 1900 रूपये एवं आधार कार्ड को जबरदस्ती ले लिये। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना जामुल में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जामुल पुलिस को मुखबीर सूचना एवं हुलिया के आधार संदेहियो को पकड़ कर पूछताछ की गई। संदेहियों के द्वारा पहले तो पुलिस को गुमराह करते रहे किन्तु जब हुलिया दिखाकर कर बारिकी से पूछताछ करने पर प्रार्थी के साथ लूट करना स्वीकार किया। तीनो आरोपी विधि से संघर्षरत बालक अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर घटित को अंजाम दिये है। प्रार्थी से लूट की गई नगदी रकम 1900 रूपये, आधार कार्ड एवं घटना में प्रयुक्त स्कूटी प्लेजर तीनो विधि से संघर्षरत बालको से जप्त की गई है। तीनो के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही की गई है। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक कपिल देव पाण्डेय, सहायक उपनिरीक्षक महफूज खान, आरक्षक चेतमान गुरूंग, रत्नेश शुक्ला, जी. सामुएल, रूपनारायण बाजपेयी, चन्द्रभान सिंह, अतुल सिंह यादव का विशेष योगदान रहा।

# अवैध नल कनेक्शन पर निगम करेगा कार्रवाई



**भिलाईनगर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम भिलाई के जोन क्रमांक 3 में निगम के अधिकारियों द्वारा रोज की तरह सुबह भ्रमण के दौरान पावर हाउस जवाहर मार्केट में देखा गया कि व्यापारियों द्वारा नाली के ऊपर अवैध कब्जा करके स्लैप से ढक दिया गया है। जिससे कर्मचारियों को नाली सफाई करने के लिए बहुत परेशानी हो रही है। जब तक नाली को खोल करके यहां से वहां तक साफ नहीं किया जाएगा तब तक वहां से कचरा निकलेगा नहीं। ऊपर से देखा गया कि राधा कृष्णा डेरी एवं डेली नीड्स द्वारा चोरी छिपे अवैध नल कनेक्शन लेकर के पूरा बर्तन सड़क पर साफ किया जा रहा था। होटल डेरी के लिए पानी भी लिया जा रहा था। बर्तन साफ करते हुए रोड को गंदा किया जा रहा था। गंदगी को भी नाली में डाला जा रहा था। जिसे बदबू फैल रहा था। इसके बारे में जब जोन के स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारे से पूछा गया उन्होंने बताया कि पूरे नाली के ऊपर स्लैब डाल करके कब्जा कर लिए हैं। इससे हम सफाई के कर्मचारियों को कम पर नहीं लग पा रहे हैं। जिसके कारण नालियां जाम रहती है। कहीं भी खोलते हैं तो रात में कुछ व्यापारी लोग उसमें कचरा डाल देते हैं। सफाई करें तो कैसे करें। जब तक नालियों के ऊपर निर्माण हटाया नहीं जाएगा तब तक ठीक से सफाई नहीं हो पाएगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन आयुक्त सतीश सतीश यादव को अवैध कब्जे धारी नालियों पर कार्रवाई करने के लिए आदेशित किये। जो भी चोरी छिपे अवैध नल कनेक्शन लिए हैं उसे तुरंत विच्छेद करने के लिए जोन के सहायक राजस्व अधिकारी वसंत देवांगन को निर्देशित किये। साथ में सभी व्यापारियों से अपील किये नालियों के ऊपर अवैध कब्जा हटा लेवेए सफाई तभी हो सकती है। अपने से हटा करके सहयोग करें नगर निगम की जेसीबी मशीन करेगी तो नुकसान ज्यादा होगा। निगम शीघ्र इस पर कार्रवाई करेगा।

ज्ञात हो कि दो दिन पूर्व ही संचनालय नगरी प्रशासन एवं विकास छत्तीसगढ़ रायपुर के डायरेक्टर रिमिजियुस एक्का द्वारा नगर निगम भिलाई के सभागार में बैठक ली गई। जिसमें नगर निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल, दुर्ग की श्रीमती अलका बाघमार, रिसाली श्रीमती शशि सिन्हा, भिलाई तीन चरोदा निर्मल कोसरे के साथ अपने क्षेत्र के नागरिकों के लिए जल समस्या को लेकर चर्चा की। जिसमें नागरिकों को गर्मी में पानी की समस्या का समाधान को लेकर स्पष्ट निर्देश दिये गये थे। इस आधार पर जनप्रतिनिधियों से स्थानी पेयजल के प्रतिपूर्ति के लिए बिंदुवार चर्चा किया। निगम के सभापति, जल विभाग के प्रभारी अध्यक्ष, नगर निगम भिलाई के महापौर परिषद के सदस्य ने भी अपने वार्ड एवं क्षेत्र की समस्याओं के बारे में बताया। डायरेक्टर श्री एक्का ने सभी के प्रस्ताव के अनुसार कार्य को पूरा करने के लिए कहे। नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, दुर्ग सुमित अग्रवाल, भिलाई तीन चरोदा दशरथ राजपूत, एवं रिसाली के मोनिका वर्मा ने अपने निगम के संबंध जानकारी प्रस्तुत की थी। इस बैठक के बाद नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय व महापौर नीरज पाल ने कहा शासन की बहुत अच्छी पहल है, कि गर्मी के दिन में डायरेक्टर आकर के सभी निगम से पेयजल समस्या के बारे में जनप्रतिनिधियों एवं अध्यक्षों के साथ बात कर रहे हैं। समस्या का शीघ्र निराकरण करने के लिए आयुक्त राजीव पाण्डेय ने निगम भिलाई के अधिकारियों को निर्देशित किया था। उसी आधार पर आज की कार्यवाही मानी जा रही है।

# सर्व समाज संगठन ने सांसद से की मुलाकात



**भिलाईनगर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के पदाधिकारियों ने आज दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल से सौजन्य मुलाक़ात की। छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के पदाधिकारीयो द्वारा दुर्ग सांसद विजय बघेल से उनके निवास सेक्टर-5 में सौजन्य मुलाक़ात कर संगठन की वर्तमान गतिविधियों तथा मूल उद्देश्यों से अवगत कराया। उक्त अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, प्रदेश संयोजक ब्रह्म देव पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष संत कुमार केशकर, भिलाई अध्यक्ष चंदूलाल मरकाम, दुर्ग संभाग अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ भानु प्रताप यादव आदि उपस्थित रहे। भानु प्रताप यादव ने बताया कि दुर्ग जिले के नवनिर्वाचित पंचायत एवं निगम, निकाय प्रतिनिधियों का आगामी 28 अप्रैल को सम्मान किया जावेगा। इस संबंध में सर्व समाज संगठन ने सांसद विजय बघेल को इसकी जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये संध की आवश्यक बैठक आशीष नगर रिसाली में गत दिनों संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। 28 अप्रैल को कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में जिला स्तरीय सामाजिक समरसता एवं सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जहां जिले के नवनिर्वाचित पंचायत एवं निगम, निकाय प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। इस क्रम में भिलाई एवम रिसाली निगम के पूर्व में निर्वाचित प्रतिनिधियों को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। सम्मान समारोह की तैयारी हेतु बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर अनेक निर्णय लिए गए और पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए विशेषकर महिलाओं की सहभागिता हेतु सर्वसम्मति से सुमन देवांगन को संगठन के महिला प्रकोष्ठ में प्रदेश संयोजिका की जिम्मेदारी दी गई। इस बावत उन्हें नियुक्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया गया। बैठक में उपाध्यक्ष संत कुमार केशकर, घनश्याम कुमार देवांगन, अनुरूप साहू, भोजराम डडसेना, महासचिव लखन लाल साहू, प्रदेश संयोजक ब्रह्म देव पटेल, प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ डी पी देशमुख, सलाहकार रमेश साहू, भिलाई जिला अध्यक्ष चंदूलाल मरकाम, नवनियुक्त प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका सुमन देवांगन, भिलाई जिला महिला अध्यक्ष रामदुलारी ताम्रकार, पुष्पा यादव, मधु गजपाल, उपाध्यक्ष शिव प्रसाद चंद्रवंशी, संगठन सह सचिव भागवत सोनी, दुर्ग संभाग अध्यक्ष भानु प्रताप यादव, सत्यनारायण बंछोर सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में आभार प्रदर्शन रामदुलारी ताम्रकार ने किया।

# एक बेटी दस पुत्रों के बराबर होती है : आचार्य शर्मा



**भिलाईनगर**, 31 मार्च (देशबन्धु)। देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई द्वारा परमेश्वरी मंदिर रिसाली में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा के दूसरे दिन सोमवार को कथा व्यास आचार्य डॉ नीलेश शर्मा ने माता भगवती की आराधना, नवरात्रि पूजन विधान, श्रीराम चरित कथा एवं माता शैलपुत्री की कथा सुनाई। इस संगीतमय कथा में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। कथा के मुख्य यजमान समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन एवं उनकी पत्नी सुमन देवांगन तथा अन्य पदाधिकारियों ने माता परमेश्वरी की पूजा अर्चना की। कथा के बीच बीच में उनकी संगीत टीम ने आकर्षक भजन.कीर्तन प्रस्तुत कर समां बांधा। आचार्य नीलेश ने कहा कि जिस परिवार एवं समाज मे नारी का सम्मान होता है वह हर तरह से श्रेष्ठ रहता है। भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए बच्चों और युवाओं को अच्छा संस्कार दें। आचार्य ने कथा में बताया कि भागवत पुराण में खुद सूतजी ने कहा है कि नवरात्रि में इस पुराण का श्रवण करना बड़ा पुण्य है। वे कहते हैं कि श्रीमद् देवी भागवत अत्यंत पवित्र एवं प्रसिद्ध पुराण है। देवी भगवती को परमेश्वरी, दुर्गा आदि अनेक नाम से जाना जाता है। माता भगवती परमेश्वरी ही सृष्टि की उत्पत्ति कर्ता एवं जगत जननी है। वही परम ब्रह्म है। शरीर और आत्मा को ईश्वर भक्ति में लगा देना ही पुण्य है। उन्होंने बेटियों के महत्व को बताते हुए कहा कि एक बेटी दस पुत्रों के बराबर होती है। योग्य गुरु का काम है शिष्य को उचित मार्गदर्शन करना। श्रद्धालुगण प्रतिदिन मंदिर में माता परमेश्वरी एवं जोत ज्वारा का दर्शन लाभ ले रहे हैं। कथा समाप्त होने के बाद रोज मंदिर में जसगीत एवं माता सेवा की धूम मच रही है।

# नयनदीप विद्यामंदिर के बच्चों के साथ मनाई होली



**भिलाईनगर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया भिलाई इकाई द्वारा दृष्टि बाधितार्थ स्कूल नयनदीप विद्या मंदिर के बच्चों के साथ होली मिलन का आयोजन किया गया। इस होली मिलन में यूथ हॉस्टल्स का ध्येय सूत्र होली के रंग, यूथ हॉस्टल्स के संग बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और उमंग रहा। आयोजन की जानकारी देते हुए भिलाई इकाई के चेयरमेन के. सुब्रमण्यम ने बताया कि इस होली का उद्देश्य सिर्फ रंगों से खेलना नहीं रहा बल्कि समाज की मुख्य धारा से उपेक्षित बच्चों के जीवन में खुशियाँ, प्यार और आशा के रंग भरना रहा। दिव्यांग बच्चों के साथ आत्मीय और पारिवारिक माहौल में उनका उत्साहवर्धन रहा। यूथ हॉस्टल्स उन बच्चों के साथ होली खेलकर उनके चेहरे पर मुस्कान और आत्मबल भरना चाहता था। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सुमधुर धुन पर आकर्षक प्रस्तुति दी। बच्चों से गाने सुनकर यूथ हॉस्टल्स के सदस्य मंत्रमुग्ध हो गये। यूथ हॉस्टल्स द्वारा बच्चों का मुँह मीठा कर उनके जीवन में होली के मनभावन रंगों के स्थायित्व के लिए शुभकामना व्यक्त की गई। आयोजन को सफल बनाने में यूथ हॉस्टल्स भिलाई इकाई सचिव सुबोध देवांगन, कोषाध्यक्ष हेमलाल देवांगन, ईपीसी प्रभारी पी.के. सिंह, सविता सिंह, के. सिंधु, निखिल त्रिपाठी और काशवी त्रिपाठी सहित नयनदीप विद्या मंदिर की प्राचार्य श्वेता महोबिया, सहायिका संतोषी सिन्हा, छात्र आनन्द, छवि, थानेश, पीयूष, अनमोल, निखिल, विनय, हिमांशु, भूषण, कुन्दन, ओम और डॉली की सराहनीय भूमिका रही।

# वर्षीत्य तपस्वियों का सम्मान एवं स्वागत

**भिलाईनगर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। त्रिवेणी जैन तीर्थ भवन में वर्षीत्य के तपस्वियों का सम्मान एवं स्वागत रविवार को सेक्टर-6 जैन भवन भिलाई में किया गया। जिसमें ट्विन सिटी से करीब 23 तपस्वियो का सम्मान किया गया। ट्रस्टीजनों के साथ समाज के वरिष्ठ जन बुहिजीवियों के साथ ही समाज के पुरुषों, महिलाओं तथा बच्चों से प्रांगण महक रहा था। मूलचंद बाफना, सुरेश चंद जैन न सपत्नीक सारे कार्यों में पूर्ण भागीदारी की। नन्हा बालक भव्य कुम्मट बहुत ही सधी हुई सुरीली आवाज में मंगलाचरण में तथा मास्टर युवान टाटिया ने लोगस्स के पाठ से कार्यक्रम की शुरुआत का आगाज किया। दिशा तथा दीक्षा ने तपस्वियों के अनुमोदनार्थ अपने भाव रखे। डा. प्रेरणा जैन ने वर्षीत्य के बारे में जानकारी दी। श्रीमती पुष्पा वाफना, संध्या पुगलिया तथा मंजू सुगना का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचाला सीए पायल जैन ने किया। यह कार्यक्रम श्री सकल श्वेताम्बर जैन श्री संघ के तत्वाधान में संपन्न हुआ। यह जानकारी मूलचंद वाफना अध्यक्ष ने दी है।



# देर रात तक रही ईद उल फितर की रौनक



**भिलाईनगर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। ईद उल फितर पर शहर में खूब रौनक रही। सुबह ईद की नमाज से लेकर रात तक मुबारकबाद का सिलसिला जारी रहा। शहर की अलग.अलग मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज अदा की गई। जामा मस्जिद सेक्टर-6 में हाफिज इकबाल अंजुम हैदर की इमामत में हजारों लोगों ने नमाज अदा की। नमाज के बाद इमाम ने खुत्बा पढ़ा। वहीं भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट की ओर से सालाना रिपोर्ट सदर मिर्जा आसिम बेग ने पेश की। जिसमें उन्होंने मस्जिद में चल रहे तामीरी काम का ब्यौरा दिया। सदर मिर्जा आसिम बेग ने अपनी सालाना रिपोर्ट में बताया कि वजू खाना नए ढंग से बनाया जाएगा। ईद की नमाज के बाद दुआएं की गई। जिसमें मुल्क में अमन व सलामती के लिए दुआओं पर हजारों हाथ उठे। ईदगाह में पहुंचे कई प्रमुख लोगों ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की। जामा मस्जिद सेक्टर.6 के ईदगाह मैदान के अलावा शहर के अन्य ईदगाहों व मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई। इनमें ईदगाह फरीद नगर, ईदगाह रिसाली, गौसिया मस्जिद कैम्प-1, अशरफी मस्जिद खुर्सीपार, मदनी मस्जिद जोन 1, 2 खुर्सीपार, रजा जामा मस्जिद कैंप-2, शेरे खुदा मस्जिद हाउसिंग बोर्ड ईदगाह मैदान, अशरफी मस्जिद रूआबांधा, मरकजी मस्जिद पावर हाउस कैंप-2, मदनी मस्जिद फरीद नगर, मरकज सुपेला, मस्जिद नूर और जामा मस्जिद हुडको सहित जामुल, चरोदा, भिलाई-तीन व कुम्हारी सहित आसपास की मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई। हाउसिंग बोर्ड ईदगाह मैदान में जामुल थाना प्रभारी कपिलदेव पांडेय व अन्य पुलिस कर्मियों का मस्जिद शेरे खुदा कमेटी की ओर से इस्तकबाल किया गया। मस्जिद पहुंचे प्रमुख लोगों में विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, मुकेश चंद्राकर, वीरेंद्र साहू, हरमीत सिंह होरा, श्रमिक नेता आर डी कोरी सहित अन्य शामिल थे।

# पद यात्रियों के लिए सर्विस रोड की हो रही धुलाई



**भिलाईनगर**, 31 मार्च (देशबन्धु)। जितेन्द्र शुक्ला पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा दर्शन के लिए डोगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों एवं वाहन चालको के सुरक्षित आवागमन के लिए दिये गये निर्देश पर सुश्री ऋचा मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात एव सदानंद विध्यराज उप पुलिस अधीक्षक यातायात के नेतृत्व में दुर्ग पुलिस द्वारा कुम्हारी से अंजोरा बाईपास तक सुरक्षित कोरिडोर बनाकर रूट निर्धारित किये गये है। जिसमें सुरक्षा की दृष्टि से 4 पेट्रोलिंग वाहन तैनात किये गये है, जो लगातार 24 घण्टे 30 मार्च से 6 अप्रैल तक पेट्रोलिंग करेगें। जो पीए सिस्टम के माध्यम से पदयात्रियों को बाएं चलने के निर्देश देते रहेगें और इस मार्ग में किसी प्रकार का अवरूद्ध उत्पन्न नहीं होने देगें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात के निर्देश पर यातायात पुलिस के आरक्षक विजय शर्मा द्वारा आज नगर निगम भिलाई से संपर्क नेशनल हाईवे सर्विस रोड की सफाई एवं धुलाई करवाया गया, एवं नेशनल हाईवे में कुम्हारी सें पावर हाउस चौक तक हो रहे डामरीकरण कार्य को कुछ दिनों के लिये रोकने कहाँ गया। साथ ही यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा सभी नगर निगम, नगर पालिका, भिलाई इस्पात संयंत्र को पदयात्रा मार्ग की साफ-सफाई उचित प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था करने पत्राचार किया गया है।

# संडे बाजार में यातायात व्यवस्थित हो : गुप्ता

**भिलाईनगर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता ने बताया कि संडे बाजार अथक प्रयास से हटाया गया था मगर स्थिति फिर ज्यों की त्यों बनने लग गई है शारदा गुप्ता ने कहां की शराब दुकान के कारण भी रोज जाम की स्थिति बनी रहती है रहती है 100 फीट की चौड़ी सड़क संडे बाजार 20 फीट में सिमट जाती है। रोज गुजरने वाले हजारों वाहन संडे बाजार की व्यवस्था फिर चरमरा गई है सुपेला चौक से लेकर राजेंद्र प्रसाद चौक तक जाम की स्थिति फिर बनने लग गई है यहां से रोज हजारों गाड़ियां रोज निकलती हैं। 100 फीट की सड़क 20 फीट में जाकर सिमट जाती है जबकि रोड को दो भागों में बाट भी दिया गया था इसके बाद भी जाम की स्थिति बन रही है संडे बाजार में ग्राहक गाड़ियों को सड़क पर ही पार्किंग कर रहे हैं। फल के ठेले रोड में ही खड़े रहते हैं इस अवैध पार्किंग सड़क केवल 10 फिट ही चलने योग्य बच जाती है यानी आवागमन के लिए सड़क बच नहीं पा रही है हर समय जाम की स्थिति बनती जा रही है व्यापारी अपने सामान को दिन प्रतिदिन आगे बढ़ाते जा रहे हैं लोग रेंग रेंग कर चल रहे हैं। पटरी पार के लोगों के लिए यह एक ही रास्ता है जहां से लोग आईआईटी, रुंगटा कॉलेज महत्वपूर्ण संस्थान में आना-जाना करते हैं और यहीं से संयंत्र कर्मी आना-जाना करते हैं और पटरी पर सेक्टर बच्चे ट्यूशन के लिए आना.जाना करते हैं पटरी पार के लोगों के लिए यही एक रास्ता है और दूसरा कोई रास्ता नहीं है इसी रोड पर दो.दो शराब के दुकान है जहां से महिलाएं भी आना जाना नहीं कर सकती और जिसके कारण हमेशा जाम रहता है जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता ने इस रोड पर फ्लाई ओवर की भी मांग की थी मगर प्रशासन ने फ्लाई ओवर को अनसुना करते हुए अंडर ब्रिज को प्राथमिकता दी रोज जाम से लोग हलकान हैं।



सड़क के दोनों तरफ दुकान है दिन प्रतिदिन वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है। मगर रोड उसी गति से छोटे होते जा रहे हैं। पूर्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के अथक प्रयास से उनकी संकल्प से संडे बाजार को व्यवस्थित किया गया था। मगर फिर से अतिक्रमणकारियो के हौसले बुलंद हैं और जिन्हें व्यवस्थित करने का साहस किसी में नहीं। पूर्व में ही जनहित संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन करके इस रोड को जाम से मुक्ति दिलाया था। शीघ्र ही कलेक्टर, एसपी से मिलकर जनता की समस्याओं से रूबरू कराया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता, विनोद उपाध्याय , हरिशंकर चतुर्वेदी, विशालदीप नायर, निशु पांडे, मदन सेन, पारस जंघेल, बंटी नाहर, विजय गुप्ता, श्रीनिवास मिश्रा सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे। शारदा गुप्ता जनहित संघर्ष समिति संयोजक ने जाम की स्थिति को शीघ्र सामान्य करने की मांग की है।

# परमात्म संग में रहेंगे तो हर कर्म श्रेष्ठ : आशा



**भिलाईनगर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। हम चले सूरज की ओर, हम पे बड़ी जिम्मेवारी देख रही दुनियां सारी जैसे गीतों पर बच्चों ने एक्सरसाइज कर तीसरे दिन सेक्टर 7 पीस ऑडिटोरियम में मेडिटेशन सत्र की शुरुआत की। ब्रह्माकुमारी पूजा दीदी ने बताया कि हमारे श्रेष्ठ सकारात्मक विचारों से मन शांत होगा और आत्मिक शक्ति बढ़ती है। व्यर्थ बातों और संग से अपनी सम्हाल करे। राजयोग मेडिटेशन द्वारा परमात्म संग में रहेंगे तो हर कर्म श्रेष्ठ होगा। ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने बच्चों को समय का महत्व, आज्ञाकारिता और जिम्मेवारी के गुण के बारे में बताया कि समय पर हर कार्य करने का महत्व होता है। घर में स्कूल बैग और अन्य सामान अपनी जगह रखे। माता पिता की हर बाते माने, उनसे कुछ छिपा, नहीं विश्वासपात्र जिम्मेवार बने। जिम्मेवारी निभाने से हमे माता पिता की आशीर्वाद और जीवन में सफलता मिलती है। सभी बच्चे मेडिटेशन रूम में 5 मिनट साइलेंस में एकाग्र होने के बाद ही पीस ऑडिटोरियम में प्रवेश कर रहे है। कार्यक्रम के अंत में कैंप में जो भी सिखा उसका सभी बच्चों ने एक साथ सुंदर गीतों को गाकर रिवीजन किया। उन्हें स्वउंनति चार्ट, विकली होमवर्क, मेडिटेशन का अभ्यास कराया जाएगा।

# नमाज अदा कर मांगी गई अमन-चैन की दुआएं



**गंडई पंडरिया,** 31 मार्च (देशबन्धु)। रमज़ान के पवित्र महीने की समाप्ति के बाद ईद उल फितर का त्योहार गंडई नगर में पूरे हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस खास मौके पर मुस्लिम समुदाय ने देवपुरा स्थित ईदगाह में एकत्र होकर विशेष नमाज अदा की और खुदा से नगर और मुल्क में अमन-चैन, बरकत और तरक्की की दुआएं मांगी।

## अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ईदगाह में मुस्लिम भाइयों को गले लगाकर ईद की दी बधाई

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ईदगाह पहुंचे और मुस्लिम भाइयों को गले लगाकर ईद की बधाई दिए। मुस्लिम समुदाय अपने बीच ईदगाह में नगर अध्यक्ष खुसरो, ब्लाक कांग्रेस कमेटी गंडई अध्यक्ष भिज्ञेश यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश सिंघानिया, पार्षदों दिलीप ओगरे, क्रांति ताम्रकार, तामेश्वर साहू, अमन सोनी, बांकेलाल वर्मा, रवि अवस्थी, नवीन चौबे और नगर के गणमान्य नागरिक को पाकर हर्षित हुए। अध्यक्ष खुसरो, पार्षदों और गणमान्य नागरिक ने नमाज़ अदा के बाद सभी को फरूटी और शीतल पेय पदार्थ वितरण किया। वहीं मुस्लिम भाइयों ने नगर अध्यक्ष खुसरो, पार्षदों और नगर के गणमान्य नागरिक को सेवइयां खिला कर मुंह मीठा किया।

# हिंदू नववर्ष में मंदिरों में हुआ शंखनाद

**गंडई पंडरिया,** 31 मार्च। प्रतिवर्ष की भांति हिंदू समाज के द्वारा सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। रविवार को चैत्र शुक्ल प्रतिप्रदा, हिन्दू नववर्ष का शुभारंभ, ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना, सम्राट विक्रमादित्य द्वारा विक्रम संवत्सर प्रारंभ, संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार जी का जन्मदिवस, राजा राम की राज्याभिषेक तिथि, संत झूलेलाल जी का जन्मदिवस, धर्मराज युधिष्ठिर का राजतिलक के पावन अवसर पर यह आयोजन किया गया। हिंदू नववर्ष समिति के द्वारा नगर में झंडा एवं बैनर लगाया गया। इसी प्रकार राम मंदिर से प्रभात फेरी पंडरिया के शीतला मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, कोपेभाठा के हनुमान मंदिर, वार्ड 8 के शीतला मंदिर, गंगई मंदिर एवं टिकरी पारा के भाड़ देऊर शिव मंदिर में शंखनाद किया गया। घरों एवं दुकानों में झंडा एवं तोरन से सजाया गया। समिति ने सभी नागरिकों से घरों में दीपक जलाने, घर में ? अंकित ध्वज लगाने, घरों में रंगोली सजाने, एवं घरों में शंखनाद करने का आह्वान किया था। इसके लिए पाम्पलेट भी वितरित किए गए थे।



# अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने ईदगाह पहुंचकर समाज को ईद की दी बधाई



**नगरी,** 31 मार्च (देशबन्धु)। नगरी सिहावा क्षेत्र में सोमवार को ईदुलफितर का पर्व धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न ईदगाह में ईदुलफितर की नमाज अदा की गई, नमाज के बाद लोग एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देकर खुशियां बांटी। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज से गले मिलकर ईद की बधाई दी।

ईदुलफितर रमजान के महीने के बाद आने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है, यह दिन विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के लिए खुशी और आभार का प्रतीक होता है। रमजान के महीने में दिनभर उपवासी रोजा रहने के बाद, यह त्योहार रात्रि मे तरावीह की नमाज के साथ शुरू होता है और विशेष रूप से ईद की नमाज के साथ एक नई शुरुआत का संदेश देता है।

नमाज के बाद, लोग मस्जिद के बाहर निकलकर एक-दूसरे से मिलते हैं और गले लगकर, हाथ मिलाकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हैं। एक-दूसरे के घरों में जाकर भी ईद की खुशियां साझा करते हैं, इस दिन खासतौर पर रिश्ते मजबूत करने की कोशिश की जाती है। लोग एक-दूसरे को मीठे पकवान और सेवइं बांटते हैं, और इस दिन की विशेषता को महसूस करते हैं।

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबडा उपाध्यक्ष विकास बोहरा, सभापति अश्वनी निषाद, पार्षद राजा पवार ईदगाह पहुच का ईद के नमाज के बाद नगरी मुस्लीम समाज से गले मिलकर ईद की बधाई देकर आपसी भाईचारे की मिशाल पेश की। मुस्लीम समाज के लोग भी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को ईद की मुबारक बाद दी और त्यौहार को पारंपरिक, धार्मिक रूप से मनाते हुए एक दूसरे से खुशियां बाटी, कई परिवार एक-दूसरे के घरों में दावतों का आयोजन किया और सभी लोग एकजुट होकर ईद की खुशी का जश्न मनाया।

# पीएम आवास योजना का क्षेत्रवासियों को मिला लाभ

## गृह प्रवेश कराकर दी गई बधाई




**गुरुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। जनपद पंचायत गुरूर द्वारा आयोजित ब्लाक स्तरीय आवास गृह प्रवेश कार्यक्रम ग्राम फागुन्दह में संपन्न हुआ। योजना के तहत लाभार्थियों को पक्के मकान की चाबी सौपने और पूजा पाठ कर उन्हे गृह प्रवेश कराया गया। गुरुर सहित प्रदेश भर मे 3 लाख हितग्राही को गृह प्रवेश कराया गया।शासन प्रशासन द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद उपरोक्त हितग्राहियो को इस योजना के तहत मकान बनाने के लिए राशि स्वीकृत की गई थी, इसके पहले उपरोक्त हितग्राहियों का मकान जर्जर स्थिति में होने के कारण बारिश के दिनों में तथा अन्य दिनों में गुजर बसर करने में परेशानियों के सामना करना पड़ा था। जनपद सदस्य संध्या अजेन्द्र साहू ने अन्य हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शीघ्र ही सेल्फ सर्वे करके योजना का लाभ लेने के लिए अपील किया है। जनपद पंचायत गुरुर से जानकारी के मुताबिक वर्तमान में 78 ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सेल्फ सर्वे कार्य जारी है। इसके लिए संबंधित हितग्राही अपने खुद के मोबाइल से सर्वे करके समस्त डाटा सबमिट कर रहे हैं।

# प्रजापति ब्रम्हकुमारी आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में जनपद सदस्य व समाजसेवी खेमराज जैन का हुआ सम्मान



**खैरागढ़,** 31 मार्च (देशबन्धु)। प्रजापति ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा दिव्य संस्कृति भवन किल्लापारा खैरागढ़ में परमात्मा शिव की 89वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महाशिवरात्रि के अवसर पर नवनिर्वाचित जिला पंचायत व जनपद पंचायत के अध्यक्षा, उपाध्यक्षा व सदस्यगण एवं ग्राम पंचायत के सरपंचों का स्नेह मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार 22 मार्च को शाम 7 बजे किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह रहे अध्यक्षता जिले में संचालित समस्त राजयोग सेवा केंद्र की संचालिका पुष्पा बहन ने की तथा विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष लखन साहू, जिला पंचायत सदस्य अरुणा सिंह व शताक्षी सिंह, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, जनपद सदस्य खेमराज जैन व सरस्वती यदु रहे। कार्यक्रम में सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इसी कड़ी में जनपद सदस्य व समाजसेवी खेमराज जैन का भी ब्रम्हकुमारी दीदियों द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की आयोजक ब्रम्हकुमारी चंद्रकला बहन व केसर बहन, भगत साहू, संतोष साहू, नरेश साहू व बड़ी संख्या में आश्रम के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# माता सिद्धि में 10884 मनोकामना ज्योति का हुआ दर्शन



**साजा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। साजा देशबंधु संवाददाता अपने परिवार के साथ बेरला विकासखंड के अंतर्गत ग्राम संडी में माता सिद्धि का दर्शन करने शारदीय नवरात्रि के द्वितीय दिवस में संडी में पधारे माता सिद्धि मनोकामना ज्योति 10884 ज्योति प्रज्वलित हुआ है जिसमें साजा संवाददाता द्वारा अपने परिवार के साथ माता सिद्धि की दर्शन एवं मनोकामना ज्योति की दर्शन करने पहुंचे।

# गंडई नगर से निकल रही है भक्तों की टोली



**गंडई पंडरिया,** 31 मार्च। पवित्र चैत्र नवरात्रि का पर्व प्रारंभ हो गया है। गंडई क्षेत्र सहित जिला कबीरधाम और बेमेतरा जिले से बहुत सारे पदयात्री मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पद यात्रा कर रहे हैं। यात्री अपने कंधे पर ? अंकित ध्वज लिए हुए और मातारानी के जयकारा लगाते हुए यात्रा कर रहे है। जिला कबीरधाम और बेमेतरा जिले से मां बम्लेश्वरी प्रति मन में अपार श्रद्धा और मनोकामना लिए हुए यात्रा करने वाले ने बताया कि पूरे रास्ते भर विश्राम करने और भोजन नाश्ते के लिए पंडाल लगाया गया है। बताया गया कि पदयात्री दिन में विश्राम करते है और रात में यात्रा करते हैं।

# कलेक्टर-एसपी ने किया नवरात्रि मेला निरीक्षण

**डोंगरगढ़,** 31 मार्च। चैत्र नवरात्रि पर्व 30 अप्रैल से प्रारंभ है, नवरात्रि पर्व में मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में लाखों की संख्या में दर्शनार्थी दर्शन करने एवं मेला घुमने आते है, जिसको ध्यान में रखते हुये कलेक्टर राजनांदगांव श्री संजय अग्रवाल एवं एसपी श्री मोहित गर्ग द्वारा माँ बम्लेश्वरी मंदिर एवं मेला व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था में लगे अधिकारी/कर्मचारियों को ड्यूटी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। माँ बम्लेश्वरी देवी जी का दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त कर मंदिर में लगे रोपवे एवं सीसीटीव्ही का भी जायजा लिया गया। जायजा के दौरान रोपवे एवं सीसीटीव्ही में लगे कर्मचारियों को मेन्टनेस के संबंध में आवश्यक हिदायत दिया गया।



# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद



**पलारी** 31 मार्च (देशबन्धु) पलारी सहित आस पास के गांवों में ईद का पर्व धूम धाम से मनाई गई। नगर के मुस्लिम जमात के लोग आज ईद के मुबारक मौके पर नए नए परिधान में नगर में स्थित ईदगाह पहुंच कर ईद की नमाज अदा की। मौलाना मुस्तकीम रजा ने ईद की नमाज अदा कराई। उन्होंने ईद की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए तकरीर पेस की। नमाज के बाद नगर सहित देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई। नमाज में नगर सहित आस पास के मुस्लिम भाई लोग भी शामिल हुए। नमाज के बाद सभी लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दी। ईद पर दोस्त यार जनप्रतिनिधियों ने मुबारक बाद दी। इस अवसर पर ईदी पाकर पर बच्चे ज्यादा खुश नजर आए। रमजान माह के तीस दिन के रोजा के बाद यह यह त्यौहार मनाया जाता है। इस अवसर पर सेवइयों का लुत्फ उठाया गया। विकास खण्ड के ग्राम सोनार देवरी में भी ईद की नमाज ईदगाह में अदा कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई।

# छेड़िया में डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ



**गुरुर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम छेड़िया में डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ के दौरान जिला पंचायत बालोद सभापति चंद्रिका गजीर मुख्य अतिथि रूप में मन्चासीन थी। ग्राम पंचायत छेड़िया के सरपंच तेजराम साहू ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत बालोद पूर्व सभापति ललिता पीमन साहू तथा वरिष्ठ जन उपस्थित थे। कार्यक्रम स्थल से जानकारी के मुताबिक यहां प्रथम मैच ग्राम बोडरा एवं ग्राम कुलिया से पहुंचे कबड्डी टीम के मध्य संपन्न हुआ, तत्पश्चात ग्राम बोहारडीह, टेंगना बरपारा, रमतरा, पलारी, करहीभदर, बासीन से भी खिलाड़ी पहुंचे है। यह कार्यक्रम समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से फाइव स्टार कबड्डी क्लब के तत्वाधान में गांव के खेल मैदान में आयोजित है। आयोजन समिति से जानकारी के मुताबिक डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5001, तृतीय पुरस्कार 3001 एवं चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपए प्रदान कर विजय टीम को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा आकर्षक पुरस्कार के रूप में बेस्ट कैचर, बेस्ट रेडर एवं बेस्ट ऑल राउंडर में भी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का उत्साह वर्तनी हेतु ग्राम छेड़िया सहित अन्य ग्रामों से दर्शक बड़ी संख्या में पहुंचे थे।

# कर्मा जयंती में शामिल हुई विधायक हर्षिता



**डोंगरगढ़,** 31 मार्च। ब्लॉक के ग्राम मुड़िया में साहू समाज एवं ग्रामीण जनों द्वारा कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ी पारंपरिक नाच पार्टी के साथ कलश यात्रा निकाल राम मंदिर एवं भक्ति माता कर्मा की पूजा अर्चना की गई ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि सभी को माता भक्त कर्मा बताये रास्ते पर चलने के जरूरत है साहू समाज को एक संगठित समाज बताया और समाज के मांग पर भवन जिर्णोउद्धार के लिए 5 लाख देने की घोषणा की । जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव सुरेश सिन्हा, दुर्गा प्रसाद रात्रे ,दयालु वर्मा ने सरपंच चंद्रिका धर्मेंद्र मंडावी, सेक्टर प्रभारी लालाराम वर्मा, समाज के अध्यक्ष कैलाश साहू, सचिव राम किशन साहू ,पूर्व अध्यक्ष रतन साहू,उपसरपंच नीलेश्वर वर्मा, मोरध्वज वर्मा अन्य ग्रामीण सामाजिक जन उपस्थित थे ।

# आचार्य श्री विद्यासागर के चरण चिन्ह दिगम्बर जैन मंदिर में स्थापित

**डोंगरगढ़,** 31 मार्च। संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के अष्ट धातु से निर्मित चरण चिन्ह श्री दिगम्बर जैन मंदिर में हर्षोलास मय माहोल में गाजे ङ्क बाजे के साथ जुलूस निकालकर स्थापित किये गए 7 इस दौरान घर-घर के सामने उनके भक्तों ने रंगोली बनाकर, श्रीफल चढ़ाकर एवं आरती करके चरण चिन्ह का स्वागत, अभिनन्दन और वंदन कर धर्म लाभ लिया। यह चरण चिन्ह को स्थापित करने का सौभाग्य सुशील जैन, सारंग जैन, सोपान जैन (दाऊ परिवार) को प्राप्त हुआ। उक्त कार्य के लिये श्री दिगम्बर जैन समाज समिति अध्यक्ष अनिल जैन, कोषाध्यक्ष जयकुमार जैन, सचिव यतीश कुमार जैन, श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी अतिशय क्षेत्र अध्यक्ष किशोर जैन, कोषाध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, महामंत्री निर्मल जैन एवं जागृति महिला मंडल के सदस्यों ने बधाई दी।



## प्रादेशिकी का शेष...

### प्रत्येक नागरिक को संसदीय ...

हिन्दी, अंग्रेजी एवं संस्कृत में दिलवाई गई । उसके पश्चात प्रश्नकाल प्रारंभ हुआ जिसमें पक्ष एवं विपक्ष के सांसदों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर मंत्रीगणों ने दिया ।

डॉ. शकील हुसैन के अनुसार वर्तमान शिक्षण सत्र में संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा 52 शैक्षणिक संस्थानों को पूरे देश में इस प्रतियोगिता के आयोजन का दायित्व सौपा गया है । सांइस कॉलेज दुर्ग इसमें आठवे समूह में है । प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार निर्णायक के रूप में वर्तमान सांसद विजय बघेल संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा नियुक्त समन्वयक प्रोफेसर राजेन्द्र मेहता तथा

विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. वेबी नंदा मेश्राम शामिल थी । डॉ. शकील हुसैन ने बताया कि हमारे 8 समूह से कोई एक प्रतिभागी चयनित होकर दिल्ली में आयोजित होने वाले युवा संसद प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा । इसके अलावा प्रतियोगिता के 06 उत्कृष्ट प्रतिभागियों के नाम भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय को भेजे जायेगे जहां से उन्हें उत्कृष्टता प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा । इस प्रतियोगिता के आयोजन में डॉ. एस. एन. झा, डॉ. अभिनेश सुराना, डॉ. जी. एस. ठाकुर, डॉ. जनेन्द्र दीवान, डॉ. तरूण साहू, डॉ. राजेश्वरी जोशी, डॉ. राखी भारती, डॉ. शाहवाज अली, डॉ. अतिम सिंह, डॉ. रश्मि गौर, लक्ष्मेन्द्र कुलदीप, डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. एस. डी. देशमुख, डॉ. अजय पिल्लई, डॉ. सनत साहू, डॉ. प्रशांत दुबे का उल्लेखनीय योगदान रहा ।

### नगर निगम का बजट महज ...

श्री पटेल ने कहा कि दुर्ग नगर निगम के चुनाव में भाजपा की आंधी चली है । कांग्रेस ने काफी अभाव में चुनाव लड़ा है और उसके 13 पार्षद (एक समर्थित) पार्षद जीते है। उन्होंने कहा कि उनके स्वयं के वार्ड क्रमांक 5 में कांग्रेस प्रत्याशी को जीत मिली है।

### देवी मंदिरों मे उमड़े ...

के एकम के दिन पंचांग के मुहूर्त हिसाब से पूजा कर कर ज्योति कलश की स्थापना की जाती है ज्योति कलश स्थापना के बाद मां काली का आरती कर भोग लगाया जाता है और भोग लग जाने के बाद भक्तो मे प्रसाद को वितरण किया जाता है

काली मंदिर मे घी ज्योति 37 तेल ज्योति 476 संतोषी मंदिर मे घी ज्योति 10 काल भैरव मे घी ज्योति 1 शनि देव मंदिर मे घी ज्योति 1 शीतला मंदिर मे तेल ज्योति 83 वैष्णव देवी टिकरीपारा मंदिर मे घी ज्योति 9 तेल ज्योति 116 महामाया मंदिर कोड़का मे घी ज्योति 12 तेल ज्योति 548 कोड़का शनी मंदिर मे तेल ज्योति 121 कोडका शीतला मंदिर मे तेल ज्योति 11 लक्ष्मणपुर शीतला मंदिर मे तेल ज्योति 52 श्यामपुर शीतला मंदिर मे तेल ज्योति 40 मां काली मंदिर के पुजारी मनोज तिवारी ने बताया कि चौत्र नवरात्रि मे सभी देवी मंदिरो मे अधिक ज्योति कलश की स्थापना होती है चौत्र नवरात्रि पर्व मे नगर के देवी मंदिरो मे स्थानीय सहित देश-विदेश के भक्तो ने मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करवाया है प्राचीन मां महाकाली मंदिर मे दुर्ग रायपुर बेमेतरा सहित अमेरिका पश्चिम बंगाल गुजरात के भक्तो ने ज्योति क्लास प्रज्वलित करवाया है नौ दिनो आब देवी मंदिरो मे माता की आराधना शुरू हो गई है

### नवनिर्वाचित सरपंच को ...

समाज), सुशील निर्मलकर बड़ौदा राज (पंच स. लोहारा) , टोमन रजक (शिक्षक एवं राज सचिव लोहारा परिक्षेत्र),गौतरिहा निर्मलकर अचानकपुर, अंजोरी निर्मलकर सेमरिया,बल्दु रजक, ढेलू रजक ,मोहन रजक, अश्वनी रजक सुरेंद्र निर्मलकर ,भोला रजक, एवं अन्य स्वजातीय बंधुओं ने श्री फल, गुलदस्ता भेटकर एवं गुलाल लगाकर सम्मानित किया।

# कपसदा में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा यज्ञ संपन्न



**कुम्हारी,** 31 मार्च। निकटवर्ती ग्राम कपसदा स्थित बाबा श्री सोमेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में विगत दिनों आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा यज्ञ शनिवार को सम्पन्न हुआ।

समस्त ग्रामवासियों, बाबा श्री सोमेश्वर नाथ मंदिर सेवा समिति, श्रीमद् भागवत प्रचार समिति के सदस्य शिष्यों और आसपास के गांवों के सहयोग से आयोजित इस भव्य कथा में सुप्रसिद्ध प्रवचनकर्ता पं. चंद्रनील द्विवेदी भगवताचार्य (हस्तरेखा एवं ज्योतिष सलाहकार), नंदिनी अहिवारा वालों ने संगीतमय शैली में श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तिमय कथा श्रवण करने के लिए एकत्रित हुए।

कथा के विराम एवं समापन पर हवन पूर्णाहुति का आयोजन किया गया। इसके पश्चात, समस्त भक्तजनों के लिए विशाल भोग प्रसाद भोजन भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम कपसदा और आसपास के क्षेत्रों के बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं राहगीरों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन समिति के सदस्यों ने सुचारू व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## निधन

### पन्नालाल साहू



**बागबाहरा,** 31 मार्च। ओडिशा सीमा से लगे अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत पंडरीपानी क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कृषक पन्नालाल साहू का आज सोमवार की शाम साढ़े 4 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 82 वर्ष के थे। जिनका अंतिम संस्कार कल मंगलवार 1 अप्रैल को गृह ग्राम पंडरीपानी (नर्रा) में किया जाएगा।

### सुखपाल सिंग बल



**दुर्ग,** 31 मार्च। एवेलॉन होटल के पीछे मालवीय नगर दुर्ग निवासी सरदार सुखपाल सिंग बल 83 वर्ष का आज शाम 6 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से कल दोपहर को निकल जाएगी। उनका अंतिम संस्कार कल दोपहर 1.30 बजे रहना बांधा मुक्तिधाम दुर्ग में किया जाएगा। वे अपने पीछे पुत्र जसप्रीत सिंग बल, हरप्रीत सिंग बल सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# ज़िलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गयीं ईद, ईदगाह पर पढ़ी गई विशेष नमाज, गले मिलकर दी बधाई

- बड़े बुजुर्गों, छोटे बच्चों ने आकर्षक पहनावे के साथ शामिल हुए जुलूस में
- देश की तरक्की ओर खुशहाली की मांगी गई दुआं



**बेमेतरा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। ज़िलेभर में मुस्लिमों का त्यौहार ईदउल फितर ज़िला मुख्यालय के शहर से लेकर अंचल में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया,बड़े बुजुर्गों, छोटे बच्चों ने आकर्षक पहनावे के साथ जुलूस में उत्साहित होकर शामिल हुए !अंचल के मुस्लिम भाइयों ने माहे रमजान के इस पवित्र माह में कड़ी धूप और गर्मी के बीच 30 रोजे( उपवास ) पूरे माह कठिन इबादत किए जाने के पश्चात के उपरांत मुस्लिम भाइयों ने सोमवार रेस्ट हाउस रोड स्थित ईदगाह में सुबह 9ः00 बजे ईद की विशेष नमाज अदा कर एक दूसरे को गले मिलकर बधाई और शुभकामनाएं दिए ! इस दौरान अन्य समुदाय के लोग भी ईदगाह पहुंचकर भाईचारा का संदेश देते हुए गले मिलकर ईद की बधाई दी ! इससे पहले जिला मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद में मुस्लिम समुदाय एकत्रित हुआ, वहां से जुलूस की शक्ल मैं शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए मोहभट्टा रोड स्थित ईदगाह पहुंचे जहां पर मुस्लिम समाज के धर्मगुरु पेश इमाम साहब ने विशेष नमाज अदा कराई और देश दुनिया में अमन और शांति तथा हिंदुस्तान की तरक्की की दुआ किए ! इस दौरान नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित जनप्रतिनिधियों ने ईदगाह पहुंच कर मुस्लिम भाइयों को गले मिलकर त्योहार की शुभकामनाएं दिए ।

**नमाज बाद अल्लाह का शुक्र किया अदा**

दरअसल ईद की नमाज को सादगी के साथ अदा करते हुए लोगों ने अपने मालिक अल्लाह का शुक्र अदा किया। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर जहां मुबारकबाद दी वहीं इस दौरान देश की तरक्की ओर सलामती के साथ साथ अमन चैन की दुआ की गई।

**जिले के इन क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद; मांगी गई अमन शांति की दुआ**

ज़िले के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में से ज़िला मुख्यालय के साथ चारों विकासखंड मुख्यालय नवागढ़, साजा, बेरला के अलावा अन्य नगरीय क्षेत्रों में थानखम्हरिया, परपोड़ी, देवकर, नांदघाट, मारो, दाढ़ी व ग्रामीण क्षेत्र में खण्डसरा, रांका-कठिया, सरदा, कोदवा, देवरबीजा-बीजा, बोरतरा, कोंगियाकला, मुंगलाटोल, बारगांव, खमतराई, हसदा, बासीन, मोहगांव, सहित इत्यादि स्थानों में ईद की विशेष नमाज अदा कर देश में अमन व शांति की दुआ की गई और हर्ष उल्लास के साथ ईद का पर्व मनाया

**मीठी सेवई व लजीज व्यंजनों का लिया आनंद**

ईद के मौके पर हर वर्ग के साथ साथ करीबी रिश्तेदार ओर दोस्तों ने मुस्लिम समुदाय के घरों में मीठी सेवई सहित लजीज व्यंजन का मजा लिया। घरों पर गृहणियों ने परिवार के सदस्यों व अतिथि के लिए रात भर जाग कर विभिन्न प्रकार के सेवइयां, सिरमाल, छोले-भटोर आदि व्यंजन भी थाली में परोसा गया। बच्चों की मांग पर पकवान बनाने में महिलाएं व्यस्त रहीं। और दिन भर भाईचारे का संदेश देते हुए सभी समुदाय के लोग अपने अपने परिचितों के यहां पहुंच कर ईद के त्यौहार की बधाई दिए और मीठी सेवई का आनंद लिया।

# पंचायत सचिव की हड़ताल को मिला कांग्रेस का समर्थन



**बेमेतरा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय में चल रहे प्रदेश व्यापी ग्राम पंचायत सचिव संघ की हड़ताल के पंडाल में जाकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा सहित कांग्रेस के पदाधिकारी ने इस हड़ताल पर अपना समर्थन व्यक्त किया तथा सरकार से मांग की है कि ग्राम पंचायत सचिवों को जो भाजपा सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी नाम से वादा किया था सरकार बनते ही ग्राम पंचायत सचिवों का शासकीय कारण कर दिया जाएगा तथा पंचायत सचिव को उनका बकाया एरियर्स पी.पी.एफ में जोड़ा जाएगा उसे प्रदान किया जाए साथ ही साथ ग्राम पंचायत सचिवों की अन्य मांग जैसे पंचायत सचिवों को सातवां वेतनमान जिससे छत्तीसगढ़ में वंचित है प्रदान किया जाए समर्थन देने पहुंचे पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने हड़तालरत पंचायत सचिवों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार जब से सत्ता में आई है सभी शासकीय कर्मचारी इनके सरकार चलाने के तौर तरीके से परेशान है भाजपा के लोग शासकीय कर्मचारियों के साथ अभद्रता पूर्ण व्यवहार करते हुए उनसे विधि विरूध कार्य करने के लिए मजबूर करते हैं कर्मचारियों के हितों के अनदेखी भाजपा के द्वारा लगातार की जाती रही है आज सत्ता में बैठे हुए भाजपा को डेढ़ वर्ष बीत चुका है किंतु आज भाजपा को लोगों के साथ किए हुए चुनावी वादे याद नहीं है जब बात सत्ता की आती है तो यह मोदी की गारंटी देते हैं और जब सत्ता में काबिज हो जाते हैं तो इन्हें किसी गारंटी की याद नहीं रहती यही बीजेपी का मूल चरित्र है झूठे वादे करके लोगों को ठगना भाजपा की पुरानी आदत है आज भाजपा के लोग पूरे छत्तीसगढ़ में लूट मचा कर रखे हुए हैं न केवल आम जनता किसान परेशान है बल्कि सरकार के हाथ पैर उनके कर्मचारी भी आज परेशान है विभिन्न अलग-अलग विभाग के कर्मचारी जब से भाजपा की सरकार बनी है अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत रहे हैं तथा यह भाजपा सरकार अपनी जायज मांगों को मांगने वाले कर्मचारियों के साथ जादती करने का काम कर रही है जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा समर्थन दिए जाने वाले दल में जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री ललित विश्वकर्मा जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शशि प्रभा गायकवाड हरीश साहू जनपद उपाध्यक्ष मिथिलेश वर्मा जनपद सदस्य दीपक दिनकर शुभम गंधर्व बलॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लुकेश वर्मा शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन गोस्वामी मनोज शर्मा सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# गणगौर पर्व का हुआ समापन, 16 दिन पूजन के बाद महिलाओं ने किया विसर्जन



**थान खम्हरिया,** 31 मार्च (देशबन्धु)। होलिका दहन के बाद, शुरू हुआ गणगौर पर्व का सोमवार को विधिवत विदाई के साथ संपन्न हुआ। मिट्टी के कुडेरा में माटी से बनाएं गौरा और गणगौर की आज भी प्रतिदिन की तरह पूजा अर्चना की, नव विवाहित महिलाओं ने जहां पति की लंबी उम्र की कामना की वही अविवाहित युवतियों ने सुयोग्य वर की कामना को लेकर व्रत रखा।

वही गणगौर को खीर, पूरी, चूरमा, आदि का भोग लगाया। दोपहर के बाद महिलाओं बैंड, बाजे, धमाल के साथ नाचते व गीत गाते हुए, नगर भ्रमण किया। नगर भ्रमण के पश्चात पूजा अर्चना और कहानी सुनाने के बाद गणगौर का तालाब में विसर्जन किया गया। गणगौर भ्रमण के दौरान नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। गणगौर पूजा में भगवान शिव, माता पार्वती के भगवान गणेश जी वह उनकी पुत्री देवसेना को पंचदेव के रूप में पूजा की जाती है। यह पर्व महिलाएं अपने सुहाग की रक्षा और परिवार की मंगल कामना को लेकर करती है।

# भालेसर, कंडरका और बेरलाकला में मानस सम्मेलन में शामिल हुईं जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी

**बेमेतरा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। ग्राम भालेसर, कंडरका और बेरलाकला में आयोजित दो दिवसीय अखंड मानस गान सम्मेलन एवं रामकथा कार्यक्रम का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर नवनिर्वाचित बेमेतरा जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर प्रभु श्रीराम की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।





इन धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया और भक्ति रस का आनंद लिया। संपूर्ण वातावरण रामधुन और मानस पाठ से गूंज उठा, जिससे भक्तिमय माहौल बना।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि अखंड रामायण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक है। श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर हम एक मजबूत, सशक्त और संस्कारित समाज की स्थापना कर सकते हैं।

उन्होंने आयोजन समिति और ग्रामवासियों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही।

कल्पना योगेश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि धार्मिक आयोजन केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं होते, बल्कि यह समाज को एकजुट करने और संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम भी हैं। उन्होंने सभी ग्रामवासियों को इस आयोजन में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया और सभी से अपील की कि वे इसी तरह अपने गांव और समाज को धार्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक रूप से सशक्त बनाएं।

इस आयोजन में हजारों श्रद्धालु और ग्रामीण शामिल हुए। सभी ने मिलकर मानस पाठ का श्रवण किया और धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया। भव्य आयोजन में विशेष रूप से बेमेतरा के पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, मौजूद रहे और प्रमुख लोगों में सरपंच रानी प्रेमलाल साहू, उपसरपंच अनुजराम, सीताराम वर्मा, भीम साहू, देवेंद्र साहू (बोरसी), अशोक पांडेय (पूर्व सरपंच), दीपक निषाद (भालेसर), मनोज चक्रधारी, खिलेश्वर साहू, प्रेमलाल साहू, टीडी मानिकपुरी, महेंद्र वर्मा, डेसू यादव, सतीश वर्मा, अंशु परगनिहा, डेलिया साहू, नोहर यादव, अजीत कुमार वर्मा, फेकू यदु, सरपंच राहुल यदु, उपसरपंच दशरथ साहू, अशोक शर्मा, चिंताराम निषाद, रतिराम साहू, पप्पू यदु, देवेंद्र साहू, भारत निषाद, रामाधार यादव, कुमार निषाद, घनसाय निषाद, गोपीचंद निषाद, रामू यादव, कुलेश्वर यादव, सीताराम निषाद, नंदकुमार निषाद, नोहर निषाद, राकेश यादव, सीयाराम निषाद, महेश्वर यादव, ईश्वर निषाद, डेरहाराम यादव, शंकर निषाद, दिलीप निषाद, विशेषर साहू, सरपंच श्रीमती जया मिर्झा, उपसरपंच हिरावण साहू, जोहातरीन निषाद, योगेंद्र साहू, कृष्णा साहू, देवेंद्र साहू सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# ग्राम उमराव नगर में एक दिवसीय मानस गान का पाठ आयोजित किया गया



**थान खम्हरिया,** 31 मार्च (देशबन्धु)। नवरात्रि के पावन अवसर पर समीप ग्राम उमराव नगर में श्री राम सेवा सत्संग मानव समिति के तत्वाधान में एक दिवशीय मानस पाठ का आयोजन किया गया । आयोजन में लगभग 12 गांव की मानस मंडली सम्मिलित हुई सभी मानस मंडली के द्वारा रामचरितमानस में देव महिमा का वर्णन किया गया इस अवसर पर श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति के संयोजक अनिल सिंघानिया द्वारा भगवान रामचंद्र की छायाचित्र पर एवम मां शीतला की पूजा अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा क्षेत्र व ग्राम की खुशहाली की कामना की उन्होंने ग्रामवासी से कहा हम सभी को भगवान राम के बताए हुए मार्ग पर चलने की जरूरत है रामायण हमें जीवन जीने की कला सिखाती है छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है इसलिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में जहां-जहां भगवान श्री राम पधारे उस जगह को चिन्हित करने का काम किया जा रहा है छत्तीसगढ़ शासन द्वारा धार्मिक महत्व को जीवित रखने का प्रयास किया जा रहा है आगे अपने गांव वाले के आयोजन की सराहना करते हुए कहा धार्मिक आयोजन करने से धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ती है और यह प्रयास सरानी है जिस अवसर पर दीनदयाल साहू ,काशीराम अग्रवाल ,पीलू पटेल, लीलाधार चंद्राकर सैकड़ो की संख्या में मातृशक्ति व पुरुष शामिल हुई है ।

# नगर में धूमधाम से मनाया गया हिंदू नव वर्ष विशाल शोभायात्रा निकाला गया

**थान खम्हरिया,** 31 मार्च (देशबन्धु)। हिंदू नव वर्ष के अवसर पर भारत माता युवा मंच के तत्वधान में नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए, पुनः भारत माता कन्या शाला प्रांगण में पहुंची। नगर में निकली शोभा यात्रा तब नागपुर के धमाल पार्टी की आवाज सुनकर लोग देखने उमड़ पड़े। भारत माता जय श्री राम, जय बजरंग बली के जयकारे से वातावरण गूंज उठा। इस दृश्य को देखने लोग सड़क पर निकल आए। जुलूस में शामिल लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। जय श्री राम के नारे से पूरा शहर गूंज रहा था।





इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी, सुरक्षा के मद्दे नजर पुख्ता इंतजाम किया गया था। रविवार की सुबह से ही विभिन्न संस्थाओं द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं शाम को हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में लोगों ने भगवा झंडा लहराते हुए, जय श्री राम के नाम जयकारा लगाते हुए, आगे हजारों की संख्या में लोग यात्रा में शामिल हुए। मुख्य चौक में नागपुर से धमाल पार्टी युवक यूवतियों को टोली जयकारे के साथ प्रदर्शन कर रहे थे। लोग अपनी छत पर, वह दुकान पर खड़े होकर देख रहे थे। और आनंद अनुभव कर रहे थे। जिसमें आसपास के ग्रामीण अंचल के लोग भी सम्मिलित हुए। डीजे के साथ पारंपरिक बाजे, गाजे, झांकियां शामिल की गई थी। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, गो रक्षा विभाग के कार्यकर्ता शामिल थे। वह व्यवस्था में लगे हुए थे। रात्रि में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा वातावरण खराब करने का प्रयास किया गया। लेकिन पुलिस की व्यवस्था सुदृढ़ होने के कारण असफल रहे।

# वार्ड 2 आंगनबाड़ी में महिला बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई अन्नप्राशन कार्यक्रम

## कार्यक्रम आयोजन के लिए मितानिन व विभाग का किये धन्यवादः पार्षद पूनम

**दल्लीराजहरा,**31 मार्च (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा वार्ड नंबर 2 आजाद नगर वार्ड में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 3 के सामने गोद भराई एवं अन्नप्राशन का कार्यक्रम रखा गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वार्ड के पार्षद पूनम सोरी एवं विशिष्ट अतिथि द्रोपती साहू थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास के पर्यवेक्षक दिव्या मानिकपुरी ने किया द्य द्रौपती साहू ने कहा कि गर्भवती माताएं अपने साथ — साथ बच्चे का भी खास ख्याल रखें द्य समय समय पर जच्चा बच्चा का डा.की सलाह से नियमित दवाई और हरे पत्तेदार सब्जी का सेवन करें द्य जिससे मां और बच्चा दोनों स्वस्थ रहे। इसी दौरान छह महीने के शिशु का अन्नप्राशन कराया गया द्य जिसमें तरल पदार्थ जैसे दाल का पानी ,दलिया और माता का दूध बढ़ते शिशु के लिए सर्वोत्तम आहार देने की सलाह दी गई। पार्षद पूनम सोरी ने उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया उन्होंने कहा कि गर्भवती माता का ख्याल रखना अति आवश्यक है द्य उसके लिए घरों में काम करते समय विशेष ध्यान रखें द्य भोजन के लिए सात्विक भोजन का उपयोग करें द्य प्राकृतिक रूप से उपलब्ध हरे पत्तेदार सब्जियां फल सेहत के लिए बहुत फायदेमंद चीज है द्य डॉक्टर की सलाह से ही दवाई का उपयोग करें द्य अन्नप्राशन के लिए छोटे बच्चों का उन्होंने भी माताओं से खास ख्याल रखने का निवेदन किया है द्य बच्चे छोटे रहते हैं तो हर चीज वह खाने की चीज समझ कर मुंह में ही डालते हैं द्य इसका ध्यान रखें कहीं अवांछित चीज मुंह में ना डालें जिससे समस्या का सामना करना पड़े। कार्यक्रम आयोजन के लिए उन्होंने मितानिन एवं महिला बाल विकास का धन्यवाद दिया द्य अंत में महिला बाल विकास से उपस्थित पर्यवेक्षक दिव्या मानिकपुरी ने अपने कहा की महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा माताओ को जागृत करनेके लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है द्य खासकर जो गर्भवती होती है उन्हें भोजन व्यवस्था पौष्टिक आहार के संबंध में बताया जाता है साथ ही छह महीना के बच्चों को अन्नप्राशन किया जाता है द्य उन्होंने आगे कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं बच्चों के लिए दी जा रही योजनाओं का लाभ अवश्य लें, जब महिलाएं गर्भवती होती है उनका विशेष ध्यान रखें। अचानक से झुकना, वजन उठाना, जल्दी-जल्दी चलना, भारी काम करना, भूखा रहना गरम-गरम किसी चीज को खाना या एकदम ठंडी चीज खाना साथ ही ऐसी कोई भी चीज ना खाएं जिससे शरीर को नुकसान पहुंचे साथ ही नवजात बच्चे का भी विशेष ख्याल रखें द्य कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों के लिए खेल कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मंच संचालन मितानिन वीना सुरेंद्र ने किया द्य इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।





# तांदुला जलाशय से पानी छोड़ने को लेकर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने लिखा पत्र



**बेमेतरा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेरला विकासखंड में पानी को लेकर मची त्राहि त्राहि से निजात दिलाने के लिए कार्यपालन अभियंता तांदुला संभाग को पत्र लिखकर अति शीघ्र जलाशय से बेरला विकासखंड के लिए तांदुला जलाशय से पानी छोड़े जाने को लेकर पत्र लिखा है जिससे आम जनता के पेयजल एवं निस्तार हेतु जल उपलब्ध हो सके ज्ञात हो कि पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने पहले ही जिला कलेक्टर को अगाह करते हुए यह मांग की थी कि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के एनिकेट से हो रही रेट उत्खनन पर रोक लगाई जाए अन्यथा भविष्य में पेयजल एवं निस्तारी का जल संकट खड़ा हो सकता है जिस पर प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया गया जिसका परिणाम है कि आज पेयजल को लेकर आम जनता परेशान हो रही है न केवल जनता ही इस परेशानी से परेशान बल्कि की मवेशियों को भी पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है

# विधायक यशोदा वर्मा की अनुशंसा पर लाखों के विकास कार्यों की मिली स्वीकृति



**खैरागढ़,** 31 मार्च (देशबन्धु)। विधायक यशोदा निलाम्बर वर्मा की अनुशंसा पर उप मुख्यमंत्री व पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने खैरागढ़ विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में गली सुधार के लिए विकास कार्य की स्वीकृति दी है। जिसमे ग्राम पंचायत अवेली के वार्ड क्र.09 एवं 07 में सीसी रोड़ के लिए 10.40 लाख, ग्राम पंचायत पाण्डुका के वार्ड क्र. 01 में सीसी रोड के लिए 5.20 लाख, ग्राम पंचायत राहुद के वार्ड क्र.03 में सीसी रोड़ के लिए 5.20 लाख, ग्राम पंचायत भरदाकला में भरदाकला से बर्राखार पहुंच मार्ग में पुलिया निर्माण के लिए 5 लाख, ग्राम रामपुर के वार्ड क्र.08 में सीसी रोड के लिए 2.60 लाख, ग्राम पंचायत बकरकट्टा में रंगमंच निर्माण के लिए 2.50 लाख की स्वीकृति किया गया।

**स्वास्थ्य सुविधा को दुरूस्त करने पर भी दिया जोर**- विधानसभा खैरागढ़ के विभिन्न उपस्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सुविधा दुरूस्त करने के लिये सीएससी भवन एवं कंप्यूटर एवं अन्य सहायक उपकरण की स्वीकृति प्रदान की गई जिसमें उपस्वास्थ्य गातापार में सीएससी भवन के लिए 5 लाख व कंप्यूटर एवं अन्य सहायक उपकरण के लिए 1 लाख, उपस्वास्थ्य ठाकुरटोला में सीएससी भवन के लिए 5 लाख व कंप्यूटर व अन्य सहायक उपकरण के लिए 1 लाख, उपस्वास्थ्य देवरचा में सीएससी भवन के लिए 5 लाख व कंप्यूटर एवं अन्य सहायक उपकरण के लिए 1 लाख, उपस्वास्थ्य कुम्हरवाड़ा में सीएससी भवन के लिए 5 लाख व कंप्यूटर एवं अन्य सहायक उपकरण के लिए 1 लाख, उपस्वास्थ्य कोपरो में सीएससी भवन के लिए 5 लाख व कंप्यूटर एवं अन्य सहायक उपकरण के लिए 1 लाख, उपस्वास्थ्य कामठा बिजलदेही में सीएससी भवन के लिए 5 लाख व कंप्यूटर एवं अन्य सहायक उपकरण के लिए 1 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई। उपरोक्त कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने पर खैरागढ़ विधायक यशोदा निलाम्बर वर्मा ने उप मुख्यमंत्री व पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा का आभार प्रकट किया है।

# संभागायुक्त राठौर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जालबांधा का किया निरीक्षण



**खैरागढ़,** 31 मार्च (देशबन्धु)। दुर्ग संभाग आयुक्त सत्य नारायण राठौर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जालबांधा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दैनिक उपस्थिति पंजी सहित अन्य बुनियादी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहाँ मौजूद स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा—निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा भी मौजूद रहे। संभागायुक्त श्री राठौर ने ओपीडी, पैथोलॉजी, जेनरिक दवाई कक्ष, पुरूष वार्ड सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण कर यहाँ मौजूद स्वास्थ्य विभाग में अमले से आवश्यक जानकारी ली वही अस्पताल परिसर एवं विशेषकर प्रसाधन कक्ष में स्वच्छता का खास ख्याल रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि मरीजों और उनके साथ आने वाले परिजनों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। मरीजों को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान संभाग आयुक्त ने उपचाररत मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत की और अस्पताल में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली जिस पर मरीजों ने बताया कि अस्पताल में शासन द्वारा मुहैया करायी जा रही सभी तरह की सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी डॉ.आशीष शर्मा सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी—कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीएम कन्या विवाह योजना अन्तर्गत सामूहिक विवाह में 37 जोड़ों ने लिए सात फेरे



**खैरागढ़,** 31 मार्च (देशबन्धु)। केसीजी जिला गठन के पश्चात जिले में पहली बार मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अन्तर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन कर 37 जोड़ो का विवाह संपन्न कराया गया एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा नवविवाहित वर वधू को आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस अवसर पर खैरागढ़ नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खांन जनपद अध्यक्ष राजेश्री त्रिपाठी विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ,सीईओ जिला पंचायत प्रेम कुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, डिप्टी कलेक्टर पूजा पींचा, जिला महिला बाल विकास अधिकारी प्रीत राम खुटेल,परियोजना अधिकारी छुईखदान सुनील बंजारे, परियोजना अधिकारी खैरागढ़ रंजना श्रीवास्तव सहित समस्त पर्यवेक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# दो अंतरराज्यीय गांजा तस्करो से छत्तीस लाख का गांजा बरामद, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की कार्यवाही

- आरोपियों ने बोलेरो पीकप के पिछे ट्राली में खाली सब्जी कैरेट के निचे गांजा छुपाकर कर रहा था तस्करी
- आरोपियों के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा वजन कुल 243.54 किलोग्राम कीमती करीबन 36,53,100 रूपये को किया गया विधिवत जप्त



**राजनांदगांव/डोंगरगढ़** 31 मार्च (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर पूरे जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। आज पुलिस संवाद कक्ष मे आयोजित पत्रकार वार्ता में अंतरराज्यीय गांजा तस्करों और भारी मात्रा में गांजा बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दिनांक 30-03-2025 को मुखबीर से सूचना मिलने पर कि एक चार पहिया वाहन में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा ओड़ीसा से तस्करी कर मध्यप्रदेश लेजा रहा है। जो राजनांदगांव के बोरतलाव क्षेत्र से होकर गुजरेगा। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिया गया जिसपर तत्काल मादक पदार्थो की तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में एस.डी.ओ.पी. डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के पर्यवेक्षण में ए.एन.टी.एफ./सायबर सेल राजनांदगाव प्रभारी निरीक्षक श्री विनय पम्मार के नेतृत्व में सायबर सेल एवं थाना प्रभारी बोरतलाव निरीक्षक उपेन्द्र शाह एवं थाना स्टाफ की संयुक्त टीम गठित कर गवाहान को साथ लेकर थाना बोरतलाव क्षेत्र के बिरे पुलिया चांद-सूरज मेन रोड़ ग्राम बोरतलाव के पास नाकाबंदी पाइंट लगाया गया। कुछ समय पश्चात मुखबीर द्वारा बताये गये नंबर वाली एक चार पहिया वाहन बोलेरो पीकप क्रमांक सीजी-10-बीक्यू-0634 आते दिखी जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया जिस पर उक्त वाहन चालक द्वारा मौके पर रोक कर जंगल की ओर भागने लगे जिसे पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर दो लोगो को हिरासत में लिया गया जिन्होने अपना नाम (01) दिलावर अली पिता दरबार अली उम्र 46 वर्ष, निवासी ग्राम झलमला, थाना सीपत, जिला बिलासपुर, (छ.ग.), (02) संतोष पाल पिता रोमलाल उम्र 36 वर्ष, निवासी नक्टा मंदिर हसौद, थाना मंदिर हसौद, जिला रायपुर, (छ0ग0) का रहने वाला बताया, अन्य 01 आरोपी की पतातलास जारी है। पकड़े गये वाहन बोलेरो पीकप क्रमांक सीजी-10-बीक्यू-0634 को विधिवत गवाहों के समक्ष तलाशी लिया गया। तलाशी पर दोनों संदेहियों के द्वारा अपने वाहन बोलेरो पीकप के ट्राली में खाली सब्जी कैरेटस के नीचे छुपाकर कुल 08 प्लास्टिक बोरी में संदिग्ध बंद पैकेट मिला। पैकेट के अंदर रखे संदिग्ध पदार्थ को गवाहों के समक्ष देखा एवं गंध से पेकट में भरा पदार्थ मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसकी पुष्टी दोनों आरोपियों एवं गवाहों द्वारा भी किया गया। बरामद गांजा को तौल करने पर उसका वजन कुल 243.54 किलोग्राम कीमती करीबन 36,53,100 रूपये का होना पाया गया आरोपी द्वारा गांजा परिवहन में प्रयुक्त वाहन बोलेरो पीकप क्रमांक सीजी-10-बीक्यू-0634 कीमती करीबन 5,00,000/- रूपय एवं 04 नग मोबाइल फोन कीमती 11,000/- रूपये जुमला जप्ती मसरूका 29,11,000/- रूपये होना पाया गया जिसे मौके में विधिवत जप्त कर आरोपी को अपराध धारा 20(बी) (।।) ग, 29 एन0डी0पी0एस0एक्ट के तहत् गिरफ्तार किया गया।

आरोपी जिन पर पहले भी मामले दर्ज है- दिलावर अली पिता दरबार अली के विरूद्ध पूर्व में 01 हत्या एवं 03 चोरी के मामले दर्ज है। संतोष पाल पिता रोमलाल के विरूद्ध पूर्व में थाना बागनदी, मंदिर हसौद जिला रायपुर एवं जगदलपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

उक्त प्रकरण में सायबर सेल राजनांदगांव से सायबर प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार एवं थाना प्रभारी बोरतलाव उपेन्द्र शाह सहित सायबर सेल के सउनि द्वारिका प्रसाद लाउत्रे, सुमन कर्ष, प्र.आर. बसंत राव, प्रख्यात जैन, मनोज खूंटे, अमित सोनी, जोगेश राठौर, अविनाश झा, अवध किशोर, मनीष वर्मा, हरिश ठाकुर, जीवन ठाकुर, परिवेश वर्मा, दुर्गेश भुआर्य, धीरज डड़सेना, हेमंत साहू, आदित्या सिंह थाना बोरतलाव से सउनि. गोकुल सोनकर, प्र0आर0 रोहित पडोती, आर. नितिन यादव की अहम भूमिका रही।

# कुम्हारी में वर्षप्रतिपदा उत्सव, वक्ता मुकुन्द हम्बर्डे ने 'स्वत्व-स्मरण' का किया आह्वान



**कुम्हारी,** 31 मार्च (देशबन्धु)। रविवार को कुम्हारी स्थित भगतसिंह शाखा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरआरएस) के वर्षप्रतिपदा उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मुकुन्द हम्बर्डे ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, यानी नववर्ष के प्रथम दिन के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि आज वर्षप्रतिपदा है, जो सृष्टि का आरंभ दिवस है और इसी दिन से हिंदुओं ने अपनी काल गणना भी प्रारंभ की है। उन्होंने उपस्थित सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

हम्बर्डे ने हिन्दुनववर्ष मनाने के महत्व को च्स्वत्व-स्मरणज् बताते हुए कहा कि विदेशी आक्रमणों के दौरान हमने अपनी अस्मिता को सुरक्षित रखा, लेकिन धीरे-धीरे हम आत्मविस्मृत होते चले गए। हम अपनी पहचान, परंपरा और संस्कृति को भूलने लगे, जिसके कारण समाज न केवल पराधीन हुआ, बल्कि अपनी मूल पहचान भी खो बैठा। उन्होंने कहा कि जब कोई समाज आत्मविस्मृत होता है, तो वह विनाश की ओर अग्रसर होता है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने आंदोलन और कुछ क्रांतिकारियों ने सशस्त्र आक्रमण का मार्ग चुना। लेकिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने सभी उपायों पर विचार करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि जब तक हिंदू समाज आत्मगौरव से युक्त और संगठित नहीं होगा, तब तक वह न स्वतंत्र हो सकता है और न ही प्रगति कर सकता है।

उन्होंने डॉ. हेडगेवार की वेदना का उल्लेख करते हुए कहा कि हिंदू समाज की आत्मविस्मृति की पीड़ा उनके मन को सालती थी, जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। उन्होंने कहा कि च्ह्रदय की व्यथा संघ बन फूट निकलीज्। अपने अथक परिश्रम और तपस्या से उन्होंने नागपुर के एक छोटे से स्थान से शुरू हुए संघ को 1940 तक भारत के हर क्षेत्र में पहुंचा दिया।

हम्बर्डे ने रा. स्व. संघ के संस्थापक और आद्य सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की जन्मजयंती पर स्वयंसेवकों से यह प्रण लेने का आह्वान किया कि वे उनकी वेदना को अपने मन में धारण कर, उन्हीं के समान तपस्या करते हुए संघ को उत्तरोत्तर बढ़ाते रहेंगे।अंत में उन्होंने सभी को नववर्ष की पुनः शुभकामनाएं देते हुए अपने वक्तव्य को विराम दिया।

# शरणागति का सिद्धांत हर धर्म मानता है: सुश्री धामेश्वरी देवीजी



**राजनांदगांव,** 31 मार्च (देशबन्धु)। स्टेट हाई स्कूल मैदान में जगद्गुरुत्तम कृपालू महाराज की प्रचारिका सुश्री धामेश्वरी देवी की दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के सातवें दिन देवी जी ने वेद और शास्त्रों के प्रमाण सहित बताया कि भगवान् कृपा सभी के ऊपर करना चाहते हैं। किन्तु भगवान् की कृपा का भी एक कानून है। वह कानून है कि जो भी शर्त पूरा करेगा वह उसी पर कृपा करेंगें। और वह शर्त है शरणागति। शरणागति का सिद्धांत है उसे हर धर्म मानता है। लेकिन शरणागति का मतलब यह न समझे कि भगवान कोई मूल्य ले रहे हैं। फिर लोगो को भी यह लगेगा कि हमने चारों धाम किया, हमने भजन सुने, माला फेरी तो इससे लोगों का अंहकार बढ़ेगा। इसलिए भगवान् ने गीता में शरणागति का अर्थ बताया, कुछ न करना। कुछ न करने का मतलब कर्तापन का अभिमान त्याग देना। दूसरी बात यह है कि शरणागति मन को करनी होगी। हम सभी इन्द्रियों से भगवान् शरणागति करते हैं जैसे हाथों से माला फेरना, वाणी से पाठ करना, पैरों से तीर्थो आदि में जाना लेकिन भगवान् इंद्रियों की भक्ति नोट नहीं करते । भगवान् मन भक्ति या मन की शरणागति नोट करते है इसलिये वह अकारण करूण है। जहां मन का प्रश्न आता है तो लोग बहाना बनाते हैं कि हमारा मन भगवान् में नहीं लगता। मन की शरणागति पर इसलिये जोर दिया शास्त्रों ने क्योंकि मन बंधन का कारण है और मोक्ष का भी कारण है। यह मन अनादिकाल से संसार में आसक्त है और जब तक यह संसार मे आसक्त है तो भगवान् में लग ही नहीं सकता। तदर्थ मन को संसार से विरक्त करना होगा यदि हम मन को संसार से विरक्त नहीं करेंगें तो केवल इंद्रियों से ही भगवान् की भक्ति करेंगें और इंद्रियों की भक्ति भक्ति नहीं है। मन भगवान् में तभी लगेगा जब संसार से विरक्त हो जाए। और संसार से विरक्त तब तक नहीं हो सकता जब तक संसार का वास्तविक स्वरूप न समझ लें। तो संसार का वास्तविक स्वरूप क्या है यह आज के प्रसंग मे बताएंगी। दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन दिनांक 8 अप्रैल 2025 तक प्रतिदिन शाम 7 से रात 9 बजे तक होगा।।

## दिग्विजय स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता

# बीएसपी ने जिला जांजगीर चांपा पर बढ़त हासिल की

**राजनांदगांव,** 31 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा संचालित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता (सीनियर ग्रुप) के मैच स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में खेले जा रहे हैं।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा आयोजित चार दिवसीय इन मैचों कि श्रंखला में कल समाप्त हुए एक महत्वपूर्ण मैच में बीएसपी भिलाई ने पहली पारी में बढत के आधार पर जांजगीर चांपा पर जीत हासिल की। इस मैच से बीएसपी को तीन अंक प्राप्त हुए वहीं जांजगीर - चांपा को भी एक अंक प्राप्त हुआ।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय बीएसपी टीम पर बहुत ही लाभकारी सिद्ध हुआ। बल्लेबाजी के अनुकूल इस विकेट पर पहले खेलते हुए बीएसपी भिलाई की टीम ने 133.4 ओवरों में 440 रनों का पहाड़ खड़ा कर लिया। बीएसपी भिलाई की तरफ से वैभव साहू एवं उनके गेंदबाज आल राउंडर देव आदित्य सिंह ने क्रमशः 93 एवं 85 महत्वपूर्ण रन बनाए।

बीएसपी भिलाई की तरफ से ही संगीत सोनी एवं शुभम मौर्य ने भी क्रमशः 66 एवं 65 रनों का योगदान दिया वहीं उनके अनुभवी बल्लेबाज ऐश्वर्या मौर्य ने भी महत्वपूर्ण 48 रन बनाए।



इस विकेट में जांजगीर-चांपा के गेंदबाज बेअसर साबित हुए। जिला जांजगीर चांपा की तरफ से उनके प्रमुख गेंदबाज हर्ष राठौर ने 5 विकेट प्राप्त किया वहीं अन्य गेंदबाजों ने बहुत ही प्रभावशाली गेंदबाजी का प्रदर्शन नहीं किया। पहली पारी में किसी भी तरह बढ़त हासिल करने जांजगीर - चांपा की टीम के बल्लेबाजों ने औसत बल्लेबाजी कर 311 रन ही बनाए। इस तरह जांजगीर चांपा की टीम पहली पारी में 129 रनों से पीछे रह गई दूसरी पारी में खेलने उतरी बीएसपी की टीम के बल्लेबाजों ने इस बार भी प्रभावशाली बल्लेबाजी की 234 रनों पर अपना छठवां विकेट होते ही पारी समाप्ति की घोषणा कर दी वहीं उन्होंने बचे समय में जांजगीर - चांपा को 354 रनों का लक्ष्य देकर बल्लेबाजी करने बुलाया, परंतु जांजगीर - चांपा की तरफ से उनके बल्लेबाजों ने निर्धारित समय तक दो विकेट खोकर 91 रन ही बना पाये। दूसरी पारी में भी बीएसपी भिलाई के बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। बीएसपी भिलाई की तरफ से फिर से एक बार वैभव साहू और ऐश्वर्या मौर्य ने क्रमशः 70 एवं 41 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में

बीएसपी भिलाई की तरफ से देव आदित्य सिंह एवं मनोज सिंह ढिल्लों ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। पहली पारी में 119 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त प्राप्त कर लेने के कारण बीएसपी भिलाई को तीन अंक प्राप्त हुए वही जांजगीर - चांपा को मात्र एक अंको से ही संतोष करना पड़ा।

इस मैच के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने अजय तिवारी (दुर्ग) को आब्जर्वर नियुक्त किया था वही सीनियर वर्ग के चयनकर्ता साईं कुमार (बिलासपुर) भी पूरे मैच के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर लगातार नजर रखे हुए थे।

दिग्विजय स्टेडियम के मैदान में अब अगला मैच आज से भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन एवं बिलासपुर क्रिकेट एसोसिएशन के मध्य चार दिवसीय खेला जाएगा। इस मैच के बाद यह तय हो पाएगा की सेमीफाइनल पहुंचने वाली टीमें कौन-कौन सी है। दिग्विजय स्टेडियम के पिच क्यूरेटर देवा एवं मैदान प्रभारी सुजीत द्विवेदी ने इस मैच के लिए गेंदबाजों को मदद पहुंचे ऐसी विकेट तैयार की है। यह जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

# पेयजल समस्याओं के समाधान हेतु संपर्क हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

**बेमेतरा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। ग्रीष्म ऋतु के चलते बेमेतरा जिले में भू-जल स्तर में लगातार गिरावट के कारण ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है7,जिला बेमेतरा में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था बनाये रखने हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जिला, विकासखण्ड एवं जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए उनके सम्पर्क नम्बर जारी किये जा रहे है।

हेल्पलाइन नंबर- बेमेतरा जिला स्तर पर श्री मोतीलाल ठाकुर, सहायक मानचित्रकार, 7389531388

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे पानी के अपव्यय को रोकें और जरूरत पड़ने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। संकट को कम करने के लिए जल संरक्षण के उपाय अपनाना आवश्यक है।

बेमेतरा जिला स्तर पर श्री मोतीलाल ठाकुर, सहायक मानचित्रकार, 7389531388, बेमेतरा विकासखण्ड स्तर पर श्री संतोष कुमार नायक, सहायक अभियंता

7049301410, बेमेतरा जनपद स्तर पर श्री योगेश कुमार सिन्हा, उपअभियंता 8085527621, श्री व्ही. के. कोशले, उपअभियंता 887192607( नवागढ़ विकासखण्ड स्तर पर जनपद स्तर) श्री संदीप प्रधान, सहायक अभियंता 8770439831 (साजा विकासखंड स्तर पर) श्री ए.के. करैया, उपअभियंता 8878832200 ( जनपद स्तर साजा) और

श्री डी.एल. वर्मा, 9691188118( जनपद स्तर बेरला) इसके अलावा टोल फ्री नं. 1800-233-0008 पर भी शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित किया जाएगा ।

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे पानी के अपव्यय को रोकें और जरूरत पड़ने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। संकट को कम करने के लिए जल संरक्षण के उपाय अपनाना आवश्यक है।

# सिंघोला मां भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ में 1248 ज्योति कलश प्रज्वलित

**राजनांदगांव,** 31 मार्च (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर की दूरी पर बसा ग्राम सिंघोला मे मां भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ समिति सदस्यगण एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम सिंघोला में वंदनीय प्रातः स्मरणीय,ममतामयी, जगत जननी मां भानेश्वरी देवी जिनके दिव्य शक्ति मानव आत्मा के उद्धार और उत्थान के लिए स्नेहपूर्ण छाया भव्य शक्तिपीठ में अद्भुत विराजमान है जहां भक्त जन मनोरथ की प्राप्ति के लिए शक्तिपीठ में वर्ष के दो पर्व में चैत्र शुक्ल पक्ष रामनवमी पर्व और अश्वनी शुक्ल पक्ष दुर्गा नवमी को ज्योति प्रचलित करने और मां भानेश्वरी देवी के भक्तों का जन सैलाब उमडता है. मां भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ में चैत्र नवरात्रि में 30 मार्च को घी की ज्योति कलश 589 एवं तेल की ज्योति कलश 658 इस तरह से कुल 1248 ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है और 3 अप्रैल दिन गुरुवार को पंचमी कलश स्थापना की जाएगी, 6 अप्रैल को हवन यज्ञ पूजन एवं पूर्णहुती, 7 अप्रैल को जवारा विसर्जन एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। मंदिर प्रांगण में संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन भी मंदिर प्रांगण में प्रारंभ हो गया है जिसकी शुरुआत 31 मार्च को कलश यात्रा, वेदी पूजन, गोकर्ण कथा से प्रारंभ हुआ और इसकी कथा वाचक व्यास पीठ पंडित श्री राजा महाराज जी ग्राम खुर्शीपार जिला बालोद है.आयोजन कर्ता मनोज श्रीमती अनीता चंद्राकर सिंघोला है।मंदिर समिति के पुजारी दिलीप कुमार ठाकुर, अध्यक्ष नंद नरेंद्र साहू,उपाध्यक्ष भोज राम साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश साहू,सचिव रोशन साहू,संरक्षक लखन साहू, पुराणिक साहू, रामबिलास साहू, अमर सिंह, भुवन साहू ने नवरात्रि में क्षेत्र वासियों को अधिक से अधिक संख्या में माता को के दर्शन के लिए क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है।



# सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगाँव में भक्त मां कर्मा माता की जयंती मनाई गई

**डोंगरगांव,** 31 मार्च (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगाँव में 26 मार्च बुधवार को भक्त मां कर्मा माता जयंती की जयंती हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष घनश्याम साव उपस्थित थे । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा भक्त मां कर्मा माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हुआ ।




श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष घनश्याम सॉव ने भक्त मां कर्मा जंयती के अवसर पर माता कर्मा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी गई,तत्पश्चात् विद्यालय परिवार द्वारा माता जी की महाआरती संपन्न हुई एवं भैया बहिनों द्वारा विभिन्न प्रेरणादायक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम में पत्रकार श्री साव ने कहा मां कर्मा के बारे जितना भी बखान की जाए कम है साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा द्वारा भगवान श्री कृष्ण को अपने हाथों से महाप्रसादी खिचड़ी को खिलाया था उनके बाद आज साहू समाज और अन्य समाजों में सबसे पहले भोग खिचड़ी के रूप में खिलाया जाता है मां कर्मा जयंती कार्यक्रम में के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री साव को सरस्वती शिशु मंदिर संस्था द्वारा सम्मान किया गया,कार्यक्रम में प्राचार्य जितेन्द्र वैष्णव आचार्य ह्रदय राम पटेल सोहन यदु प्रेम कुमार साहू नेमू साहू शांति हेमा मनीषा चंद्रिका वंदना साहू के अलावा समस्त आचार्य, दीदीयों का उपस्थित थे।

# सामूहिक एकता और भाईचारे का प्रतीक ईद उल फितर: मुस्लिम समाज अध्यक्ष

- रमजान का उद्देश्य,इंसान को ग़लत कार्य से अच्छे कार्य के रास्ते में लाना: मुश्ताक अहमद



**दल्लीराजहरा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। जामा मस्जिद राजहरा के सदर व मुस्लिम समाज के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद अंसारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सभी नगरवासियों एवं मुस्लिम भाई-बहनों को ईद की मुबारकबाद दिया और कहा कि रमजान एक ऐसा बा-बरकत महीना हैं, जिसका इंतेजार साल के ग्यारह महीने हर मुसलमान को रहता है, रोजा से इंसान के जिस्म का जकात होता हैं, रोजदार इंसान के पूरे शरीर का रोजा होता है, जिसका मकसद ये भी है कि इंसान बुराई से जुड़ा कोई भी काम ना करें, कुल मिलाकर रमजान का मकसद इंसान को बुराइयों के रास्ते से हटाकर अच्छाई के रास्ते पर लाना है, इसका मकसद एक दूसरे से मोहब्बत, प्रेम, भाईचारा और खुशियां बांटना है, रमजान का मकसद सिर्फ यही नहीं होता कि एक मुसलमान सिर्फ किसी मुसलमान से ही अपने अच्छे अखलाक रखे, बल्कि मुसलमान पर ये भी फर्ज है कि वो किसी और भी मजहब के मानने वालों से भी मोहब्बत, प्रेम, इज्जत, सम्मान, अच्छा अखलाक रखे, ताकि दुनिया के हर इंसान का एक-दूसरे से भाईचारा बना रहे। उन्होंने आगे कहा की रमजान महीने में दिन दूखियों खास कर गरीब मजलूम का ख्याल रखा जाता है। ईद-उल-फितर सामूहिक भाईचारे और एकता का प्रतीक है। ईद मूल रूप से भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। इस त्योहार को सभी आपस में मिल के मनाते है। जामा मस्जिद के ईमाम अब्दुल बशीर साहब और नायब ईमाम हकीक नूरी सहाब ने अल्लाह की बारगाह में पूरे हिन्दुस्तान के लिए अमन चैन और घरों में बरकत के लिए दुआएं मांगी हैं। साथ ही मुश्ताक अहमद ने कहा शहरे जमात ने मिलकर ईदुल-फितर 2025 के लिए चिखलाकसा ईदगाह में जरुरी तैयारियां पूरी कर आज सुबह 9.30 बजे विशेष नमाज ईदुल फितर की अदा की गई।और हजारों की संख्या में नमाज़ी इस विशेष नमाज में शामिल हुए ईद के इस खास मौके पर बडगुजर परिवार की ओर से सभी नमाजीयों के लिए मीठी सेवाई का इंतजाम किया गया था और बडगुजर परिवार ने भी सभी को ईद की मुबारकबाद दी।जामा मस्जिद दल्ली राजहरा के लोगों ने भी मुबारकबाद पेश की, जिसमें मुख्य रुप से हाजी मजिद कुरैशी,हाजी नासीर भाई,हाजी मोईदशफी, हाजी अफजल, हाजी सनव्वर,मौलाना मुन्नवर हुसैन शेख नय्यूम भाई, अशरफ मेमन, सासभी मेंबरान व समस्त मुस्लिम भाईयों ने ईद पर मुबारकबाद पेश की है।



**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का रायपुर एयरपोर्ट आगमन पर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र सांसद माननीय श्री संतोष पांडे जी एवं दुर्ग लोकसभा क्षेत्र सांसद विजय बघेल ने रायपुर एयरपोर्ट पर माननीय श्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का स्वागत सम्मान किया।

संपादकीय

## घरों में घुसते अपराधी: रहें सावधान

राजधानी रायपुर के अलावा उसके आसपास अपराध इस कदर बढ़ते जा रहे हैं कि लोगों का जीवन खतरे में हो चला है। पुलिस तो अपनी ओर से जितना सम्भव हो ऐसे अपराधों की रोकथाम करने तथा आपराधिक कृत्यों की जांचकर उन्हें न्याय के घेरे में लाने की कोशिश करती ही रहती है लेकिन नागरिकों को भी चाहिये कि वे सावधान रहें। बाहर हों या घरों में रहें, उन्हें अपराधियों से बचने के अपनी ओर से भी इंतज़ाम कर रखने चाहिये। सुरक्षा के यथासम्भव सभी उपाय कर रखने चाहिये।

घरों के बाहर रहने पर सुरक्षा उपायों की बात है, तो वाहन चालन हो या पैदल चलना हो, सावधानी अपनायें। फुटपाथों का उपयोग करें व तेज गति यातायात से सतर्क रहें। खुद तो सम्हलकर रास्तों को पार करना ज़रूरी है, बुजुर्गों, बीमारों या बच्चों को सुरक्षित तरीके से पैदल चलने या रास्ते, चौक-चौराहे पार करायें। कुछ अनहोनी होने की स्थिति में सभी आवश्यक मोबाइल नंबर उपलब्ध रहें। विशेषकर महिलाओं को बाहर जाते वक्त न्यूनतम या कृत्रिम आभूषणों का इस्तेमाल करना चाहिये। यदि मांगलिक कार्यों में जाना हो व गहने पहनने आवश्यक हों तो उन्हें पूरी सावधानी से लेकर जायें। भारी ज्वेलरी के साथ महिलाओं को अकेले जाना टालना चाहिये।

इन दिनों घरों के भीतर भी सुरक्षा का सवाल पैदा हो गया है। कुछ दिनों पहले रायपुर के बाहरी इलाकों में डंडे-लाठियां लिये बदमाशों का गैंग लोगों के घरों के बाहर घूमता नज़र आया था। ये रहिवासियों के घरों को खटखटाते हुए उनके दरवाजे खुलवा रहे थे। उनका मकसद हथियार दिखाकर लूट-पाट करना था। इनकी हरकतें सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई थीं। रायपुर के नज़दीक खरोरा थाने के अंतर्गत केवराडीह गांव में 7 असामाजिक तत्वों के समूह ने एक घर से 6 लाख रुपये की डकैती की। वे छत की ओर से घुसे। तलवारों व बन्दूकों से लैस डाकुओं ने घर के सभी लोगों के हाथ-पांव बांध दिये तथा नगद व जेवर लेकर भाग गये।

पिछले वर्ष के नवम्बर में जशपुरनगर के कांसाबेल थाना क्षेत्र के अंतर्गत बटईकेला गांव के बैंक सेवा केन्द्र में बैठे संचालक को दो हथियारबन्द नकाबपोश लूटने दिनदहाड़े पहुंचे थे। शोर-शराबा सुनकर उसे बचाने हेतु आई उसकी 60 वर्षीय दादी फायरिंग में मारी गयी। संजू भी घायल हो गया था। संजू के सिर पर पिस्तौल तानकर वे पैसों की मांग कर रहे थे। अभी रायपुर के दलदल सिवनी के एक युवक का पिस्तौल के साथ वीडियो चर्चा में है जो बताता है कि हथियारों की पहुंच आसान हो गयी है।

इसलिये मुकम्मल सुरक्षा व्यवस्था हो। घरों के दरवाजे मजबूत हों तथा शटर या जाली लगवा लेना बेहतर है ताकि बाहरी व्यक्ति को देखने के बाद दरवाजे खुलें। अपने निवास और काम की संवेदनशीलता को देखते हुए; और सम्भव हो तो सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने चाहिये।

उल्टा पुल्टा

वीरू- सुना है, शादियां आसमान में ही तय हो जाती हैं,
जय- बिल्कुल ठीक, लेकिन यह भी याद रखना कि तूफान और बिजली भी आसमान से ही कड़कती हैं।

# राधाकृष्ण मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ अंचल के लिए बेहतर उपलब्धि : बृजमोहन अग्रवाल

## रोटी, कपड़ा, मकान के साथ बेहतर चिकित्सा भी लोगों की मुख्य आवश्यकता है : मंत्री टंकराम

**बलौदाबाजार,** 31 मार्च (देशबन्धु)। राधा कृष्ण मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल साहू नर्सिंग होम यूनिट-2 का शुभारभ मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर लोकसभा के करकमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता टकराम वर्मा राजस्व, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक भाटापारा, श्रीमती आकांक्षा जायसवाल अध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार, अशोक जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलौदा बाजार, श्रीमती सुलोचना यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदाबाजार, मेडी लाल साहू, आनंद यादव अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदा बाजार, प्रमोद कुमार शर्मा पूर्व विधायक बलौदाबाजार, सनम जांगड़े पूर्व अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदाबाजार, योगेश चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक रायपुर, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, उपाध्यक्ष जिला पंचायत पवन साहू उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने कहा कि राधा कृष्ण मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ अंचल के लिए बेहतर उपलब्धि है। आज भी लोग बेहतर चिकित्सा की राह देख रहे हैं आज चिकित्सा के क्षेत्र में विश्वसनीयता की कमी आई है। मैं आशा और उम्मीद करता हूं कि डॉ के के साहू के अडतीस वर्ष की सेवा भावना विश्वसनीयता के साथ अंचल के लोगों को बेहतर चिकित्सा प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज रोटी कपड़ा मकान के साथ साथ बेहतर चिकित्सा लोगों की मुख्य आवश्यकता है। राधा कृष्ण मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के शुभारंभ से क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्राप्त होगी। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने डॉ के के साहू की चिकित्सा क्षेत्र में सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि अंचल में राधा कृष्ण मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारभ से आम जनता को अच्छा इलाज प्राप्त होगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राधा कृष्ण मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ के के साहू ने कहा कि अड़तीस वर्ष से साहू नर्सिंग होम का संचालन कम पैसों में बेहतर इलाज करने का प्रयास किया हूं अपनी माता के इच्छानुसार यूनिट 2 का निर्माण किया है। भविष्य में भी अंचल के लोगों को कम पैसों में बेहतर चिकित्सा प्रदान करने का प्रयास सेवा भावना के साथ करूंगा। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन नंदकुमार साहू एवं संचालन गणेश शंकर साहू ने किया। इसके पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल और केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा सहित विशिष्ट अतिथि गणों के द्वारा रिबन काट, दीप प्रज्वलित एवं पूजा अर्चना कर राधा कृष्ण मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल यूनिट 2 का शुभारंभ किया। तत्पश्चात डॉ के के साहू सहित बलौदाबाजार के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिको ने अतिथि गणों का भव्य स्वागत किया।

उक्त अवसर पर आयोजक समिति के डॉ के के साहू सहित मेड़ीलाल साहू, श्रीमती मीना साहू, डॉ आदर्श साहू, डॉ स्वाति, डॉ अजित डॉ वर्तिका, शिवकुमार संगीता, नंदकुमार नीतू, कमलेश रूपा सहित नगर के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करने पहुंचे राजिम विधायक रोहित साहू



**राजिम,** 31 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की गौरवशाली धरती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आत्मीय स्वागत राजिम विधानसभा के लोकप्रिय विधायक रोहित साहू ने रायपुर विमानतल पर स्नेहपूर्वक भेट कर अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। यह ऐतिहासिक क्षण छत्तीसगढ़ एवं राजिम विधानसभा के विकास और समृद्धि की नई संभावनाओं को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रेरणा है। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत प्रगति के नए आयाम गढ़ रहा है, और छत्तीसगढ़ भी इस विकास यात्रा में अपनी सशक्त भूमिका निभा रहा है।

## हिंदू नववर्ष व सिंधी समाज के शोभायात्रा का नपाध्यक्ष ने किया स्वागत

**महासमुंद,** 31 मार्च (देशबन्धु)। सर्व हिन्दू समाज द्वारा हिंदू नववर्ष के अवसर पर तथा पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा भगवान झूलेलाल जयंती पर नगर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा का नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने स्वागत किया। हिंदू नववर्ष पर निकली शोभायात्रा के स्वागत कर उन्होंने कचहरी चौक में तथा चेटीचंड महोत्सव पर निकली शोभायात्रा का स्वागत कर नेहरू चौक पर पालिका अध्यक्ष ने लोगों को आइसक्रीम का वितरण किया। इस अवसर पर सभापति जय देवांगन, गुलशन साहू, पार्षद राहुल आवडे, नीरज चंद्राकर, बड़े मुन्ना देवार, भरत ठाकुर, सोमेश दबे, रत्नेश साहू, शाहबाज राजवानी, शुभम चंद्राकर, आशीष सिक्का, आयुष भोसले, कान्हा प्रधान, कुणाल सेन, मनोज सिन्हा आदि उपस्थित थे।



## प्रधानमंत्री आवास में गृह प्रवेश को लेकर उत्साह

**राजिम,** 31 मार्च (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम में बकली प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गृह प्रवेश महाअभियान के तहत आज बड़ी संख्या में हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बकली में मुख्य कार्यपालन अधिकारी पहुंचकर सरपंच बिंदा हीराधर साहू की उपस्थिति में गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान हितग्राहियों के चेहरे में खुशी देखने को मिला वहीं जनपद पंचायत सदस्य पूजा मुकेश भारती भी गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उपसरपंच खेमचंद मिरी पंच गण वर्षा साहू पूजा ध्रुव प्रवीण सेन दिनेश कुमार साहू सहदेव साहू एवं बड़ी संख्या में हितग्राही ग्रामीण उपस्थित थे। जनपद पंचायत सदस्य ने कहा की गृहप्रवेश एक गौरव का क्षण है एक गरीब परिवार के लिए पक्का मकान का सपना पूरा हुआ है।



## उत्कृष्ट कार्य पर प्रमोद को किया सम्मानित

**महासमुंद,** 31 मार्च (देशबन्धु)। छात्र व शिक्षक के सर्वांगीण विकास तथा समाज सेवा हेतु संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा वृंदावन हॉल सिविल लाइन में अंतरष्ट्रीय महिला दिवस एवं वार्षिक मिलन समारोह के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया गया। इस समारोह में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल नयापारा महासमुन्द के वरिष्ठ व्याख्याता प्रमोद कुमार कन्नौजे को समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी रायपुर दक्षिण के विधायक पुरंदर मिश्रा, अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर विजय कुमार खंडेलवाल, विशेष अतिथि समाज सेवी निधि चंद्राकर, जागेश्वरी महरीया थे। ज्ञात हो कि इससे पूर्व श्री कन्नौजे को शिक्षा में नवाचार एवं कोविड 19 में रेडक्रॉस में उत्कृष्ट कार्य पर महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर शिक्षक कला अकादमी के अध्यक्ष मीना भारद्वाज, संस्थापक संजय कुमार मैथिल, संरक्षक परसराम साहू उपस्थित थे। इस उपलब्धि पर स्काउट गाइड के जिलाध्यक्ष येत राम साहू, संरक्षक दाऊलाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष जय पवार, आनंद साहू, सहायक संचालक सतीश नायर, नंद किशोर सिन्हा, प्राचार्य अमी रूफस, डॉ राजेश्वर खरे, रामकुमार साहू, संतोष कुमार साहू, सुशील शर्मा, कमल लुनिया, लीनु चंद्राकर, उमेश भारती गोस्वामी, मानिक लाल साहू आदि ने बधाई दी है।



## आनंद शर्मा के भाजपा मंडल गुरूर के अध्यक्ष बनने पर भाजपाइयों ने किया स्वागत

**धमतरी/पुरूर,** 31 मार्च (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला बालोद के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के द्वारा भारतीय जनता पार्टी संगठन चुनाव अंतर्गत मंडल गुरूर के अध्यक्ष पद पर गुरूर निवासी आनंद शर्मा की नियुक्ति की गई है। उनके अध्यक्ष बनने पर भाजपाइयों ने मंडल कार्यालय गुरूर में उनका स्वागत कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिये है।

जिला में अन्य मंडल अध्यक्ष का चयन हो चुका केवल गुरूर मंडल का ही चुनाव रूका हुआ था अब आनंद शर्मा को भाजपा मंडल गुरूर का अध्यक्ष बनाये जाने से भाजपाइयों ने हर्ष व्यक्त किये है। श्री शर्मा के राजनीतिक और व्यक्तिगत जीवन परिचय की बात करें तो उनकी स्कूली शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर गुरूर से हुई है। वे बाल स्वयं सेवक संघ रहे है। कम्पयूटर में स्नातक के बाद स्नाकोत्तर सहित कई डिप्लोमा उत्तीर्ण अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में कार्य कर चुके आनंद शर्मा एक योग्य नेता के रूप में उभर कर सामने आये है। भाजपाइयों ने उनकी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति से गुरूर मंडल में एक उर्जा का संचार हुआ है। भाजपा नेता ईशाप्रकाश साहू ने कहा कि आनंद शर्मा की नियुक्ति गुरूर मंडल अध्यक्ष के रूप में हुई है जिसका भाजपा मंडल गुरूर ने स्वागत किया है। पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशल साहू को सम्मान के साथ बिदाई देकर नये अध्यक्ष का स्वागत एंव पदभार दिया जायेगा। वही मंडल अध्यक्ष रहे कौशल साहू ने कहा कि संगठन चुनाव के तहत भारतीय जनता पार्टी मंडल गुरूर का संगठन चुनाव लंम्बित था जिस पर प्रदेश नेतृत्व और जिला अध्यक्ष के द्वारा निर्वाचन की प्रक्रिया को संपन्न किये है। जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, ने कहा कि निश्चित रूप से संगठन ने श्री शर्मा को अध्यक्ष के पद से नवाजा है और हमारे ही परिवार से पार्टी का ही कोई कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष बना है और उनसे अपेक्षा भी रखेगें की आने वाला समय में सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान रखते हुए मिल जुलकर कार्य करें। इस अवसर पर खेमलाल देवांगन, नंदकिशोर शर्मा, यादराम साहू नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू, चंद्रिका गंजीर, लक्ष्मी साहू, अशोक साहू, नरेश साहू, ताम्रज सिन्हा, भावेश टावरी, नारायण टेके, जीवन साहू, राकेश दीवान, सुरेन्द्र तिवारी, चंद्रप्रकाश गांधी, फागुराम सिन्हा, मधुसुदन सोनवानी चिंताराम साहू, राजेन्द्र साहू, रवि साहू, साहिल सेन, रामस्वरूप सिन्हा सहित सैंकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं ने मंडल कार्यालय गुरूर में उनका स्वागत कर उन्हे बधाई दिये है। प्रदेश संगठन एवं जिला अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किये है।



## राइजिंग पाइपलाइन में मरम्मत कार्य के चलते कुछ वार्डों में जल आपूर्ति प्रभावित, आज सुबह होगी बहाल

**धमतरी,** 31 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा सिहावा चौक में राइजिंग पाइप लाइन के मरम्मत कार्य के चलते शहर के कई वार्डों में जल आपूर्ति प्रभावित होगी। जैसे ही यह सूचना मिली, महापौर रामू रोहरा, जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर, स्वस्थ विभाग सभापति नीलेश लूनिया, पार्षद रामेश्वर वर्मा ने मौके पर पहुंचकर कर्मचारियों के साथ मोर्चा संभाल लिया और आवश्यक निर्देश दिए। नगर निगम की टीम तेजी से मरम्मत कार्य में लगी हुई है ताकि जल्द से जल्द पानी की आपूर्ति सुचारु की जा सके। इस कार्य के दौरान बठेना, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, सुंदरगंज, नवागांव और औद्योगिक वार्डों में शाम को जल आपूर्ति बाधित रहेगी, जबकि सुबह तक जल आपूर्ति बहाल होजाएगी। धमतरी नगर निगम ने प्रभावित वार्डों के नागरिकों से अपील की है कि वे शाम को जल आपूर्ति बाधित रहने के कारण पानी का उपयोग सोच-समझकर करें और >> शेष पृष्ठ 9 पर >



## कटगी में बिहार से आए हाफिज इरफान मियां ने पढ़ाई ईद-उल-फितर की नमाज

**कटगी/बलौदाबाजार,** 31 मार्च (देशबन्धु)। आदर्श ग्राम पंचायत कटगी के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने 31 मार्च को ईदूल फ्रीत्र की नमाज ईदगाह भाठा में अदा की। ईदूल फित्र की नमाज ईदगाह भाठा में बिहार से आए हाफिज इरफान मियां ने पढाई नमाज ठीक 8.30 बजे अदा कराई गई। बाद नमाज हाफिज इरफान मियां द्वारा खुतबा पढी गई व अमन चौन की दुआ मांगी गई। अंत में कब्रिस्तान मे सोये हुए मरहुमो के लिए अल्लाह ताला से उनकी मगफिरत की दुआ खैर की गई। ईदूल फित्र की नमाज मे शामिल हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों मे-गुलाम खान. गुलजार खान. सत्तार खान. मौलाना सलमान रजा. इस्लाम खान, आदम खान, हसन खान, शरीफ खान, नुर मोहम्मद, अख्तर रजा, अनवर रजा, ईजाज खान, वाहिद खान, अकबर खान, अकरम खान, अल्ताफ खान, अब्दुल खान, रोशन खान, समसाद मियां, शीब्बू, आहिल, मदरसा शदाऐ रसुल के बच्चो मे पलक परवीन. मीनाज परवीन, सिफा, तमन्ना, मन्ना, आलिया, अल्फी, नाजिया, आफीया, अरशद, शना बानो, रिदा, जोया, जूनी, जीयो आदि मुस्लिम समुदाय के लोग काफी संख्या शरिक हुए।



## रसौटा में मनाया गया संत माता कर्मा जयंती

**अमेरा/बलौदाबाजार,** 31 मार्च (देशबन्धु)। रविवार को ग्रामीण साहू समाज रसौटा द्वारा संत माता कर्मा जयंती का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ किया गया। जिसमें सुबह कलश यात्रा से पूरा गांव का भ्रमण किया गया जिसमें सोनारदेवरी के कीर्तन मंडली के गीत व संगीत दर्शकों का मन मोह लिया। दोपहर में गरीब दास साहू व कान्हा मानस परिवार के द्वारा संत माता कर्मा के जिवनी पर गीत संगीत भजन कीर्तन लोगों को बांधकर रखा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव विधायक कसडोल शकुंतला साहू, अध्यक्षता जिला साहू संघ बलौदाबाजार के अध्यक्ष सुनील साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में रोहासी परिक्षेत्र के अध्यक्ष सीताराम साहू, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र मोनू साहू उपस्थित थें। सभी अतिथियों नें संत माता की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि त्याग तपस्या बलिदान सत्य अहिंसा के पाठ पढ़ने भक्ति में शक्ति के प्रति मूर्ति के रूप में काम करने वाली के नाम संत माता कर्मा है और इसी से प्रेरणा लेकर हमारे समाज आगे बढ़ रहे हैं। सामाजिक एकता भाईचारा शिक्षा से समाज को आर्थिक राजनीतिक सामाजिक विकास करने और आने वाले पीढ़ी को कर्मा माता से प्रेरणा लेने की बातें कही गयी। कार्यक्रम में उमाशंकर साहू, हेतराम, दुलीचंद, पुरुषोत्तम साहू, श्याम रतन साहू, डॉक्टर प्रीतम साहू, डॉ पुसराम साहू, टेकराम साहू, गरीबदास साहू, हरिशंकर साहू, राजकुमार साहू, राजेश कुमार साहू, नकुल राम साहू, गीता देवी साहू, ज्योति साहू, जयंती साहू, अलग राम साहू, रामलाल साहू, राम रतन साहू, रामखेलावन साहू, यशपाल साहू, श्यामलाल साहू, चितेश्वर साहू, भोलाराम साहू, बिरबल साहू एवं समाज के पदाधिकारीगण एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे। मंच का संचालन डॉ कृपाराम साहू संयुक्त सचिव जिला साहू के द्वारा किया गया।



# इंटरनेशनल आर्बिटर पी एन राव ने बताया ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के नियम

■ भारत से विश्वनाथ आनंद के बाद 18 साल के डी गुकेश के वर्ल्ड चैंपियन बनने की चुनौती की कहानी बताई और भारत का भविष्य उज्जवल बताया

■ केसलिंग, एनपांसा, पॉन प्रमोशन से लेकर स्टेलमेट तक की जानकारी दी



**बागबाहरा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। व्हाइट बोर्ड की तरह लटके हुए मैग्नेटिक डिमॉन्स्ट्रेशन बोर्ड पर वे शतरंज के अंतरराष्ट्रीय नियमों को समझाते जा रहे थे और बच्चों से लेकर बड़ों तक मंत्रमुग्ध हो कर सुनते जा रहे थे और जो समझ नहीं आता उसे पूछते जा रहे थे। शतरंज के अंतरराष्ट्रीय संगठन फिडे के इंटरनेशनल आर्बिटर और राष्ट्रीय खिलाड़ी पी एन राव द्वारा एक एक कर फि डे नियमों की जानकारी दी गई। उन्होंने चेस बोर्ड को रखने में की जाने वाली गलतियों से शुरुवात करते हुए प्यादों और मोहरों की चाल को उदाहरण देते हुए समझाया। उन्होंने बताया कि किस तरह एक प्यादा आगे बढ़ते बढ़ते यदि आठवें खाने में पहुंच जाता है तो वह आवश्यकता अनुसार वजीर, हाथी, घोड़ा अथवा ऊंट बनाया जा सकता है। इस दौरान यदि कोई प्यादा पांचवे खाने पर पहुंच जाता है और विरोधी खिलाड़ी बाजू वाले रैंक में अपने प्यादे को दो घर चल शुरुवात करें तो पांचवे घर पर पहुंचा प्यादा विरोधी के प्यादे को चाहे तो मार सकता है या छोड़ भी सकता है। प्यादे को मारे जाने की यह घटना 'एनपांसा' कहलाती है। उन्होंने शतरंज की सबसे छोटी बाजी - दो चाल में मात को बताते हुए इसे नौसिखिया खिलाड़ियों की गलती बताया और अपनी चाल चलने में सावधानी और तर्कशीलता बरतने कहां। पी एन राव ने शॉर्ट और लॉन्ग केसलिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि वस्तुत: यह राजा की ही चाल है इसलिए यदि आपको केसलिंग करनी है तो पहले आपको राजा को हाथ में लेकर चलना पड़ेगा तब हाथी को हाथ लगाना। यदि आपने हाथी को पहले हाथ लगा दिया तो अब आपको हाथी को चलना ही होगा और आप उस हाथी के साथ केसलिंग नहीं कर पाएंगे।

उन्होंने चेस क्लॉक के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह अपनी चाल चलने के बाद तुरंत बाद चेस क्लॉक को दबा देना चाहिए। यदि आपने इसमें भूल कर दी और चेस क्लॉक का बटन नहीं दबाया तो विरोधी खिलाड़ी इसका फायदा उठा सकता है और आप समय की किल्लत से हार सकते हैं। उन्होंने अंतर राष्टीय टूर्नामेंट्स के उदाहरण देते हुए उन घटनाओं की याद दिलाई जिसमें नियमों में चूक करने के कारण कई जीतते हुए खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा । इस दौरान कांकेर शतरंज संघ के अध्यक्ष श्री आर बी एस बघेल द्वारा बाबी फिशर, मिखाईल ताल, प्रज्ञानंदा, कार्लसन आदि के बाज़ियों की याद दिलाई गई। इस अवसर पर विज्ञान आश्रम कसेकरा के संचालक विश्वास मेश्राम ने जानकारी दी कि बागबाहरा - कोमाखान - छूरा क्षेत्र के शतरंज खिलाड़ियों के लिए बीच बीच में ऐसे प्रशिक्षण सत्र और दोस्ताना मैच आयोजित किए जाएंगे जिससे यहां के खिलाड़ियों का अनुभव बढ़ सकें और वे अपने खेल में पैनापन विकसित कर सकें।गरियाबंद जिले से शिक्षक प्रवीण उपाध्याय ने आयोजन की सार्थकता पर प्रकाश डाला।

प्रशिक्षण के अंत में शासकीय मिडिल स्कूल कसेकेरा के प्रधान अध्यापक डॉ विजय शर्मा ने आभार जताते हुए इस प्रशिक्षण को बहुत लाभदायक बताया और उम्मीद जताई कि भविष्य में विज्ञान आश्रम के कारण विद्यार्थियों को शतरंज के साथ साथ गणित, विज्ञान और इंग्लिश सीखने का मौका मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में संकुल स्तर के चेस टूर्नामेंट की पहल कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित

# हिन्दू नववर्ष पर निकली शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत

**नागपुर की ढोलताश पार्टी, बंगाली समाज की घुनुची रहा आकर्षण का केंद्र**



**महासमुंद** 31 मार्च (देशबंधु)। हिन्दू नववर्ष उत्सव आयोजन समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। तुमगांव रोड स्थित शारदा मंदिर से बरोडा चौक स्थित भवानी दुर्गा मंदिर तक निकाली गई इस शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। माहेश्वरी महिला मंडल ने जहां जल, शर्बत का वितरण किया वही बद्रीनारायण लड्ढा परिवार ने श्रद्धालुओं को फल वितरण किया। इसी तरह एकता चौक, स्वामी चौक, नेहरू चौक, नगर पालिका के पास कर्मचारी भवन समेत अनेक स्थानों पर हिन्दू संगठनों ने स्वागत कर जल व शर्बत का वितरण किया। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण नागपुर से ढोलताश पार्टी रही। जिसे देखने नगर के सभी वार्डो से नागरिक पहुंचते रहे। आयोजन समिति द्वारा हिन्दू नववर्ष पर सड़के डिवाईडर को भगवा ध्वजों से सजाया है वही ओवरब्रिज में तोरण पताका भी लगाया है। हजारों की संख्या में शोभायात्रा में शामिल होने महिला पुरूष अपनी सुविधानुसार शारदा मंदिर से लेकर बरोंडाचौक तक पहुंचते रहे। नगर का यह ऐसा आयोजन है जिसमें दलगत भावना से उपर उठकर सभी राजनीतिक दलों और समाज के लोग शामिल होते है। जिसकी सर्वत्र चर्चा होते रही। ढोलताशा पार्टी के अलावा बंगाली समाज की घुनुची, महाकाल मुक्तिधाम की डमरूझांझ के अलावा शिवजी का शोभायात्रा में भ्रमण आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही रावत नाचा, सुआ नृत्य, रामजी की झांकी, लाइव भजन प्रमुख रूप से शोभायात्रा की प्रस्तुति रही। आयोजन समिति के आह्वान पर हिन्दू नववर्ष पर नागरिकों ने घरों में रंगोली सजाकर दीप प्रज्जवलित किए।

# चेट्रीचंड जन्मोत्सव पर बाइक रैली और शोभायात्रा में दिखा उत्साह

**महासमुंद** 31 मार्च (देशबंधु)। चेट्रीचंड जन्मोत्सव के अवसर पर स्थानीय पूज्य सिंधी पंचायत, नवयुवक सेवा समिति, झूलेलाल सेवा समिति, सिंधु महिला समिति द्वारा बाइक रैली व भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सिंधी समाज के सभी वर्ग ने उत्साह के साथ भाग लिया। आगे आगे माइक में झूलेलाल के कीर्तन बज रहे थे। वहीं एक दूसरे को विश करते बाइक यात्री उत्साह का प्रदर्शन कर रहे थे। संध्या बेला में सिंधु भवन से आरती पूजा के बाद शोभायात्रा निकाली गई जो नगर भ्रमण उपरांत वापस लौटी। शोभायात्रा में युवा और महिलाओं की टोली भजन कीर्तन करते चल रही थी। जन्मोत्सव के दिन सिंधी समाज के सभी प्रतिष्ठान बंद रहे और सभी परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके पूर्व 5 दिनों तक प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें समाज के महिला, पुरुष, युवा, बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। आयोजन समिति के अनुसार शोभायात्रा प्रमुख मार्ग बस स्टैंड, गांधी चौक, नेहरू चौक होते हुए वापस सिंधी धर्मशाला पहुंची। पूज्य सिंधी पंचायत के राहुल लालवानी ने बताया कि 29 मार्च को सिंधु भवन में बहराणा साहब की पूजा की गई और बहराणा साहब की शोभायात्रा सिंधु भवन से महामाई तालाब पहुंची पूजा अर्चना पश्चात रात्रि 9 बजे भजन संगीत के कार्यक्रम में देर रात तक सभी झूमते रहे। जन्मोत्सव के दिन 30 मार्च को सुबह 9 बजे झूलेलाल चौक में आरती हुई और एमजी रोड में प्याऊ खोला गया। भजन कीर्तन उपरांत संध्या बेला में झूलेलाल महाराज की भव्य शोभायात्रा निकली। जिसका चौक चौराहों पर समाजिक जनों के अलावा अनेक संगठनों और राजनीतिक दलों के लोगों ने स्वागत किया और झूलेलाल जन्मोत्सव की बधाई दी।



# प्रधानमंत्री नल जल योजना के नाम दूधिपाली के सरपंच से 25 हजार की ठगी

**महासमुंद** 31 मार्च (देशबंधु)। जिले के विकासखंड बसना और सरायपाली के कई ग्राम पंचायतों के सरपंचों को साइबर ठगों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। ठग खुद को पीएचई विभाग रायपुर और महासमुंद का अधिकारी बताकर फोन कर रहे हैं और प्रधानमंत्री नल जल योजना के तहत मजदूर भेजने का झांसा दे रहे हैं। इसके बदले वे पंचायत प्रतिनिधियों से यात्रा खर्च के नाम पर रकम मांग रहे हैं। बसना के दुधीपाली पंचायत में एक सरपंच से 25 हजार की ठगी हो चुकी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड सरायपाली के सहायक अभियंता ने स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा किसी भी सरपंच या पंचायत प्रतिनिधि से इस तरह की कोई राशि नहीं मांगी जा रही है। यह पूरी तरह भ्रामक और ठगी का प्रयास है।उन्होंने सरपंचों और पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की है कि ऐसे किसी भी कॉल पर भरोसा न करें। साथ ही फोन पे, गूगल पे या अन्य माध्यम से किसी अनजान व्यक्ति को पैसे न भेजें। और संदिग्ध कॉल या मैसेज की जानकारी तुरंत पुलिस और विभागीय अधिकारियों को दें। सहायक अभियंता सरायपाली ने बताया कि विकासखण्ड बसना एवं सरायपाली के ग्राम पंचायतों के सरपंचों के पास साइबर क्राइम के ठगों के द्वारा रमेश गुप्ता पीएचई विभाग रायपुर के नाम से फोन नंण् 9473621164 एवं योगेश कुमार पीएचई विभाग महासमुन्द के नाम से फोन नंण् 9127269740 पर कॉल आया। जिसमें उन्होंने कहा कि वे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग महासमुन्द से बात कर रहे हैं, आपके पंचायत में प्रधानमंत्री नल जल में काम करने के लिए लेबर लोग जा रहे है उनके राशन के लिए 60 हजार रूपये आपके खाते में डाल रहे, बोला जा रहा है तथा 60000 रूपये में से गाड़ी खर्चा एवं रास्ते का अन्य खर्च के नाम पर 20000 रुपये फोन पे नंबर 8403856013 पर श्रीकांत शर्मा के पास भेजने कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के ठगों के झांसे में न आये। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किसी प्रकार के राशि हेतु किसी भी सरपंचों के पास कॉल नहीं किया जा रहा है। यह पूर्ण रूप से भ्रामक है। अगर किसी के पास इस प्रकार का कॉल आता है

■ साइबर ठगों से सतर्क रहें, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की धनराशि हेतु कॉल नहीं किया जा रहा है

# शीतला मंदिर परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**नगरी,** 31 मार्च (देशबन्धु)। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर पंचायत नगरी के समस्त जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी स्वच्छता दीदी, सफाई मित्रों ने शीतला मंदिर व माता तालाब में स्वच्छता अभियान चलाया। माता तालाब के किनारे साफ सफाई कर झिल्ली कचरा उठाया जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पार्षद हरीश साहू, असकरण पटेल, राजा पवार, चेलेश्वरी साहू, नरेश पटेल, मिक्की गुप्ता, जयंती साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत कुमार वर्मा, इंजीनियर परमेश ध्रुव, राजस्व निरीक्षक राजेंद्र साहू, स्वच्छता निरीक्षक दुर्गेश साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने नगर वासियों से अपील की है, एक स्वच्छ स्वस्थ और नवीन भारत के निर्माण एवं चल रहे स्वच्छता ही जन सेवा आंदोलन के लिए पूरी निष्ठा के साथ समर्पित होकर कार्य करना होगा, जिसमें हम अपने घरों का कचरा सड़क पर ना ही फेकेंगे और ना ही किसी को फेंकने देंगे, हम अपने घरों का गिला एवं सूखा कचरा अलग-अलग डब्बे में रखेंगे और नगर पंचायत के डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली स्वच्छता दीदियों को ही देंगे। मोदी जी की सोच के अनुसार पिछले कई वर्षों से स्वच्छता अभियान चल रहा है जिसका अच्छा परिणाम आया है और आगे भी नगर में इसी तरह अभियान चलाकर नगर के तालाबों, धार्मिक स्थलों की व सार्वजनिक स्थानों की सफाई की जाएगी।

# साहू समाज का वार्षिक आयोजन संपन्न



**नगरी,** 31 मार्च (देशबन्धु)। तहसील साहू समाज नगरी सिहावा का वार्षिक महाधिवेशन 29 मार्च को फरसियां परिक्षेत्र के ग्राम अमाली में सम्पन्न हुआ।

महाधिवेशन का शुभारम्भ आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की पूजन-अर्चन व कलश यात्रा से हुआ, इस कलश यात्रा में फरसियां परिक्षेत्र के महिला पुरुष बड़ी संख्या में शामिल होकर ग्राम अमाली के मुख्य मार्गो से गुजरते कार्यक्रम स्थल पहुंचे, समाज के मुखिया कंवल राम साहू का ताजपोशी रस्म अदा कर सामाजिक पदाधिकारियों व आमन्त्रित अतिथियो का स्वागत सम्मान किया गया।

इस महाधिवेशन में साहू समाज के सामाजिकजनों के द्वारा समाज की परम्परा व संस्कृति को बचाए रखने पर विचार रखा गया, साथ ही समाज में हो रही दिन प्रतिदिन खर्चीली महंगी शादियों पर विराम लगाने, अंतर्जातीय प्रकरण को रोकने, धर्मांतरण को रोकने तथा नशा मुक्त समाज की स्थापना करने पर जोर दिया गया।

**समाज में महिलाओ को आगे आना जरूरी : अंबिका मरकाम**

महासभा के प्रथम सोपान के मुख्य अतिथि श्रीमति अंबिका मरकाम विधायक सिहावा ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमे समाज के लिए नई सोच रखना है ताकि हमारे समाज के सभी लोगो का विकास हो सके, उन्होंने समाज में शिक्षा की अनिवार्यता पर बल देते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा से समाज आगे बढ़ता है और समाज संस्कारित होता है, समाज में अंतर्जातीय विवाह को रोकने के लिए गहन विचार करना जरूरी है। साहू समाज एक संगठित समाज है, उन्होंने समाज में महिलाओं की भूमिका पर कहा कि अपने बच्चों तथा परिवार को संस्कार देना महिलाओ पर अधिक निर्भर करता है साथ ही शादी, छट्टी, मृतक संस्कार में महिलाओ का महत्वपूर्ण योगदान होता है, उन्होंने आगे बताया कि हमारी परम्परा और संस्कृति को बचाए रखने के लिए समाज में पुरुषों के साथ महिलाओ को भी कदम से कदम मिलाकर चलने की आवश्यकता है।

**युवा नशापान से रहें दूर: अरुण सार्वा**

महासभा के द्वितीय सोपान के मुख्य अतिथि जिला पंचायत धमतरी के अध्यक्ष अरुण सार्वा ने भी सभा को संबोधित किया उन्होंने कहा कि हमें समाज से जुड़कर रहना चाहिए।

उन्होंने समाज के लोगो को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि लोग अधिक से अधिक छोटे छोटे व्यापार, व्यवसाय को अपनाकर लगन से काम करे तो निश्चित ही एक दिन हमे सफलता मिलेगी साथ ही उन्होंने समाज के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि नए नए कौशल और कलाकारी को सीखकर अपने परिवार का भरण पोषण करे एवं नशापान से दूर रहकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण करने में अपना योगदान दें।

प्रतिभावान छात्र छात्राओं, पत्रकारों और समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का हुआ सम्मान- इस महाधिवेशन में समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजजनों का सम्मान हुआ। नगरी सिहावा क्षेत्र के पत्रकार बंधुओ को भी आमंत्रित किया गया था उन्हे पेन, डायरी और श्रीफल भेंटकर समाजप्रमुखो ने सम्मानित किया, साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव में जीत हासिल करने वाले समाज के लोगो का अभिनंदन कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर साहू समाज के तहसील, परिक्षेत्र और ग्रामीण स्तर के पदाधिकारियों और सदस्यों सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष एवं युवाओं की उपस्थिति रही।

# सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया था तो उसे पूरा करें सरकार: रश्मि

**महासमुंद** 31 मार्च (देशबंधु)। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठे हुए हैं। सचिवों को छत्तीसगढ़ में मोदी के आगमन से यह निश्चित तौर पर आशा लगाए हुए थे कि मोदी बिलासपुर आ रहे हैं और अपनी देश के प्रधानमंत्री मोदी अपनी गारंटी को जरूर पूरा करेंगे । उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले भाजपा ने सचिवों को शासकीय कर्मचारी बनाने का वादा किया था। भाजपा ने इसे मोदी की गारंटी बताया था। अब भाजपा सरकार इस गारंटी से पीछे हट रही है। सरकार को बने सवा एक साल से ज्यादा हो गया। फिर भी आदेश जारी नहीं किया गया। डॉ रश्मि ने विज्ञप्ति में कहा कि ग्रामीण जनता की पीड़ा को शासन तक पहुंचाने और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर मूर्त रूप देने वाले पंचायत सचिव भाजपा शासन में शोषित और पीड़ित है। सरकार बनते ही शासकीयकरण का भाजपा ने किया था वादा पंचायत सचिवों की वेतन वृद्धि सहित विभिन्न सुविधाएं दी। जब भाजपा की सरकार सत्ता में नहीं थी, तब भाजपा नेता कर्मचारियों के मंच पर जाकर बड़ी.बड़ी ढींगे हांकती थी और आज जब वह सत्ता पर है तो उनके मुंह से शब्द नहीं निकल रहे है। सचिवों की हड़ताल से ग्रामों के मूलभूत कार्य, आवास निर्माण, पेंशन राशि, जाति.निवास प्रमाण पत्र सहित पंचायत से जुड़ी अनेक कार्य ठप पड़े हैं। इस हड़ताल का प्रभाव ग्रामीणों के जीवन पर पड़ रहा है। डॉ रश्मि ने कहा कि छत्तीसगढ़ के नागरिकों से बड़े.बड़े जुमले हांक कर सत्ता प्राप्ति का सफर तय करने वाली भाजपा की सरकार की आज पर्दा फाश हो चुकी है। कर्ज के सहारे चल रही ये सरकार प्रदेश की जनता को विकास का हवा हवाई सपने दिखा रही है। छग में भाजपा की सरकार से किसान, मजदूर एवं कर्मचारी.अधिकारी अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। सवा एक साल के कार्यकाल में भाजपा की कार्पोरेट सरकार ने छग की जनता को झूठा आश्वासन देकर सिर्फठगने का कार्य किया है। 500 रु में गैस सिलेंडर का जबरदस्त सपना मोदी की गारंटी में देखने को मिला। इसीलिए अब किसान, मजदूर एवं कर्मचारी आक्रोशित एवं परेशान है। पंचायत सचिवों सहित दैवेभो, आंगनबाड़ी, रसोइया, शासकीय विभागों में सेवा दे रहे हजारों कर्मचारी सड़कों पर उतर कर आंदोलन कर रहे हैं। अनियमित, संविदा, दैनिक वेतन भोगी एवं मानदेय कर्मचारियों का नियमितीकरण तो 500 रु में गैस सिलेंडर, बेरोजगारी भत्ता,



# नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का पलारी में स्वागत



**पलारी** 31 मार्च (देशबन्धु)जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष बहन सुश्री सुमित्रा धृतलहरे के प्रथम पलारी नगर आगमन पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी पलारी के अध्यक्ष सुनील कुर्रे के नेतृत्व में ऐतिहासिक स्वागत पलारी के साईं मंदिर चौक पर किया गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद पंचायत पलारी के पूर्व अध्यक्ष खिलेंन्द्र वर्मा जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे नंदेश्वर साहू नगर पंचायत अध्यक्ष रोहांसी उपाध्यक्ष पितांबर साहू अश्वनी वर्मा श्याम लाल पटेल शिवराम सेन रज्जाक खान रसूल बेग पुनित साहू लेखराम गनहरे मनहरन शर्मा गुलाब यदु मेघनाथ यादव तरुण चन्द्राकर सनत वर्मा राम ध्रुव रामखिलावन साहू मुरली साहू यशवंत बांधे महेश ढीढी महेंद्र सुरतांगे ईश्वर चंद्रवंशी युवराज चन्द्राकार बिशेसर वर्मा मिलन साहू प्रवीण धुरंधर विरेन्द्र महेश्वरी जनपद सदस्य कलिन्द्री अश्वनी सोनवानी जनपद सदस्य लता सोनवानी चंद्रप्रकाश सोनवानी ध देवनारायण जायसवाल राहुल तेली बाबूलाल बंजारे स्वरूप वर्मा तोमन चन्द्राकार सुकदास बंजारे पूर्णिमा महेश्वरी रुखमणी तेहरवंश दिलीप सेन रामनिवास साहू जितेन्द्र कन्नौजे राकेश साहू पार्षद रोहांसी

रघुनंदन वर्मा पुनित साहू सुमित तिवारी गुलाब यदु राजकुमार साहू महेश्वरी कुर्रे उर्मिला मिरी परमेश्वर मनहरे मनोज बंजारे देवनारायण जायसवाल मिलन साहू पुरुषोत्तम मानिकपुरी मुरली साहू राम ध्रुव राजकुमार साहू फूलचंद डहरिया विजय साहू सनत वर्मा रज्जाक खान रसूल बेग मनहरन शर्मा प्रताप पुरी गोस्वामी तोमन चन्द्राकार रामस्वरूप वर्मा गिरवर वर्मा बिसौहा गायकवाड़ योगेश धीवर कांशी धृतलहरे आदि

# हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर विशाल बाइक रैली निकाली गई



**सरायपाली** 31 मार्च (देशबंधु)। हिन्दू समाज विश्व हिंदू परिषद् बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा,विक्रम संवत् 2082 30 मार्च रविवार को हिन्दू नववर्ष के स्वागत में भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली पुरानी मंडी से प्रारंभ होकर नगर के सभी चौक चौराहे से होते हुए, संतोषी मंदिर में समाप्त हुई। बाइक रैली के पश्चात् महाप्रसाद का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि हिंदू नववर्ष के स्वागत एवं रामनवमी केउपलक्ष्य में लिए पूरे नगर को भगवामय किया गया है गली-मोहल्लों में भगवा ध्वज, मंदिरों की साफ सफाई की गई है। बाइक रैली में सैंकड़ों की संख्या में हिंदू भाई बहनें सम्मिलित हुए। रैली के मार्ग में गर्मी से राहत हेतु अनेक स्थानोपर पानी,जूस आदि का वितरण किया गया जिसके लिए संपूर्ण हिंदू समाज एवं विहिप बजरंगदल, दुर्गा वाहिनी आभारी है।

इस भव्य आयोजन के पश्चात् 06अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन होना है। शोभायात्रा शाम 5:00 बजे हाई स्कूल मैदान से प्रारंभ होगी। अत: सभी सनातनियों से अनुरोध है कि शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# विहिप ने मीठा शीतल पेय जल का किया वितरण




**महासमुंद** 31 मार्च (देशबंधु)। विश्व हिंदू परिषद ने नव वर्ष प्रतिप्रदा विक्रम संवत 2082,नवरात्र,झूलेलाल जयंती,आर्य समाज की स्थापना दिवस,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर केशवदास बलीराम हेडगेवार एवं गौतम ऋषि का जन्मोत्सव,गुरुअंगद देव का प्रकाश पर्व आदि के शुभ अवसर पर स्थानीय नेहरू चौक में विश्व हिन्दू परिषद द्वारा मीठा शीतल पेय जल वितरण किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से गुरुबच्चन सिंह,बिपिन महंती,सुनील श्रीवास्तव,अखिलेश लूनिया,पंकज चन्द्राकर,उत्तम वर्मा,नरेश नायक,हिमांशु तिवारी, रहील गुप्ता,कान्हा प्रधान,राकेश साहू,रामेश्वर गोलू साहू,लवेश साहू,चन्दन नेताम आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# गड़बेड़ा में कर्मा जयंती महोत्सव मनाया गया

**पिथौरा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम गड़बेड़ा में कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू थे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धरम दास साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में समाज रत्न लक्ष्मण साहू, मंगतू राम साहू, जिला मंत्री नोहर दास साहू, तहसील अध्यक्ष मनोहर साहू, जिला उपाध्यक्ष नंदिनी साहू, संरक्षक जीपी साहू, परिक्षेत्र अध्यक्षगण श्याम कुमार साहू, गुणित राम साहू भुरकोनी, रमेश साहू कौड़िया दो, जनपद सदस्य पुन्नी साहू, तहसील उपाध्यक्ष चंद्रिका साहू, सरला साहू, सरपंच बुंदा बाई नायक सहित अन्य अतिथि गण मंचस्थ थे।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने कर्मा मईया के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा अपने आराध्य पर सदैव श्रद्धा रखें और पूर्ण आस्था से पूजन करें। माँ कर्मा भगवान जगन्नाथ के चरणों में समर्पण भाव से पूरी श्रद्धा के साथ सेवा की। भगवान ने उनकी करुण पुकार सुनी उस पर कृपा की और आज भक्त शिरोमणी माँ कर्मा पूज्यनीय हो गई। युवा पीढ़ी के नेता समाजिक सहभागिता बढाएं। सामाजिक प्रबुद्धजनों को भी समय पर जनप्रतिनिधियों को सहयोग करना जरूरी है। सामाजिक संगठन को मजबूत करें व आपसी वैमनस्यता भुलाकर सामाजिक एकता बनाए रखना जरूरी है। जिलाध्यक्ष धरम दास साहू ने कहा कि कर्मा मईया के पदचिन्हों पर हम सबको चलना है माताएं दो कुल का नाम रोशन करती है इसलिए माताओं व बहनों से अनुरोध है कि माँ कर्मा के जीवनी का अनुसरण कर आप लोग भी समाज की मजबूती के लिए अपनी सहभागिता निभाएं। माँ कर्मा के नाम भारत सरकार ने



डाक टिकट जारी किया जो हमारे समाज के लिए गौरव का विषय है।

समाज रत्न लक्ष्मण साहू ने कहा सामाजिक कार्यक्रमों में आते हैं तो अतिथियों के उद्गार ध्यानपूर्वक सुनें वे सामाजिक बुराइयों व रोज होने वाली समस्याओं से कैसे निकलना है वे अपने अनुभव बताते हैं जो हमारे जीवन के लिए बहुपयोगी है। तहसील अध्यक्ष मनोहर साहू ने कहा कि भावी पीढ़ी को समाज की महत्ता को समझाएं, माँ कर्मा के जीवनी के बारे में बताएं व हमारे नित्य पूजा पाठ में अपने आराध्य देवी माँ कर्मा की पूजा आरती करने प्रेरित करें। हमारे समाज के बच्चों को समाज सर्वोपरि है ये समझाना जरूरी है जिससे वे पथभ्रष्ट न हो। सभा को नंदिनी साहू, नोहर दास साहू, श्याम कुमार साहू, राकेश साहू, चंद्रिका साहू, जीपी साहू, विष्णु साहू, सरपंच बूंदा बाई नायक, सरला साहू, फुलेश्वरी साहू ने भी संबोधित किया।

इससे पहले गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। अतिथियों ने मां कर्मा की पूजा आरती कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। वहीं माता कर्मा मंदिर निर्माण के लिए पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू व जिलाध्यक्ष धरम दास साहू की अगुवाई में भूमिपूजन किया गया। कर्मा मंदिर निर्माण के लिए स्व श्री सोमनाथ साहू पुत्र मोहित राम साहू के द्वारा भूमि दान किया गया जिसे समाज ने धन्यवाद ज्ञापित कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डोलामणी साहू, लेखराम साहू, शिव राम साहू, संतोष साहू, पवन साहू घोंच, कौशल किशोर साहू, मूलचंद साहू, गायत्री साहू, संत राम साहू, चंद्र शेखर साहू, दिनेश साहू, महावीर साहू, लोकनाथ साहू, मोहित कुमार ध्रुव, लालाराम नाग, रतन लाल ध्रुव, महेश्वर पटेल उपस्थित थे। संचालन डिगम साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में माधव साहू, अलख राम साहू, लकेश साहू सहित ग्राम साहू समाज व समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

# अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ने ईदगाह पहुंचकर समाज को ईद की दी बधाई



**नगरी,** 31 मार्च (देशबन्धु)। नगरी सिहावा क्षेत्र में सोमवार को ईदुलफितर का पर्व धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न ईदगाह में ईदुलफितर की नमाज अदा की गई, नमाज के बाद लोग एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देकर खुशियां बांटी। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज से गले मिलकर ईद की बधाई दी।

ईदुलफितर रमजान के महीने के बाद आने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है, यह दिन विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के लिए खुशी और आभार का प्रतीक होता है। रमजान के महीने में दिनभर उपवासी रोजा रहने के बाद, यह त्योहार रात्रि मे तरावीह की नमाज के साथ शुरू होता है और विशेष रूप से ईद की नमाज के साथ एक नई शुरुआत का संदेश देता है।

नमाज के बाद, लोग मस्जिद के बाहर निकलकर एक-दूसरे से मिलते हैं और गले लगकर, हाथ मिलाकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हैं। एक-दूसरे के घरों में जाकर भी ईद की खुशियां साझा करते हैं, इस दिन खासतौर पर रिश्ते मजबूत करने की कोशिश की जाती है। लोग एक-दूसरे को मीठे पकवान और सेवइं बांटते हैं, और इस दिन की विशेषता को महसूस करते हैं।

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबडा उपाध्यक्ष विकास बोहरा, सभापति अश्वनी निषाद, पार्षद राजा पवार ईदगाह पहुच का ईद के नमाज के बाद नगरी मुस्लीम समाज से गले मिलकर ईद की बधाई देकर आपसी भाईचारे की मिशाल पेश की। मुस्लीम समाज के लोग भी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को ईद की मुबारक बाद दी और त्यौहार को पारंपरिक, धार्मिक रूप से मनाते हुए एक दूसरे से खुशियां बाटी, कई परिवार एक-दूसरे के घरों में दावतों का आयोजन किया और सभी लोग एकजुट होकर ईद की खुशी का जश्न मनाया।

## चैत्र नवरात्रि शुरू, ज्योत प्रज्जवलित



**खरोरा,** 31 मार्च। मां दुर्गा की उपासना-आराधना का महापर्व चैत्र नवरात्रि आज से शुरू हो गया, इसी के साथ ही हिन्दू संवत 2082 भी शुरू हो गया है। इस दौरान आज अभिजीत मुहूर्त में नगर की कुलदेवी मां महामाया मंदिर में प्रमुख ज्योत प्रज्जवलित की गई। मां भगवती की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां महामाया मंदिर में पुजारी और मंदिर समिति के सदस्यों ने अभिजीत मुहूर्त में प्रमुख ज्योत प्रज्जवलित किया। उन्होंने बताया कि मुहूर्त में प्रमुख ज्योत प्रज्जवलन के बाद शाम तक सभी मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित की जाएंगी। इस दौरान बड़ी संख्या में माता के दर्शन के लिए श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। चैत्र नवरात्रि को लेकर क्षेत्र में खरोरा जय महामाया मंदिर, राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर, जय मां बंजारी मंदिर सहित अन्य शक्तिपीठों में भी सुबह से ही माता दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

## सीआरपीएफ कैम्प मेचका का जन कल्याण कार्यक्रम

**नगरी,** 31 मार्च (देशबन्धु)। नगरी ब्लॉक में जी 211 समवाय केंद्रीय पुलिस बल मेचका नक्सल विरोधी अभियान के लिए तैनात हैं। इस समवाय द्वारा समय-समय पर समाज सेवा एवं जनकल्याण हेतू विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता हैं, इस तारतम्य में शुक्रवार को इस कंपनी द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किया गया।




ग्राम पंचायत मेचका और आसपास गांव डोगरीपारा, अरसीकन्हार, खालगड़ पहुंच कर जरूरतमंद लोगों को साडी, कंबल, लुंगी, गमछा, ग्लास, चप्पल बाटा गया साथ ही छात्रों को पेन, पेन्सिल, शॉर्पनर, इरेजर जैसे आवश्यक सामानों का वितरण किया गया। डॉ देविनेनी तपस्वीनी, चिकित्सा अधिकारी ने जरूरत मंदों का, खासतौर से महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर मुफ्त दवाईयाँ बाटी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथी विजय प्रताप, कमांडेण्ट ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के अयोजनों से हम सभी में एक दूसरे के प्रति सौहार्द बढता हैं, सामाजिक उपक्रमों द्वारा ग्रामीणों के लिऐ यह बहुत बडी मदद तो नहीं हैं परंतु जरूरत मंद लोगों को अच्छी सहायता मिल जाती हैं। उन्होने बच्चों को खूब मेहनत कर जीवन में आगे बढने प्रेरित किया। विशेषकर बालिकाओं को कहा कि, उन्हें खूब पढना चाहिए, उनका आगे बढना नितान्त आवश्यक हैं, क्योंकि उनके पढने से दो घरों का उद्धार होता है। कमांडेड ने बच्चों को उच्च पदों पर पहुँचकर क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपेक्षा व्यक्त की। इस दौरान लोगों में काफी उत्साह देखा गया और इस प्रकार का उपक्रम हर वर्ष किये जाने की ग्रामीणों ने आशा व्यक्त की।

इस अवसर पर जीवन लाल नाग, सरपंच मेचका, उपसरपंच परमात्मा कुजांम, पुर्व सरपंच श्रीमती बिमला धुरवा पंच लकेश्वर साहु, खगेश्वर धुरवा, श्रीमती उतरा बाई, श्रीमती मान बाई, कैंप से विजय प्रताप कमांडेन्ट, रजंन कुमार बहाली द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ देविनेनी तपस्वीनी चिकित्सा अधिकारी, संतोष कुमार सहायक कमाडेन्ट 211 बटालियन, निरी,जीडी दीनानाथ कंपनी कमांडर एवं प्रधान आरक्षक नकुल नेताम थाना प्रभारी मेचका तथा जी- 211 बटालियन के जवान उपस्थित रहें। सीआरपीएफ के इस पहल का सरपंच, पंच एवं ग्रामीणों ने सराहना की एवं जवानों को धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया।

## चैत्र नवरात्र पर देवी मंदिरों में आस्था के जोत हुए प्रज्वलित



**सिमगा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। नगर एवं अंचल के देवी मंदिरों जैसे मां महामाया मां शीतला मां कंकालिन मां महेश्वरी मां शक्ति मां चितावरी देवी मां बगदई देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना मां के भक्तों के द्वारा किया गया है। प्रात: एवं संध्या काल में मां के आरती पूजन के साथ ही माता के जसगीतों से नगर एवं अंचल के देवी मंदिर गूंज रहे है। मां महामाया मंदिर में 105 तेल एवं 3 घी मां शीतला मंदिर में 202 तेल एवं 6 घी मां महेश्वरी मंदिर में 85 तेल एवं 5 घी मां कंकालिन मंदिर में 227 तेल एवं 27 घी के मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किए गए हैं। चैत्र नवरात्रि से ही हिंदू धर्म का नव वर्ष प्रारंभ होता है। जहां विभिन्न समुदाय के लोग अपने-अपने तरीके से हिंदू नव वर्ष का पर्व मानते हैं। जैसे गुड़ी पड़वा चेट्रीचंड का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

## जन्मदिन मनाया



**खरोरा,** 31 मार्च। प्रथम जन्म उत्सव को धूमधाम से मनाया गया। पुत्र प्रांचल का जन्म उत्सव को बड़े हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया पापा चंद्रशेखर साहू मां किरण साहू दादा रामनाथ साहू दादी रामहीन बाई साहू नाना प्रभु राम साहू परमानंद साहू नानी पूनम साहू राजेश्वरी साहू मामा शिवम साहू आशीष साहू ने प्रांचल साहू को बधाई एवं शुभकामनाएं एवं दीर्घायु आशीर्वाद सभी परिवार के सदस्य एवं पुलिस स्टाफ आरंग ने दी।

## नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का यादव समाज ने किया सम्मान



**बिलाईगढ़,** 31 मार्च (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का एक दिवसीय बैठक ग्राम रसौटा के यादव भवन में रखा गया है। जिसमें रसौटा पार के नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष सरपंच,पंचगणों का सम्मान समारोह का आयोजन गया। जिसमें सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज जिला बलौदा बाजार भाटापारा के जिला सचिव संतोष यादव एवं समाज के द्वारा गुलाल हार गुलदस्ता ,साल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद पंचायत अध्यक्ष पलारी श्रीमती सविता भीम यादव, गजपति यादव सरपंच ग्राम पंचायत रसौटा,श्रीमती सुनीता यादव अध्यक्ष महिला यादव संगठन पंच, श्रीमती अरूणा यादव पंच दिनेश यादव श्रीमती राजेश्वरी यादव, सुखदेव यादव पंच आदि का सम्मान किया गया। जिला कार्यकारिणी सदस्य बिसाहू राम यादव, मुखी राम यादव, हुसीराम यादव, रामकुमार यादव ग्रामीण अध्यक्ष रसौटा,विजय यादव, अरूण यादव, अर्जून यादव श्रीमती पुष्पा यादव, श्रीमती शकुन यादव,श्रीमती सुधारा यादव, श्रीमती जामबाई, श्रीमती गंगौत्री यादव,श्रीमती कुन्ती यादव, श्रीमती कुमारी यादव, श्रीमती सुखिया यादव एवं समस्त यादव एवं नारी शक्ति बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद



**पलारी** 31 मार्च (देशबन्धु) पलारी सहित आस पास के गांवों में ईद का पर्व धूम धाम से मनाई गई। नगर के मुस्लिम जमात के लोग आज ईद के मुबारक मौके पर नए नए परिधान में नगर में स्थित ईदगाह पहुंच कर ईद की नमाज अदा की। मौलाना मुस्तकीम रजा ने ईद की नमाज अदा कराई। उन्होंने ईद की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए तकरीर पेस की। नमाज के बाद नगर सहित देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई। नमाज में नगर सहित आस पास के मुस्लिम भाई लोग भी शामिल हुए। नमाज के बाद सभी लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दी। ईद पर दोस्त यार जनप्रतिनिधियों ने मुबारक बाद दी। इस अवसर पर ईदी पाकर पर बच्चे ज्यादा खुश नजर आए। रमजान माह के तीस दिन के रोजा के बाद यह यह त्यौहार मनाया जाता है। इस अवसर पर सेवइयों का लुत्फ उठाया गया। विकास खण्ड के ग्राम सोनार देवरी में भी ईद की नमाज ईदगाह में अदा कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई।

## नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का पलारी में स्वागत



**पलारी,** 31 मार्च (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष बहन सुश्री सुमित्रा धृतलहरे के प्रथम पलारी नगर आगमन पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी पलारी के अध्यक्ष सुनील कुर्रे के नेतृत्व में ऐतिहासिक स्वागत पलारी के साई मंदिर चौक पर किया गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद पंचायत पलारी के पूर्व अध्यक्ष खिलेंन्द्र वर्मा जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे नंदेश्वर साहू नगर पंचायत अध्यक्ष रोहांसी उपाध्यक्ष पितांबर साहू अश्वनी वर्मा श्याम लाल पटेल शिवराम सेन रज्जाक खान रसूल बेग पुनित साहू लेखराम गनहरे मनहरन शर्मा गुलाब यदु मेघनाथ यादव तरुण चन्द्राकर सनत वर्मा राम ध्रुव रामखिलावन साहू मुरली साहू यशवंत बांधे महेश ढीढी महेंद्र सुरतांगे ईश्वर चंद्रवंशी युवराज चन्द्राकार बिशेसर वर्मा मिलन साहू प्रवीण धुरंधर विरेन्द्र महेश्वरी जनपद सदस्य कलिन्द्री अश्वनी सोनवानी जनपद सदस्य लता सोनवानी चंद्रप्रकाश सोनवानी ध देवनारायण जायसवाल राहुल तेली बाबूलाल बंजारे स्वरूप वर्मा तोमन चन्द्राकार सुकदास बंजारे पूर्णिमा महेश्वरी रुखमणी तेहरवंश दिलीप सेन रामनिवास साहू जितेन्द्र कन्नौजे राकेश साहू पार्षद रोहांसी रघुनंदन वर्मा पुनित साहू सुमित तिवारी गुलाब यदु राजकुमार साहू महेश्वरी कुर्रे उर्मिला मिरी परमेश्वर मनहरे मनोज बंजारे देवनारायण जायसवाल मिलन साहू पुरुषोत्तम मानिकपुरी मुरली साहू राम ध्रुव राजकुमार साहू फूलचंद डहरिया विजय साहू, सनत वर्मा रज्जाक खान रसूल बेग मनहरन शर्मा प्रताप पुरी गोस्वामी तोमन चन्द्राकार रामस्वरूप वर्मा गिरवर वर्मा बिसौहा गायकवाड़ योगेश धीवर कांशी धृतलहरे आदि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने स्वागत किया।

# पीएम आवास योजना से पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा

**तिल्दा नेवरा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों को लिए वरदान साबित हो रही है. इससे न सिर्फ गरीबों को उनके सपनों की छत मिल पा रही है बल्कि, भारत सरकार की इस योजना से देश में गरीबी उन्मूलन में भी मदद मिल रही है.इस योजना से हर साल लाखों लोगों को पक्के आवास मुहैया कराए जा रहे हैं।



निम्न आय वाले और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से अपने पक्के घर का सपना साकार हो रहा है. आर्थिक रूप से पिछड़े नागरिकों के जीवनस्तर में सुधार हो रहा है और उन्हें अपना खुद का घर मिल पा रहा है। जनपद पंचायत तिल्दा नेवरा के सी इ ओ विवेक गोस्वामी से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड तिल्दा नेवरा के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक 6755 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था जिसमे से 6576 आवास पूर्ण कर लिया गया है तथा वर्ष 2024-25 में 7625 आवास निर्माण हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ जिसमे से 6637 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है, जिसके विरुद्ध 1970 आवास पूर्ण किया जा चूका है शेष आवास निर्माणाधीन है 7 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ आगमन के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 30 मार्च को महा गृह प्रवेश उत्सव मनाया गया कार्यक्रम जनपद पंचायत तिल्दा के ग्राम पंचायतो में जोर ङ्क शोर से मनाया गया यह आयोजन न केवल एक सरकारी योजना की सफलता का प्रतीक है, बल्कि हजारों ग्रामीण परिवारों के सपनों के घर में प्रवेश करने का ऐतिहासिक दिन भी साबित हुआ।

## शराब हुआ सस्ता, छग में 1 अप्रैल से शराब की नई दर लागू होगा

**बिलाईगढ़** 31 मार्च(देशबंधु)। राज्य शासन ने मदिरा के बिक्री में कीमत को कम किया है। एक बार में एक व्यक्ति छह बोतल या 12 अद्धा या 24 पाव खरीद सकता है। देशी मदिरा में भी 10 से 40 तक की कमी संभावित है। यह दर 1 अप्रैल 2025 से लागू होगा, जिसमें गोवा स्पेशल, गोल्डन गोवा जम्मू स्पेशल की बोतल को 480 में खरीदी होगी। इसी प्रकार इनका आधा 240 रुपए में और 120 में पाव बिक्री की जाएगी। रॉयल स्टैग का बोतल 840 रुपए, आधा 420 रुपए में और 210 में पाव की बिक्री की जाएगी। इंपीरियल ब्लू और रॉयल चैलेंज की बोतल 800 में बिक्री की जाएगी। इनका आधा 400 रुपए में और 200 में पाव की बिक्री की जाएगी। सिग्नेचर रेयर एज की बोतल 1120 रुपए में, इनका आधा 560 रुपए में और 280 में पाव की बिक्री की जाएगी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### राइजिंग पाइप लाइन में मरम्मत...

अनावश्यक जल व्यय से बचें।

जल संकट से बचाव के लिए तत्पर प्रशासन

जल विभाग ने भरोसा दिलाया है कि इस पाइपलाइन के मरम्मत कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है। नगर निगम की इस त्वरित कार्यवाही से यह साफ हो जाता है कि जल संकट जैसी समस्याओं से निपटने के लिए अधिकारी और कर्मचारी पूरी तरह सक्रिय हैं। नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए नगर निगम ने भरोसा जताया है कि जल्द ही पानी की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य हो जाएगी।

## अल्ट्राटेक बैकुंठ में किया गया घट पूजा जोत जंवारा की स्थापना 120 जोत जलाए गए

**तिल्दा नेवरा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। समीपस्थ क्षेत्र के अल्ट्राटेक बैकुंठ मे पीछले वर्षो की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि नवरात्रि के पावन पर्व जोत जवारा की स्थापना किया गया। इस अवसर पर अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के फंक्शन हैड टेक्निकल राजिव सिंगल जी सपत्नीक उपस्थित हो कर घट पूजा कर जोत जला कर शुभारंभ किया गया। वही इस अवसर पर संयंत्र के बहुत से अधिकारियों कर्मचारियों व कालोनीवासीयो महिलाओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सर्व प्रथम घट पूजा किया गया। जिसमे एफ एच टी राजिव सिंगल जी सपत्नीक विराजमान रहे। तो वही ई आर हैड उदय लाल भावना लाल सपत्नीक, डी एच एच आर शिखा राठी जी,डी एच प्रोजेक्ट एड पी एम सेल अशोक मिश्रा जी, मैकेनिकल हैड अनिल गुप्ता जी, सिविल डी एच कुलदीप साहू जी, गोविंदा पोद्दार जी, हेमंत साहू, अश्वनी सिंग जी, जी सुभाष जी, रागेन्द्र गावेल, सुशांत मोहापात्रा के साथ साथ बहुत से विभाग प्रमुख, सेक्शन हैड, व कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।आज से हर रोज सुबह व शाम 7 बजे माता की नौ रूपों की पूजा की जायेगी।



अवगत हो कि घट पूजा के बाद जोत प्रज्वलन व जवारा स्थापित किया गया। जिसमे यहां कुल 120 जोत देवी भक्तो के द्वारा जलाया गया। इस अवसर पर पर जिनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्मे उदय शंकर लाल, रागेन्द्र गावेल, गिरिजा शंकर मिश्रा, राजेन्द्र कुमार साहू, ब्रजेश सिंह, शैलेश परमार, पं. मनोज तिवारी, पं. कैलाश तिवारी, छत्रधारी विश्वकर्मा, विश्वनाथ वर्मा, दीपक धुरंधर के आलावा अधिकारियों, कर्मचारियों, कालोनीवासीयो, व क्षेत्रवासियों के साथ बहुत से लोगो की सहभागिता रही।

## पीएम ने किया बरमकेला के पीएम श्रीस्कूल का ऑनलाइन शुभारंभ

**बिलाईगढ़,** 31 मार्च(देशबन्धु)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के उपस्थिति में रविवार को न्यायधानी बिलासपुर में प्रदेश में संचालित कुल 130 पीएमश्री विद्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिला नोडल समग्र शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार चौहान द्वारा बरमकेला पीएमश्री विद्यालय में आनलाइन के माध्यम से सभी स्टाफ व स्टूडेंट्स जुड़े हुए थे और विधिवत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना किया गया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ जो की एक समय अत्यंत ही पिछड़ा था अब शिक्षा के साथ-साथ सभी अन्य क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहा है इसी कड़ी में आज एक नया अध्याय जुड़ गया है और छत्तीसगढ़ में 130 पीएमश्री स्कूल का उद्घाटन किया गया छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी पीएमश्री स्कूल ऑनलाइन के माध्यम से इस अवसर में साक्षी बने।




## निधन

### पन्नालाल साहू

**बागबाहरा,** 31 मार्च। ओडिशा सीमा से लगे अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत पंडरीपानी क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता



एवं कृषक पन्नालाल साहू का आज सोमवार की शाम साढ़े 4 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 82 वर्ष के थे। जिनका अंतिम संस्कार कल मंगलवार 1 अप्रैल को गृह ग्राम पंडरीपानी (नर्रा) में किया जाएगा।

# ईद पर गरियाबंद में उमड़ा उत्साह, नमाज के बाद मांगी प्रदेश के शान्ति और खुशहाली की दुआ

## नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव और पूर्व अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने दी ईद की बधाई

**गरियाबंद,** 31 मार्च (देशबन्धु)। सोमवार को जिले में ईद-उल-फितर का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस लेकर सुबह से ही मुस्लिम समाज में उत्साह दिखा। लोग एक-दूसरे को गले मिलकर, फोन और सोशल मीडिया के जरिए बधाई देते नजर आए। ईद के लिए मस्जिदों और ईदगाह को खास तौर पर सजाया गया था। सुबह 5-30 बजे मस्जिद में फर्जर की नमाज अदा की गई। इसके बाद 9-30 बजे ईदगाह में ईद की नमाज पढ़ी गई। नमाज के बाद प्रदेश और देश की तरक्की, अमन और खुशहाली की दुआ मांगी गई।

ईदगाह में नमाज के बाद समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी नए कपड़ों और आभूषणों में नजर आए। नमाज के बाद कब्रिस्तान में फातिया पढ़ा गया। दिनभर रिश्तेदारों और दोस्तों के घर जाकर बधाई देने का सिलसिला चलता रहा।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने प्रदेशवासियों को ईद की बधाई दी। उन्होंने कहा, यह त्योहार भाईचारे और एकता का प्रतीक है। सभी ने मिलकर प्रदेश और देश की तरक्की की कामना की।

ईद-उल-फितर के अवसर नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने भी मुस्लिम समाज को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, यह त्योहार आपसी भाईचारे और अमन का संदेश देता है।



इस दौरान नगर पालिका परिवार और महार समाज ने ईदगाह में नमाज पढ़ने आए लोगों को शरबत और मिठाई बांटी। जिसमें नपा सभापति सुरेंद्र सोनटेके, रेणुका साहू, सूरज सिन्हा, पार्षद छगन यादव, निरंजन प्रधान भी मौजूद रहे।

ज्ञात हो कि 30 मार्च की शाम चांद दिखते ही ईद की खुशी शुरू हो गई थी। सोमवार सुबह से ही समाज के लोग तैयारियों में जुटे थे। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। मस्जिद, ईदगाह और प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस जवान तैनात रहे। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही।

### ईद पर गफ्फार मेमन ने दी बधाई, भाईचारे की बात कही



सोमवार को ईद-उल-फितर का पर्व पूरे देश में मनाया गया। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने प्रदेशवासियों को ईद की बधाई दी। उन्होंने कहा, यह त्यौहार देश में एकजुटता और भाईचारे का प्रतीक है। यह आपसी समरसता को बढ़ाता है। उन्होंने बताया, आज सभी ने ईद की नमाज अदा कर देश और प्रदेश की खुशहाली की दुआ मांगी।

मेमन ने कहा, मुस्लिम समाज में ईद को लेकर खास उत्साह है। अन्य समाज के लोगों ने भी बधाई दी और इस खुशी में शामिल हुए। इससे ईद की खुशी और बढ़ गई। उन्होंने नगर पालिका परिषद परिवार और महार समाज का आभार जताया। बताया, ईद के मौके पर इन लोगों ने मुस्लिम समाज के लिए शरबत और ठंडे पानी की व्यवस्था की।

# उत्साह के साथ मनाई गई ईद, मुल्क की सलामती के लिए मांगी दुआ



**भाटापारा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। भाटापारा में ईद का त्योहार सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। सुबह से ही ईदगाह एवं मस्जिदों में नमाज का सिलसिला शुरू हो गया। ईमाम ने नमाज से पहले अपनी तकरीर में कहा कि मुसलमानों को अल्लाह के बताए रास्ते पर चलना चाहिए उन्होंने कहा कि इस्लाम मोहब्बत और भाईचारे का संदेश देता है।

नमाज के बाद नमाजियों ने मुल्क और कौम की सलामती के लिए दुआएं कीं फिर सलातो सलाम पढ़ा उसके बाद गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। ईद के दिन लोग एक-दूसरे के घर जाकर बधाई देते रहे। बच्चों को ईदी के रूप में उपहार दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था मे मस्जिदों और ईदगाह पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

## हिंदू नववर्ष पर अजय रोहरा ने दी डॉ रमन सिंह को बधाई



**गरियाबंद,** 31 मार्च (देशबन्धु)। भाजयुमो के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय रोहरा ने मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से रायपुर स्थित निवास पर सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने गुलदस्ता भेंट कर डॉ सिंह को हिंदू नववर्ष, चेटीचंद और नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान अजय रोहरा ने उनका आशीर्वाद लिया। बातचीत के दौरान उन्होंने डॉ रमन सिंह को गरियाबंद आने का निमंत्रण भी दिया।

# मां चंडी के दरबार में पहले दिन उमड़ी भीड़



**बागबाहरा,** 31 मार्च । घुंचापाली स्थित माँ चंडी के दरबार में प्रथम दिन दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने पूजन अर्चन व दर्शन किये। तथा बड़ी संख्या में क्षेत्र के भक्तों ने भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया।

# भक्तों की मुरादें पूरी करने वाली माता शीतला

**जी जामगांव,** 31 मार्च (देशबन्धु)। जोत जवारा से सजा माई का दरबार , कुरूद विधानसभा के बिरेझर चौकी नेशनल हाईवे 30 से 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम जी जामगांव के पुराना डीह (आक्सिजोन ) के समीप तालाब किनारे विराजमान शीतला दाई, महामाई, महाकाली माई, की त्रिमूर्ति महामाया के नाम से स्थापित देवालय में विराजमान है ।यहाँ प्रतिवर्ष श्रद्धालु भक्तगण अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु साल में दो बार चांर महीना व चैत्र माह में ज्योति जलाते है और माता का आशीर्वाद लेने आते है ।प्रारंभीक वर्ष 2005 में माता बरगद पेड़ के नीचे स्थापित था, गांव के कुछ लोग माता के प्रति अटूट आस्था रखने वाले माता सेवको के अथक प्रयास से छोटा सा मंदिर का निर्माण किया गया ।धीरे धीरे माता की





ख्याति आसपास सहित दूर-दूर तक लगातार बढ़ती जा रही है ।2005 में एक जोत से प्रारंभ हुआ था। आज एक ज्योत से बढ़कर 50 से अधिक की संख्या दोनों पर्व में ज्योत जलाई जाती है । ग्राम के ही माता सेवा के काम ,व साफ सफाई की जिम्मा प्रारम्भ वर्षो से भारत निषाद, खेदूराम साहू, अरुण साहू, अनिरुद्ध साहू करते आ रहे है ।माई के दरबार में शिव दरबार, महाबीर, एवम शनि देव जी मंदिर है जहाँ प्रतिदिन सुबह 6 बजे माता आरती होती है ।कुरुद विधायक महोदय के द्वारा जोत कक्ष का निर्माण कराया गया है ।एवम संदीप कुमार पिता सुखचैन साहू माता सावित्री साहू के द्वारा एक भव्य शिवालय का निर्माण कराया जा रहा है ,इसकी प्रसिद्धि बढ़ती जा रही है ,स्थल को सुरक्षित, सुसज्जित करने के लिये दानदाताओ से विनम्र अपील है कि अपनी अमूल्य अंश राशि देकर पुनीत सौभाग्य प्रदान करें ।30 मार्च, ज्योति प्रज्वलित, पंचमी 2अप्रेल ,अष्टमी 5 अप्रेल ,6 अप्रेल ज्योति विसर्जन होगा ।त्रिमूर्ति महामाया सेवा समिति आपका हार्दिक अभिनंदन करती है ।त्रिमूर्ति महामाया दाई आपके मनोकामना

# चार दशक बाद लौट आई लालटेन की लालिमा

**भाटापारा,** 31 मार्च (देशबन्धु)। करीब चार दशक तक गुमनामी के साए में रहा लालटेन फिर से लौट रहा है। इस बार उसने सीधे पांच सितारा होटल और रेस्टोरेंटों में धमक दी है, जहां कैंडल लाईट डिनर जैसे आयोजन होते हैं।

**बढ़ा रही स्टार होटलों की रौनक**

मूल स्वरूप में कोई बदलाव नहीं। आकर्षक इसलिए नजर आएगा क्योंकि इसमें सुंदर और डिजाइनर पेंटिंग की गई है। कैरोसिन के साथ डीजल की मदद से भी यह लालटेन जलाए जा सकेंगे। रही बात कीमत की, तो इसकी खरीदी महज 270 से 300 रुपए में की जा सकेगी।

**लालटेन है क्या.. ?**

सवाल सुनते ही जवाब- हां, है...! प्रति प्रश्न- कितने का... ? उत्तर 270 से 300 रुपए। जवाब मिलने से पहले ही दुकानदार पूछते हैं- कितना चाहिए... ? यह सवाल इसलिए किया जा रहा है क्योंकि हॉटल और रेस्टोरेंट बदलते परिवेश में लालटेन के प्रथम उपभोक्ता बन रहे हैं। ऐसे में लालटेन फिर से घरेलू मांग के इंतजार में है जहां 80 के दशक तक उपस्थिति अनिवार्य थी।



**यह लालटेन भी खूब:** बिजली संकट के दौर में सौर ऊर्जा से चलने वाले उपकरण भी मांग में हैं। अब सोलर लालटेन ने भी दस्तक दे दी है। ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफार्म पर सोलर लालटेन भी अपनी हिस्सेदारी लालटेन बाजार में बढ़ा रहे हैं। प्रति लालटेन कीमत 1000 से 3000 रुपए भले ही ज्यादा मानी जा रही है लेकिन भविष्य बेहतर बताया जा रहा है।

### सुस्त वर्तमान, चुस्त भविष्य

कोयला और पानी आधारित बिजली का बेहिसाब बढ़ता उपयोग कमजोर बिजली की आपूर्ति के रूप में सामने है। ऐसे में नई सुविधाओं से लैस प्रकाश उपकरणों की खोज में लालटेन की वापसी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। खासकर सोलर लालटेन तो मजबूत मददगार माने जा रहे हैं, अंधेरा दूर करने में। शुरुआत भले ही कैंडल लाइट डिनर जैसे आयोजन से हो रही हो लेकिन चुस्त भविष्य का संकेत मिल चुका है।

# मंगलम कालोनी में हिंदू नववर्ष धूमधाम से मनाया गया

**बलौदाबाजार,** 31 मार्च (देशबन्धु)। चैत्र मास में नवरात्रि के प्रथम दिवस एवं हिन्दू नव वर्ष के प्रथम दिवस के अवसर में बलौदाबाजार के मंगलम कॉलोनी में कलश यात्रा, भंडारा एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम अंतर्गत 5:30 बजे मंगलम कालोनी के मुख्य गेट से शिव मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में कॉलोनी के समस्त महिलाएं एवं बच्चे सम्मिलित हुए तत्पश्चात् कॉलोनी में 8 बजे से रात 10 बजे तक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। साथ ही श्याम मित्र मंडल भाटापारा द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम भी रखा गया। उक्त कार्यक्रम मंगलम कॉलोनी के समस्त निवासी एवं आसपास के लोग भी बहुत बड़ी मात्रा में सम्मिलित हुए।



# नगरी के एक्सीडेंट के प्रकरण में 5 साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**धमतरी,** 31 मार्च (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के दिशा निर्देश पर सभी थाना प्रभारियों द्वारा जिले के फरार आरोपियो एवं स्थायी वारंटियो के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। धमतरी पुलिस सायबर टीम ने थाना नगरी के एक्सिडेंट के प्रकरण में 5 साल फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। सायबर टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना नगरी के एक्सिडेंट के मामले में दा.प्र.क्र. 472/21 एवं अप.क्र. 07/20 धारा 379 भादवि. के आरोपी स्थायी वारंटी बलवंत गौरिया पिता कमल गौरिया उम्र 25 वर्ष, साकीन भटगांव, थाना रूद्री निवासी को अपने गांव घर आया हुआ है। सूचना मिलते ही तत्काल सायबर प्रभारी निरी सन्नी दुबे द्वारा अपने टीम के साथ रवाना हुए और स्थायी वारंटी के घर में होने की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।



उपरोक्त कार्यवाही में सायबर प्रभारी निरीक्षक सन्नी दुबे, आर. फनेश साहू, योगेश नाग, युवराज ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा स्कूलों में 98 बेंच डेस्क सेट का किया गया वितरण

**बलौदाबाजार,** 31 मार्च (देशबन्धु)। अल्ट्राटेक रावन सी एस आर द्वारा युनिट हेड नुगुरी केशव एवं मानव संसाधन प्रमुख करण मिस्त्री के निर्देशन में शासकीय प्राइमरी स्कूल चुचरुंगपुर एवं पेंड्री में 98 बेंच डेस्क सेट वितरित किया गया। बेंच डेस्क लोकार्पण के अवसर पर संबधित विद्यालय के शिक्षक, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं विद्यार्थियों की उपस्थिती रही। इस अवसर पर पेंड्री प्राइमरी स्कूल के हेडमास्टर थनवार कोसले तथा चुचरुंगपुर के हेडमास्टर गिरिश कुमार साहू एवं सिया राम ध्रुव, पुनीत राम कोटारे, इंद्र कुमार साहू, छन्नूलाल साहू की उपस्थिति रही।



ग्राम चुरुंगपुर में 48 सेट, पेंड्री में 50 सेट बेंच डेस्क देने से प्राइमरी के विद्यार्थियों को अध्ययन करने में तथा लंबे समय तक बैठने में अधिक सरलता होगी। ज्ञातव्य हो कि पिछले दिनों में ग्राम रावन में 26 सेट, झीपन में 35 सेट, गुमा में 44 सेट अबतक कुल 203 बेंच डेस्क सेट प्रदान किया जा चुका है। समस्त पदाधिकारीयों एवं शिक्षकों ने कंपनी के द्वारा इस सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। तथा इस बेंच डेस्क सेट मिलने से छात्रों में बहुत ही उत्साह का माहौल दिखा। वितरण के अवसर पर अल्ट्राटेक रावन के सी एस आर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव एवं सी एस आर अधिकारी ज्योत्सना पति तथा रंजय पाण्डेय एवं सी एस आर टीम की उपस्थिती थी। अल्ट्राटेक सी एस आर प्रमुख ने कहा कि अभी कुछ प्राइमरी विद्यालय को बेंच डेस्क सेट वितरित किया गया है तथा बाकी प्राइमरी स्कूल को भी भविष्य में सहयोग प्रदान करेगे।

# सरोज कंसारी की लेखनी में जीवन का सार है : सविता पाठक

- सरोज कंसारी के रचना संसार पुस्तक विमोचन समारोह संपन्न
- टीकम चंद सेन ने कहा- बेटियां समाज की धरोहर होती है

**नवापारा राजिम,** 31 मार्च (देशबन्धु)। नवापारा नगर की प्रसिद्ध कवयित्री एवं लेखिका सरोज कंसारी के पुस्तक विमोचन समारोह गायत्री मंदिर राजिम के सभागृह में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर की साहित्यकार सविता पाठक अध्यक्षता प्रयाग साहित्य समिति के अध्यक्ष टीकमचंद सेन ने किया ।विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कवियत्री डॉ. संगीता सरगम, हिंदी के प्राध्यापक डॉ. आलोक शुक्ला, रमाकांत शर्मा, ईश्वरी सिन्हा राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों और साहित्यकारों के सानिध्य में सरोज कंसारी का रचना संसार पुस्तक का विमोचन किया गया।

इस मौके पर युवा शायर जितेंद्र सुकुमार साहिर ने कहा कि सरोज कंसारी के पुस्तक विमोचन के साक्षी कई साहित्यकार हुए, 110 पेज की किताब में बहुत मार्मिक एवं हृदय स्पर्शी विषय को शामिल किया है जिसे पढ़ने के बाद कोई भी पाठक उसका मुरीद हो सकता हैं।

**सरोज कंसारी की कलम ने किसी को जीवन दान दिया है : ईश्वरी सिंहा**

राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक ईश्वरी सिन्हा ने कहा कि बारिश तभी होती है जब घनघोर काले बादल छाए होते हैं और हवा में नमी 90 प्रतिशत से अधिक होती है। विचारों को शब्दों के रूप में कविता, कहानी, आलेख आदि का आकार देना प्रारंभिक स्वरूप है लेकिन वही शब्द जब औरों के विचार बनने लगे, किसी की आत्मा में जगह बनाकर औषधि बनने लगे तो लेखनी की ऊर्जा को अपना अस्तित्व मिलता है। सरोज कंसारी की कलम ने किसी को जीवनदान दिया है, यह एक परमात्मिक अहसास है। यह ऊर्जा ब्रह्मांडीय कल्याण के लिए समर्पित हो, आपकी रचना संसार के गौरव पर हार्दिक शुभकामनाएं।





**सरोज कंसारी की लेखनी में जीवन का सार : सविता पाठक**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सविता पाठक ने कहा कि कागज कलम में परिवार , समाज और देश में नव क्रांति लाने की क्षमता होती हैं। सरोज कंसारी की लेखनी में जीवन का सार हैं। संगीता सरगम ने अपनी सुमधुर आवाज में गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी।

**बेटियां समाज की धरोहर होती हैं : टीकम चंद सेन**

समाज को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, और राजनीति में अहम योगदान देती हैं। वे हर काम में अपना सर्वश्रेष्ठता देती हैं आज अपनी लेखनी से एक बेटी सरोज कंसारी राजिम के साथ ही पूरे देश का नाम रोशन कर रही हैं।

**सर्वोच्च नारी अस्मिता की सशक्त प्रतीक है : पं. ब्रह्मदत्त शास्त्री**

ब्रह्मदत्त शास्त्री ने कहा सरोज का रचना संसार अदभुत और संवेदन शील हैं अपने पारिवारिक जिंदगी के कठिन संघर्षों से जूझती, उभरती और निखरती नारी अस्मिता की सशक्त प्रतीक है, सचमुच कमल हैं, वो खुद ही एक समन्दर है, आप ऐसी ही साहित्य साधना करती रहें, ज्ञान की गंगा बहे, आपके लिए हमारी शुभकामना भी स्वर ब्रह्म बनकर बहती रहे।

**इन्होंने दी शुभकामनाएं -**

इस अवसर पर, डॉ आलोक शुक्ला, रामाकांत शर्मा सर, मनोज सेन, डॉ.राजेंद्र गदिया, ने भी विचार व्यक्त किए और अपनी शुभकामनाएं दी। आभार प्रदर्शन कल्याणी कंसारी एवं मंच संचालन कवि एवं साहित्यकार संतोष कुमार सोनकर मंडल ने किया।

**सम्मानित हुए साहित्यकार एवं प्रबुद्ध जन:** इस मौके पर कार्यक्रम में पहुंचे साहित्यकारों एवं प्रबुद्धजनों का विशेष रूप से सम्मान किया गया जिसमें मकसूदन साहू, किशोर निर्मलकर, नरेंद्र कुमार साहू पार्थ, लक्ष्मी नारायण सेन, द्रोण सिंह ठाकुर, राजू साहू, राकेश, शेखर सुमन देवांगन, राधेश्याम सेन, मोहनलाल मानिकपन, जितेंद्र सुकुमार, संतोष सोनकर, मनोज सेन, गोविंदा कंसारी, राजेश साहू राज, केवरा यदु, ज्योति बंजारी, श्याम सुंदर साहू, प्रमेंद्र कंसारी, विजय, जय, भवानी, रेखा कंसारी, वर्षा साहू, भारती साहू, प्रांशूल, पद्मजा तिवारी, धनेश्वरी ध्रुव इत्यादि है।

ब्रम्हदत्त शर्मा, राजेंद्र गदिया ने राम दरबार भेंट कर सरोज कंसारी को सम्मानित किया ।बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी जिसमें रायपुर, गरियाबंद एवं धमतरी जिला से साहित्यकार उपस्थित रहें।